सूर्योदय 5:43 सूर्यास्त 7:13

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 17 न्यू | 26 अधि |
| धर्मशाला | 22 न्यू | 30 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 80,623.26 |
| निफ्टी | 24,596.15 |
| सोना 1,00,703 | चांदी 1,15,250 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान



क्रिकेट बोर्ड में फिर दिखेगी सौरव गांगुली की धमक

पृष्ठ 14 पर

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | शुक्रवार, 8 अगस्त 2025 | 24 श्रावण, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 221, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### 16 अगस्त से शुरू होगी मणिमहेश यात्रा

**अनंत ज्ञान, चंबा।** मणिमहेश यात्रा के लिए जम्मू-कश्मीर, पंजाब, दिल्ली, मुंबई, हरियाणा समेत बाहरी राज्यों या प्रदेश से आने वाले शिवभक्तों को अब जिला चंबा की सीमाओं लंगेरा, लाहडू और तुन्नूहट्टी स्थित पंजीकरण केंद्रों में 20 रुपए चुकता कर पंजीकरण करवाना होगा। पंजीकरण केंद्र 9 अगस्त से स्थापित करवाए जाएंगे। यात्रा 16 अगस्त से शुरू होगी। यात्रा पर एक बार पंजीकरण होने के बाद श्रद्धालुओं से यात्रा के दौरान कहीं पर भी पंजीकरण फीस वसूली नहीं जाएगी। बशर्ते, श्रद्धालुओं को पंजीकरण संबंधी रसीद की हार्ड प्रति या फोटो मोबाइल पर रखनी होगी। इसे दिखाने के बाद उनसे कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा।

### इस साल के आखिर में भारत आएंगे पुतिन

**एजेंसी, मॉस्को।** रूस के राष्ट्रपति



व्लादिमीर पुतिन इस साल के आखिरी हफ्ते में भारत दौरे पर आ सकते हैं। रूसी न्यूज एजेंसी तास के मुताबिक, यह जानकारी भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने दी है। डोभाल ने रूसी रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगु से मुलाकात में कहा, 'अब हमारे बहुत अच्छे रिश्ते बन गए हैं, जिनकी हम कदर करते हैं। हमारे देशों के बीच एक मजबूत साझेदारी है और हम हाई लेवल पर बातचीत करते हैं।' (अनंत ज्ञान)

### पाक आर्मी चीफ इस हफ्ते जाएंगे अमेरिका

**एजेंसी, इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के आर्मी चीफ फील्ड मार्शल असीम मुनीर इस हफ्ते अमेरिका के दौरे पर जाएंगे।



वह सेंट्रल कमांड के नए प्रमुख की नियुक्ति समारोह में शामिल होंगे। इससे पहले वे 14 जून को वॉशिंगटन डीसी में अमेरिकी सेना की 250वीं वर्षगांठ के जश्न में शामिल हुए थे। इसके अलावा मुनीर ने राष्ट्रपति ट्रंप के साथ व्हाइट हाउस में दो घंटे की लंच मीटिंग की थी। यह बैठक बंद कमरे में हुई थी। यह पहली बार था जब किसी अमेरिकी राष्ट्रपति ने पाकिस्तान के आर्मी चीफ की मेजबानी की। (अनंत ज्ञान)

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- हिमाचल के स्कूलों में अब बागवानी भी पढ़ेंगे स्टूडेंट्स -पेज 3
- धर्मशाला में प्रदर्शित होंगी 125 वर्ष से अधिक पुरानी डाक टिकटें -पेज 5
- रॉयल सेब की रौनक से महकी सेब मंडियां -पेज 6
- विस अध्यक्ष होंगे जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह के मुख्यातिथि -पेज 10
- एनडीए का फैसला, मोदी-नड्डा तय करेंगे उपराष्ट्रपति उम्मीदवार -पेज 13


### स्क्रीन पर महाराष्ट्र में संदिग्ध नामों और कर्नाटक में फर्जीवाड़े का किया दावा

# राहुल ने लगाए वोट चोरी के आरोप, ईसी ने मांगा शपथपत्र

**एजेंसी, नई दिल्ली**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने वीरवार को वोटर लिस्ट में गड़बड़ पर 1 घंटे 11 मिनट तक 22 पेज का प्रजेंटेशन दिया। उन्होंने चुनाव आयोग (ईसी) पर भाजपा के लिए वोट चुराने और चुनाव जिताने का आरोप लगाया। राहुल ने स्क्रीन पर कर्नाटक की वोटर लिस्ट दिखाते हुए कहा कि इसमें संदिग्ध वोटर मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र के नतीजे देखने के बाद हमारा शक पुख्ता हुआ कि चुनाव में चोरी हुई है। राहुल ने कहा कि महाराष्ट्र में 40 लाख वोट रहस्यमयी तरीके से जोड़े गए हैं। वहीं, राहुल के आरोपों पर कर्नाटक चुनाव आयोग ने शपथ पत्र मांगा है। कहा कि वह लिखित में शिकायत करें, ताकि आगे की कार्रवाई की जा सके।

लोकसभा चुनाव 2024 और महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव 2024 के बीच इन मतदाताओं को जोड़ा गया है। मशीन रीडेबल वोटर लिस्ट नहीं देने से हमें भरोसा हुआ कि चुनाव आयोग ने भाजपा के साथ मिलकर महाराष्ट्र के चुनाव की चोरी की है। राहुल ने कहा कि हमने यहां वोट चोरी का जो मॉडल पेश किया, मेरा मानना है कि इसी मॉडल का प्रयोग देश की कई लोकसभाओं और विधानसभाओं में हुआ। राहुल गांधी ने कांग्रेस पार्टी की तरफ से जुटाए गए सबूतों का जिक्र करते हुए कहा कि वोटों की चोरी भाजपा के लिए की जा रही है। जो काफी चिंताजनक है। (अनंत ज्ञान)



### वोट चोरी के 5 तरीके

| | |
|---|---|
| डुप्लीकेट मतदाता | 11,965 |
| फर्जी और अमान्य पते | 40,009 |
| एक पते पर थोक में मतदाता | 10,452 |
| अमान्य तस्वीरें | 4,132 |
| फॉर्म-6 का दुरुपयोग | 33,692 |

### भाजपा का पलटवार

**भाजपा** के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने राहुल गांधी द्वारा चुनाव आयोग पर उठाए गए सवालों पर पलटवार किया। पात्रा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि यह कोई पहली बार नहीं है कि राहुल किसी संवैधानिक संस्थान पर हमला करते हुए नजर आए। साथ ही उन्होंने महाराष्ट्र और कर्नाटक के चुनाव को कटघरे में खड़ा किया। पात्रा ने कहा, पहली बात यह है कि राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी ने आज तक उन राज्यों में कोई प्रेस वार्ता नहीं की है, जहां उन्हें जीत मिली है।

### चुनाव आयोग पर यह आरोप भी लगाया

**राहुल** गांधी ने कहा, 'यह एक चुनौती है। यह सात फुट का कागज है। मान लीजिए मुझे यह पता लगाना है कि क्या आपने दो बार वोट दिया है या आपका नाम मतदाता सूची में दो बार है, तो मुझे आपकी तस्वीर लेनी होगी और फिर उसे कागज के हर टुकड़े से मिलाना होगा। यही प्रक्रिया है, और यह बहुत ही थकाऊ प्रक्रिया है। मैंने शुरू में सोचा था कि हम कई सीटों पर चुनाव लड़ेंगे, लेकिन जब हमें इसका सामना करना पड़ा, तो हमें समझ आया कि चुनाव आयोग हमें इलेक्ट्रॉनिक डेटा क्यों नहीं देता, क्योंकि वह नहीं चाहता कि हम ध्यान से देखें। इस काम में हमें छह महीने लगे... अगर चुनाव आयोग हमें इलेक्ट्रॉनिक डेटा देता, तो हमें 30 सेकंड लगते। इन कागजों में ऑप्टिकल कैरेक्टर रिकग्निशन की सुविधा नहीं है। इसलिए अगर आप इन्हें स्कैन भी करते हैं, तो आप इनसे डेटा नहीं निकाल सकते। चुनाव आयोग इन कागजों की सुरक्षा क्यों कर रहा है?

# आम आदमी के राशन पर भी डाका

## मंडी जिले में राशन वितरण में हो रहा बड़ा गोलमाल

**अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**मंडी।** मंडी जिले में अब आम आदमी के राशन पर भी डाका मारने की कोशिश की जा रही है। जिलेभर में सस्ते राशन वितरण में बड़ा गोलमाल सामने आ रहा है। प्रदेशभर में सरकार ने प्रत्येक राशन कार्ड पर 13 किलो आटे का कोटा निर्धारित किया है, लेकिन जिले के कई भागों में खाद्य आपूर्ति विभाग के इंस्पेक्टर डिपो होल्डरों को एपीएल कार्डधारकों के लिए सिर्फ 8 से 10 किलो आटे की डिमांड करने के लिए कह रहे हैं। जोगिंद्रनगर, चौंतड़ा व लडभड़ोल में इस तरह के मामले सामने आ रहे हैं, वहां बहुत से डिपो में आटे की कम खेप पहुंच भी चुकी है।

गौरतलब है कि इससे पहले द्रंग व बरोट ब्लॉक में भी इस तरह के मामले सामने आए थे। जब वहां के उपभोक्ताओं ने आपत्ति जताई तो मामले सुलझा लिए गए। वहीं, ताजा मामले में जैसे ही गड़बड़ी की खबरें उड़ने लगी तो विभाग की तरफ से तर्क दिया गया कि बहुत से कार्ड धारकों की ई-केवाईसी नहीं हुई थी, इसलिए इस बार कम कोटा मंगवाया गया। गौर करने वाली बात है कि ई-केवाईसी का राशन की मात्रा से कोई लेना-देना नहीं होता है, क्योंकि ई-केवाईसी पिछले माह में होती है और राशन अगले माह के लिए मांगा जाता है। ई-केवाईसी 13 किलो से 10 किलो करने को नहीं कहती है।



**प्रति राशन कार्ड 13 के बजाय मंगवाया 8-10 किलो आटा**

> **कुछ** राशन कार्ड धारकों की ई-केवाईसी नहीं हुई थी, जिस कारण लिस्ट कम गई थी और बाद में बहुत से कार्ड धारकों ने ई-केवाईसी करवा ली, जिस कारण कंफ्यूजन हुआ है। सभी को निर्धारित राशन दिया जा रहा है।
>
> -हमेंद्र सिंह, फूड इंस्पेक्टर द्रंग ब्लॉक

> **प्रदेश** सरकार की ओर से प्रत्येक राशन कार्ड धारक को निर्धारित राशन वितरित किया जा रहा है। इसमें कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।
>
> -वरजेंद्र पठानिया, जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक बिलासपुर, अतिरिक्त कार्यभार मंडी

> **प्रदेश** के अधिकांश जिलों से ऐसी शिकायतें आ रही हैं। पूरे प्रदेश में राशन की समान मात्रा होनी चाहिए। आवंटन समान है, तो आपूर्ति भी प्रति कार्ड समान होनी चाहिए। ऐसा न होने पर उपभोक्ता डिपो धारकों को संदेह की नजर से देखते हैं। कम राशन आने से डिपो धारकों की कमीशन में भी कटौती होती है।
>
> -अशोक कवि, अध्यक्ष हिमाचल डिपो संचालक समिति

> **प्रदेश** में प्रशासनिक व कानून व्यवस्था चरमरा गई है। बहुत ही दुखद बात है कि आम आदमी के राशन पर भी डाका मारने का क्रम चल पड़ा है, जिसे किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा। यदि सरकार समय रहते इस पर संज्ञान नहीं लेगी तो विरोध-प्रदर्शन के लिए तैयार रहे।
>
> -जयराम ठाकुर, नेता प्रतिपक्ष, पूर्व मुख्यमंत्री



# सत्ता की कुर्सी पर भ्रष्टाचार का काला साया

## हिमाचल में राज्य बिजली बोर्ड के अध्यक्ष पर लगे गंभीर आरोप

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड में भ्रष्टाचार और पद के दुरुपयोग का एक नया अध्याय खुल गया है। पूर्व प्रबंध निदेशक और अखिल भारतीय विद्युत अभियंता महासंघ के संरक्षक इंजीनियर सुनील ग्रोवर ने बोर्ड के वर्तमान अध्यक्ष संजय गुप्ता पर सनसनीखेज आरोप लगाए हैं। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को लिखे एक तीखे पत्र में, ग्रोवर ने इन आरोपों की गहन सतर्कता जांच की मांग की है और गुप्ता को उनके पद से तुरंत हटाने की अपील की है। ग्रोवर का आरोप है कि अध्यक्ष गुप्ता न केवल अपने पद का दुरुपयोग कर रहे हैं, बल्कि व्यक्तिगत प्रतिशोध के चलते उन अधिकारियों को निशाना बना रहे हैं, जिन्होंने बोर्ड की प्रशासनिक खामियों को उजागर किया था।

पत्र में ग्रोवर ने दावा किया है कि संजय गुप्ता ने संयुक्त कार्रवाई समिति के पदाधिकारियों की छवि खराब करने के लिए एक दुर्भावनापूर्ण अभियान चलाया है। उन्होंने आरोप लगाया कि गुप्ता अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामलों में अभियोजन की मंजूरी की सिफारिश कर रहे हैं। ग्रोवर ने सवाल उठाया, 'यह समझ से परे है कि एचपीएसईबीएल के अध्यक्ष ने किस अधिकार के तहत अभियोजन की मंजूरी की सिफारिश की।' उन्होंने इस कार्रवाई को कानूनी प्रक्रिया का घोर दुरुपयोग बताया।

- **पूर्व प्रबंध निदेशक ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र**
- **उच्च स्तरीय जांच और तत्काल इस्तीफे की मांग**

### 15 साल पुराने मामले में फंसाने की कोशिश

**ग्रोवर** ने कहा कि गुप्ता ने 15 साल पुराने एक मामले में उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने की सिफारिश की, जबकि इस मामले में कोई नया सबूत या उनकी कोई भूमिका नहीं थी। ग्रोवर ने साफ कहा, 'चूंकि मैंने वर्तमान अध्यक्ष के कामकाज में कुछ घोटाले उजागर किए थे। इसलिए अब उन्होंने मुझे फंसाने की कोशिश की है।' पत्र में गुप्ता के पुराने आपराधिक इतिहास का भी जिक्र किया गया है, जिसमें 1996 और 2009 की तीन प्राथमिकियां शामिल हैं। ग्रोवर ने सवाल उठाया है कि ऐसे व्यक्ति को एचपीएसईबीएल जैसे महत्वपूर्ण पद पर कैसे नियुक्त किया जा सकता है।

### बढ़ते घाटे के लिए वित्तीय कुप्रबंधन का आरोप

**इंजीनियर** सुनील ग्रोवर ने बोर्ड के वर्तमान अध्यक्ष संजय गुप्ता पर वित्तीय कुप्रबंधन का भी आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि उनके कार्यों ने 'वित्तीय कुप्रबंधन और कुशासन को बढ़ावा दिया है।' उनका दावा है कि एसएपी बिलिंग प्रणाली को दरकिनार करते हुए कुछ ठेकेदारों को मैन्युअल रूप से बिना बारी के भुगतान किया जा रहा है। ग्रोवर का मानना है कि यह वित्तीय अनियमितता ही बोर्ड के संचित घाटे को 2022-23 में 1,900 करोड़ रुपए से बढ़ाकर 3,700 करोड़ करने का एक प्रमुख कारण है।

### सीएम को भेजा चार सूत्री मांग पत्र

**अपने** पत्र के अंत में ग्रोवर ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से चार प्रमुख मांगों पर कार्रवाई करने का आग्रह किया। उन्होंने अदालत में दायर किए गए कथित हेरफेर किए गए हलफनामे की समीक्षा, संजय गुप्ता को उनके पद से तत्काल हटाना, संयुक्त कार्रवाई समिति के सदस्यों के खिलाफ दर्ज फर्जी मामलों को वापस लेना और एचपीएसईबीएल के कामकाज की गहन सतर्कता जांच शुरू करने की मांग की। ग्रोवर ने चेतावनी दी है कि अगर सरकार ऐसे अधिकारियों को बचाती रही, तो यह माना जाएगा कि वह भ्रष्टों का संरक्षण कर रही है।

## अमेरिका में जॉर्जिया के मिलिट्री बेस पर हमला

**एजेंसी, वॉशिंगटन।** अमेरिका के जॉर्जिया राज्य में फोर्ट स्टीवर्ट मिलिट्री बेस पर बुधवार को एक हमलावर ने गोलीबारी की, जिससे पांच सैनिक घायल हो गए। हमले के बाद मिलिट्री बेस के कुछ हिस्सों को सीज कर दिया गया। भारतीय समयानुसार बुधवार रात 9 बजे इस हमले खबर मिली। सभी घायल सैनिकों का तुरंत मौके पर इलाज किया गया और बाद में उन्हें आगे के इलाज के लिए विन आर्मी कम्युनिटी हॉस्पिटल ले जाया गया। हमलावर को पकड़ लिया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, वह भी सैनिक है। राष्ट्रपति ट्रंप को भी हमले के बारे में जानकारी दी गई। (अनंत ज्ञान)

# सीआरपीएफ की गाड़ी 200 फुट गहरी खाई में गिरी, तीन की मौत

**एजेंसी, जम्मू**

जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले के बसंतगढ़ इलाके में वीरवार सुबह 10:30 बजे सीआरपीएफ जवानों की बंकर गाड़ी 200 फुट गहरी खाई में गिर गई। हादसे में 3 जवानों की मौत हो गई, जबकि 15 अन्य घायल हो गए। प्रशासन के मुताबिक, 5 जवानों की हालत गंभीर है। सीआरपीएफ के अफसरों के अनुसार, 'गाड़ी जवानों के एक दल को ले जा रहा था, जो सड़क से फिसलकर खड़ी ढलान से नीचे खाई में जा गिरा। 3 शव घटनास्थल से बरामद किए जा चुके हैं, जबकि कई घायल जवानों को गंभीर हालत में रेस्क्यू कर पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया है।' सभी जवान सीआरपीएफ की 187वीं बटालियन की एक बस में सवार होकर कदवा से बसंतगढ़ जा रहे थे। ये सभी जवान एक ऑपरेशन को खत्म करके लौटे थे। रास्ते में बस, हादसे का शिकार हो गई और गहरी खाई में जा गिरी। (अनंत ज्ञान)

**उधमपुर में हुआ हादसा; 21 जवान सवार थे, 5 गंभीर**

# तकनीकी संस्थानों में अनाथ बच्चों को हर कोर्स में एक सीट

## पहल से मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना को मिलेगी मजबूती

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश सरकार ने राज्य के अनाथ बच्चों के भविष्य को सुरक्षित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। अब राज्य के सभी सरकारी, अर्ध-सरकारी और निजी तकनीकी शिक्षण संस्थानों में अनाथ बच्चों के लिए प्रत्येक कोर्स में एक सीट आरक्षित की जाएगी। इस पहल का मुख्य उद्देश्य उन बच्चों को गुणवत्तापूर्ण तकनीकी शिक्षा प्रदान करना है, जो समाज के सबसे संवेदनशील वर्ग से आते हैं। इस निर्णय से औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों, पॉलिटेक्निक, इंजीनियरिंग कॉलेजों और फार्मेसी संस्थानों में दाखिले की प्रक्रिया में बड़ा बदलाव आएगा। जानकारी के अनुसार, इन आरक्षित सीटों पर प्रवेश पूरी तरह से मेरिट के आधार पर होगा। यह प्रावधान कुल स्वीकृत सीटों की संख्या को बढ़ाए बिना लागू किया जाएगा, जिससे संस्थानों पर कोई अतिरिक्त वित्तीय या ढांचागत बोझ नहीं पड़ेगा। यह कदम मौजूदा संसाधनों का बेहतर उपयोग करके सामाजिक समावेश को बढ़ावा देने के लिए लिया गया है। यह पहल सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना को भी मजबूती देती है। इस योजना के तहत अनाथ बच्चों को 'चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट' का दर्जा दिया गया है।



### ऐसा कानून बनाने वाला हिमाचल पहला राज्य

**इस** तरह का कानून बनाने वाला हिमाचल प्रदेश देश का पहला राज्य है, जिसने अनाथ बच्चों को कानूनी अधिकार प्रदान किए हैं। यह निर्णय स्पष्ट तौर पर सरकार समाज के वंचित वर्गों को सशक्त बनाने के लिए आगे दिख रही है और उनकी शिक्षा तथा भविष्य को सुरक्षित करने के लिए ठोस प्रयास भी कर रही है।

**प्रतिबद्धता** टैरिफ का जिक्र किए बिना पीएम बोले-किसान हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता

# किसानों-पशुपालकों के हितों से नहीं करेंगे समझौता

**एजेंसी, नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीरवार को अमेरिकी टैरिफ का जिक्र किए बिना कहा कि हमारे लिए अपने किसानों का हित सर्वोच्च प्राथमिकता है। भारत अपने किसानों, पशुपालकों और मछुआरे भाई-बहनों के हितों के साथ कभी भी समझौता नहीं करेगा। मोदी ने वीरवार को दिल्ली में एमएस स्वामीनाथन शताब्दी अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में कहा, 'मैं जानता हूं कि व्यक्तिगत रूप से मुझे बहुत बड़ी कीमत चुकानी पड़ेगी, लेकिन मैं इसके लिए तैयार हूं।' पीएम मोदी का यह बयान अमेरिका के भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ के ऐलान के एक दिन बाद आया। दरअसल, अमेरिका भारत के एग्रीकल्चर और डेयरी सेक्टर में अपनी शर्तों के साथ एंट्री चाहता है। कई दौरों की मीटिंग के बाद भारत इस पर तैयार नहीं है। (अनंत ज्ञान)

**मैं व्यक्तिगत रूप से बड़ी कीमत चुकाने के लिए तैयार**



### स्वामीनाथन ने देश की खाद्य सुरक्षा को अपना ध्येय बनाया

**मोदी** ने कहा कि कुछ व्यक्तित्व ऐसे होते हैं, जिनका योगदान किसी एक युग या किसी एक क्षेत्र तक सीमित नहीं होता। प्रो. एमएस स्वामीनाथन ऐसे ही एक महान वैज्ञानिक थे। उन्होंने विज्ञान को जनसेवा का माध्यम बनाया। स्वामीनाथन ने देश की खाद्य सुरक्षा को अपने जीवन का ध्येय बनाया। उन्होंने एक ऐसी चेतना जागृत की जो आने वाली अनेक शताब्दियों तक भारत की नीतियों और प्राथमिकताओं का मार्गदर्शन करती रहेगी।

### भारत पर ट्रंप का 25 प्रतिशत टैरिफ लागू

**अमेरिकी** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तरफ से भारतीय उत्पादों पर लगाए गए 25 प्रतिशत टैरिफ की पहली किस्त वीरवार से लागू हो गई है। यह फैसला ऐसे समय आया है, जब भारत रूस से तेल खरीद रहा है और अमेरिका इससे नाराज है। ट्रंप प्रशासन पहले भी व्यापार घाटा समेत कई मुद्दों को लेकर भारत की नीतियों पर नाराजगी जाहिर कर चुका है।

### अमेरिकी सामानों पर भारत लगाता है सबसे ज्यादा टैरिफ

**अमेरिकी** राष्ट्रपति ट्रंप के सलाहकार पीटर नवारो ने भारत पर एक्स्ट्रा टैरिफ लगाने के अमेरिकी फैसले का बचाव किया। उन्होंने भारत को टैरिफ का महाराजा करार देते हुए कहा कि भारत अमेरिकी सामानों पर दुनिया में सबसे ज्यादा टैरिफ और नॉन-टैरिफ बाधाएं लगाता है, जिससे अमेरिकी प्रोडक्ट्स को भारतीय मार्केट में एंट्री करने में मुश्किल होती है।

### भारत भी अमेरिका पर 50 फीसदी टैरिफ लगाए

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ लगाए जाने के फैसले पर कांग्रेस सांसद शशि



थरूर ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि भारत को भी अमेरिकी उत्पादों पर जवाबी कार्रवाई करते हुए 50 प्रतिशत टैरिफ लगाना चाहिए। थरूर ने कहा, 'हम अमेरिका के साथ 90 अरब डॉलर का व्यापार करते हैं। अगर भारतीय सामान 50 प्रतिशत महंगा होगा, तो अमेरिकी उत्पादों को भी हम सस्ता क्यों रखें?' उन्होंने केंद्र सरकार से अपील की कि औसत 17 प्रतिशत टैरिफ की नीति बदलें और अमेरिका को स्पष्ट करें कि यदि भारत उनके लिए मायने नहीं रखता, तो अमेरिका भी भारत के लिए मायने नहीं रखेगा। थरूर ने ट्रंप के रवैये को धमकीपूर्ण बताया और कहा कि भारत को दृढ़ता से जवाब देना चाहिए।



## न्यूज ब्रीफ

### जेबीटी पदों की भर्ती को शिक्षा विभाग ने लिया वापस

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जूनियर बेसिक टीचर (जेबीटी) (अनुबंध आधार पर) के 467 पद (जनरल (अनारक्षित)-187, ईडब्ल्यूएस-55, जनरल (डब्ल्यूएफएफ)-6, एससी (अनारक्षित)-98, एससी (बीपीएल)-12, एसटी (अनारक्षित)-17, एसटी (बीपीएल)-4, एसटी (डब्ल्यूएफएफ)-2, ओबीसी (अनारक्षित)-71, ओबीसी (बीपीएल)-14 और ओबीसी (डब्ल्यूएफएफ)-1) पूर्ववर्ती हिमाचल प्रदेश कर्मचारी चयन आयोग द्वारा पोस्ट कोड 1075 के अंतर्गत विज्ञापित किए गए थे, जैसा कि निदेशक, प्रारंभिक शिक्षा हिमाचल प्रदेश से प्राप्त अधियाचन के अनुसार है और जिसका विवरण पूर्ववर्ती हिमाचल प्रदेश कर्मचारी चयन आयोग, हमीरपुर की आधिकारिक वेबसाइट पर भी अपलोड कर दिया गया है। अब, यह सभी संबंधितों की जानकारी के लिए है कि इन पदों को स्कूल शिक्षा निदेशक, एचपी, शिमला ने वापस ले लिया है।

### मतदान केंद्रों की सूची जारी, 13 तक दें आपत्तियां



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हमीरपुर जिले की पांचों विधानसभा सीटों-भोरंज, सुजानपुर, हमीरपुर, बड़सर और नादौन के मतदान केंद्रों की सूची का प्रारूप जारी कर दिया गया है। ये सूचियां 13 अगस्त तक सार्वजनिक निरीक्षण के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी, एसडीएम, तहसीलदार और नायब तहसीलदार कार्यालयों में उपलब्ध रहेंगी। जिला निर्वाचन अधिकारी अमरजीत सिंह ने बताया कि इस सूची को लेकर यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति, सुझाव या प्रस्ताव देना है, तो वह 13 अगस्त तक संबंधित कार्यालयों में लिखित रूप में जमा कर सकता है। इसके बाद कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं की जाएगी।

### दिव्यांग आदर्श ने बनाई टैगोर की पेंटिंग



**एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान, बड़सर।** हमीरपुर जिले के बड़सर उपमंडल के बड़नी गांव के दिव्यांग आदर्श शर्मा ने नोबेल पुरस्कार विजेता रवींद्रनाथ टैगोर की पेंटिंग बनाकर अपनी अद्भुत प्रतिभा का परिचय दिया है। ऐसे कलाकारों को स्वतंत्रता दिवस जैसे विशेष अवसर पर सम्मानित किया जाना चाहिए, ताकि उनका उत्साह बढ़े और वे समाज में प्रेरणा बन सकें। प्रशासन को चाहिए कि वह आदर्श जैसे होनहार दिव्यांगों को मंच प्रदान करे। मुख्यमंत्री को भी ऐसे प्रतिभावान युवाओं के लिए सहायता की पहल करनी चाहिए।

### मणिमहेश लंगर के लिए विधायक ने गाड़ी की रवाना



**अनंत ज्ञान, बड़सर।** हर हर महादेव समिति चकमोह द्वारा मणिमहेश में लंगर लगाने के लिए राशन की गाड़ी भेजी गई। गौरतलब है कि हर वर्ष गौरीकुंड में लगने वाले इस लंगर के लिए खाद्य सामग्री भेजी जाती है। बीते 19 वर्षों से लगने वाले इस लंगर के लिए क्षेत्र से लगातार राशन सामग्री का एक ट्रक रवाना किया जाता है। गौरीकुंड मणिमहेश में यह लंगर 13 अगस्त से लेकर राधा अष्टमी तक चलेगा। इस स्थान पर फ्री मेडिकल कैंप भी लगाया जाएगा। बड़सर के विधायक इंद्रदत्त लखनपाल द्वारा गाड़ी को पूजा-अर्चना के बाद रवाना किया। इस दौरान सेवा समिति अध्यक्ष संजय शर्मा सहित व्यापार मंडल प्रधान उत्तमचंद महाजन कलबाल पंचायत पूर्व प्रधान सुरेश चौधरी पूर्व प्राचार्य धनीराम संगर सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

### लुदर महादेव में वित्तीय समावेशन अभियान

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक लिमिटेड, शाखा भोरंज (तरक्वाड़ी) की ओर से लुदर महादेव पंचायत में वित्तीय समावेशन संतृप्ति अभियान का आयोजन किया गया। इस शिविर की अध्यक्षता शाखा के सहायक प्रबंधक अंकित धीमान ने की, जिन्होंने ग्रामीणों को केंद्र और राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। इनमें स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से स्वरोजगार को बढ़ावा देने जैसी योजनाएं प्रमुख रहीं। इस अवसर पर बैंक की ओर से नीलम, रंजू कुमारी, अनिल कुमार सहित कई अधिकारी व स्थानीय प्रधान नीलम कुमारी, पंचायत सचिव उषा कुमारी, कमलेश कुमारी, विशन दास शर्मा, बंसी लाल शर्मा, रिखी दास शर्मा, रुमा देवी एवं सपना कुमारी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

### तकनीकी विवि में एमसीए की काउंसिलिंग आज



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर में वीरवार को जेईई मेन के आधार पर बीटेक (डायरेक्ट एंट्री) की दूसरे चरण के काउंसिलिंग के तीसरे दिन सामान्य श्रेणी, ऑल इंडिया कोटा व 'बेटी है अनमोल' श्रेणी के तहत आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग हुई। काउंसिलिंग में 58 अभ्यर्थियों को जेईई मेन की मेरिट के आधार पर आवंटित की गई। जिन अभ्यर्थियों को सीटें आवंटित की गई, उन्हें 11 अगस्त तक संबंधित शिक्षण संस्थान में रिपोर्ट करनी होगी। वहीं, एमसीए (मास्टर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन) की पहले चरण की काउंसिलिंग आठ अगस्त को होगी। काउंसिलिंग में हिमाचल प्रदेश कॉमन एंट्रेंस टेस्ट की मेरिट के आधार पर अभ्यर्थियों को सीटें आवंटित की जाएगी। एमसीए की 180 सीटों को भरने के लिए एक ही दिन सभी श्रेणी के अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग प्रस्तावित है।

### नवोदय में प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन अब 13 तक

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जवाहर नवोदय विद्यालय डूंगरी के शैक्षणिक सत्र 2026-27 में छठी कक्षा में प्रवेश के लिए लिखित परीक्षा 13 दिसंबर को प्रातः 11:30 बजे विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। इस परीक्षा के लिए पात्र विद्यार्थियों के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ा दी गई है। अब पात्र विद्यार्थी वेबसाइट नवोदया.जीओवी.इन पर 13 अगस्त तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। जवाहर नवोदय विद्यालय डूंगरी के प्राचार्य विक्रम कुमार ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2025-26 के दौरान हमीरपुर जिले के किसी भी मान्यता प्राप्त संस्थान में पांचवीं कक्षा में अध्ययनरत विद्यार्थी जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन कर सकते हैं। यदि विद्यार्थियों को आवेदन करने के लिए किसी भी प्रकार की कोई समस्या आ रही है तो उनकी सुविधा के लिए विद्यालय में हेल्प डेस्क की व्यवस्था की गई है। अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 8219482550 और 8954039120 पर संपर्क किया जा सकता है। किसी भी कार्य दिवस को नवोदय विद्यालय में आकर भी ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है।

### होटल प्रबंधन संस्थान में प्रवेश के लिए 11 तक भरें फार्म

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** होटल प्रबंधन संस्थान (आईएचएम) हमीरपुर में हॉस्पिटैलिटी एंड होटल एडमिनिस्ट्रेशन में बीएससी की डिग्री और फूड प्रोडक्शन एवं पेटीसरी में डिप्लोमा में प्रवेश के इच्छुक युवाओं के लिए एक और सुनहरा अवसर है। संस्थान में प्रवेश के लिए एनसीएचएम जेईई की परीक्षा न दे सके युवाओं को भी अब मौका दिया जा रहा है। बीएससी की डिग्री में प्रवेश के लिए 13 अगस्त को परीक्षा ली जाएगी। इस परीक्षा के लिए 11 अगस्त तक आवेदन किया जा सकता है। आईएचएम के विभागाध्यक्ष पुनीत बंटा ने बताया कि बीएससी हॉस्पिटैलिटी एंड होटल एडमिनिस्ट्रेशन में प्रवेश के लिए आवेदक किसी भी स्ट्रीम में बारहवीं पास होना चाहिए, जबकि फूड प्रोडक्शन एवं पेटीसरी में डिप्लोमा कोर्स के लिए आवेदक कम से कम दसवीं पास होना चाहिए। दाखिले के संबंध में अधिक जानकारी के लिए संस्थान की वेबसाइट आईआईएम हमीरपुर.इन या हेल्प डेस्क नंबर 9817493382 और 9418622786 पर संपर्क किया जा सकता है। पुनीत बंटा ने बताया कि आईएचएम हमीरपुर पर्यटन शिक्षा में उच्च गुणवत्ता का पर्याय बन चुका है। यहां शिक्षण-प्रशिक्षण के लिए बहुत ही अच्छा माहौल, सुंदर एवं हरा-भरा परिसर, आधुनिक प्रयोगशालाएं, स्मार्ट क्लासरूम और प्लेसमेंट प्रकोष्ठ जैसी कई सुविधाएं उपलब्ध हैं। उन्होंने बताया कि संस्थान में प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद आज सैकड़ों युवा देश-विदेश के कई बड़े होटलों एवं पर्यटन उद्यमों में ऊंचे पदों पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

# पेंशनर्स व वरिष्ठ नागरिक आवाज करेंगे बुलंद

## प्रदेश सरकार के खिलाफ बोलेंगे हल्ला, प्रदेश के 11 पेंशनर संघों की संयुक्त संघर्ष समिति गठित

**अनिल कुमार, अनंत ज्ञान**

**हमीरपुर।** प्रदेश सरकार की व्यवस्था से नाराज हिमाचल प्रदेश के विभिन्न पेंशनर संगठनों की एक संयुक्त बैठक का हमीरपुर में आयोजन किया गया, जिसमें 11 संघों ने भाग लिया। इतिहास में यह पहली बार है कि इतने बड़े स्तर पर बैठक आयोजित कर एकजुट होकर लगभग 4 घंटे मैराथन बैठक आयोजित की गई।

बैठक में पेंशनर संयुक्त संघर्ष समिति का भी गठन किया, जिसमें सुरेश ठाकुर को अध्यक्ष और इंद्रपाल शर्मा को महासचिव बनाया गया। पेंशनर संयुक्त संघर्ष समिति के संयोजक घनश्याम शर्मा ने कहा कि प्रदेश में सरकार को बने हुए अढ़ाई वर्ष हो गए है। प्रदेश में जब कांग्रेस की सरकार बनी तो एक नारा दिया गया 'व्यवस्था परिवर्तन'। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के इस व्यवस्था परिवर्तन से त्रस्त होकर वरिष्ठ नागरिक और सेवानिवृत्त कर्मचारी व अधिकारी सरकार के बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रदेश ने कर्मचारी समाज को दबाना शुरू किया जिस किसी ने भी सरकार के खिलाफ आवाज उठाई उन्हें ट्रांसफर किया, उन्हें तंग किया गया। उन्होंने कहा कि यह सरकार इतनी संवेदनहीन है कि लाखों कर्मचारियों और पेंशनरों को चिकित्सा भत्ता का एक रुपए तक नहीं दिया है। उन्होंने कहा कि पैसों के अभाव में पूर्व कर्मचारी अपना इलाज करवाने में असमर्थ हैं।



प्रदेश सरकार को नोटिस और मांग पत्र देने की दी जानकारी।

उन्होंने मुख्यमंत्री से पूछा क्या आप बीमार नहीं हुए, विधायक बीमार नहीं हुए तो क्या उनका चिकित्सा भता भी पेंडिंग है नहीं। उन्होंने कहा कि ये खुद तो बंटे हुए हैं, प्रदेश के कर्मचारियों को भी बांटने का प्रयास किया है। पेंशनर संयुक्त संघर्ष समिति के नवनियुक्त अध्यक्ष ने सुरेंद्र ठाकुर ने कहा कि एक माह बाद प्रदेश सरकार को नोटिस और मांग पत्र सौंपा जाएगा। उन्होंने कहा कि यदि उनकी मांगों को पूरा नहीं किया जाता है तो वरिष्ठ नागरिक और पेंशनर सड़कों पर उतर कर प्रदेश सरकार के खिलाफ धरना-प्रदर्शन करेंगे।

उन्होंने मुख्यमंत्री से यह भी अनुरोध किया कि वह महंगाई भत्ते की 3 प्रतिशत के स्थान पर पूर्व की 4, 4 प्रतिशत की दोनों किस्तें 15 अगस्त 2025 को एक साथ जारी करें। इसके पश्चात, हिमाचल प्रदेश पेंशनर्स संयुक्त संघर्ष समिति की बैठक में निम्न मांगों को सरकार से मनवाने पर बल दिया। इसमें 01.01.2016 से 31.01. 2022 के मध्य सेवानिवृत्त कर्मचारियों के वित्तीय लाभ जिसमें ग्रैच्युटी, कम्युटेशन व लीव इनकैशमेंट, महंगाई भत्ते की 13 प्रतिशत व 110 माह के महंगाई भत्ते की बकाया राशि, लंबित पड़े चिकित्सा बिलों की अदायगी के लिए विशेष अनुदान राशि को सभी विभागों को जारी करना, एचआरटीसी, बिजली बोर्ड, कार्पोरेट सेक्टर के वित्तीय लाभ की अदायगी करना तथा शीघ्र संयुक्त सलाहकार समिति का गठन करना आदि। यह भी तय किया गया कि हिमाचल प्रदेश पेंशनर्स संयुक्त संघर्ष समिति की बैठक 15 दिन के भीतर बुलाई जाएगी और संयुक्त मांगपत्र सौंपा जाएगा।

यह भी निर्णय लिया गया कि एक माह के भीतर प्रदेश के सभी संगठनों के राज्य प्रधान और महासचिव को सदस्य बनाकर हिमाचल प्रदेश पेंशनर्स संयुक्त संघर्ष समिति की कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा।

### बैठक में इन पेंशन संघों ने बनाई रणनीति

**पेंशन** वेलफेयर एसोसिएशन हिमाचल प्रदेश, भारतीय राज्य पेंशनर्स संघ, हिमाचल प्रदेश सचिवालय, हिमाचल पेंशनर्स फेडरेशन, हिमाचल प्रदेश पथ परिवहन निगम, हिमाचल प्रदेश बिजली बोर्ड, लोकल अर्बन डेवलपमेंट, एचपी पुलिस विभाग, हिमाचल हितकारी सभा, कॉर्पोरेट सेक्टर व मजदूर संघ के अध्यक्ष व महामंत्रियों ने भाग लिया।

### बैठक में ये रहे मौजूद

**बैठक** में संयोजक घनश्याम शर्मा, पुरुषोत्तम ठाकुर, भूप राम वर्मा, रविंद्र राणा, हिम्मत राम शर्मा, ब्रह्मानंद, मदन लाल शर्मा, बृजलाल ठाकुर, देवी लाल ठाकुर, एसके सोनी, डीएस ढटवालिया, गंगा राम शर्मा, शिव सिंह सेन, सेठ राम, मनमोहन पठानिया, विजय ठाकुर, सुरेंद्र ठाकुर, मनोज वालिया, विनोद सूद, सुरिंदर वर्मा, प्रकाश ठाकुर, सतीश शुक्ला, सुरेश चौधरी, देव राज शर्मा, ओपी भारद्वाज, वजीर सिंह, साहिब सिंह, कैलाश वालिया आदि ने भाग लिया।

## करंट लगने से महिला की मौत

**घर में काम करते वक्त लगा करंट**

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर/सुजानपुर।** पुलिस थाना सुजानपुर के तहत एक महिला की करंट लगने से मौत हो गई है। जानकारी के अनुसार सुजानपुर अस्पताल से फोन के माध्यम से एक मृत हालत में महिला के लाने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना मिलने के बाद पुलिस द्वारा अस्पताल सुजानपुर में पहुंचने पर गहनता से हालात जांच करने पर पाया कि मृतक महिला कैरों देवी पत्नी प्रेम चंद गांव बूला गरौड़ू डाकघर कनेरड़ तहसील सुजानपुर की रहने वाली थी।

प्रारंभिक जांच से उपरोक्त महिला को अपने घर पर काम करते हुए बिजली का करंट लगने का मामला पाया गया है। पुलिस अधीक्षक भगत सिंह ठाकुर ने बताया कि महिला उपरोक्त के शव का डॉ. आरकेजीएमसी अस्पताल हमीरपुर में पोस्टमार्टम करवाया गया तथा नियमानुसार कार्रवाई करते हुए महिला के शव को उसके परिजनों के हवाले कर दिया है। मामले में जांच जारी है।

## जौह, नगरोटा, धमरोल, भलवाणी मुंडखर, भकेड़ा बने नए मतदान केंद्र



शशिपाल शर्मा की अध्यक्षता में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक हुई।

**अनंत ज्ञान, जाहू**

भोरंज विधानसभा क्षेत्र में 6 नए मतदान केंद्रों के सृजन का प्रस्ताव रखा गया है। यह निर्णय भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के तहत लिया गया, जिसके अनुसार एक मतदान केंद्र पर अधिकतम 1200 मतदाता होने चाहिए।

मिनी सचिवालय जाहू में एसडीएम एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी शशिपाल शर्मा की अध्यक्षता में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक हुई। उन्होंने बताया कि भोरंज क्षेत्र में मतदाताओं की संख्या बढ़ने के कारण मतदान केंद्र संख्या-23 जौह, 63 नगरोटा, 71 धमरोल, 79 भलवाणी, 84 मुंडखर और 91 भकेड़ा को नए केंद्र के रूप में प्रस्तावित किया गया है। इस प्रस्ताव पर सभी राजनीतिक दलों ने सहमति जताई।

बैठक में कांग्रेस से विजय बनयाल, भाजपा से अशोक ठाकुर, बसपा से जरनैल सिंह, आप से डॉ. सुमित पुन्याल, तहसीलदार डॉ. आशीष शर्मा, नायब तहसीलदार रवि कुमार व बीएलओ उपस्थित रहे। निर्वाचन अधिकारी ने सहयोग के लिए सभी का आभार जताया।

## स्कूटी चालक ने दूसरी स्कूटी को मारी टक्कर

**अनंत ज्ञान, नादौन।** नादौन थाना के अंतर्गत सतवीर सिंह पुत्र स्व. जगत राम निवासी गांव टंग डाकघर झलाण तहसील नादौन ने अपने शिकायत दर्ज करवाई कि जब वह अपनी दुकान के बाहर खड़ा था तो स्कूटी नंबर एचपी 55 सी 7168 के चालक अभिनाश कुमार पुत्र कर्म चंद गांव कोठी कंगरेड़ डाकघर झलाण तहसील नादौन ने अपनी उपरोक्त स्कूटी को तेज रफ्तारी व लापरवाही से गलत दिशा में ले जाते हुए विपरीत दिशा से आ रहे अन्य स्कूटी नंबर एचपी 55 सी 3997 के चालक सौरभ शर्मा पुत्र ललित शर्मा गांव डा. किटपल तह. नादौन को टक्कर मार दी। इससे उपरोक्त दोनों स्कूटी चालकों को चोटें पंहुची हैं। थाना प्रभारी निर्मल सिंह ने बताया कि मामला दर्ज कर छानबीन की जा रही है।

## पंचायत चुनाव को लेकर सरगर्मियां तेज

**शशि सोनल, अनंत ज्ञान**

**नादौन।** पंचायतीराज चुनाव को लेकर चुनाव आयोग ने कमर कस ली है। वीरवार को पंचायत चुनावों की तैयारियों को लेकर मिनी सचिवालय नादौन के सभागार में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता एसडीएम राकेश शर्मा ने की। इस कार्यशाला में बीडीओ निशांत शर्मा व जिला पंचायत अधिकारी कार्यालय के प्रवक्ता कपिल पठानिया ने विशेष रूप से भाग लिया।

इस कार्यशाला में नगर परिषद नादौन के ईओ रमन शर्मा के अवाला नादौन ब्लॉक के सभी पंचायत सचिवों ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए एसडीएम राकेश शर्मा ने कार्यशाला में उपस्थित सचिवों को संबोधित करते हुए कहा कि नगर निकाय व पंचायत के चुनाव नजदीक आ रहे है, जिनकी तैयारियों को लेकर पंचायत सचिवों को समयवद्ध व बड़ी सावधानी से कार्य करना होगा। वोटर लिस्ट को अपडेट करने में पंचायत सचिवों की बड़ी जिम्मेदारी है, इसलिए किसी प्रकार की लापरवाही न हो।



पंचायत सचिवों की कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए एसडीएम राकेश शर्मा।

**14 तक होगा पोलिंग स्टेशन का मैपिंग कार्य : एसडीएम**

उन्होंने कहा कि पोलिंग स्टेशन की मैपिंग का कार्य किया जा रहा है, उसके बाद विधानसभा/लोकसभा चुनाव के पोलिंग स्टेशन किस वार्ड में हैं, यह सारी प्रक्रिया 14 अगस्त तक होगी। उसके बाद विधानसभा/ लोकसभा चुनावों की वोटर लिस्ट के आधार पर वोटरों की पंचायतों के वार्ड वार्ड वाइज मैपिंग होगी। बीडीओ निशांत शर्मा ने बताया कि वोटर लिस्ट की प्रक्रिया व पोलिंग स्टेशन मैपिंग का कार्य पूरा होने के बाद वोटर लिस्ट को सितंबर महीने में ग्रामसभा में रखा जाएगा और इस बारे दावे व आपत्तियां मांगी जाएंगी।

जिला पंचायत अधिकारी कार्यालय के प्रवक्ता कपिल पठानिया ने वोटर लिस्टों के संदर्भ में बारीकियां पंचायत सचिवों को समझाईं ताकि किसी प्रकार की कोई कमी न रह जाए।

## जयकारों के साथ मणिमहेश लंगर लगाने के लिए सेवा दल रवाना

**अनंत ज्ञान, नादौन**

मणिमहेश यात्रियों के लिए लंगर लगाने के लिए भोले शंकर के नारों व अतिशवाजियों के बीच सेवा जत्था रवाना हो गया है, जो 26 दिन मणिमहेश यात्रियों के लिए निशुल्क लंगर लगाएगा। जय भोले मणिमहेश सेवा मंडल नादौन द्वारा वर्ष की भांति इस वर्ष भी मणिमहेश के घन्छो में निशुल्क लंगर लगाया जाएगा।

वीरवार को नादौन के इंद्रपाल चौंक पर सेवा मण्डल के पदाधिकारियों व सदस्यों ने इस जत्थे को लंगर सामग्री लेकर सात वाहनों सहित रवाना किया। इस अवसर जय भोले मणिमहेश सेवा मंडल नादौन के संयोजक पुष्पेन्द्र शर्मा, प्रधान राजेश शर्मा, वरिष्ठ उपप्रधान एवं कांगड़ा सैंट्रल कोऑप्रेटिव बैंक के डायरेक्टर मोती जोशी, सचिव अजय सौंधी, कुलदीप शर्मा, कैशियर कृष्ण देव शर्मा, पुनीत शर्मा, सैंटी सौंधी, मोनू, राजकुमार,प्रकाश चंद, रमेश चंद, गुरनाम सिंह, संदीप कुमार, सतीश शर्मा, अंकित शर्मा, सौरभ, शक्ति चंद आदि उपस्थित रहे।



जत्थे को रवाना करते जय भोले मणिमहेश सेवा मंडल नादौन के पदाधिकारी व सदस्य।

**जय भोले मणिमहेश सेवा मंडल नादौन 19 साल से कर रहा लंगर सेवा**

यह जानकारी देते हुए जय भोले मणिमहेश सेवा मंडल नादौन के सचिव अजय सौंधी सैंठा ने बताया कि पिछले 19 सालों से मणिमहेश यात्रियों की सेवा के लिए धन्छो नामक स्थल पर निशुल्क लंगर सेवा कर रहा है, जिसमें सेवा मंडल के सदस्य निस्वार्थ भाव से भोले शंकर के श्रद्धालुओं की सेवा करते हैं। उन्होंने बताया कि आज लंगर सामग्री राशन आदि लेकर सात गाड़ियां सेवा मंडल के सदस्यों सहित मणिमहेश के लिए रवाना हुई हैं। उन्होंने बताया कि 8 अगस्त से 2 सितंबर तक निशुल्क लंगर सेवा लगाई जाएगी। उन्होंने इसके लिए नादौन की जनता के सहयोग के लिए भी धन्यवाद किया है।

## जल्द शुरू होगा पैराग्लाइडिंग का कार्य : रणजीत



**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** विधायक कै. रणजीत सिंह ने सुजानपुर को एक और नया तोहफा दिया है। सुजानपुर को उड़ान के पंख लगेंगे और लोग उड़ान भर सकेंगे। वीरवार को सुजानपुर विधायक कै. रणजीत सिंह ने महाराज संसार चंद के किले के पास बनने जा रही पैराग्लाइडिंग साइट का निरीक्षण कर जल्द कार्य को शुरू करने के निर्देश दिए। विधायक ने कहा कि 10-15 दिन के भीतर सुजानपुर के टीरा में पैराग्लाइडिंग का कार्य शुरू हो जाएगा, जिसके उपरांत लगभग 2,3 महीने के अंदर कार्य को पूरा कर दिया जाएगा। विधायक ने कहा कि सुजानपुर का किला व चौगान सुजानपुर विधानसभा की सुंदरता को बढ़ाते हैं और आने वाले दिनों में जब पैराग्लाइडिंग शुरू हो जाएगी तो लोग दूर-दूर से यहां पर घूमने आएंगे और उड़ान भी भरेंगे, जिससे आय के साधन भी बढ़ेंगे और रोजगार भी बढ़ेगा।

## लंबित मांगों पर पेंशनर्स में आक्रोश सरकार से शीघ्र समाधान की मांग

**अनंत ज्ञान, नादौन**

हिम आंचल पेंशनर्स संघ नादौन खंड की मासिक बैठक नारायण मुक्ति धाम, रहा (गलोड़) में प्रधान जगदीश चंद शर्मा की अध्यक्षता में हुई। खंड महासचिव ने इकाई की गतिविधियों व बैठक के एजेंडे की जानकारी दी। बैठक में पेंशन संशोधन की लंबित बकाया राशि, ग्रैच्युटी, लीव एनकैशमेंट और कम्युटेशन के भुगतान में हो रही देरी को लेकर गहरा आक्रोश जताया गया। सरकार से मांग की गई कि जनवरी 2016 से 2022 तक सेवानिवृत्त पेंशनरों को शीघ्र बकाया राशि प्रदान की जाए। नई भर्ती नीति पर भी पुनर्विचार की मांग की गई। जिला प्रधान केसी गौतम ने आश्वासन दिया कि नई कार्यकारिणी के गठन के बाद यह मुद्दा सरकार के समक्ष उठाया जाएगा। बैठक में बताया गया कि 200 से अधिक असमर्थ पेंशनरों के डिजिटल जीवित प्रमाण पत्र बनवाए जा चुके हैं। अधिकारियों से ऐसे पेंशनरों की जानकारी एकत्र करने का आग्रह किया गया।

## टाटा स्टील लुधियाना के 162 पदों के लिए 14 को होंगे साक्षात्कार

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

लुधियाना स्थित टाटा स्टील के एक प्लांट में सिक्योरिटी स्टाफ की अलग-अलग श्रेणियों और कंप्यूटर ऑपरेटरों सहित कुल 162 पदों को भरने के लिए बद्दी की कंपनी टेरियर सिक्योरिटी सर्विस प्राइवेट लिमिटेड 14 अगस्त को सुबह साढ़े दस बजे जिला रोजगार अधिकारी कार्यालय हमीरपुर में साक्षात्कार लेगी।

जिला रोजगार अधिकारी सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि असाइनमेंट मैनेजर के चार पदों के लिए अधिकतम 50 वर्ष तक की आयु के रिटायर्ड जेसीओ पात्र होंगे। चयनित उम्मीदवारों को 33,975 रुपए मासिक वेतन मिलेगा।

सिक्योरिटी सुपरवाइजर के 10 पदों के लिए 18 से 50 वर्ष तक के बारहवीं पास उम्मीदवार पात्र होंगे और चयनित उम्मीदवारों को 22,537 रुपए वेतन दिया जाएगा। सिक्योरिटी गार्ड के 120 पदों के लिए 18 से 50 वर्ष तक के दसवीं पास उम्मीदवार साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं। इनके लिए मासिक वेतन 18,236 रुपए निर्धारित किया गया है। स्पेशल सिक्योरिटी गार्ड के 20 पदों के लिए 18 से 50 वर्ष तक के दसवीं पास एवं फायर डिफेंस डिप्लोमा धारक उम्मीदवार साक्षात्कार दे सकते हैं। इनका मासिक वेतन 20,294 रुपए रहेगा।

कंप्यूटर ऑपरेटर के 8 पदों के लिए उम्मीदवार स्नातक एवं कंप्यूटर डिप्लोमा धारक होना चाहिए तथा उसकी आयु 18 से 50 वर्ष के बीच होनी चाहिए। चयनित उम्मीदवारों को 21,094 वेतन दिया जाएगा। सिक्योरिटी से संबंधित पदों के लिए उम्मीदवार की लंबाई कम से कम पांच फुट सात इंच होनी चाहिए।

जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि अगर कोई युवा उपरोक्त योग्यता रखता है और उसका नाम किसी भी रोजगार कार्यालय में पंजीकृत है तो वह अपने मूल प्रमाण पत्रों तथा हिमाचली प्रमाण पत्र के साथ साक्षात्कार में भाग ले सकता है।

**गुड न्यूज** हमीरपुर में विधिक सेवाएं क्लीनिक का शुभारंभ, मुफ्त मिलेगी कानूनी मदद

## सैनिक परिवारों के लिए खुली न्याय की नई राह

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

सैनिकों, भूतपूर्व सैनिकों और उनके परिजनों को कानूनी सहायता उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से हमीरपुर में जिला स्तरीय विधिक सेवाएं क्लीनिक की स्थापना की गई है। यह सुविधा राष्ट्रीय विधिक सेवाएं प्राधिकरण (नालसा) की वीर परिवार सहायता योजना-2025 के अंतर्गत जिला सैनिक कल्याण कार्यालय में शुरू की गई है।

इस क्लीनिक का शुभारंभ वीरवार को हिमाचल प्रदेश हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश एवं राज्य विधिक सेवाएं प्राधिकरण के मुख्य संरक्षक न्यायमूर्ति गुरमीत सिंह संधवालिया ने शिमला से वर्चुअल माध्यम से किया। इस मौके पर न्यायमूर्ति विवेक सिंह ठाकुर और हाईकोर्ट के अन्य जज भी मौजूद रहे।




नालसा की गई वीर परिवार सहायता योजना-2025 के तहत हुई शुरुआत।

हमीरपुर में जिला सैनिक कल्याण कार्यालय में इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया। कार्यक्रम में जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के अध्यक्ष भुवनेश अवस्थी, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश सचिन रघु, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी सूर्या प्रकाश, प्राधिकरण के सचिव कुलदीप शर्मा, अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी रवि कुमार, सैनिक कल्याण विभाग के उपनिदेशक (सेवानिवृत्त) स्क्वाड्रन लीडर मनोज राणा, पैनल अधिवक्ता, पूर्व सैनिक एवं उनके परिजन उपस्थित रहे।

गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश व नालसा के कार्यकारी अध्यक्ष न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने हाल ही में श्रीनगर में कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में देशभर में ऐसी क्लीनिकों का शुभारंभ किया था। अब हमीरपुर में जिला स्तर पर विधिक सेवाएं क्लीनिक के माध्यम से सैनिक समुदाय को मुफ्त कानूनी मदद मिल सकेगी, जिसमें पैनल वकील और पैरा लीगल वालंटियर्स नियमित रूप से सेवाएं देंगे।

## सीएम की घोषणा के बावजूद परिवहन पेंशनरों को राहत नहीं

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

हिमाचल परिवहन सेवानिवृत्त कर्मचारी कल्याण मंच हमीरपुर इकाई की मासिक बैठक बस स्टैंड परिसर में जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश की अध्यक्षता में हुई। बैठक में पेंशन समय पर न मिलने और चिकित्सा बिलों के भुगतान में देरी पर गहरी नाराजगी जताई गई।

प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष अजमेर ठाकुर ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री द्वारा 12 अक्तूबर 2024 को घोषित 9 करोड़ रुपए की राशि का अब तक भुगतान नहीं हुआ है। उन्होंने सरकार पर झूठे वादों का आरोप लगाया। प्रदेश अध्यक्ष बृज लाल ठाकुर ने कहा कि राज्य पेंशनरों को 1 जनवरी 2016 से संशोधित वेतनमान के एरियर मिल चुके हैं, जबकि परिवहन पेंशनरों को एक पैसा भी नहीं मिला, जो घोर अन्याय है। मंच ने मांग की कि परिवहन पेंशनरों को भी राज्य पेंशनरों की तरह एक निश्चित तिथि को पेंशन दी जाए।

प्रदेश महामंत्री रूप चंद शर्मा ने कहा कि सरकार पेंशन बजट का स्थायी समाधान निकाले। मंच ने 2-10-1974 की अधिसूचना रद्द कर एचआरटीसी को आरटीए में मर्ज करने की मांग भी दोहराई। 11 अगस्त को बिलासपुर में होने वाली संघर्ष समिति की बैठक में पेंशनरों के हितों के लिए रणनीति तैयार की जाएगी।

# हिमाचल के स्कूलों में अब बागवानी भी पढ़ेंगे स्टूडेंट्स

## शिक्षा मंत्री ने दो सप्ताह में बागवानी का पाठ्यक्रम तैयार करने के दिए निर्देश

सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में शिक्षा के क्षेत्र को और ज्यादा व्यावहारिक और रोजगारोन्मुखी बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने वीरवार को शिक्षा विभाग और स्कूल शिक्षा बोर्ड के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ हुई एक बैठक में कई अहम निर्णय लिए। इस बैठक में सबसे खास बात यह रही कि अब स्कूलों में बागवानी को भी एक व्यावसायिक विषय के रूप में शामिल किया जाएगा।

शिक्षा मंत्री ने हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड को आदेश दिया कि वह दो सप्ताह के भीतर बागवानी का पाठ्यक्रम तैयार करे। इस फैसले का मकसद छात्रों को किताबी ज्ञान के साथ-साथ व्यवहारिक कौशल सिखाना है, जिससे वे भविष्य में स्वरोजगार के लिए तैयार हो सकें। यह पहल न केवल छात्रों को आत्मनिर्भर बनाएगी, बल्कि राज्य की कृषि और बागवानी अर्थव्यवस्था को भी मजबूती देगी।



शिक्षा विभाग की बैठक की अध्यक्षता करते शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर।

बैठक में खाली पड़े पदों को भरने पर भी जोर दिया गया, ताकि शिक्षकों की कमी से शिक्षा की गुणवत्ता प्रभावित न हो। इसके साथ ही, हाल ही में प्राकृतिक आपदाओं से हुए नुकसान पर भी चर्चा हुई। मंत्री ने अधिकारियों को क्षतिग्रस्त 510 स्कूलों के पुनर्निर्माण के काम को प्राथमिकता देने का निर्देश दिया और कहा कि काम में गुणवत्ता और पारदर्शिता का खास ध्यान रखा जाए।

### केंद्र से मदद की उम्मीद से विकास में आएगी तेजी

शिक्षा मंत्री ने अपने दिल्ली दौरे का जिक्र करते हुए बताया कि उन्होंने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से मुलाकात की थी। इस दौरान उन्होंने राज्य के शिक्षण संस्थानों को हुए नुकसान की जानकारी दी और रूसा योजना के तहत लंबित 180 करोड़ रुपए की राशि को जल्द जारी करने का आग्रह किया। केंद्रीय मंत्री ने हिमाचल को हरसंभव सहायता देने का आश्वासन दिया है, जिससे राज्य में शिक्षा के विकास कार्यों को गति मिलेगी।

## न्यूज ब्रीफ

### पंजोड़ा में सरकारी भूमि से अवैध कब्जे हटाए, दो को 15 दिन की मोहलत



**हीना पठानिया, अनंत ज्ञान, बडूही (ऊना)।** उपमंडल बंगाणा की उप तहसील जोल के तहत पंचायत चौकीमनयार के गांव पंजोड़ा में अवैध कब्जाधारियों के खिलाफ प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की है। नायब तहसीलदार अश्वनी धीमान के आदेश पर लोक निर्माण विभाग की जेसीबी मशीन के साथ फील्ड कानूनगो पवन सैनी और हल्का पटवारी नरेंद्र कुमार की टीम ने पुलिस को साथ लेकर अवैध कब्जे हटाए। जानकारी के अनुसार, कुछ लोगों द्वारा सरकारी भूमि पर अवैध रूप से कब्जे किए जाने की शिकायत पर संबंधित विभाग ने मिसल तैयार की थी। इसी आधार पर कार्रवाई को अमलीजामा पहनाया गया। प्रशासन ने दो व्यक्तियों द्वारा सरकारी भूमि पर अवैध रूप से की गई खेती को हटवाया। इसके अतिरिक्त, दो अन्य व्यक्तियों द्वारा सरकारी भूमि पर बनाए गए शेड्स में तुड़ी रखी गई थी। उनकी समस्याओं को ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने उन्हें 15 दिन की मोहलत दी है, ताकि वे स्वयं शेड हटा सकें। नायब तहसीलदार अश्वनी धीमान ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि भविष्य में किसी भी प्रकार के अवैध कब्जे बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। उन्होंने लोगों से अपील की है कि वे सरकारी भूमि का दुरुपयोग न करें, अन्यथा कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### बाल दुष्कर्म मामला

### उच्च न्यायालय ने किशोर पर वयस्क होने तक मुकदमा चलाने का दिया आदेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय ने एक 16 वर्षीय लड़के पर, जिसने 2021 में 7 साल की बच्ची के साथ बार-बार दुष्कर्म किया था, एक वयस्क के रूप में मुकदमा चलाने का फैसला बरकरार रखा है। न्यायमूर्ति राकेश कैंथला की एकल पीठ ने किशोर न्याय बोर्ड की सिफारिश को सही माना, जिसमें कहा गया था कि आरोपी लड़का अपने किए गए अपराधों के परिणामों को समझता था। घटना फरवरी 2021 की है, जब आरोपी ने बच्ची को गौशाला में ले जाकर उसके साथ बलात्कार किया और उसे धमकी भी दी। किशोर न्याय बोर्ड ने आरोपी का मानसिक और मनोवैज्ञानिक मूल्यांकन किया, जिसमें उसका आईक्यू 92 पाया गया, जो औसत श्रेणी में आता है। इससे यह पता चला कि उसमें अपने कार्यों की प्रकृति और परिणामों को समझने की मानसिक क्षमता थी। बोर्ड ने लड़के के सुनियोजित व्यवहार को भी ध्यान में रखा, जिसमें बार-बार हमला करना और सबूत मिटाने की कोशिश करना शामिल था। यह व्यवहार इस बात का सबूत था कि उसे अपने किए गए अपराध का एहसास था। इस फैसले से लड़के पर अब विशेष बाल न्यायालय में मुकदमा चलेगा, जहां दोषी पाए जाने पर उसे वयस्कों के समान सजा मिल सकती है।

# मंडी जिले के सरकाघाट में होगा राज्य स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह

## मुख्यमंत्री सुक्खू करेंगे समारोह की अध्यक्षता



मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना बैठक की अध्यक्षता करते हुए।

अनंत ज्ञान टीम, शिमला

हिमाचल प्रदेश के 79वें स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। इस साल का राज्य स्तरीय समारोह मंडी जिले के सरकाघाट में आयोजित किया जाएगा, जिसकी अध्यक्षता मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू करेंगे। वीरवार को मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना ने तैयारियों का जायजा लेते हुए सभी संबंधित अधिकारियों को समय पर काम पूरा करने के निर्देश दिए।

बैठक के दौरान मुख्य सचिव ने कहा कि इस आयोजन में जनभागीदारी सुनिश्चित की जाए और सुरक्षा, स्वच्छता और यातायात नियंत्रण के पुख्ता इंतजाम किए जाएं। उन्होंने विशेष रूप से भारी बारिश से क्षतिग्रस्त हुई सड़कों की जल्द से जल्द मरम्मत करने और यातायात को सुचारु बनाने पर बल दिया। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि समारोह में आने वाले लोगों को किसी भी तरह की परेशानी न हो।

इस साल के सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सरकार की दो प्रमुख पहलों को शामिल किया जाएगा। उन्होंने निर्देश दिए कि सांस्कृतिक प्रस्तुतियां ऐसी हों, जिनसे राज्य में आपदा प्रबंधन और मादक पदार्थों के दुरुपयोग को रोकने के लिए किए जा रहे प्रयासों के बारे में लोगों को जानकारी मिल सके।

बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव केके पंत, जीएडी सचिव राजेश शर्मा, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता सचिव आशीष सिंहमार, एडीजीपी अभिषेक त्रिवेदी सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# भारत बन रहा वैश्विक आर्थिक शक्ति : डॉ. राजीव बिंदल

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कहा है कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत आज विश्व के आर्थिक मानचित्र पर एक उभरती महाशक्ति के रूप में अपनी पहचान बना रहा है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और अन्य वैश्विक संस्थाओं के अनुमान यह सिद्ध करते हैं कि आने वाले वर्षों में भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है।

उन्होंने आईएमएफ की जुलाई 2025 की रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि भारत की विकास दर का अनुमान 6.4 फीसदी तक बढ़ा दिया गया है। आईएमएफ के अनुसार, भारत 2027-28 तक 5.2 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनकर अमेरिका और चीन के बाद दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक ताकत बन जाएगा। इस दौरान भारत की वैश्विक जीडीपी में हिस्सेदारी 4 प्रतिशत तक पहुंचने की उम्मीद है।

उन्होंने कहा कि टियर-2 और टियर-3 शहर अब भारत की आर्थिक वृद्धि के नए केंद्र बनते जा रहे हैं। यहां नए स्टार्टअप्स, एमएसएमई और उद्यमिता के अवसरों में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है, जो देश की समावेशी विकास नीति का प्रमाण है। डॉ. बिंदल ने कहा कि जहां दुनिया की कई अर्थव्यवस्थाएं मंदी और मुद्रास्फीति से जूझ रही हैं, वहीं भारत ने स्थिर विकास, मजबूत करेंसी और घटते राजकोषीय घाटे को हासिल किया है।

# जल शक्ति विभाग के चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों की पदोन्नति की मांग

**अनंत ज्ञान, शिमला।** जल शक्ति विभाग अराजपत्रित महासंघ के प्रदेश फाइनेंस सेक्रेटरी रविंद्र शर्मा मल्लू ने जल शक्ति विभाग में कार्यरत चतुर्थ कर्मचारियों की पदोन्नति की तत्काल मांग की है। उन्होंने बताया कि 18 से 25 वर्षों से विभाग में नियमित सेवा देने वाले इन कर्मचारियों को अब तक कोई पदोन्नति नहीं मिली है। यह कर्मचारी सुबह 6 बजे से रात 9 बजे तक जोखिम भरे हालात में भी अपनी ड्यूटी निभा रहे हैं। हाल ही में डरोह के पांच चतुर्थ कर्मचारी न्यूगल नदी में बाढ़ में फंस गए थे, जबकि डिंपल कुमार को सफाई करते समय लगी चोट के कारण पैर कटने की नौबत आई है। रविंद्र ने जल शक्ति विभाग के मंत्री अग्निहोत्री से आग्रह किया कि कर्मचारियों के साथ न्याय करते हुए उनकी पदोन्नति की जाए, अन्यथा मजबूरन न्यायालय का सहारा लेना पड़ सकता है।

# अनुराग ने एनएचएम निधियों के कुप्रबंधन का संसद में उठाया मुद्दा

अनंत ज्ञान, शिमला

### हिमाचल सरकार पर गंभीर अनियमितताओं के लगाए आरोप



पूर्व केंद्रीय मंत्री और हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग ठाकुर ने वीरवार को संसद में नियम 377 के तहत सवाल उठाते हुए हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार द्वारा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) निधियों के कुप्रबंधन और उच्च न्यायालय द्वारा 2024-25 के लिए आवंटित 521 करोड़ रुपए के उपयोग में गंभीर अनियमितताओं पर ध्यान आकर्षित किया।

अनुराग ने कहा कि हिमाचल में राज्य सरकार द्वारा एनएचएम निधियों का चिंताजनक कुप्रबंधन सामने आया है। उच्च न्यायालय ने 521 करोड़ रुपए के उपयोग में गंभीर अनियमितताओं की ओर इशारा किया है। राज्य सरकार का हलफनामा यह दर्शाता है कि ग्रामीण स्वास्थ्य सेवा के बुनियादी ढांचे में सुधार का कोई प्रयास नहीं किया गया है।

इसके अलावा, उन्होंने हिमाचल प्रदेश में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में डॉक्टरों की भारी कमी का मुद्दा भी उठाया। यह कोई अकेली घटना नहीं है। उन्होंने कहा कि राज्य में बड़े पैमाने पर तबादले हुए हैं और केवल 11 नई नियुक्तियां की गई हैं, फिर भी 43 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सा अधिकारियों की कमी बनी हुई है।

# डमटाल में 12.98 ग्राम चिट्टे समेत महिला दबोची

अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान



**इंदौरा।** पुलिस जिला नूरपुर ने नशे के विरुद्ध चलाए गए अभियान के अंतर्गत नशा माफिया के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक घर में दबिश देकर महिला को भारी मात्रा में हेरोइन के साथ काबू करने में सफलता प्राप्त की है।

इस संबंध में जानकारी देते हुए एसपी अशोक रतन ने बताया कि पुलिस थाना डमटाल के अधीन मुकाम छन्नी में आशा पत्नी मिथुन उर्फ चापड़ निवासी गांव छन्नी, जिला कांगड़ा के घर पर छापामारी की गई। इस छापेमारी के दौरान 12.98 ग्राम हेरोइन चिट्टा बरामद करने में कामयाबी हासिल की है।

आरोपी महिला को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ अभियोग संख्या 102/25 के अधीन धारा 21-61-85 एनडीपीएस एक्ट के तहत पुलिस थाना डमटाल में मामला दर्ज किया गया है। उपरोक्त मामले में आरोपिया को नियमानुसार गिरफ्तार करके आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। भविष्य में भी नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ जिला पुलिस नूरपुर का अभियान जारी रहेगा। आशा व उसका पति मिथुन उर्फ चापड़ दोनों अभ्यस्थ अपराधी हैं। जिन पर पहले भी कई अभियोग दर्ज हैं।

# सांसद डॉ. सिकंदर ने हिमाचल में स्वास्थ्य सुविधाओं का मुद्दा उठाया

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

### राज्यसभा में पैरामेडिकल स्टाफ की कमी और एंबुलेंस की खस्ताहालत पर केंद्र से सवाल

भाजपा के प्रदेश महामंत्री और राज्यसभा सांसद डॉ. सिकंदर कुमार ने संसद में हिमाचल प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था से जुड़े अहम सवाल उठाए। उन्होंने केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री से पूछा कि क्या सरकार ने प्रदेश में प्रशिक्षित स्वास्थ्य पेशेवरों की कमी को दूर करने के लिए कोई कदम उठाए हैं। इसके अलावा, उन्होंने ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं को प्रभावित करने वाली एंबुलेंसों की कमी, उनके खस्ताहाल और उनमें चिकित्सा सामग्री की अनुपलब्धता का भी मुद्दा उठाया।

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने इन सवालों का जवाब देते हुए बताया कि पैरामेडिकल स्टाफ की नियुक्ति की जिम्मेदारी मुख्य रूप से राज्य सरकारों की है। हालांकि, राष्ट्रीय सहबद्ध एवं स्वास्थ्य सेवा वृत्ति आयोग का गठन किया गया है और हिमाचल प्रदेश में भी इसके तहत राज्य परिषद का गठन हो चुका है।



एंबुलेंस सेवाओं पर उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत हिमाचल में दो प्रकार की एंबुलेंस सेवाएं 108 और 102 रोगी परिवहन चल रही हैं। उन्होंने जानकारी दी कि एनएचएम के मानदंडों के अनुसार, प्रदेश में प्रति 100,000 की आबादी पर एक बेसिक लाइफ सपोर्ट और प्रति 500,000 की आबादी पर एक एडवांस्ड लाइफ सपोर्ट एंबुलेंस उपलब्ध कराई जाती है।

# हिमाचल में 'हर घर तिरंगा' अभियान की तैयारी शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** भाजपा प्रदेश मुख्यालय में 'हर घर तिरंगा' अभियान को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल, संगठन महामंत्री सिद्धार्थन और प्रदेश महामंत्री बिहारी लाल शर्मा मुख्य रूप से मौजूद रहे।

### 10 से 15 अगस्त तक चलेगा कार्यक्रम

भाजपा प्रदेश महामंत्री बिहारी लाल शर्मा ने इस अभियान की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि 10 से 15 अगस्त तक प्रदेश भर में 'हर घर तिरंगा' अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान का उद्देश्य सभी वीर योद्धाओं को याद करना और लोगों में देशभक्ति की भावना को जगाना है।

अभियान की शुरुआत 10 अगस्त को 171 संगठनात्मक मंडलों में तिरंगा यात्राओं के साथ होगी। इसके बाद, 12 और 13 अगस्त को प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में शहीदी स्मारकों पर स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा, ताकि हमारे शहीदों को उचित सम्मान दिया जा सके। शर्मा ने बताया कि 14 अगस्त को 'विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस' मनाया जाएगा। इस कार्यक्रम में भारत-पाकिस्तान विभाजन के दौरान हुए अत्याचारों और नरसंहार को याद किया जाएगा। प्रदेश स्तरीय इस कार्यक्रम में 300 से 350 कार्यकर्ता भाग लेंगे। 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर, सभी पार्टी कार्यालयों और सार्वजनिक स्थानों पर तिरंगा फहराया जाएगा और वृक्षारोपण के कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे।

### सांसद इंदु गोस्वामी के सवाल का अनुप्रिया ने दिया जवाब

# देश के ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों की मृत्यु दर में आई कमी : केंद्रीय राज्य मंत्री

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला



इंदु गोस्वामी



अनुप्रिया पटेल

केंद्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने बताया कि देश के ग्रामीण क्षेत्रों में पांच साल से कम उम्र के बच्चों की मृत्यु दर में कमी आई है। उन्होंने बताया कि बच्चों की मृत्यु दर वर्ष 2014 में 51 प्रति 1000 बच्चे थी, जो वर्ष 2022 में घट कर 34 प्रति 1000 बच्चे दर्ज की गई है। उन्होंने यह जानकारी राज्यसभा सांसद इंदु गोस्वामी द्वारा पूछे गए एक सवाल के जवाब में सदन में दी।

उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के माध्यम से शून्य से 18 साल के बच्चों की आंगनबाड़ी केंद्रों में साल में दो बार मोबाइल हेल्थ टीम द्वारा कम्युनिटी स्क्रीनिंग की जाती है, जबकि इन बच्चों की सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों में साल में एक बार मोबाइल हेल्थ टीम द्वारा कम्युनिटी स्क्रीनिंग की जाती है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय बाल

### राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत 0-18 साल के बच्चों की हो रही विशेष देखभाल

स्वास्थ्य कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों के जीवन की गुणवत्ता बढ़ाने और उन्हें व्यापक स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए कार्यक्रम शुरू किए गए हैं। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत 18 साल तक उम्र के बच्चों को जन्म के समय त्रुटि, बीमारी, कमी या उनके शारीरिक विकास में देरी जैसी 32 सामान्य बीमारियों की पहचान करके उनका मुफ्त इलाज और ऑपरेशन किया जाता है।

## उपलब्धि

### गागल फैक्टरी का पर्यावरण संरक्षण से लेकर ग्रामीण सशक्तिकरण तक उल्लेखनीय योगदान

# एसीसी गागल फैक्टरी बनी सामाजिक परिवर्तन की मिसाल

अरुण डोगरा रीतू, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**बिलासपुर।** बिलासपुर के बरमाना की एसीसी गागल फैक्टरी, जो अब अडानी समूह के अधीन कार्यरत है, ने ग्रामीण समुदायों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति सुधारने में अद्वितीय योगदान दिए हैं। एसीसी अडानी फाउंडेशन के सहयोग से कंपनी ने जल, परिवेश, कौशल और आजीविका के क्षेत्र में कई सार्थक पहलें शुरू की हैं। आसपास के वातावरण को हरियाली युक्त करने के लिए भी कई कदम उठाए गए हैं।



हरियाली के बीच में एसीसी सीमेंट प्लांट का दृश्य।

गागल प्लांट ने 231.25 हेक्टेयर भूमि में से केवल 58 हेक्टेयर ही सक्रिय खनन हेतु उपयोग किया। शेष वनों और अतिविकसित पहाड़ी क्षेत्र का पुनर्लिपन (ऑफरेस्टेशन) करके इसे समृद्ध जैव विविधता से भर दिया गया, जिसमें लाखों पेड़ लगाए गए हैं। इस पहल में गांव वासियों को लगाकर रोजगार भी सुनिश्चित किया गया। स्थानीय समुदाय के लोगों ने पौधारोपण में भाग लिया और सुरक्षा में भी हाथ बंटाया। वन विभाग, पंचायतों और महिला मंडलों से सहयोग ने इस परियोजना को टिकाऊ और सुदृढ़ बनाया।

सूखी पाइन सुइयों (पाइन नीडल्स) को इकट्ठा कर उसे विलुप्त ऊर्जा स्रोत के रूप में सीमेंट भट्ठी में 'को-प्रोसेसिंग' के रूप में उपयोग किया जा रहा है, जिससे पारंपरिक जीवाश्म ईंधनों पर निर्भरता घटती है। गांव के लिए पक्के रास्ते बनाए गए और पानी के निकास करने के लिए नालियों का निर्माण भी किया गया।

बरसात और जल संचयन को बढ़ावा देते हुए एसीसी ने जल-हितैषी योजनाएं चलाई हैं। गागल क्षेत्र के गांव बायराही में जल पाइपलाइन बिछाकर प्रति व्यक्ति 120 लीटर प्रतिदिन पानी उपलब्ध कराया गया है।

एसीसी अडानी ग्रुप द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न कार्यों की वजह से हरित पुनरुद्धार, वनों का पुनर्निर्माण, जैव विविधता वृद्धि, पर्यावरण संतुलन एवं रोजगार सृजन, को-प्रोसेसिंग, पाइन सुइयों का ईंधन के रूप में पुन: उपयोग, जीवाश्म ईंधनों पर निर्भरता में कमी, जल प्रबंधन, पाइप लाइन तथा वाटरशेड परियोजनाएं बेहतर सिंचाई, जल की बचत, फसल उत्पादन में वृद्धि कौशल विकास, युवाओं को प्रशिक्षण और रोजगार के अवसर, आर्थिक सशक्तता, सामाजिक उन्नति संभव हो पाई है।

कुल-मिलाकर कहा जा सकता है कि इस तरह की सीएसआर पहल एसीसी गागल को केवल एक इंडस्ट्रियल यूनिट नहीं, बल्कि एक सामाजिक परिवर्तन संस्था में बदलती हैं। इन परियोजनाओं ने न केवल पर्यावरण की रक्षा की है, बल्कि स्थानीय लोगों की आमदनी, सुरक्षा, और आत्मनिर्भरता में भी सुधार किया है।

### कृषि सुधार : 'धान कोठी और पंजगाई वाटरशेड' परियोजना

**नाबार्ड** की मदद से गांवों में 645 मीटर से अधिक पक्के सिंचाई चैनलों का निर्माण हुआ। इससे जल की बर्बादी न के बराबर हुई और किसानों की फसलों, जैसे बाजरा, गेहूं और सब्जियों की पैदावार में उल्लेखनीय 10 प्रतिशत से अधिक वृद्धि हुई।

### युवाओं को सक्षम बनाने का कौशल केंद्र

**बरमाणा** गांव की महिला कंचन को अडानी स्किल डेवलपमेंट सेंटर में रिटेल सेल्स एसोसिएट कोर्स दिया गया। ट्रेनिंग के बाद वह होशियारपुर में रिटेल आउटलेट में 18,000 रुपए मासिक वेतन पर नौकरी पाने में सक्षम हुई, जो गरीबी से निकलने की प्रेरणा का जीवंत उदाहरण है।

# मुख्यमंत्री बताएं, क्या हिम केयर के लाभार्थियों को भी मिलेगा रोबोटिक सर्जरी का लाभ : जयराम

अनिल कुमार, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**मंडी।** मंडी से जारी बयान में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने प्रदेश सरकार से स्पष्ट सवाल किया है कि क्या 'हिम केयर' कार्डधारकों को भी रोबोटिक सर्जरी का लाभ मिलेगा या नहीं? उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान में हिम केयर के तहत लाभार्थियों को सामान्य उपचार की भी सुविधा नहीं मिल रही है और सरकार की ओर से भुगतान न होने के कारण कई ऑपरेशन टाले जा रहे हैं।

जयराम ठाकुर ने कहा कि सरकार पिछले अढ़ाई साल से रोबोटिक सर्जरी को लेकर बड़ी-बड़ी घोषणाएं कर रही है, लेकिन यह स्पष्ट नहीं किया गया कि इसका लाभ प्रदेश के लाखों गरीब परिवारों को कैसे और किन शर्तों पर मिलेगा। उन्होंने मांग की कि यह तय किया जाए कि जरूरत पड़ने पर मरीजों को कितने दिन के भीतर ऑपरेशन की तारीख दी जाएगी, जब एमआरआई और सीटी स्कैन के लिए भी चार से छह महीने का वेटिंग है। उन्होंने मुख्यमंत्री को याद दिलाया कि उनकी सरकार में आईजीएमसी में किडनी ट्रांसप्लांट की सुविधा शुरू की गई थी और उसे हिम केयर से जोड़ा गया था। नेता प्रतिपक्ष ने सवाल उठाया कि यदि रोबोटिक सर्जरी कहीं से भी संचालित की जा सकती है, तो मुख्यमंत्री ऑनलाइन जुड़कर प्रक्रिया शुरू क्यों नहीं करवा सकते थे? उन्होंने दावा किया कि तीन कैंसर और ट्यूमर पीड़ित मरीजों की सर्जरी सिर्फ एक 'इवेंट' बनाने के लिए टाल दी गई, क्योंकि मुख्यमंत्री राहुल गांधी के गृह प्रवेश डिनर में व्यस्त थे।



थुनाग में आपदा प्रभावितों से मिलते नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर।

### एचपीयू में धरने पर बैठे शिक्षक वेतन के लिए लगा रहे गुहार

**जयराम** ने बताया कि हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय और नौणी विश्वविद्यालय के शिक्षक और कर्मचारी एक सप्ताह से वेतन के लिए धरने पर हैं। उन्होंने सरकार से अपील की कि शिक्षकों को क्लासरूम में पढ़ाने दिया जाए, न कि सड़कों पर प्रदर्शन करने को मजबूर किया जाए। उन्होंने लंबित वेतन और अदायगियों को तुरंत जारी करने की मांग की।

## न्यूज ब्रीफ

### छात्रों को लोकतांत्रिक कर्तव्यों के प्रति किया जागरूक



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** राजकीय अध्यापक शिक्षा महाविद्यालय, धर्मशाला के इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब द्वारा मतदान जागरूकता पर आधारित लिखित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता प्राचार्या प्रो. आरती वर्मा के मार्गदर्शन में संपन्न हुई। इसमें 87 बीएड प्रशिक्षुओं ने भाग लिया। काशी सदन की हिताक्षी कायस्थ ने प्रथम, सरवीण चौधरी ने द्वितीय और नालंदा सदन के विशाल ठाकुर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यवाहक प्राचार्या डॉ. बीना चंद्रिका नायर ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं छात्रों में लोकतांत्रिक मूल्यों की समझ और जिम्मेदारी की भावना को प्रबल करती हैं। विजेताओं को वार्षिक समारोह में सम्मानित किया जाएगा।

### वीरगढ़ बौण में गुग्गा नवमी के मेले कल से

**अनंत ज्ञान, डरोह।** उपमंडल भवारना के तहत गुग्गा जाहरवीर गढ़ (बौंण) में नौ अगस्त से गुग्गा नवमी के मेले शुरू हो जाएंगे। इसी दिन बाबा जी के छत्र चढ़ाने का समय सुबह 9 से 10 बजे तक रहेगा। ये मेले नौ दिन तक चलेंगे। इन नौ दिनों में बाबा जी की फेरी स्थानीय गांवों सपडुल, कौना, हल्दरा सांबा, ढाटी,बौंण, वीरगढ़, गढ़ जमूला, केदारा, बसदी, रोंह, पटबाग, रोड़ा, रोंह,होला व चांदड़ आदि में लगाई जाएगी।

### डाडासीबा अस्पताल में बताया स्तनपान महत्व

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग खंड डाडासीबा द्वारा विश्व स्तनपान सप्ताह के उपलक्ष्य में नागरिक चिकित्सालय डाडासीबा में जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नर्सिंग ऑफिसर मनीषा ने की। हिमालयन नर्सिंग इंस्टीट्यूट, लग बलियाना की छात्राओं ने पोस्टर प्रतियोगिता में भाग लिया। डॉ. फोतेदार ने स्तनपान से जुड़े प्रश्नों का समाधान किया एवं 6 माह तक केवल स्तनपान, उसके बाद पूरक आहार की आवश्यकता और स्तनपान के लाभों पर प्रकाश डाला।

### राहत कोष में भेंट किया एक लाख रुपए का चेक



अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां। नगरोटा बगवां के मणिमहेश ज्वेलर के जितेंद्र कुमार की ओर उनके परिजनों ने आपदा प्रभावितों के लिए एसडीएम मुनीश शर्मा के माध्यम से मुख्यमंत्री राहत कोष के लिए एक लाख रुपए का चेक भेंट किया।

### सिविल हॉस्पिटल शाहपुर की व्यवस्था बिगड़ी : राकेश



**कोहली, अनंत ज्ञान, शाहपुर ।** शाहपुर विधानसभा क्षेत्र के सबसे बड़े सिविल हॉस्पिटल की बदहाल व्यवस्था को लेकर भाजपा नेता राकेश चौहान ने चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि अस्पताल में ईसीजी मशीन खराब है और अल्ट्रासाउंड कराने वाला डॉक्टर भी नहीं है। मरीजों को सिरिंज जैसे छोटे-छोटे सामान के लिए बाहर जाना पड़ता है। डिलीवरी के लिए आने वाली महिलाओं को टांडा रेफर कर दिया जाता है। रात को एक्सीडेंट के मरीज तो अस्पताल में आते हैं, लेकिन बड़ा डॉक्टर नहीं होता और ट्रेनिंग डॉक्टर ही देखभाल करते हैं। 30-35 किलोमीटर के दायरे में यह एकमात्र बड़ा अस्पताल है, जहां भटियात, कोटला, हारचक्कियां, मनई, लंज सहित क्षेत्र के लोग निर्भर हैं। राकेश चौहान ने विधायक के बार-बार दौरे के बावजूद अस्पताल की इस हालत को चिंताजनक बताया।

# बीमा कंपनी उपभोक्ता को 9 फीसदी ब्याज सहित देगी 83,326 रुपए

## जिला उपभोक्ता आयोग की अदालत ने सुनाया फैसला, मानसिक पीड़ा के लिए ₹ 10000 चुकाने होंगे

**राजेश कुमार, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**धर्मशाला।** स्वास्थ्य बीमा कंपनी द्वारा उपभोक्ता को अस्पताल खर्च के रूप में नौ फीसदी ब्याज सहित 83,326 रुपए का भुगतान करना होगा। इसके अलावा बीमा कंपनी द्वारा उपभोक्ता को मानसिक पीड़ा के लिए 10000 रुपए व मुकदमाबाजी के रूप में 7,500 रुपए का भुगतान भी करना होगा।

यह फैसला जिला उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष हेमांशु मिश्रा व सदस्य आरती सूद व नारायण ठाकुर की अदालत ने सुनाया है। जानकारी के अनुसार, शिकायतकर्ता उपभोक्ता ने आयोग में शिकायत दर्ज कर बताया था कि 4 सितंबर, 2022 को रात करीब 7:30 बजे वे नवांशहर,



पंजाब में एक मोटरसाइकिल की पिछली सीट पर बैठे थे। इस दौरान एक तेज रफ्तार कार के साथ टक्कर की दुर्घटना में उनके दाहिने पैर में गंभीर चोटें आईं और उन्हें उसी रात नवांशहर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। 5 सितंबर को उनकी सर्जरी हुई और वे 9 सितंबर तक अस्पताल में भर्ती रहे। शिकायतकर्ता के अनुसार ऊपचार और सर्जरी में कुल 1,10,000 का खर्च आया। इस खर्च को लेकर उनके पिता द्वारा संबंधित हेल्थ बीमा कंपनी की पॉलिसी के अंतर्गत दावा किया गया, जो पूरे परिवार के लिए 10 लाख रुपए की बीमा राशि और 1.5 लाख रुपए की रिचार्ज सुविधा सहित थी। उन्होंने बताया कि संबंधित कंपनी ने पॉलिसी की शर्त संख्या 18 का हवाला देते हुए यह दावा खारिज कर दिया और कहा गया कि सभी आवश्यक दस्तावेज और बिल कंपनी को नहीं दिए गए थे। इसके अलावा एफआईआर, एमएलसी या पुलिस रिपोर्ट भी दाखिल नहीं की गई थी। बीमा कंपनी ने यह भी संदेह जताया कि अस्पताल की अस्तित्व ही संदिग्ध है और चिकित्सा रिपोर्ट एक ही डॉक्टर द्वारा तैयार की गई हैं। बीमा कंपनी ने यह भी तर्क दिया कि सर्जरी 5 सितंबर को हुई थी, जबकि दवाइयां 6 और 7 सितंबर को खरीदी गई थीं, जिससे उनकी वैधता पर प्रश्न उठते हैं। इस सारे मामले में आयोग ने पाया कि बीमा कंपनी ने अपना दावा साबित करने के लिए कोई ठोस सबूत नहीं दिया। इसके अलावा न ही किसी सर्वेयर या जांच अधिकारी का हलफनामा पेश किया गया। वहीं, डॉक्टर द्वारा दिया गया रजिस्ट्रेशन नंबर, डिस्चार्ज समरी और मेडिकल रिकॉर्ड को आयोग ने विश्वसनीय मानते हुए कहा कि शिकायतकर्ता ने सभी आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराए और बीमा कंपनी द्वारा दावा खारिज करना सेवा में स्पष्ट कमी है, जिसको आधार मानते हुए आयोग ने उपभोक्ता के पक्ष में उपरोक्त फैसला सुनाया है।

# भारी बारिश से दधोना निवासी संजय का मकान क्षतिग्रस्त



मकान के पिछले हिस्से के गिरे चार कमरे।

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान**

**डरोह।** भारी बारिश से सांबा पंचायत के वार्ड नंबर पांच दधोना में संजय कुमार पुत्र स्व. केशव दास का कच्चा मकान क्षतिग्रस्त हो गया। मकान के पिछले हिस्से के चार कमरे गिर गए, जिससे घर का सारा सामान मलबे में दब गया और काफी नुकसान हुआ। अन्य कमरों में भी दरारें आ गई हैं, जो कभी भी गिर सकते हैं।

वर्तमान में पीड़ित संजय कुमार दूसरों के घर में रहने को मजबूर हैं। उनकी आर्थिक स्थिति भी कमजोर है। पंचायत प्रतिनिधि व पटवारी ने मौके पर पहुंचकर नुकसान का जायजा लिया और लगभग 7 लाख रुपए का नुकसान आंका। प्रदेश कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के अध्यक्ष संजय चौहान भी मौके पर पहुंचकर जायजा लिया। संजय ने प्रशासन से अपील की है कि उनके लिए शीघ्र पुनर्वास की व्यवस्था की जाए ताकि वे दोबारा अपने घर में सुरक्षित रह सकें।

## पेंशनर्स संघ की मान्यता रद्द करने के हास्यास्पद प्रयास : कल्याण भंडारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला कांगड़ा पेंशनर्स संघ ने कुछ मुट्ठी भर असंतुष्ट लोगों द्वारा गठित पेंशनर्स संघ के समानांतर गुट की ओर से उनकी मान्यता रद्द करने के दावे पर जोरदार पलटवार किया है। संघ के जिलाध्यक्ष कृष्ण स्वरूप शर्मा, जिला महासचिव सोमराज गर्ग व पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष कल्याण भंडारी ने संयुक्त प्रेस बयान में कहा कि उक्त गुट के प्रस्ताव संख्या 2 के अंतर्गत मान्यता रद्द किए जाने का जो हास्यास्पद प्रयास किया गया है, वह न केवल तथ्यहीन है, बल्कि उसकी वैधानिकता भी शून्य है। यह समझना अत्यंत आवश्यक है कि मान्यता सरकार अथवा अधिकृत शासकीय निकाय द्वारा प्रदान की जाती है, न कि किसी समानांतर संगठन या असंतुष्ट गुट द्वारा। मान्यता और संबद्धता में जमीन–आसमान का अंतर होता है। मान्यता का आधार विधिक प्रक्रिया होती है, जबकि संबद्धता एक संगठनात्मक विकल्प है, जो विचारधारात्मक या प्रशासनिक आधार पर स्वीकार या अस्वीकार की जाती है। 6 जुलाई, 2025 को जो चुनाव सम्पन्न हुआ, वह पूरी तरह से संविधान सम्मत तथा संस्था के स्थापित नियमों और मापदंडों के अनुरूप था।

## प्रदेश कंप्यूटर शिक्षकों में रोष, 25 साल से समायोजन का इंतजार

**अनंत ज्ञान, डरोह**

**प्रदेश** के सरकारी स्कूलों में पिछले 25 वर्षों से नाममात्र वेतन पर कार्यरत कंप्यूटर शिक्षकों ने सरकार और शिक्षा विभाग के प्रति गहरा रोष व्यक्त किया है।

प्रदेश कंप्यूटर शिक्षक संघ की राज्य अध्यक्ष सुमन ठाकुर और मुख्य संयोजक अजीत धीमान ने संयुक्त प्रेस वक्तव्य में कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के आश्वासनों और अधिकारियों को दिए गए निर्देशों के बावजूद शिक्षा विभाग कोई ठोस कदम नहीं उठा रहा है। प्रदेशभर के लगभग 1300 कंप्यूटर शिक्षक 2023 में आए समायोजन फैसले पर अब तक की निष्क्रियता से निराश हैं। वे 25 वर्षों से सेवा दे रहे हैं, विभागीय शर्तों का पालन कर रहे हैं, फिर भी समायोजन से वंचित हैं। कई शिक्षक ओवरेज हो चुके हैं और कुछ बिना नियमित हुए सेवानिवृत्त भी हो गए हैं। संघ ने आरोप लगाया कि शिक्षा विभाग सीमित भर्ती प्रक्रिया की बात कहकर मुख्यमंत्री को भी गुमराह कर रहा है। संघ ने मुख्यमंत्री से अपील की है कि कंप्यूटर शिक्षकों के समायोजन की दिशा में शीघ्र ठोस निर्णय लिया जाए।

### सोलर प्रोजेक्ट नहीं, घोटालों की प्रयोगशाला : बिक्रम



**सालबिया शर्मा, अनंत ज्ञान, गरली।** पूर्व मंत्री एवं जसवां-परागपुर के विधायक बिक्रम सिंह ठाकुर ने ढलियारा में प्रेसवार्ता कर ऊना जिले के पेखुवाला क्षेत्र में स्थापित सोलर पावर प्रोजेक्ट को लेकर सुक्खू सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि यह परियोजना पूरी तरह भ्रष्टाचार में डूबी हुई है और प्रदेश ऊर्जा निगम का यह प्रयास अब एक घोटालों की प्रयोगशाला बन चुका है, जिसकी गूंज अब पूरे प्रदेश में होनी चाहिए। बिक्रम ने खुलासा किया कि यह प्रोजेक्ट मात्र 15 दिन में बनी डीपीआर पर आधारित था, जिसकी लागत करीब 100 करोड़ रुपए आंकी गई थी, मगर अब तक इस पर 240 करोड़ रुपए खर्च किए जा चुके हैं। सरकार ने इस परियोजना के लिए लगभग 99 फीसदी भुगतान पहले ही कर डाला है, जबकि धरातल पर प्रोजेक्ट की स्थिति दयनीय है। ड्रेनेज सिस्टम का कोई प्रावधान नहीं किया गया, जिससे 2 अगस्त की भारी बारिश में पूरा प्रोजेक्ट जलमग्न हो गया।

## हरनेरा का युवक एक हफ्ते से लापता

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** शाहपुर की हरनेरा पंचायत का 34 वर्षीय युवक रमन कुमार पिछले एक सप्ताह से लापता है। परिजनों को उसका कोई सुराग नहीं मिला है। युवक के पिता जैसी राम ने पुलिस थाना शाहपुर में शिकायत दर्ज करवाकर बेटे को ढूंढने की अपील की है।



जानकारी के अनुसार, रमन कभी-कभी शाहपुर में दुकानों पर काम करने जाता था। पिछले सप्ताह भी वह शाहपुर गया, लेकिन शाम तक वापस नहीं लौटा। परिजनों ने आसपास काफी तलाश की, मगर कोई पता नहीं चला। युवक मानसिक रूप से भी विकलांग है। शाहपुर थाना प्रभारी करतार सिंह ठाकुर ने बताया कि गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कर ली गई है और आस-पास के थानों व चौकियों को सूचित कर युवक की तलाश शुरू कर दी गई है

## कांगड़ा के सभी हलकों में मतदान केंद्रों की सूचियां तैयार

**13 अगस्त तक प्रस्तुत कर सकते हैं आपत्तियां या सुझाव**

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला निर्वाचन अधिकारी (उपायुक्त) कांगड़ा स्थित धर्मशाला हेमराज बैरवा ने सूचित किया कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा–25 के प्रावधान के अनुसार एवं भारत निर्वाचन आयोग से प्राप्त निर्देशों के अनुरूप जिले के समस्त विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों 6–नूरपुर, 7–इंदौरा (अनुसूचित जाति), 8–फतेहपुर, 9–ज्वाली, 10–देहरा, 11–जसवां–परागपुर, 12–ज्वालामुखी, 13–जयसिंहपुर (अनुसूचित जाति), 14–सुलह, 15–नगरोटा, 16–कांगड़ा, 17–शाहपुर, 18–धर्मशाला, 19–पालमपुर, 20–बैजनाथ (अनुसूचित जाति) के मतदान केंद्रों की सूचियां तैयार हो गई हैं, जिनकी एक प्रति कार्यालय समय के दौरान उपायुक्त कार्यालय, संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी व तहसीलदार, नायब तहसीलदार के कार्यालयों में 13 अगस्त तक जन–साधारण के निरीक्षण के लिए उपलब्ध रहेंगी। उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्ति को इन मतदान केंद्रों की सूचियों के संदर्भ में कोई आपत्ति या सुझाव देने हों तो वे संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (एसडीएम) के कार्यालय में 13 अगस्त तक अपनी आपत्ति या सुझाव प्रस्तुत कर सकते हैं।




# अनंत पर्यटन



# बेलगाम पर्यटन से देवभूमि की वादियों में घुलती बेचैनी

*हिमाचल की हवा में कभी जो सुकून घुला रहता था, आज वहां धुएं का धुंधलका है। कभी जिन सड़कों पर सुबह-सवेरे चिड़ियों की चहचहाहट सुनाई देती थी, अब वहां गाड़ियों के हॉर्न गूंजते हैं। यह हिमाचल अब पहले जैसा नहीं रहा, क्योंकि पर्यटन अब केवल 'पर्यटन' नहीं, बल्कि एक बेलगाम उत्सव बन गया है, जिसकी न तो कोई मर्यादा है, न अनुशासन।*

**पिछले** कुछ वर्षों में प्रदेश सरकार ने पर्यटन को बढ़ावा देने के नाम पर हिमाचल को पर्यटन के लिए 'पूरी तरह खोल' दिया। यह निर्णय नीति के स्तर पर भले ही आर्थिक संभावनाओं से भरा नजर आया हो, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि इससे न केवल यातायात चरमरा गया, बल्कि स्थानीय जनजीवन का संतुलन भी गड़बड़ा गया है। हर सप्ताहांत हजारों की संख्या में पर्यटक चढ़ाई पर निकल पड़ते हैं, लेकिन उनके स्वागत के लिए हमारी सड़कें, व्यवस्था और शिष्टाचार तैयार नहीं।



### यातायात का त्रास
#### जहां सफर ही बना सजा

**शिमला** से लेकर मनाली, धर्मशाला से लेकर कसौली तक, अब सफर 'घूमने' के लिए नहीं बल्कि 'रुकने' के लिए पहचाना जाने लगा है। घंटों-घंटों तक जाम में फंसे लोग, न पेट्रोल बचा पा रहे हैं, न धैर्य। यह सिर्फ पर्यटकों की समस्या नहीं है। यह स्थानीय लोगों की रोजमर्रा की जंग बन चुकी है।

### प्रदूषण का बढ़ता प्रहार
#### वादियों में दम घुटता है

जब गाड़ियां हजारों की संख्या में धुआं छोड़ती हुई पहाड़ों पर चढ़ती हैं, तो वह स्वच्छ वातावरण भी प्रदूषित हो जाता है, जिसकी कल्पना में पर्यटक यहां आते हैं। यह विडंबना नहीं तो क्या है कि जो लोग हिमाचल की निर्मलता खोजने आते हैं, वही उसे सबसे पहले दूषित कर जाते हैं।

### 'क्राइम टूरिज्म'
#### खुली छूट का एक और भयावह चेहरा

**केवल** ट्रैफिक और प्रदूषण ही नहीं, खुली छूट ने एक और दरवाजा खोला है अपराध का। बीते महीनों में सोलंग, कसोल और ताशिगंग जैसे शांत क्षेत्रों में नशीले पदार्थों की तस्करी, झगड़े, गैर-कानूनी पार्टीज और छेड़छाड़ जैसी घटनाएं बढ़ी हैं। यह साफ संकेत है कि पर्यटकों पर नकेल कसने के बजाय उन्हें पूरी छूट देना, अब हिमाचल की सुरक्षा के लिए भी खतरा बन चुका है।



### वनों की कटाई
#### नदियों की दुर्दशा

**होटलों,** होमस्टे और पार्किंग स्पेस के नाम पर जिस तरह पेड़ों को काटा गया और नदियों के किनारों को पाटा गया है, वह हिमाचल की आत्मा को छलने जैसा है। जब पहाड़ रोते हैं, तो वह भूस्खलन बनकर गिरते हैं। जब नदियां पीड़ित होती हैं, तो वह बाढ़ बनकर लौटती हैं।

### कौन जिम्मेदार?
#### प्रशासन, पर्यटक या हम सभी?

**यह** स्थिति केवल नीति-निर्माताओं की लापरवाही से नहीं बनी है। पर्यटक भी अपनी जिम्मेदारी से भाग रहे हैं। वे जहां जाते हैं, प्लास्टिक छोड़ आते हैं, नियम तोड़ते हैं और स्थानीय संस्कृति को ठेस पहुंचाते हैं। ऐसे में प्रशासन, पर्यटन उद्योग और आम जनता, तीनों को मिलकर आत्ममंथन करने की आवश्यकता है।

#### क्या अब भी देर नहीं हुई है?

**समाधान** कोई मुश्किल नहीं, अगर इच्छाशक्ति हो। क्या हम पर्यटकों के लिए 'कैरीइंग कैपेसिटी' तय नहीं कर सकते? क्या हाइब्रिड गाड़ियों को प्रोत्साहन और सख्त पार्किंग नियम लागू नहीं हो सकते? क्या हर पर्यटक को 'पर्यावरण संरक्षण शपथ' के साथ गाइडबुक देना अनिवार्य नहीं होना चाहिए?

#### पर्यटन हो, पर सीमाओं के साथ

**हिमाचल** का हृदय विशाल है, पर उसकी धमनियों की क्षमता सीमित है। हम उसे 'ओवर टूरिज्म' की आंधी में नहीं झोंक सकते। पर्यटन का उद्देश्य केवल लाभ नहीं, संतुलन और स्थायित्व भी होना चाहिए। अगर आज नहीं चेते, तो कल ये वादियां केवल तस्वीरों में रह जाएंगी और तब हम केवल पछता सकेंगे।

रिपोर्टः सत्यदेव भारद्वाज, शिमला

# अगले सप्ताह लंबा वीकेंड पर्यटकों की संख्या बढ़ेगी




**रूटीन में 5 से 10% ऑक्यूपेंसी तक सिमटा पर्यटन कारोबार**

## 15 के बाद बढ़ना शुरू होगी पर्यटकों की आमद

**अंतरराष्ट्रीय** पर्यटक स्थल मैक्लोडगंज में अगले सप्ताह लंबा वीकेंड होने के चलते पर्यटकों की संख्या बढ़ने की उम्मीद है। बरसात के चलते रूटीन के दिनों में होटलों की ऑक्यूपेंसी 5 से 10 फीसदी तक सिमट गई है, जबकि वीकंड पर इसमें 5 से 10 फीसदी का इजाफा दर्ज हो रहा है। पर्यटन कारोबारियों को 15 अगस्त के बाद पर्यटन नगरी में पर्यटकों की संख्या में वृद्धि की आस जगी है। बरसात के चलते जिले के कई क्षेत्रों में नुकसान की सूचनाओं के चलते पर्यटक कांगड़ा घाटी आने से गुरेज कर रहे हैं। हिमाचल के साथ लगते पड़ोसी राज्य पंजाब के पर्यटकों की आमद हालांकि लगी रहती है, जबकि अन्य राज्यों के पर्यटकों का आगमन बरसात में न के बराबर रह जाता है। ऐसे में पर्यटन कारोबारियों को बरसात में वीकेंड से ही आस रहती है। साथ ही उनका कहना है कि बरसात कुछ विराम लगती है, तो निश्चित तौर पर 15 अगस्त के वीकेंड पर अच्छी भीड़ जुटेगी। यही नहीं 15 अगस्त के बाद पर्यटकों की आमद बढ़ने की आस भी पर्यटन कारोबारी लगाए बैठे हैं। जिले में जहां फोरलेन का काम चल रहा है, वहीं कई जगहों पर भूस्खलन के कारण यातायात प्रभावित होने की सूचनाएं भी सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रही हैं, जिसके चलते पर्यटक आमद बरसात में घट गई है।



"**15 अगस्त** के साथ लंबा वीकेंड आ रहा है, जिसमें पर्यटकों की संख्या बढ़ने की उम्मीद है।"

**अश्वनी बांबा, अध्यक्ष, होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन धर्मशाला**



"**वर्तमान** में होटलों में ऑक्यूपेंसी 5 से 10 फीसदी है, जिसके अगले सप्ताह बढ़ने की संभावना है।"

**राहुल धीमान, अध्यक्ष, होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन स्मार्ट सिटी धर्मशाला**

## प्राकृतिक, धार्मिक और साहसिक पर्यटन का संगम है कांगड़ा जिला

**धर्मशाला** के आसपास कई रमणीक पर्यटक स्थल हैं। वहीं, मैक्लोडगंज के साथ लगते धर्मकोट, भागसूनाग, नड्डी, डल झील भी पर्यटकों को आकर्षित करते हैं। भागसूनाग जाने वाले पर्यटक वॉटरफाल जाना नहीं भूलते। इसके अलावा जिला की बात करें तो पालमपुर, बीड़, बैजनाथ, नगरी, गोपालपुर में भी पर्यटकों की आमद लगी रहती है। वहीं, अंद्रेटा स्थित सोभा सिंह आर्ट गैलरी में भी कला के कद्रदान पर्यटक अपनी हाजिरी लगाना नहीं भूलते। वहीं धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने में भी कांगड़ा जिले का अपना महत्व है, जिला के शक्तिपीठों श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम, श्री बज्रेश्वरी मंदिर कांगड़ा, श्री बगलामुखी मंदिर बनखंडी और श्री ज्वालामुखी मंदिर में भी श्रद्धालुओं का आगमन लगा रहता है। बरसात के दिनों में पंजाब राज्य से भारी संख्या में श्रद्धालु धार्मिक स्थलों के दर्शनों के लिए पहुंच रहे हैं। साहसिक पर्यटन का भी जिला कांगड़ा प्रमुख स्थल है, जिसमें वर्ल्ड फेमस पैरागलाइडिंग साइट बीड़-बिलिंग सहित धर्मशाला के नरवाणा व इंद्रूनाग पैरागलाइडिंग साइट में भी पर्यटक साहसिक गतितिविधियों का आनंद लेने के लिए रुख करते हैं।

रिपोर्टः राजेश कुमार, धर्मशाला

## न्यूज ब्रीफ

### एसडीएम ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** उपमंडल प्रशासन पालमपुर के सौजन्य से वीरवार को संयुक्त कार्यालय परिसर, पालमपुर में पौधरोपण किया गया। एसडीएम पालमपुर नेत्रा मेती ने सजावटी पौधा रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए कहा कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में पौधरोपण की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रयास न केवल क्षेत्र को हरियाली प्रदान करते हैं, बल्कि स्वच्छ व स्वस्थ वातावरण सुनिश्चित करने में भी सहायक होते हैं। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों से अपील की कि वे अधिक से अधिक पौधे लगाकर इस मुहिम में भागीदार बनें।

### हमीरपुर में एमबीबीएस करेगा अभिषेक



**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** विकास खंड लंबागांव के तहत अंतर्गत जालग पंचायत के अभिषेक धीमान गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज हमीरपुर से एमबीबीएस करेंगे। अभिषेक का एमबीबीएस में चयन होने पर परिवार के सभी सदस्य गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। अभिषेक के पिता अनिल धीमान पशुपालन विभाग में कार्यरत हैं व माता गृहिणी है। अभिषेक ने अपनी शिक्षा डीएवी स्कूल पालमपुर से हासिल की है। उन्होंने अपनी इस सफलता का श्रेय अध्यापकों एवं परिजनों को दिया।

### ऋषिता ने प्रदेशभर में झटका सातवां स्थान



**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** कंवर दुर्गा चंद राजकीय कॉलेज जयसिंहपुर की बीएससी प्रथम वर्ष की छात्रा ऋषिता सुधा ने प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित बीएससी प्रथम वर्ष की परीक्षा में (शैक्षणिक सत्र 2024-25) पूरे प्रदेशभर में सातवां स्थान प्राप्त किया है। प्राचार्य प्रो. अरुण चंद्र ने विज्ञान विभाग के प्राध्यापकों डॉ. अर्पित कायस्थ, डॉ. इंदर कुमार, डॉ. सुमिक्षल सूद, प्रो. हरजिंदर सिंह, डॉ. आस्था गुप्ता, प्रो. शिवानी और प्रो. पूनम शर्मा सहित सभी शिक्षकों को हार्दिक बधाई देते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

### सरड़ डोगरी में जांचा 36 मरीजों का स्वास्थ्य

**अनंत ज्ञान, गरली।** सरड़ डोगरी पंचायत के गांव सरड़ डोगरी में वीरवार को सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा टीम द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का नेतृत्व एमओ डॉक्टर विजय जरियाल ने किया। शिविर में 36 मरीजों की जांच की गई, जिनमें से 32 मरीजों के लैब टेस्ट भी मौके पर किए गए। 2 मरीजों में हड्डियों से संबंधित समस्याएं पाई गईं, 5 मरीज बुखार और 5 मरीज ब्लड प्रेशर की शिकायत से ग्रस्त पाए गए। इसके अतिरिक्त 24 मरीज सामान्य रोगों से पीड़ित थे।

### कंदराल, महेशगढ़ में आज बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** विद्युत उपमंडल बैजनाथ के तहत 11 केवी फीडर उतराला के तहत आने वाले क्षेत्र कंदराल, महेशगढ़, हरेड़,सुहडू आदि में मरम्मत कार्य के चलते 8 अगस्त को सुबह 9 बजे से सायं कार्य समाप्ति तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। सहायक अभियंता रवि कुमार धीमान ने बताया कि 8 अगस्त को मौसम अनुकूल न रहने पर उक्त कार्य अगले दिन 9 अगस्त को किया जाएगा। उन्होंने सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

### मंढेड पंचायत में मनाया स्तनपान सप्ताह

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** मंढेड पंचायत में विश्व स्तनपान सप्ताह मनाया गया। खंड स्वास्थ्य पर्यवेक्षक रवि स्याल ने लोगों को स्तनपान के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि शिशु के जीवन के प्रथम 2 वर्ष उसके जीवन का अत्यंत महत्वपूर्ण समय होता है। शुरू के 2 साल में बच्चों को उचित स्तनपान,पोषण युक्त आहार तथा विशेष देखभाल की जरूरत होती है।

### छह माह तक मां का दूध बच्चे के लिए जरूरी

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** बाल विकास परियोजना अधिकारी कांगड़ा के कार्यालय द्वारा विश्व स्तनपान सप्ताह पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया। बाल विकास परियोजना अधिकारी संदीप बग्गा और अन्य सहयोगियों ने महिलाओं को बताया कि मां का दूध पहले 6 महीने बच्चों के लिए सबसे जरूरी है इस दूध के सेवन से बच्चा स्वास्थ्य होता है। उन्होंने बताया इस विशेष सप्ताह के इस वर्ष की थीम स्तनपान को सक्षम बनाना और एक स्वस्थ ग्रह बनाना है।

### भारत विकास परिषद ने रोपे फलों के पौधे

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** भारत विकास परिषद शाखा बैजनाथ पपरोला के सदस्यों ने शाखा अध्यक्ष प्रीतम भारती एवं ट्रस्ट के चेयरमैन प्रवीण शर्मा की अगुवाई में वीरवार को अवेरी गांव में 40 से ज्यादा फलदार पौधों का रोपण कर न केवल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में योगदान दिया अपितु आने वाली पीढ़ियों के लिए फलों की व्यवस्था के लिए अपने हाथ बढ़ाए। फलदार पौधों के रोपण में शाखा सचिव अनुज आचार्य, मुरलीधर शर्मा, विजय चौधरी, राकेश कटोच, डीआर ठाकुर, डॉक्टर देवेंद्र सूद, शक्तिचंद राणा, सुभाष शर्मा, पवन कौंडल, महेंद्र सिंह, डॉक्टर जीवन शर्मा, विपिन भारद्वाज और अरुण शर्मा ने अपनी सेवाएं दीं।

### धरूण खड्ड में फंसे दंपती और मवेशी का रेस्क्यू

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** पर्यटन निगम के अध्यक्ष (कैबिनेट रैंक) आरएस बाली के त्वरित एक्शन से सेराथाना की धरूण खड्ड में फंसे दंपती और उनके मवेशियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। स्वास्थ्य कारणों से दिल्ली में उपचाररत होने के बावजूद आरएस बाली को जैसे ही घटना की जानकारी मिली, उन्होंने एसडीएम को मौके पर भेजा, एसडीआरएफ, आर्मी जनरल, और डीसी के साथ संपर्क साधा, और पूरे रेस्क्यू ऑपरेशन को वीडियो कॉल के जरिए खुद लीड किया। चटवार निवासी बलराज और उनकी पत्नी बिंता देवी बुधवार शाम भारी बारिश के चलते फंस गए थे। फायर ब्रिगेड की मदद से सफल रेस्क्यू किया गया। बाली ने एयरलिफ्टिंग तक की तैयारी कर रखी थी और सैन्य अधिकारियों का धन्यवाद भी किया।

### जयसिंहपुर में स्वतंत्रता समारोह की तैयारियां तेज

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** उपमंडल स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह जयसिंहपुर के मैदान में आयोजित किया जाएगा। इस संबंध में एसडीएम संजीव ठाकुर की अध्यक्षता में कार्यालय में बैठक हुई। उन्होंने बताया कि समारोह में पुलिस, होमगार्ड, एनसीसी और एनएसएस की टुकड़ियां मार्च पास्ट करेंगी। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले छात्रों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। एसडीएम ने सभी विभागों के अधिकारियों को समय पर आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए ताकि कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हो सके।

# धर्मशाला में प्रदर्शित होंगी 125 वर्ष से अधिक पुरानी डाक टिकटें

## कांगड़ा कला संग्रहालय में प्रदर्शनी लगाएगा डाक विभाग, अक्तूबर के पहले सप्ताह में होगा आयोजन

**राजेश कुमार, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**धर्मशाला।** स्मार्ट सिटी धर्मशाला में करीब 125 वर्ष पुरानी डाक टिकटें प्रदर्शित की जाएंगी। यह सब संभव होने जा रहा है डाक विभाग की पहल पर।

विभाग की ओर से कांगड़ा कला संग्रहालय धर्मशाला में प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। अक्तूबर माह में पहले सप्ताह में आयोजित होने वाली प्रदर्शनी के लिए तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। इस प्रदर्शनी में प्रदेशभर के डाक टिकट संग्रहकों को आमंत्रित किया जाएगा। यही नहीं डाक विभाग द्वारा संरक्षित रखी गई पुरातन वस्तुएं भी इस प्रदर्शनी का हिस्सा होंगी। भले ही वर्तमान में हमारे पास दूरसंचार के कई आसान माध्यम मौजूद है। बावजूद इसके डाक विभाग की अपनी ही विश्वसनीयता है।

**प्रयोग में लाई वस्तुएं होंगी प्रदर्शित:** डाक विभाग द्वारा प्रदर्शनी में उन तमाम वस्तुओं को प्रदर्शित किया जाएगा, जिसका शुरू से लेकर अब तक डाक विभाग प्रयोग करता आया है, इसमें सदियों पुरानी डाक टिकटें भी शामिल रहेंगी। इसके लिए बकायदा विभाग ने आम लोगों से भी अपील की है कि अगर उनके पास भी कोई ऐसी वस्तु हो जो उन्होंने सहेज कर रखी हो और इस बावत उन्हें कोई उचित जानकारी न हो तो वो उसे भी इस प्रदर्शनी में प्रदर्शित कर सकते हैं।



**धर्मशाला** बहुत पुराना डाक मंडल है और यहां सदियों पुरानी वस्तुओं को सहेज कर रखा गया है। हमारा प्रयास है कि डाक विभाग से जुड़ी प्राचीनतम नवीनतम वस्तुओं की जानकारी हर कोई ले सके, उसके लिए इसी साल के अक्तूबर माह के दूसरे सप्ताह में प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा, ताकि डाक विभाग की कार्यप्रणाली को हर कोई गहराई से समझ सके और उस पर गर्व महसूस कर सके। यही नहीं प्रदर्शनी में वर्ष 1900 से पहले की पुरातन डाक टिकटें भी प्रदर्शित की जाएंगी।

-रविंद्र कुमार शर्मा, अधीक्षक, डाक मंडल धर्मशाला।

# चरस तस्कर को 7 वर्ष की कैद, एक लाख जुर्माना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** चरस रखने के आरोपी को दोषी करार देते हुए न्यायालय ने 7 वर्ष कैद व एक लाख रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। 23 जुलाई 2024 को थाना कांगड़ा में पंजीकृत एनडीपीएस एक्ट से संबंधित एक अभियोग में धर्मशाला न्यायालय ने यह फैसला सुनाया है। न्यायालय ने अभियुक्त रजत शर्मा निवासी पुराना बाजार, ज्वालामुखी, जिला कांगड़ा को दोषी पाते हुए 7 वर्ष के कठोर कारावास तथा 1,00,000 के आर्थिक दंड से दंडित किया है। गौरतलब है कि 23 जुलाई 2024 की शाम थाना कांगड़ा की पुलिस टीम गश्त पर थी तो खोली गांव के समीप एक व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में पाया गया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 257.83 ग्राम चरस बरामद की गई। तत्पक्षात अभियोग पंजीकृत करगहन जांच उपरांत चालान न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जिस पर त्वरित सुनवाई करते हुए न्यायालय ने अपना निर्णय सुनाया है। इस अभियोग में स्वतंत्र गवाहों की भूमिका अत्यंत सराहनीय रही, जिन्होंने न्यायालय में महत्वपूर्ण तथ्यों को सामने लाकर न्याय की दिशा में योगदान दिया।

### नशे पर जीरो टॉलरेंस नीति : एसपी

**एसपी** कांगड़ा अशोक रत्न ने कहा कि कांगड़ा पुलिस नशे के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्य कर रही है। सभी जागरूक एवं उत्तरदायी नागरिकों से अपील है कि नशे के खिलाफ इस मुहिम में पुलिस का सहयोग करें और अपने क्षेत्र को नशा मुक्त बनाने में भागीदार बनें।

# करियाड़ा से कुंदली हार सड़क बदहाल, ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

## लोगों ने लोक निर्माण विभाग को दिया 15 दिन का अल्टीमेटम

**सालबिया शर्मा, अनंत ज्ञान**

**गरली।** करियाड़ा से कुंदली हार तक की संपर्क सड़क की हालत काफी खस्ता हो गई है। बारिश के चलते सड़क के दोनों ओर गहरे गड्ढों में कीचड़ व गंदा पानी भर गया है। इन गड्ढों से कोई वाहन गुजरता है, तो गंदा पानी राहगीरों पर उछलता है, जिससे लोगों के कपड़े खराब हो रहे हैं।

इसके चलते लोगों में भारी रोष है। इसके चलते ग्रामीणों ने वीरवार को करियाड़ा में लोक निर्माण विभाग के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर 15 दिन के भीतर सड़क की मरम्मत शुरू नहीं हुई, तो वह पीडब्ल्यूडी कार्यालय का घेराव करेंगे और चक्का जाम आंदोलन छेड़ेंगे। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि नेताओं और अधिकारियों को बार-बार ज्ञापन देने के बावजूद कोई हल नहीं निकला। हर साल विकास के नाम पर करोड़ों का बजट आता है, लेकिन हमारी सड़क सालों से इंतजार में है। क्या गांवों के लोगों का हक नहीं बनता। एक बुजुर्ग ग्रामीण ने सवाल उठाया है। ग्रामीणों का कहना है कि स्कूल जाने वाले बच्चों, वृद्धों और महिलाओं को हर दिन इसी रास्ते से गुजरना होता है, लेकिन रास्ता चलने लायक नहीं रह गया है। मौसम के साथ यह सड़क अब दुर्घटनाओं और संक्रमणों की वजह बन चुकी है।



करियाड़ा से कुंदली हार सड़क पर पड़े गड्ढों में भरा कीचड़ व गंदा पानी

**गड्ढों में गंदा पानी जमा, बीमारियों का खतरा:** गड्ढों में जमा गंदे पानी से मच्छरों का प्रकोप बढ़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र में डेंगू, मलेरिया और चर्म रोग फैलने की आशंका है। कई घरों में छोटे बच्चों को त्वचा में संक्रमण जैसी शिकायतें सामने आ रही हैं। इसके बावजूद न तो स्वास्थ्य और न ही पीडब्ल्यूडी ने कोई पहल की है।

# पौंग बांध से फिर छोड़ा 40055 क्यूसिक पानी

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर**

**ऊपरी** क्षेत्रों में हो रही बारिश और बांधों से पानी छोड़े जाने पर कांगड़ा जिले के पौंग बांध का जलस्तर वीरवार को 1374.95 फुट पंहुच गया है, जबकि वुधबार को जलस्त 1372.05 पहुंचने पर बुधवार शाम 5 बजे पानी छोड़ा गया था।

बीबीएमबी प्रशासन ने पौंग से टरबाइनों और स्पिलवे से 23,146 क्यूसिक पानी छोड़ा गया था, जबकि बीबीएमबी प्रशासन द्वारा छोड़े गए पानी की मात्रा लगातार बढ़ाई जा रही है। वीरवार सुबह बांध के स्पेलवे के गेट सवा पांच फुट खोल दिए गए हैं, जिसके चलते सुबह आठ बजे 29433 क्यूसिक, सुबह 9 बजे 31576 क्यूसिक, ग्यारह बजे 37745 क्यूसिक, दोपहर 12 बजे 39925 क्यूसिक, तो तीन बजे तक 40055 क्यूसिक पानी छोड़ा गया। एसडीएम फतेहपुर विश्रुत भारती ने लोगों को सतर्क रहने को कहा है। बांध से पानी छोड़ने से इंदौरा के मंड क्षेत्र में दहशत का माहौल पैदा हो गया है।



### टैक्सी यूनियन ने थाना प्रभारी फतेहपुर को सौंपा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** मां बगलामुखी टैक्सी यूनियन के पदाधिकारियों व सदस्यों ने वीरवार को थाना प्रभारी फतेहपुर से निजी गाड़ियों पर शिकंजा कसने को अपील की है। टैक्सी यूनियन के पदाधिकारियों ने बताया कि एक तो सरकार द्वारा उन पर भारी भरमक टैक्स लगा दिया है, दूसरा निजी गाड़ियों वाले सवारियां ढोकर उनकी अजीविका पर ढाका डाल रहे हैं। टैक्सी यूनियन ने कहा कि यदि पुलिस प्रशासन ने मांग पर ध्यान नहीं दिया तो उन्हें धरना प्रदर्शन करने को मजबूर होना पड़ेगा।

# युवा नशे से दूर रहकर दें राष्ट्रहित में योगदान : डॉ. सुकृत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** मां बगलामुखी युवा क्लब द्वारा आयोजित वॉलीबाल प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में युवाओं ने भाग लेकर जोश और उत्साह दिखाया। भाजपा जिला उपाध्यक्ष डॉ. सुकृत सागर, जो कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे, ने युवाओं को नशामुक्त जीवन अपनाने और राष्ट्रनिर्माण के लिए समर्पित रहने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि खेल जीवन में अनुशासन और ऊर्जा लाते हैं और युवाओं को नशे से दूर रहकर खेल, शिक्षा तथा सामाजिक जागरूकता के माध्यम से देश की प्रगति में योगदान देना चाहिए। डॉ. सागर ने भाजपा की राष्ट्रहितकारी नीतियों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि पार्टी युवाओं के शारीरिक, मानसिक और नैतिक विकास के लिए प्रतिबद्ध है। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य युवाओं को सामाजिक कर्तव्यों के प्रति जागरूक करना और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना भी था।



मां बगलामुखी युवा क्लब ने करवाई वॉलीबाल प्रतियोगिता।

### नकल मामलों की सुनवाई को यूएमसी की बैठक 13 को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** प्रदेश तकनीकी शिक्षा बोर्ड द्वारा मई, जून 2025 में आयोजित बहुतकनीकी एवं फार्मेसी परीक्षाओं के दौरान पकड़े गए नकल के मामलों के निपटारे के लिए बोर्ड द्वारा 13 अगस्त को यूएमसी समिति की बैठक आयोजित की जा रही है। तकनीकी शिक्षा बोर्ड सचिव अशोक पाठक की ओर से जारी सूचना के अनुसार, इस संदर्भ में सभी संबंधित छात्रों को उनके शैक्षणिक संस्थानों तथा व्यक्तिगत पत्राचार पते पर जानकारी भेज दी गई है। यदि किसी छात्र को यह सूचना किसी कारणवश प्राप्त नहीं हुई है,, तो वह भी निर्धारित तिथि को बोर्ड कार्यालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रख सकता है। यदि कोई अभ्यर्थी निर्धारित तिथि को उपस्थित नहीं होता है, तो समिति उसकी अनुपस्थिति में ही एकतरफा निर्णय लेने के लिए अधिकृत होगी। ऐसे में छात्रों को सलाह दी गई है कि वे समय पर उपस्थित होकर अपने पक्ष को समिति के समक्ष प्रस्तुत करें, ताकि उन्हें निष्पक्ष सुनवाई का अवसर मिल सके।

### हैप्पी बर्थडे



भवारना (बोडा) के शिवेक को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।



मस्सल (ओचा) की सविता को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

**बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें**

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

### सुधेड़ के विभिन्न क्षेत्रों में बारिश से भारी नुकसान



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला मुख्यालय धर्मशाला के साथ लगते सुधेड़ के विभिन्न क्षेत्रों में भारी बरसात के कारण नुकसान हुआ है। वार्ड नंबर सात धार कंसुम्बर व वार्ड नंबर चार में जीप योग्य सड़क भूस्खलन से नाले में बह गई। इसके अलावा क्षेत्र के चैन सिंह का घर भूस्खलन से प्रभावित हुआ है। अष्टभुजा मंदिर जटेहड़ हार का पुल व रास्ता व भारी बरसात ने बहा दिया है। अब स्थानीय लोगों, किसानों, बुजुर्गों व बच्चों का आवाजाही करना मुश्किल बना हुआ है। भागेश्वरी महिला मंडल सुधेड़ धर्मशाला की प्रधान सुनीता देवी व स्थानीय लोगों ने सरकार, प्रशासन व संबंधित विभागों से मदद की गुहार लगाई है।

### सीमा पर तैनात जवानों के लिए भेजी राखियां




**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** श्री बालाजी हॉस्पिटल एवं कॉलेज ऑफ नर्सिंग कांगड़ा की ओर से रक्षाबंधन के पावन अवसर पर देश की सीमा पर तैनात वीर सैनिकों को राखियां भेजी गईं। यह भावनात्मक पहल डॉ. राजेश शर्मा, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री बालाजी ग्रुप की प्रेरणा से संपन्न हुई। उनके मार्गदर्शन में संस्थान की छात्राओं और स्टाफ ने अपने स्नेह व सम्मान को राखियों के माध्यम से व्यक्त किया।

### जल्द नियुक्त करें बूथ लेवल एजेंट : डीसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त हेमराज बैरवा ने जानकारी दी कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में फोटोयुक्त मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण प्रस्तावित है। इस प्रक्रिया के सुचारु संचालन के लिए मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों से आग्रह किया कि वे प्रत्येक मतदान केंद्र पर अपने बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) की शीघ्र नियुक्ति सुनिश्चित करें। बीएलए पुनरीक्षण के दौरान मतदाता सूची में किसी भी त्रुटि को संबंधित अधिकारी के ध्यान में लाकर सुधार सुनिश्चित कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि बीएलए-2 संशोधित प्रपत्र के माध्यम से यह नियुक्ति जल्द की जाए ताकि मतदाता सूचियों को त्रुटिरहित और पारदर्शी बनाया जा सके।

### शाहपुर कॉलेज में वाद-विवाद प्रतियोगिता

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** राजकीय महाविद्यालय शाहपुर में नशा उन्मूलन क्लब तथा वाणिज्य एवं प्रबंधन समिति के संयुक्त तत्वावधान में पोस्टर मेकिंग व वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. विश्वजीत सिंह ने किया। उन्होंने नशा उन्मूलन जैसे गंभीर सामाजिक विषय पर विद्यार्थियों को जागरूक करते हुए कहा कि युवा वर्ग यदि नशे से दूर रहे तो देश को नई दिशा दे सकता है। पोस्टर मेकिंग में विद्यार्थियों ने रंगों के माध्यम से प्रभावशाली संदेश दिए। कार्यक्रम के अंत में विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र व पुरस्कार प्रदान किए गए।

### धर्मशाला में खुला विधिक सेवाएं क्लीनिक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** वीर सैनिकों के परिवारों को निःशुल्क कानूनी सहायता प्रदान करने के लिए वीर परिवार सहायता योजना के तहत धर्मशाला में सैनिक कल्याण बोर्ड में विधिक सेवा एवं क्लीनिक का शुभारंभ किया गया। यह कार्यक्रम उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायमूर्ति गुरमीत सिंह संधवालिया और नालसा के कार्यकारी अध्यक्ष न्यायमूर्ति विवेक सिंह ठाकुर ने वर्चुअल माध्यम से किया। शुभारंभ समारोह में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजीव बाली, सचिव शिखा लखनपाल, सैनिक कल्याण बोर्ड के उपनिदेशक कर्नल गोपाल गुलेरिया, पैरालीगल वालंटियर ईशा तथा भूतपूर्व सैनिक एवं उनके परिवार मौजूद थे। इस पहल से वीर परिवारों को कानूनी मदद प्राप्त होगी और उनके अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित होगी।

### कांवड़ियों ने महाकाल मंदिर में चढ़ाया गंगाजल

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** बैजनाथ के महाकाल मंदिर में वीरवार को कांवड़ियों द्वारा पवित्र गंगाजल लाकर जलाभिषेक किया गया। इस दौरान व्यापार मंडल व महाकाल के बाशिंदों द्वारा तीनों कांवड़ियों का स्वागत किया गया। महाकाल व्यापार मंडल के प्रधान राजीव धलारिया ने बताया कि कांवड़ी ईलम कटोच निवासी महाकाल, कुलदीप कुमार निवासी हमीरपुर व भूपेंद्र निवासी हमीरपुर ने गंगाजल को महाकाल मंदिर में चढ़ाया है।

# श्रावण अष्टमी मेले में बज्रेश्वरी मंदिर में रिकार्डतोड़ पहुंचे श्रद्धालु



62 हजार 300 श्रद्धालुओं ने नवाया शीश और 22 लाख 61 हजार रुपए चढ़ाया चढ़ावा।

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा**

**श्रावण** अष्टमी के मेले में बज्रेश्वरी देवी मंदिर कांगड़ा में रिकॉर्डतोड़ मां के दर्शनों के लिए श्रद्धालु पहुंचे हैं। मां के दर्शनों के लिए पंजाब, दिल्ली, यूपी, हरियाणा सहित अन्य राज्यों से श्रद्धालु पहुंचे हैं।

इस बार कांगड़ा के मंदिर बाजार के दुकानदार भी काफी खुश हैं। पिछले काफी समय से मंदी की मार झेल रहे इन व्यापारियों के व्यवसाय में काफी वृद्धि देखने को मिली है। जेई श्री बज्रेश्वरी देवी मंदिर कांगड़ा विजय कुमार ने बताया कि मंदिर में श्रावण अष्टमी के मेले में करीब 62 हजार 300 श्रद्धालुओं ने मां के दर शीश नवाया और कुल 22 लाख 61 हजार 49 रुपए का चढ़ावा माता के दर चढ़ाया गया।

**समझौता** एचपीटीडीसी के कर्मचारियों को प्रशिक्षण और पर्यटन क्षेत्र में बढ़ाई जाएगी दक्षता

# सीयू और एचपीटीडीसी के बीच एमओयू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**हिमाचल** प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय (सीयू) और हिमाचल प्रदेश टूरिज्म डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (एचपीटीडीसी) के बीच वीरवार को स्किल डेवलपमेंट प्लान एवं मैन पावर डेवलपमेंट प्रोग्राम को लेकर एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। यह एमओयू एचपीटीडीसी के कर्मचारियों को प्रशिक्षण देने और पर्यटन क्षेत्र में दक्षता बढ़ाने के उद्देश्य से किया गया है।

इस अवसर पर कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल, कुलसचिव प्रो. नरेंद्र सांख्यान, एचपीटीडीसी के एमडी (आईएएस) राजीव, कैलाश ठाकुर, एजीएम धर्मशाला, विजय ठाकुर, असिस्टेंट मैनेजर (मार्केटिंग ऑफिस धर्मशाला), और निखिल परमार, इंचार्ज चामुंडा-पालमपुर उपस्थित रहे। एमओयू के तहत सीयू हिमाचल न केवल एचपीटीडीसी कर्मचारियों को स्किल ट्रेनिंग देगा, बल्कि डीपीआर प्रोजेक्ट्स बनाने और एमबीए टूरिज्म छात्रों को इंटर्नशिप के अवसर भी उपलब्ध कराएगा। छात्र एचपीटीडीसी के होटलों में कार्य करके होटल मार्केटिंग की व्यावहारिक जानकारी प्राप्त करेंगे। कुलपति प्रो. बंसल ने कहा कि अब विश्वविद्यालय के अतिथियों को एचपीटीडीसी होटलों में रियायती दरों पर ठहरने और भोजन की सुविधा मिलेगी। साथ ही, आगामी सत्र से शुरू हो रहे होटल मैनेजमेंट कोर्स के छात्रों को खनियारा स्थित प्रशिक्षण केंद्र में प्रैक्टिकल सीखने का मौका मिलेगा। एमडी राजीव ने बताया कि भविष्य में टूरिस्ट गाइड प्रोग्राम को लेकर राज्य सरकार से भी समन्वय किया जाएगा ताकि गाइड लाइसेंस की प्रक्रिया सुगम हो सके।



डीपीआर प्रोजेक्ट्स बनाने और एमबीए टूरिज्म छात्रों को इंटर्नशिप के उपलब्ध करवाए जाएंगे अवसर।

# पठानकोट-डलहौजी हाईवे पर बस और कैंटर की टक्कर, 11 घायल

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**पठानकोट।** पठानकोट-डलहौजी हाईवे पर चांद रेस्टोरेंट के निकट पंजाब रोडवेज बस और कैंटर की आमने-सामने भिड़ंत में 11 यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि आधा दर्जन अन्य को मामूली चोटें आई हैं।

हादसे के तुरंत बाद एसएसएफ धार की टीम मौके पर पहुंची और प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर घायलों को कम्युनिटी हेल्थ सेंटर बधानी में भर्ती करवाया गया। घायलों में छात्राएं दिशा, दीक्षा (गांव भमलादा), अक्षिता (भटवां), आस्था (सुकरेत), छात्र शमशेर सिंह, मोहित खान व उनकी माता रेश्मा (भटवां), रोहित (भंगूड़ी), दीक्षा (धार), बस कंडक्टर तजिन्द्र सिंह (बटाला) व केंटर चालक सुनील (शाहपुर, हिमाचल) शामिल हैं। बस कंडक्टर के अनुसार, हादसा तेज बारिश के चलते बस के अनियंत्रित होने से हुआ। एसएसएफ धार के एएसआई हरबंस लाल ने बताया कि पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।



कम्युनिटी हेल्थ सेंटर बधानी में भर्ती करवाए गंभीर रूप से घायल।

## न्यूज ब्रीफ

### शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर का दो दिवसीय दौरा निर्धारित

**अनंत ज्ञान, शिमला।** शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर 9 और 10 अगस्त, को जुब्बल-कोटखाई विधानसभा क्षेत्र के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वह विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेने के साथ-साथ पार्टी कार्यकर्ताओं और आम जनता से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुनेंगे। दौरे की शुरुआत 9 अगस्त को सुबह 11 बजे ग्राम पंचायत भोलर के राथल में होगी, जहां मंत्री जिला स्तरीय राथल जातर मेले में हिस्सा लेंगे। मेले के बाद, वह पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करेंगे और लोगों की समस्याओं पर ध्यान देंगे। 10 अगस्त को, शिक्षा मंत्री सुबह 11 बजे ग्राम पंचायत शिल्ली देयोरी खनेटी के रियोग में पार्टी कार्यकर्ताओं से मिलेंगे और जनता की शिकायतें सुनेंगे। इसके बाद, दोपहर 12:30 बजे वह ग्राम पंचायत पराली-बदरूनी के कुफर बाग में सलोग नाला से गांव कुफर बाग तक की पेयजल आपूर्ति योजना का उद्घाटन करेंगे।

### विश्वविद्यालय के कुलपति करेंगे रामपुर कॉलेज का दौरा

**आत्मा सिंह, अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर।** हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर महावीर सिंह 8 अगस्त को प्रातः 10 बजे राजकीय महाविद्यालय रामपुर का दौरा करेंगे। उल्लेखनीय है कि वे इस कॉलेज के पूर्व छात्र भी रहे हैं। यह समारोह उन के लिए पूर्व छात्र अभिनंदन समारोह भी है। इस अवसर पर वे जीबी पंत मेमोरियल विशिष्ट व्याख्यान शृंखला पर छात्रों से सम्वाद करेंगे इस दौरान वे शैक्षणिक प्रगति की समीक्षा भी करेंगे। कुलपति महाविद्यालय परिसर में नवनिर्मित अध्ययन केंद्र का उद्घाटन करेंगे। क्लस्टर कॉलेज के प्राचार्यगण भी उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी कॉलेज प्राचार्य डॉक्टर पंकज बासोतिया ने दी।

### आशा कार्यकर्ता संघ टिक्कर की प्रधान बनीं अनिता



**अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** आशा कार्यकर्ता संघ टिक्कर खंड का अधिवेशन बुधवार को संघ की प्रधान अनिता शर्मा की अध्यक्षता में रोहड़ू में संपन्न हुआ। जिसमें चिड़गांव इकाई की प्रधान व प्रदेश सचिव विजय लक्ष्मी, जुब्बल इकाई की प्रधान व प्रदेश उपप्रधान पुष्पा मान्टा व चिड़गांव की कार्यालय मंत्री राज कुमारी ने विशेष अतिथि के रूप में भाग लिया। बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। टिक्कर खंड के चुनाव सर्वसम्मति से संपन्न हुए, जिसमें अनिता शर्मा को प्रधान, कमलेश को वरिष्ठ उपप्रधान, चम्पा देवी, प्रेम लता, सुलक्षणा ठाकुर को उपप्रधान, सुन्दर बाला को सचिव, हेम लता, विद्या खांगटा, प्रिती बांश्टू, ज्योति ठाकुर को संयुक्त सचिव, पूजा देवी को संगठन मंत्री, पवना जीजटा को कोषाध्यक्ष, कान्ता को मुख्य सलाहकार, सुमन को प्रचार सचिव, मनोरमा को कार्यालय सचिव, अनिता ठाकुर को सह सगंठन मंत्री, संधीरा, अंजना, सावित्री ठाकुर, सविता को कार्य समिति सदस्य चुना गया।

### मतदान केंद्रों की सूचियों पर आपत्तियां और सुझाव आमंत्रित

**अनंत ज्ञान, शिमला।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त शिमला ने एक महत्वपूर्ण घोषणा में बताया है कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार, जिला शिमला के समस्त आठों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के मतदान केंद्रों की प्रारूप सूचियां तैयार कर ली गई हैं। ये सूचियां अब जनसाधारण के निरीक्षण के लिए उपलब्ध हैं। ये प्रारूप सूचियां 7 अगस्त से 13 अगस्त तक उपायुक्त कार्यालय और संबंधित उप-मंडलीय अधिकारियों के कार्यालयों में कार्यालय समय के दौरान देखी जा सकती हैं। यदि किसी भी व्यक्ति को इन प्रस्तावित मतदान केंद्रों की स्थापना या समायोजन के संबंध में कोई आपत्ति या सुझाव है, तो वे इसे 18 अगस्त तक लिखित रूप में प्रस्तुत कर सकते हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा इन सभी आपत्तियों और सुझावों का निपटारा 26 अगस्त तक कर दिया जाएगा।

### सेब की किस्मों में बढ़ा फासला, दाम तय कर रहा रंग, आकार और चमक

# रॉयल सेब की रौनक से महकी सेब मंडियां

सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**शिमला।** हिमाचल की पर्वत-घाटियों में अगस्त की सुबहें अब ट्रकों की आवाज से जाग रही हैं। बागों में लटकते सेब अब मेहनत की परीक्षा की घड़ी में हैं और बाजार, इन फलों को एक कठोर निर्णायक की तरह तौल रहा है। कहीं पेटियों की चहक गूंज रही है, तो कहीं पत्तों के बीच से झांकता लालिमा भरा सेब खुद को आइने में निहार रहा है। यह वह वक्त है जब बागवानों की कई महीनों की मेहनत अब रेट लिस्ट में सिमट रही है।

**साधारण ग्रेड के लिए बाजार में ठहराव**

**लोअर बेल्ट में सीजन अंतिम दौर में, मिड बेल्ट के बागानों में उम्मीदों की पहली दस्तक**



**लोअर और मिड बेल्ट की स्थिति**

राज्य की लोअर बेल्ट जैसे सोलन, सिरमौर, कुमारसैन व शिमला में सेब सीजन अब अपने अंतिम मोड़ पर है। इन क्षेत्रों से अब अंतिम खेपें मंडियों की ओर रवाना हो रही हैं। उधर मिड बेल्ट नारकंडा, कोटखाई, जुब्बल, ठियोग जैसे इलाकों में अब कारोबार की सुगबुगाहट शुरू हुई है। खेतों से मंडियों तक की दौड़ अब रफ्तार पकड़ रही है।

ढली, भट्ठाकूफर, परवाणू और ठियोग जैसी प्रमुख फल मंडियों में भीड़ बढ़ी है, लेकिन खरीदारों की आंखें केवल 'रॉयल क्वालिटी' को तलाश रही हैं।

जानकारी के अनुसार मंडी की तस्वीर साफ है। सेब का मूल्य अब मिट्टी में नहीं, उसकी चमक में है। सुपरफाइन और एक्स्ट्रा फैंसी ग्रेड के सेब 100 से 150 किलो तक बिक रहे हैं, जबकि हल्के रंग, छोटे आकार और कम ग्रेडिंग वाले सेब 30 से 50 किलो में भी औने-पौने बिक रहे हैं। आढ़तियों की राय में, 'बाजार अब स्वाद नहीं, दिखावे पर बिकता है। ग्राहकों की पहली पसंद वही है जो आंखों को भाए।'

### क्वालिटी वाले सेब के दाम सदाबहार रहते हैं: प्रताप चौहान

**ढली (शिमला)** एप्पल फ्रूट मंडी के प्रधान प्रताप चौहान ने बाजार की मौजूदा स्थिति को लेकर स्पष्ट कहा 'जो सेब अच्छा है, उसे अच्छे दाम मिलेंगे। कमजोर क्वालिटी वाले सेब को बाजार कभी तवज्जो नहीं देता। जहां तक रेट का सवाल है, वो तो रोज घटते-बढ़ते रहते हैं, लेकिन अच्छे सेब के दाम कभी नहीं गिरते। उन्होंने इस बार की बारिश को भी एक बड़ी चुनौती बताया। बरसात ने बागवानों को बुरी तरह तंग किया है। जब मौसम ही साथ नहीं देता, तो गुणवत्ता बनाए रखना कठिन हो जाता है, फिर भी हमारे बागवान पूरी कोशिश कर रहे हैं कि उनका माल अच्छे दामों में बिके। इस बार उत्पादन भी ठीक-ठाक रहने की उम्मीद है।

### खरीददारों के दिलों में जरूर जगह बनाएंगे

**इस** सेब सीजन ने एक बार फिर हिमाचल के बागवानों को यह एहसास दिलाया है कि अब केवल पैदावार पर्याप्त नहीं है। उपज की प्रस्तुति, ग्रेडिंग, और सही समय पर तुड़ान ही बाजार में पहचान बनाते हैं। जैसे-जैसे मिड बेल्ट का सीजन पूरे रंग में आएगा, वैसे-वैसे तस्वीर और भी स्पष्ट होगी। उम्मीद की जानी चाहिए कि जो बागवान मौसम की मार के बीच भी गुणवत्ता का संकल्प लिए खड़े हैं, उनके सेब मंडियों में नहीं बल्कि खरीदारों के दिलों में जगह बनाएंगे।

## अवैध खनन पर अंकुश लगाने के लिए उद्योग विभाग की बड़ी पहल

अनंत ज्ञान, शिमला

हिमाचल प्रदेश में अवैध खनन पर लगाम लगाने के लिए उद्योग विभाग के भूवैज्ञानिक विंग (जियोलॉजिकल विंग) ने कमर कस ली है।

विभाग ने पुलिस के सहयोग से नियमित निरीक्षण और विशेष अभियान चलाकर कई मामलों का खुलासा किया है, जिनमें भारी जुर्माना वसूला गया है। इसके साथ ही, विभाग ने जनता का सहयोग सुनिश्चित करने के लिए शिमला में एक शिकायत निवारण केंद्र भी स्थापित किया है, जहां लोग फोन, व्हाट्सएप और ईमेल के माध्यम से अपनी शिकायतें दर्ज करा सकते हैं।

**निरीक्षण और निगरानी के लिए अभियान शुरू**

अब तक 350 से अधिक शिकायतें प्राप्त हो चुकी हैं, जिनके आधार पर विभाग संवेदनशील क्षेत्रों में तत्काल कार्रवाई कर रहा है, जो उसकी पारदर्शिता और जवाबदेही को दर्शाता है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि अवैध खनन करने वालों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## राज्यपाल से मिले युवा गायक कुमार साहिल

अनंत ज्ञान, शिमला

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल से आज राजभवन में हिमाचल प्रदेश के युवा गायक कुमार साहिल ने शिष्टाचार भेंट की। जिला कांगड़ा के निवासी कुमार साहिल ने प्रभावशाली गायकी से संगीत की दुनिया में एक विशेष मुकाम हासिल किया है।

वह इंडियन आइडल, राइजिंग स्टार, वाइस ऑफ पंजाब और आवाज पंजाब दी जैसे कई प्रसिद्ध रियलिटी शो में भाग ले चुके हैं। उन्होंने मिंजर महोत्सव में भी अपनी शानदार प्रस्तुति से दर्शकों का मन मोह लिया था। राज्यपाल ने साहिल को उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं दीं।



## शरोग बराड़ा को मिला नवनिर्मित पंचायत भवन, लोगों को मिलेगी सुविधा

दशमी रावत, रोहड़ू

रोहड़ू के विधायक मोहन लाल ब्राक्टा ने वीरवार को शरोग बराड़ा पंचायत में नवनिर्मित पंचायत भवन का लोकार्पण किया। यह भवन 33 लाख रुपए की लागत से बना है। इस दौरान विधायक ने स्थानीय पंचायत के लोगों को संबोधित करते हुए बताया कि कांग्रेस पार्टी व प्रदेश सरकार विकास के प्रति हमेशा से गंभीर है। कांग्रेस सरकार एवं पूर्व मुख्यमंत्री राजा वीरभद्र सिंह ने रोहड़ू विधानसभा क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास किया है।

वर्तमान प्रदेश सरकार एवं मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में संपूर्ण हिमाचल प्रदेश में विकास कार्य चल रहे हैं। वर्तमान सरकार सभी वर्ग को साथ लेकर चलने में विश्वास रखती है। विधायक ने कहा कि आज जो भवन बन कर तैयार हुआ है निश्चित रूप से आम जनता को इसका लाभ मिलेगा!

इस अवसर पर विधायक ने लोगों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और अधिकतर समस्याओं का समाधान मौके पर ही किया। इस अवसर पर युवा कांग्रेस जिला शिमला के पूर्व अध्यक्ष रविंद्र (टीन्नू) ठाकुर, उप प्रधान ग्राम पंचायत शरोग बराड़ा कैलाश नारटा, पंचायत समिति सदस्य श्नरेंद्र शर्मा व विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

### आपदा पीड़ितों को दी एक लाख की आर्थिक सहायता

**दशमी रावत, रोहड़ू।** संजीवनी सहारा समिति रोहड़ू के सक्रिय सदस्य एवं रोहड़ू के प्रसिद्ध व्यापारी कुशाल नेगी ने अपने जन्मदिन के शुभ अवसर पर समाजसेवा की भावना को और प्रबल करते हुए मंडी जिले के थूनाग क्षेत्र में आपदा पीडित लोगों की एक लाख से पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर के हाथ में चैक सौंपकर आर्थिक मदद की। कुशाल नेगी हर साल अपने जन्मदिन पर एक लाख रुपए का आर्थिक दान करते हैं।



## शिमला ग्रामीण में भाजपा ने किया पौधरोपण



शिमला ग्रामीण क्षेत्र में पौधरोपण कार्यक्रम में भाग लेते भाजपा के पदाधिकारी और साथ में मौजूद हैं ग्रामीण।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

शिमला ग्रामीण में भाजपा ने एक पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें पार्टी के प्रदेश संगठन महामंत्री सिद्धार्थन ने हिस्सा लिया। यह कार्यक्रम शक्तिकेंद्र तारा देवी पंचायत के बूथ संख्या 121, 122 और 123 में हुआ।

भाजपा नेता रवि मेहता ने कांग्रेस सरकार और मंत्री विक्रमादित्य सिंह पर तीखा हमला बोला। मेहता ने कांग्रेस से पूछा कि टूटू में बीडीओ दफ्तर, सब्जी मंडी और मल्टीपर्पस पार्किंग किसकी देन है।

ये सभी काम पिछली भाजपा सरकार के समय हुए थे और कांग्रेस सरकार इनका श्रेय लेने की कोशिश कर रही है। मेहता ने कहा कि शिमला ग्रामीण में बन रही 9 सड़कें भी प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत भाजपा सरकार में स्वीकृत हुई थीं। उन्होंने खेड़ा पंचायत में शराब ठेका बंद करने की मांग कर रही महिलाओं पर झूठी एफआईआर दर्ज करने का आरोप लगाते हुए कांग्रेस सरकार को 'बदला-बदली' और 'जन्म विरोधी' बताया।

कार्यक्रम में प्रदेश मीडिया प्रभारी करण नंदा, जिला अध्यक्ष केशव चौहान, जिला सचिव अलका कंवर और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

## मंडी भराड़ी चौक यात्रियों के लिए असुरक्षित, न लाइट, न सुरक्षाकर्मी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर



मंडी भराड़ी चौक।

दिल्ली और चंडीगढ़ की दिशा से बिलासपुर एम्स या नम्होल की ओर आने वाले यात्रियों के लिए मंडी-भराड़ी चौक रात के समय पूरी तरह असुरक्षित बन चुका है। रात के वक्त इस प्रमुख चौक पर उतरना किसी खतरे से कम नहीं है। यहां न तो सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम हैं और न ही यात्री सुविधाएं उपलब्ध हैं। पिछले तीन वर्षों में फोरलेन शुरू होने के बाद यह चौक बिलासपुर शहर से जुड़ने का मुख्य मार्ग बन गया है, परंतु चौक पर न तो रोशनी है, न सुरक्षा कर्मी और न ही यात्रियों को बुनियादी सहूलियत देने वाली कोई व्यवस्था।

यात्री जब रात को यहां उतरते हैं, तो उन्हें अंधेरे और संदिग्ध गतिविधियों का सामना करना पड़ता है। विशेषकर जब महिला यात्री साथ हों, तो स्थिति और भी भयावह हो जाती है। लोग बसों या अन्य साधनों के लिए अंधेरे में घंटों खड़े रहने को मजबूर हैं। चौक पर रोशनी के लिए लाइटें तो लगाई गई हैं, लेकिन वे रात को चालू ही नहीं होतीं। बारिश या ठंड के मौसम में ठहरने के लिए कोई रेन शेल्टर नहीं है, न ही शौचालय, पीने का पानी, यात्री सूचना केंद्र, विश्राम गृह या इमरजेंसी हेल्पलाइन की सुविधा। न ट्रैफिक पुलिस की तैनाती है, न टैक्सी या ऑटो की रात्रीकालीन उपलब्धता। कल्याण कला मंच बिलासपुर के पदाधिकारी सुरेंद्र मिन्हास, अमरनाथ धीमान, तृप्ता कौर मुसाफिर और बाबू राम ने बीती रात दो बजे इस चौक पर हालात का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि प्रशासन और सरकार द्वारा इस स्थान को बस अड्डा घोषित करने की घोषणाएं तो बार-बार की गई हैं, लेकिन तीन वर्षों में बुनियादी सुविधाओं तक की पूर्ति नहीं हो पाई।

### भगेड़ फोरलेन चौक पर वर्षाशालिका का अभाव

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** उपमंडल घुमारवी के अंतर्गत मनाली-चंडीगढ़ राष्ट्रीय उच्च मार्ग पर स्थित भगेड़ फोरलेन चौक पर बुनियादी सुविधाओं के अभाव ने यात्रियों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। विशेषकर बरसात के मौसम में यह स्थान असुविधा का प्रतीक बन गया है। यहां वर्षाशालिका न होने के कारण यात्रियों को बारिश के दौरान खुले आसमान के नीचे खड़े रहना पड़ता है। यह नजारा किसी भी विकसित फोरलेन परियोजना के नाम पर एक सवालिया निशान खड़ा करता है। इस व्यस्त चौक से रोज़ाना सैकड़ों लोग चंडीगढ़, शिमला, मनाली व मंडी की ओर सफर करते हैं। कई बार बसों का इंतजार करते यात्रियों को अचानक बारिश का सामना करना पड़ता है, पर शरण के लिए पास में कोई भी सुरक्षित स्थान उपलब्ध नहीं है। नतीजा यह होता है कि बुजुर्ग, महिलाएं, बच्चे और स्कूली छात्र-छात्राएं भीगते हुए घंटों सड़क किनारे खड़े रहते हैं। स्थानीय निवासी पूर्व प्रधान औहर पंचयात के देशराज शर्मा ने बताया कि यह चौक दिनभर भीड़भाड़ वाला रहता है। फोरलेन बनने से पहले ही यहां यात्री शेड या वर्षाशालिका बना दी जानी चाहिए थी, लेकिन अफसोस की बात है कि आज भी लोग ऐसी असुविधा झेल रहे । राष्ट्रीय राजमार्गों पर मूलभूत सुविधाएं जैसे पेयजल, शौचालय, यात्री प्रतीक्षालय आदि अनिवार्य माने जाते हैं, लेकिन भगेड़ फोरलेन चौक पर इनमें से कोई सुविधा मौजूद नहीं है। स्थानीय लोगों का कहना है कि संबंधित विभागों ने केवल सड़क चौड़ीकरण पर ध्यान दिया, लेकिन यात्रियों की सुविधा को प्राथमिकता नहीं दी गई।

### रामलाल ने किया खड़गे के आरोपों का समर्थन, बोले-

## चुनाव आयोग कर रहा केंद्र सरकार के इशारों पर काम

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर



कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व राज्य समन्वय समिति के सदस्य रामलाल ठाकुर ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा चुनाव आयोग को लेकर लगाए गए आरोपों का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि खड़गे की चिंता जायज है-'चुनाव आयोग अब केंद्र सरकार के इशारों पर काम कर रहा है।' पत्रकारों से बातचीत में रामलाल ने कहा कि चुनाव आयोग एक स्वतंत्र संवैधानिक संस्था है, लेकिन अब इसकी निष्पक्षता पर सवाल उठने लगे हैं।

उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को चयन समिति से हटाकर सरकार के प्रतिनिधि को शामिल करने के फैसले को भी गलत ठहराया। उन्होंने कहा कि यह सवाल तब खड़े हुए जब भाजपा सरकार ने एक अधिकारी से इस्तीफा लेकर उसे तुरंत चुनाव आयुक्त बना दिया और कुछ ही घंटों में शपथ भी दिला दी।

रामलाल ने भाजपा नेता द्वारा राहुल गांधी पर 'घटिया बयानबाजी' के आरोप को भी अनुचित बताया और कहा कि सवाल उठाना लोकतंत्र का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि सवाल उठाने की नौबत तो तब आई जब भाजपा सरकार ने एक पसंदीदा अफसर से पहले इस्तीफा लिया, फिर तुरंत उसे चुनाव आयोग का सदस्य बना दिया और कुछ ही घंटों में उसे शपथ भी दिला दी। उन्होंने कहा कि स्वायत्त संस्थाओं का दुरुपयोग करना या उन्हें अपनी पार्टी के पक्ष में झुकाने की कोशिश करना, देश के लोकतंत्र के लिए खतरनाक है। उन्होंने कहा कि स्वायत्त संस्थाओं की निष्पक्षता बनाए रखना बेहद जरूरी है और अगर उन पर सवाल उठ रहे हैं तो इसके लिए सरकार जिम्मेदार है।

### लकवाग्रस्त मरीज को दान किया बिस्तर

**अनंत ज्ञान, स्वारघाट।** रेडक्रॉस सोसायटी बिलासपुर के बस्सी क्लस्टर ने मानवीय संवेदनाओं का उदाहरण पेश किया। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय टोबा की अंग्रेजी प्रवक्ता अनुपमा शर्मा और सहयोगियों ने 'एडॉप्शन कार्यक्रम' के तहत लकवाग्रस्त श्याम लाल को अस्पताल मरीज बिस्तर दान किया। श्री श्याम लाल विद्युत विभाग में कार्यरत थे और करंट लगने से असमर्थ हो गए थे। इस सहयोग से उन्हें न केवल सुविधा मिली, बल्कि नवजीवन की आशा भी जगी। वालंटियर्स बलबीर और विनोद की विशेष भूमिका रही। रेडक्रॉस ऐसे प्रयासों के लिए समाज को प्रेरित करता है कि मिल-जुलकर हम सभी जरूरतमंदों की सहायता करें और एक संवेदनशील समाज का निर्माण करें।

### सुन्हानी में सांस्कृतिक जागरूकता संगोष्ठी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** सुन्हानी में शीतला माता मंदिर प्रांगण में 'नशाखोरी से दूर रहें और संस्कृति को बचाएं' थीम पर एक जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। अध्यक्षता डॉ. लेखराम शर्मा ने की, जबकि मंच संचालन तृप्ता कौर मुसाफिर द्वारा हुआ। विभिन्न रंगारंग प्रस्तुतियों में लोक बोली, इतिहास और संस्कृति की सुंदर झलक दिखी। रविंद्र शर्मा, बृजलाल लखनपाल, वीना चौधरी, रामपाल डोगरा, सूबेदार वीर सिंह समेत अन्य वक्ताओं ने समाजिक संदेशों से सभी को भावविभोर किया। महिला मंडल और शिक्षाविदों की भागीदारी से यह आयोजन और प्रभावशाली बन गया। सुन्हानी की ऐतिहासिक गरिमा और सांस्कृतिक धरोहर को संजोने का यह प्रयास सराहनीय रहा।

### प्राची ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर के पंचायत हरनोड़ा के नैहर गांव में नन्ही परी प्राची ने अपने जन्मदिन को अनोखे तरीके से मनाया। पधर-मंडी से छुट्टियां बिताकर अपने ननिहाल आई प्राची ने मामा-मामी के साथ मिलकर एक पौधा लगाया और कहा कि यह मेरा भाई है, अगली बार छुट्टियों में आकर इसे देखूंगी। गांव के लोगों ने प्राची के इस प्रयास की खूब सराहना की। मामा सुरेंद्र और मामी रेखा ने कहा कि छोटे कदम बड़े बदलाव की नींव होते हैं। प्राची का पौधरोपण हर उम्र के लिए पर्यावरण संरक्षण की प्रेरणा बन गया।

### बिलासपुर भाजपा की नई कार्यकारिणी में महिलाओं और युवाओं को प्राथमिकता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** भाजपा जिला बिलासपुर की नई कार्यकारिणी का गठन कर दिया गया है। इस कार्यकारिणी में संतुलन, संगठनात्मक दृष्टिकोण और आगामी चुनावी रणनीति को ध्यान में रखते हुए महिलाओं और युवाओं को प्रमुख स्थान दिया गया है।



भाजपा जिला अध्यक्ष कृष्ण लाल चंदेल ने वरिष्ठ नेताओं से विचार-विमर्श के बाद कार्यकारिणी की घोषणा की है, जिसमें अनुभवी कार्यकर्ताओं के साथ-साथ ऊर्जावान युवा चेहरों को भी जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। इस कार्यकारिणी का गठन ऐसे समय में किया गया है जब प्रदेश में पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव नजदीक हैं। ऐसे में भाजपा ने पंचायत स्तर तक मजबूत पकड़ बनाने के उद्देश्य से ऐसे कार्यकर्ताओं को प्राथमिकता दी है, जो जमीनी स्तर पर सक्रिय हैं और पार्टी के सिद्धांतों के प्रति पूर्णतः समर्पित हैं। पार्टी का मानना है कि यदि पंचायत स्तर पर संगठन मजबूत होगा तो विधानसभा चुनावों में भी लाभ मिलेगा। नई कार्यकारिणी में महिलाओं को विभिन्न पदों पर प्रतिनिधित्व दिया गया है। इससे महिला मोर्चा और महिला कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार हुआ है।

### बिलासपुर जिले में बारिश से 70 करोड़ रुपए का नुकसान: डीसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर जिले में लगातार हो रही भारी बारिश से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है और प्रशासन स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है। उपायुक्त राहुल कुमार ने हुए बताया कि बीते कुछ दिनों में वर्षा के कारण जो ग्रामीण सड़कें अवरुद्ध हुई थीं, उन्हें अब पूरी तरह से बहाल कर दिया गया है और आवागमन सामान्य हो गया है। उन्होंने बताया कि जल शक्ति विभाग के अंतर्गत आने वाली अधिकांश पेयजल योजनाएं भी पुनः संचालित कर दी गई हैं। हालांकि, घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र की कुछ योजनाएं अस्थायी रूप से बाधित हैं, जिन्हें जल्द बहाल करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। उपायुक्त ने बताया कि वीरवार तक जिले में 70 करोड़ रुपए का नुकसान आंका गया है। इनमें सर्वाधिक नुकसान लोक निर्माण विभाग को हुआ है, जिसका अनुमानित मूल्य 50 करोड़ रुपए है। इसके अतिरिक्त जल शक्ति विभाग को 17 करोड़ 79 लाख रूपए, बिजली बोर्ड को 4 लाख 22 हजार रुपए, शिक्षा विभाग को 57 लाख 80 हजार रुपए तथा स्वास्थ्य विभाग को 13 लाख रुपए का नुकसान पहुंचा है। नगर परिषदों और नगर पंचायतों को भी करीब 953 लाख 50 हजार रुपए की क्षति का अनुमान है। बारिश के चलते कच्चे मकानों, गोशालाओं, रसोईघरों, शौचालयों तथा अन्य संरचनाओं को नुकसान पहुंचने के 109 मामले अब तक दर्ज किए गए हैं, जिनकी अनुमानित लागत 52 लाख 66 हजार रुपए है। इसी अवधि में 8 पशुओं की मृत्यु भी दर्ज की गई है। मानसून के इस दौर में जिले में अब तक कुल 8 लोगों की जान जा चुकी है। इनमें तीन की मृत्यु सड़क दुर्घटनाओं में, दो की सर्पदंश से, एक की बिजली गिरने से, एक महिला की बहाव में बहने से तथा एक व्यक्ति की मृत्यु पेड़ गिरने से हुई है।

## प्रदेश सरकार लंबित मांगों को जल्द करे पूरा



बाबा विश्वकर्मा मंदिर परिसर में बैठक के बाद सभी पदाधिकारी एवं सदस्य।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

**बिलासपुर** के डियारा सेक्टर स्थित बाबा विश्वकर्मा मंदिर परिसर में वीरवार को पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन सदर खंड व शहरी इकाई की संयुक्त बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ उपाध्यक्ष कुबेर सिंह ठाकुर ने की।

बैठक में आपदा पीड़ितों व दिवंगत पेंशनभोगियों को श्रद्धांजलि दी गई। दो मिनट का मौन रखकर शोक संवेदना व्यक्त की गई। बैठक में वक्ताओं ने एकमत होकर सरकार से 1 जनवरी 2016 से 1 जनवरी 2022 के बीच सेवानिवृत्त कर्मचारियों के वेतन निर्धारण, लीव इनकैशमेंट और लंबित महंगाई भत्ते की किस्तें शीघ्र जारी करने की मांग की। कर्म सिंह चंदेल व हरिदास ठाकुर ने संगठन में सौहार्द बनाए रखने की बात कही, जबकि एएन गौतम ने वेतन आयोग को सुझाव भेजने का आग्रह किया। बैठक में बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित रहे।

**पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक में उठाई मांग**

### त्रिलोक जम्वाल ने बिजली कटौती पर सरकार को घेरा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** सदर के विधायक त्रिलोक जम्वाल ने बरसात में बढ़ती उमस और बार-बार बिजली गुल होने को लेकर प्रदेश सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि अघोषित बिजली कट से जनता परेशान है और इसका असर पानी की आपूर्ति पर भी पड़ रहा है। उन्होंने ने कहा कि भाखड़ा विस्थापितों को आज भी बिजली संकट झेलना पड़ रहा है, जबकि उन्होंने देश को रोशन करने के लिए बलिदान दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार व्यवस्थाएं सुधारने के बजाय सुविधाएं छीनने और लॉटरी जैसे कदमों से जुआखोरी को बढ़ावा दे रही है। उन्होंने मांग की कि बिजली आपूर्ति को नियमित करने के लिए सरकार तुरंत ठोस कदम उठाए।



### लोक संस्कृति कार्यशाला में नवाजे प्रतिभागी



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** भाषा एवं संस्कृति विभाग कार्यालय बिलासपुर व हिम कला संगम के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय लोक संस्कृति कार्यशाला का समापन समारोह संस्कृति भवन में हुआ। समापन अवसर पर वरिष्ठ साहित्यकार शीला सिंह मुख्य अतिथि व भगत सिंह विशिष्ट अतिथि रहे। कार्यशाला में लोकगीत, लोकनृत्य, धुपु गायन व संस्कार गीतों का प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें जिले के विभिन्न महिला मंडलों व बच्चों सहित 150 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। जिला भाषा अधिकारी नीलम चंदेल ने कार्यशाला को लोक संस्कृति संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। मुख्य अतिथि शीला सिंह ने हिम कला संगम को 11,000 रुपए व विशिष्ट अतिथि भगत सिंह ने 5,100 रुपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान की। प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

### बिलासपुर में कानूनी सहायता क्लीनिक शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर में जिला सैनिक कल्याण कार्यालय में कानूनी सहायता क्लीनिक की शुरुआत हुई, जिसका उद्घाटन उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश जीएस. संधावालिया ने वर्चुअल माध्यम से किया। यह क्लीनिक वीर परिवार सहायता योजना-2025 के अंतर्गत खोला गया है, जहां पूर्व सैनिकों और उनके परिजनों को निःशुल्क कानूनी सलाह दी जाएगी। क्लीनिक में एक पैरा लीगल वालंटियर और एक पूर्व सैनिक अधिवक्ता तैनात रहेंगे। जिला एवं सत्र न्यायाधीश चिराग भानु सिंह ने लोगों से इस सुविधा का अधिक लाभ उठाने का आग्रह किया। निःशुल्क सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबर 01978-221452 पर संपर्क किया जा सकता है।

## न्यूज ब्रीफ

### बस पहाड़ी से टकराई, 20 यात्रियों की जान बची

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** हिमाचल पथ परिवहन निगम डिपो सरकाघाट की एक बस एचपी 28 3550 (जेएनयूआर आरएम) आज सुबह मंडप से वाया हुक्कल सरकाघाट की ओर आ रही थी, लगभग 9 बजे ब्रांग के पास उतराई में अचानक बस की प्रेशर ब्रेक फेल हो गई। उस समय बस में लगभग 20 सवारियां मौजूद थीं। परिचालक नथू राम ने मुख्य यात्रिक को सूचना दी कि घटना के वक्त बस को चालक हेमराज चला रहा था और उसने पूरी सूझबूझ और हिम्मत से एक बड़ा हादसा टाल दिया। उसने फोन पर बताया कि बस ब्रेक फेल होने के बावजूद चालक घबराया नहीं और उसने बिना किसी को डराए स्थिति को संभालने का प्रयास किया। हालांकि परिचालक नथू राम को स्थिति का आभास हो गया था, दोनों ने मिलकर यात्रियों में अफरा-तफरी फैलने नहीं दी। बस बिना ब्रेक के करीब 300 मीटर तक चलती रही। वहीं आरएम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए रिकवरी वैन और मैकेनिकों की टीम को मौके पर भेजा। उन्होंने बस का निरीक्षण किया तो परिचालक साइड के चक्के की प्रेशर पाइप फटी थी, बाकी तीनों चक्कों का प्रेशर सिस्टम बिल्कुल ठीक था और गाड़ी रुकने में कोई भी परेशानी नहीं आ रही थी। अगर बस की ब्रेक फेल होती तो चालक हताशी उतराई में बस को कैसे लेकर पहुंचता इस रिपोर्ट को लेकर विभाग में अब चालक के खिलाफ कार्यवाही शुरू कर दी है। क्षेत्रीय प्रबंधक मेहर चंद ने बताया कि कोई भी ब्रेक फेल नहीं थी चालक की लापरवाही से जुड़ा मामला है। बस के तीनों चक्के सही थे, चालक की लापरवाही पाई गई, कार्रवाई शुरू कर दी है।

### पार्किंग को लेकर वसूले जा रहे मनमर्जी के दाम

**अनंत ज्ञान, धरवाला।** हाल ही में अंतर्राष्ट्रीय मिंजर मेला 2025 समाप्त हुआ है बाहरी राज्यों से आए हुए व्यापारी जो बहुत कम दामों में जैसे कपड़े, जूते, बैडशीट, कंबल इत्यादि बहुत सी रोजमर्रा की चीजें यहां मिंजर मेले के चलते मिल जाती हैं। व्यापारी मिंजर समाप्त होने के लगभग एक सप्ताह तक यहां रहते हैं ऐसे में ज्यादातर गांव के लोग यहां जमकर खरीदारी करते हैं। ऐसे में जो लोग टैक्सी के माध्यम से या अपनी पर्सनल गाड़ी लेकर चंबा पहुंचते हैं उनके लिए सबसे बड़ी चुनौती रहती है गाड़ी पार्किंग। अगर गाड़ी कहीं बाहर खड़ी की जाए तो चालान का खतरा इसलिए हर कोई सुरक्षित पार्किंग ही ढूंढेगा लेकिन बुधवार को बालकृष्ण व नरेंद्र कपूर नामक दो युवक अपनी पर्सनल गाड़ी से चंबा पहुंचे थे। महज दो से ढाई घंटे गाड़ी खड़ी करने के 300-300 रुपए इनसे लिए गए जो की बहुत ज्यादा है। पार्किंग के नाम पर न ही इन्हें कोई रसीद दी गई। लोगों का कहना है कि प्रशासन को इन पार्किंग के रेट निर्धारित करके हर पार्किंग पर बोर्ड लगाने चाहिए ताकि पारदर्शिता बनी रहे, वह आम लोगों को इस तरह अपनी जेब ढीली ना करनी पड़े।

### महाविद्यालय सलूणी में 13 को होगा पीटीए का गठन

**अनंत ज्ञान, चंबा।** राजकीय महाविद्यालय, सलूणी में शैक्षणिक सत्र 2025-26 हेतु अभिभावक-शिक्षक संघ (पीटीए) का गठन 13 अगस्त को राजकीय महाविद्यालय, सलूणी (जिला चंबा, हिमाचल प्रदेश) द्वारा शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए पैरेंट्स-टीचर्स एसोसिएशन (पीटीए) के गठन की घोषणा की गई है। इस संबंध में सामान्य बैठक का आयोजन 13 अगस्त 2025 को प्रातः 11:30 बजे महाविद्यालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में किया जाएगा। महाविद्यालय प्रशासन द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, बैठक का उद्देश्य अभिभावकों और शिक्षकों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना है ताकि विद्यार्थियों के शैक्षणिक एवं सह-पाठ्यक्रमीय विकास को सुदृढ़ किया जा सके। बैठक में महाविद्यालय के सभी विद्यार्थियों के अभिभावकों/संरक्षकों तथा शिक्षकों को भाग लेने हेतु आमंत्रित किया गया है।

### मैहला पंचायत समिति ने विकास कार्यों पर की चर्चा



**अनंत ज्ञान, चंबा।** पंचायत समिति मैहला की तीसरी तिमाही बैठक का आयोजन विकासखंड मैहला के सभागार में किया गया। बैठक की अध्यक्षता पंचायत समिति अध्यक्ष मैहला गिरिमा देवी ने की। बैठक में 15 में वित्त आयोग के विकास कार्य की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान विकासखंड मैहला की पंचायतों में बिजली और स्वास्थ्य विभाग की समस्याओं के ऊपर भी गहनता से विचार किया गया। बैठक में पंचायत समिति महिला की वाइस चेयरमैन सूरज शर्मा विकासखंड अधिकारी मैहला बशीर खान सहित पंचायतों के प्रधान भी विशेष रूप से शामिल रहे।

### विधायक डॉ. जनक राज का पांगी में भव्य स्वागत



**अनंत ज्ञान, पांगी।** भरमौर-पांगी विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ. जनक राज गुरुवार को छह दिवसीय बूथ स्तरीय प्रवास कार्यक्रम के तहत पांगी पहुंचे। पांगी पहुंचने पर भाजपा मंडल अध्यक्ष सतीश राणा की अगुवाई में भाजपा मंडल पांगी के कार्यकर्ताओं द्वारा जोरदार और भव्य स्वागत किया गया। अपने प्रवास के दौरान विधायक डॉ. जनक राज 8 अगस्त को लुज स्थित ऐतिहासिक शीतला माता मंदिर में शीश नवाकर अपने बूथ स्तर के कार्यक्रमों की औपचारिक शुरुआत करेंगे। इसके पश्चात वे लुज, धरवास, चलौली, सुराल और सुराल भटौरी पंचायतों में आयोजित बूथ स्तरीय बैठकों में भाग लेंगे। विधायक का यह प्रवास 12 अगस्त तक जारी रहेगा, जिसके अंतर्गत वे करयास, करेल, किलाड़ एक, किलाड़, हुडान और क्रियूंणी पंचायतों के बूथों का भी दौरा करेंगे। इस दौरान वे स्थानीय लोगों से संवाद करेंगे, पार्टी कार्यकर्ताओं को बूथ सशक्तीकरण हेतु दिशा-निर्देश देंगे और क्षेत्रीय समस्याएं सुनेंगे। डॉ. जनक राज के इस दौरे को आगामी चुनावी तैयारियों की दृष्टि से अहम माना जा रहा है।

### होली की ग्राम पंचायत ग्रौंडा का सड़क से संपर्क टूटा, लोग परेशान

# लोग रस्सियों के सहारे सड़क को कर रहे आर-पार

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

भरमौर के होली की ग्राम पंचायत ग्रौंडा में सड़क बह जाने के कारण लोग रस्सियों के सहारे सड़क को आर-पार कर रहे हैं। बजोल से बड़ा भंगाल सड़क निर्माण के दौरान यह समस्या उत्पन्न हुई है, जिसके कारण तीन गांव का संपर्क पूरी तरह से कट गया है। सड़क टूट जाने के कारण यहां पर बच्चों महिलाओं बुजुर्गों को रस्सियों के सहारे उतरकर यह चढ़कर एक जगह से दूसरी जगह पहुंचना पड़ रहा है। चंबा और कांगड़ा के बॉर्डर के लिए यह पहली और अंतिम पंचायत है। लोग यहां से होकर कांगड़ा के बड़ा भंगाल से होते हुए बैजनाथ पहुंचते हैं।



जानकारी के मुताबिक बजोल बड़ा भंगाल सड़क निर्माण के दौरान यहां पर 50 मी. पहाड़ी का हिस्सा टूट गया है। जिसके चलते ग्राम पंचायत ग्राउंडा, धारड़ी, खनार कि गांव का संपर्क पूरी तरह से कट गया है। लोग एक जगह से दूसरी जगह आने जाने के लिए रस्सियां पकड़ पहुंच रहे हैं। हैरानी की बात सबसे ज्यादा यह है कि यहां पर बच्चे और महिलाएं भी रस्सियों के सहारे एक जगह से दूसरी जगह आने जाने को मजबूर हैं।2020 में तीन गांव की अलग पंचायत सरकार द्वारा बनाई गई थी।

अति दुर्गम क्षेत्र होने के चलते इसे अलग पंचायत का दर्जा दिया गया था। सड़क की कटिंग के चलते यहां पर एक पहाड़ी का हिस्सा टूटकर नीचे गिर गया है ।

#### दो माह से काम भी पूरी तरह से ठप

**सड़क** टूट जाने के कारण पिछले दो महीने से यहां पर पंचायतीराज के काम भी पूरी तरह से ठप पड़े हुए हैं। रेत बजरी सीमेंट और दूसरी चीजों की सप्लाई यहां पर पूरी तरह से ठप हो गई है। जिसके चलते पंचायत के विकास कार्य भी पड़े हुए हैं। प्रधान ग्राम पंचायत ग्राउंडा सीमा देवी का कहना है कि सड़क निर्माण के चलते यहां पर 50 से 100 मी पहाड़ी का हिस्सा टूट गया है। जिसके चलते गांव को जोड़ने वाली सड़क टूट गई है। लिहाजा गांव वालों को तहसील मुख्यालय व जिला मुख्यालय आने के लिए रस्सियों का सहारा लेना पड़ रहा है। उन्होंने उम्मीद की है कि जल्द ही सड़क बन जाने से यह समस्या हल हो जाएगी।

### लोकरक्षा के लिए भोलेनाथ विषपान कर बने नीलकंठ : राघव

**अनंत ज्ञान, चंबा।** परमपिता परमेश्वर भगवान सदाशिव के पावन चरित्र की मंगलमय संगीतमयी श्री शिव महापुराण कथा के विश्राम दिवस काशी से पधारे अंतराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त वक्ता श्रीविद्या सिद्ध संत ज्योतिष सम्राट पूज्य राघव ऋषि जी ने ऋषि सेवा समिति, पांगी के तत्वाधान में आयोजित पांगी के किलाड़ स्थित खेलकूद भवन में भक्त श्रद्धालुओं को विभिन्न शिव चरित्रों की विवेचना करते हुए भगवान के नीलकंठ स्वरूप को सुनाते हुए कहा कि समुद्र मंथन से निकले विष से सभी देवों के आग्रह से विषपान किया उस विष हलाहल पीने से भगवान शिव का गला नीला पड़ गया तभी से भगवान शिव नीलकंठ कहलाए। शिवजी के रूप अनेक है जो सृष्टि के सृजन और रूप से भक्तों का अवतार लिया।

ब्रह्मा के सृष्टि निर्माण में यह आभास हुआ कि यह स्थिर नहीं होगा तब ब्रह्मा आदि समस्त देवों ने भगवान शिव से निवेदन किया जिसके फलस्वरूप भगवान शिव ने आधा पुरुष, आधा स्त्री के रूप को एक रूप में समहित किया जो अर्धनारीशवर महादेव के रूप में अवतरित हुए जिसमें शिव व शक्ति का रूप जो सृष्टि के संचालन की व्यवस्था को बनाया।

## एपीएमसी अध्यक्ष ललित ने बलोठ व खुंदेल का दौरा कर सुनी समस्याएं



**अनंत ज्ञान, चंबा**

जन समस्याओं के समाधान के लिए तत्परता और जमीनी स्तर पर सक्रियता की मिसाल पेश करते हुए एपीएमसी चंबा के अध्यक्ष ललित ठाकुर ने ग्राम पंचायत बलोठ और खुंदेल का व्यापक दौरा किया।

उन्होंने हालिया भारी वर्षा से प्रभावित क्षेत्रों का मौके पर निरीक्षण किया और लोगों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याओं को नजदीक से समझा। बलोठ पंचायत में लंबे समय से लोगों की पीड़ा का कारण बनी 'घार' समस्या का बारीकी से निरीक्षण करते हुए ललित ठाकुर ने बताया कि इस विषय को उन्होंने उपायुक्त चंबा के साथ विशेष बैठक में उठाया है। उन्होंने कहा, 'यह केवल तकनीकी या विकास का मुद्दा नहीं, बल्कि जनजीवन की सुरक्षा का सवाल है। इसके बाद ललित ठाकुर ने ग्राम पंचायत खुंदेल का दौरा किया, जहां ग्रामीणों ने लंबागोट से खुंदेल गवारा तक सड़क निर्माण की पुरज़ोर मांग रखी। ललित ठाकुर ने कहा, 'सड़क सिर्फ रास्ता नहीं, विकास की रेखा होती है। इस मांग को साकार रूप देने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे।'

#### बटोत से अलमी सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण

**ललित** ठाकुर ने बटोत से अलमी तक बन रही सड़क के निर्माण कार्य का भी जायज़ा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता से कोई समझौता न हो और कार्य समयबद्ध ढंग से पूर्ण किया जाए। बलोठ और खुंदेल की जनता ने उनके प्रयासों की सराहना करते हुए आभार प्रकट किया और उम्मीद जताई कि क्षेत्र की वर्षों पुरानी समस्याएं अब इतिहास बनेंगी। उन्होंने कहा कि जनसेवा कोई औपचारिकता नहीं, बल्कि एक जिम्मेदारी है, जिसे मैं पूरी निष्ठा से निभा रहा हूं।

## सरकार को प्रदान करनी चाहिए विशेष आर्थिक सहायता : दिनेश

**अनंत ज्ञान, चंबा**



हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व मीडिया को-ओरडीनेटर और वर्तमान में हिमाचल किसान कांग्रेस जिला चंबा के अध्यक्ष डॉक्टर दिनेश कुमार ने प्रदेश में 1905 करोड़ के नुकसान होने पर केंद्र सरकार के उदासीन रवैया पर दु:ख व्यक्त किया है। गृह मंत्री अमित शाह उत्तराखंड राज्य में आपदाग्रस्त क्षेत्र का तो दौरा कर गए लेकिन हिमाचल नही आए, कहीं इसलिए तो नही कि इस प्रदेश में कांग्रेस की सरकार है, अगर ऐसी सोच है तो दुखद है। केंद्र में प्रदेश का प्रतिनिधित्व कर रहे सात के सात सांसदों को भी ऐसे हालात में दर्द को दर्द समझते हुए सांसद निधि प्रदेश आपदा राहत में दे देनी चाहिए ताकि आपदा के दिए जख्मों पर मरहम हो सके। डॉक्टर दिनेश ने बताया कि आपदा के कारण प्रदेश में 199 लोग जान गंवा बैठे है, जिसमें केवल लैंड स्लाइड, बाढ़ और बादल फटने से 32 लोग मृत्यु को प्राप्त हुए है और 36 लोग अभी तक लापता है। राज्य सरकार को रूटीन की आर्थिक सहायता के स्थान पर विशेष आर्थिक सहायता प्रदान करनी चाहिए ।

## राड़ी पंचायत में पेयजल संकट

**अनंत ज्ञान, धरवाला।** मैहला ब्लॉक की राड़ी पंचायत इन दिनों गंभीर पेयजल संकट से जूझ रही है, पिछले दो दिनों से यहां के लगभग एक दर्जन गांवों डंडौला, पणली, सपैड़ा, भटवाड़ा, चलेई सहित अन्य गांवों में पानी की आपूर्ति पूरी तरह ठप पड़ी हुई है, जिससे स्थानीय लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गांववासी अमरजीत, बालकृष्ण, सोनू ठाकुर, निक्कू ठाकुर, गुतला देवी और कृष्णा देवी सहित अन्य लोगों ने बताया कि अब प्राकृतिक जल स्त्रोतों का सहारा लेना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने पंचायत और जल शक्ति विभाग से मांग की है कि आवश्यक कदम उठाए जाएं ।

## डीजीसीए की टीम ने किया गौरीकुंड का निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

मणिमहेश यात्रा में हेली टैक्सी सेवा के लिए निरीक्षण की औपचारिकताओं को पूरा करने के लिए डीजीसीए की टीम ने गुरुवार को भरमौर पहुंचकर भरमौर हेलीपैड और गौरीकुंड का जायजा लिया।

इस दौरान टीम ने प्रशासन को छोटे-मोटे ऑब्जेक्शन क्लियर करने के आदेश दिए, जिसमें हेलीपैड के किनारे प्रॉपर बैरिकेडिंग हेलीपैड के अंदर आवाजाही पूरी तरह से बंद रहे इसको सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन को आदेश दिए। इसके साथ होली से गौरीकुंड हेली टैक्सी की इंस्पेक्शन के लिए टीम दोबारा यहां पहुंचेगी। डीजीसीए की टीम भरमौर और गौरीकुंड स्थित हेलीपैड को जांचा। साथ ही हवाई उड्डानों को लेकर पूरी स्थिति का जायजा भी लिया। टीम अपनी रिपोर्ट दिल्ली स्थित उच्चाधिकारियों को सौंपेगी। और परमिशन आने के बाद भरमौर गौरीकुंड के लिए 9 अगस्त से हैली टैक्सी की उड़ाने शुरू हो जाएगी।

लिहाजा इस टीम की रिपोर्ट के आधार पर ही भरमौर से मणिमहेश यात्रा में हेली टैक्सी सेवा को हरी झंड़ी मिल पाएगी। उल्लेखनीय है कि मणिमहेश यात्रा में हेली टैक्सी सेवा नौ अगस्त से आरंभ करने का फैसला प्रशासन की ओर से लिया गया है। सेवा को आरंभ करने से पहले डीजीसीए और मिनिस्ट्री ऑफ डिफेंस की अनुमति लेना आवश्यक रहता है। रिपोर्ट के आधार पर ही मणिमहेश यात्रा में भरमौर से हेली टैक्सी सेवा को शुरू करने की हरी झंडी मिलती है। बहरहाल मणिमहेश यात्रा में हवाई सेवाएं प्रदान करने वाली कंपनी हिमालयन हेली सर्विस और राजस एयरो स्पोटस दोनों का एक-एक हेलीकॉप्टर बुधवार को उपमंडल मुख्यालय भरमौर स्थित हेलीपैड पर पहुंच गए है। उधर, मणिमहेश मंदिर न्यास के अध्यक्ष एवं एडीएम भरमौर कुलवीर सिंह राणा ने बताया कि डीजीसीए की टीम गुरुवार को भरमौर पहुंची और भरमौर हेलीपैड और गौरीकुंड का निरीक्षण किया। हेलीपैड किनारे प्रॉपर बैरिकेडस और लोगों की सुरक्षा के कड़े इंतजाम करने को कहा है। परमिशन आने के बाद 9 तारीख से हेली टैक्सी सेवा शुरू हो जाएगी।

## सैनिकों और उनके परिवारों को मिलेगा कानूनी सहायता का लाभ

**अनंत ज्ञान, चंबा**

जिला सैनिक कल्याण बोर्ड, चंबा में सैनिकों, पूर्व सैनिकों एवं उनके परिवारों को कानूनी सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से 'विधिक सेवा क्लीनिक' का शुभारंभ हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश एवं हिमाचल प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के प्रधान संरक्षक न्यायमूर्ति गुरमीत सिंह संधावालिया द्वारा वर्चुअल माध्यम से किया गया। यह क्लिनिक राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) की वीर परिवार सहायता योजना 2025 के अंतर्गत स्थापित किया गया। इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायाधीश एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यकारी अध्यक्ष न्यायमूर्ति विवेक सिंह ठाकुर सहित अन्य सहयोगी न्यायाधीश भी उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 39(ए) प्रत्येक व्यक्ति को समान न्याय एवं निशुल्क कानुनी सहायता प्रदान करता है।



**जिला सैनिक कल्याण बोर्ड चंबा में विधिक सेवा क्लीनिक का वर्चुअल शुभारंभ**

न्यायमूर्ति संधावालिया ने बताया कि जो सैनिक सीमाओं पर डटे रहकर देश की सेवा कर रहे हैं, उन्हें यदि अपने गृह क्षेत्र में किसी कानूनी सहायता की आवश्यकता हो और वे अवकाश नहीं ले पाएं, तो यह विधिक सेवा क्लीनिक उनके व उनके परिजनों को आवश्यक सहायता प्रदान करेगा।

प्रत्येक विधिक सेवा क्लीनिक में दो पैरा लीगल वालंटियर्स नियुक्त किए जाएंगे, जो पूर्व सैनिकों के परिवारों से होंगे। ये वालंटियर्स लोगों को कानूनी परामर्श प्रदान करने में मदद करेंगे और आवश्यकता पड़ने पर अधिवक्ता की सेवाएं भी उपलब्ध करवाई जाएंगी। यह अभिनव पहल वीर सैनिकों एवं उनके परिवारों को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे उन्हें कानून संबंधी समस्याओं के समाधान हेतु समय पर एवं प्रभावी सहायता प्राप्त होगी।

## मतदाता सूची प्रबंधन प्रणाली को लेकर डीसी ने की बैठक

**अनंत ज्ञान, चंबा**

उपायुक्त चंबा व जिला निर्वाचन अधिकारी मुकेश रेपसवाल की अध्यक्षता में आज राष्ट्रीय सूचना केंद्र के कक्ष में मतदाता सूची प्रबंधन प्रणाली को लेकर एक बैठक आयोजित की गई।

बैठक में मतदाता सूची प्रबंधन प्रणाली का प्रभावी कार्यान्वयन और मतदान केंद्र की मैपिंग, मतदाताओं का सत्यापन व मेपिंग पर विस्तृत चर्चा की गई। उपायुक्त ने कहा कि जिला स्तर पर उपयोगकर्ता द्वारा मतदान केंद्र की मैपिंग अंतिम तिथि 14 अगस्त, ब्लॉक स्तर पर उपयोगकर्ता द्वारा सेक्शन की मैपिंग की अंतिम तिथि 22 अगस्त और मतदाताओं का सत्यापन भाग-द्यद्य के लिए अंतिम तिथि 8 सितम्बर निर्धारित की गई है। इसी तरह मतदाताओं की मैपिंग भाग-द्यद्य की अंतिम तिथि 17 सितंबर , ड्राफ्ट मतदाता सूची का पुर्वावलोकन प्रति का प्रिंट आउट कि अंतिम तिथि 19 सितम्बर रहेगी। उन्होंने यह भी बताया कि ग्राम सभा की विशेष बैठक 20 से 26 सितंबर के बीच आयोजित होगी और कार्यरत स्थिति से ड्राफ्ट की स्थिति में परिवर्तन की अंतिम तिथि 27 सितंबर निर्धारित की गई है। यह आवश्यक है कि हम मतदाता सूची को अद्यतन और सटीक रखें, ताकि सभी योग्य मतदाता अपने अधिकार का सही ढंग से प्रयोग कर सकें।

### सूडोकु नवताल- 7515 (कठिनतम)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 4 | | 6 | | | |
| | | | | | 2 | 7 | | |
| | 6 | 8 | | | | 9 | | |
| 5 | 3 | | | | | | | 6 |
| | | | | 6 | | | | |
| 7 | | | | | | | 9 | 2 |
| | | 9 | | | | 8 | 5 | |
| | | 2 | 1 | | | | | |
| | | | 3 | | 4 | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु नवताल -7514 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 7 | 1 | 3 | 6 | 4 | 8 | 5 |
| 3 | 1 | 6 | 5 | 8 | 4 | 2 | 9 | 7 |
| 5 | 4 | 8 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 2 | 1 | 4 | 7 | 3 | 8 | 5 | 6 |
| 7 | 8 | 3 | 6 | 1 | 5 | 9 | 2 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 9 | 2 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 4 | 2 | 5 | 9 | 3 | 6 | 8 |
| 6 | 3 | 2 | 8 | 4 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 8 | 5 | 9 | 3 | 6 | 1 | 7 | 4 | 2 |

अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

8 अगस्त, 2025, शुक्रवार

**विक्रमी संवत** : 2082, **शक संवत** :1947 (क्रोधी), **मास** : श्रावण, **तिथि** चतुर्दशी (14.13): **नक्षत्र** मघा (14.28), **पक्षः** शुक्ला, **योग** : प्रीति(5:39) **शुभ मुहूर्त** : अभीजित (11:59-12:53), **राहुकाल** (10:30-12:00)।

### विशेष दिन

- 09 अगस्त : रक्षाबंधन कल।
- 09 अगस्त 2025 : पूर्णिमा व्रत कल।

**मेषः** प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। घर में शुभ समाचारों का संचार होगा। परामर्श लाभदायक रहेगा।

**वृषभः** बुजुर्गों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे।

**मिथुनः** हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी।

**कर्कः** राजकीय कार्यों से लाभ। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी।

**सिंह :** शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है।

**कन्या :** मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा।

**तुलाः** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी।

**वृश्चिकः** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा।

**धनुः** आय के योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। आत्मचिंतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा।

**मकर :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा।

**कुंभ :** जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे।

**मीन :** लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी।

## प्राकृतिक खेती के लिए पांगी दौरे पर जाएंगे ललित ठाकुर

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

एपीएमसी के अध्यक्ष एवं निदेशक हिमाचल प्रदेश स्टेट कोऑपरेटिव बैंक ललित ठाकुर 8 अगस्त से 13 अगस्त तक पांगी घाटी के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान एपीएमसी के अध्यक्ष पांगी घाटी में किसानों के लिए चलाई जा रही योजनाओं की समीक्षा भी करेंगे।



मुख्यमंत्री के आदेश पर पांगी घाटी में प्राकृतिक खेती को लेकर विभिन्न विभिन्न जगह जागरूकता शिवरों का आयोजन भी किया जाएगा। 9 तारीख को पांगी के किलाड में आवासीय आयुक्त के कार्यालय में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की फीडबैक ली जाएगी। 10 और 11अगस्त को सूंन और सेचू इसके अलावा पूर्थी और शौर गांव में प्राकृतिक खेती को लेकर यहां के किसानों के साथ एपीएमसी के अध्यक्ष मुलाकात करेंगे।

इसी तरह 12 और 13 अगस्त को धरवास ,सुराल भटोरी और साच और कुमार में किसानों को प्राकृतिक खेती के प्रति जागरूक करने के लिए कैंपों का आयोजन किया जाएगा और अधिक से अधिक किस प्राकृतिक खेती की ओर जाए इसके लिए उनको प्रेरित किया जाएगा।

## भरमौर स्कूल में मनाया जाएगा स्वतंत्रता दिवस समारोह : अभिषेक

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन राजकीय बाल वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भरमौर के परिसर में आयोजित किया जाएगा।

समारोह के सफल आयोजन को लेकर एसडीएम भरमौर, अभिषेक मित्तल की अध्यक्षता में स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में स्वतंत्रता दिवस के महत्व को देखते हुए एसडीएम ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को समय रहते आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर विभिन्न शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए जाएंगे। पुलिस, होम गार्ड, एनसीसी की टुकड़िया द्वारा आकर्षक मार्च पास्ट प्रस्तुत किया जाएगा। एसडीएम ने कहा कि ध्वजारोहण से पहले प्रातः मातृ भूमि की रक्षा में बलिदान देने वाली विभूतियों और स्वतंत्रता सेनानियों को याद किया जाएगा।

**अदालती नोटिस**
**व अदालत सहायक समाहर्ता द्वितिय श्रेणी पामलपुर जिला काँगड़ा हि.प्र.।**

किस्म मुकदमा-तकसीम
मुकदमा न. 98/एनटी/2024
तारीख पेशी- 12.08.2025
**अरुण कटवाल बनाम हरजेश सिंह आदि**
**समन बनामः**- 1. श्रीमति रुको देवी पुत्री रुमी 2 रविन्द्र उपनाम शक्ति पाल 3 दलीप चंद पुत्रान व 4 निशा देवी पुत्री व 5 श्रीमति सुदर्शना देवी विध्वा प्रशोतम 6 दिनेश कुमार पुत्र व 7 ज्योति देवी 8 किरण देवी पुत्री पूर्ण चन्द 9 उधो राम उपनाम उधम सिंह 10 सुभाश, चन्द पुत्री धुन्धिय 11 अंकित पुत्र किशोरी 12 सर्वण कुमार 13 किशोरी लाल पुत्रान राजमल 14 करतार चन्द पुत्रान व 15 प्रियन्ता देवी विध्वा मस्त राम 16 देवी प्रशाद पुत्र विशन दास 17 (क) हरजेश लाल 17 (ख) पवन कुमार पुत्रान व 17 (ग) नीशा देवी पुत्री व 17 (घ) कान्ता देवी विध्वा सुभाष चन्द 18 डुमणू राम पुत्र जुल्फी पुत्र दीना 19 (क) प्रताप चन्द 19 (ख) भीम सैन 19(ग) वालो पुत्री रोशनी पुत्र दुनिया 20 फित्ता उपनाम प्यार चन्द 21 होशियार उपनाम सुभाष चन्द पुत्रान घेपलिया पुत्र प्रेम नाथ 22 सुवा पुत्र प्रेम नाथ 23 (क) धन्नू 23 (ख) श्रेष्टा देवी पुत्री पुन्या देवी पुत्र वंशी 24 प्रकाश चन्द पुत्र लुडिया पुत्र लभा 25 (क) त्रिलोक चन्द 25 (ख) दीप राज पुत्र व 25 (ग) भीमा देवी विध्वा जफू पुत्र हरिया 26 (क) सोनू पुत्र व 26 (ख) प्रिती पुत्री व 26(ग) रेखा देवी विध्वा रमेश चन्द पुत्र जफू 27 दीप राज पुत्रान व 28 भीमा देवी विध्वा जफू पुत्र हरिया 29 लक्की पुत्र व 30 आरती पुत्री व 31 कृष्णा कुमारी विध्वा तरलोक चन्द पुत्र जफू 32 प्रताप चन्द 33 भीम सैन 34 वाल कृष्ण उपनाम वालो राम पुत्रान व 35 रानी देवी 36 मलका देवी 37 मीरा देवी पुत्री धर्म नाथ पुत्र बुटू उपनाम भुटा 38 राजीव डोगरा पुत्र अमरु उपनाम अमर सिंह 39 श्रीमति स्नेह सूद विध्वा दिनेश सूद निवासी जहाल जगेहड़, मौजा जिया तहसील पालमपुर, जिला कांगड़ा हि. प्र.।
**विषयः**- भूमि तकसीम खाता न 59 खतौनी न. 108 ता 117 खसरा नम्बर किता -20 रकवा तादादी 0-81-4 हैक्ट स्थित महाल जगेहड़, मौजा जिया पालमपुर तहसील पालमपुर जिला कांगड़ा हि.प्र. जमाबंदी वर्ष 2022-23
उपरोक्त मुकदमा इस न्यायालय में विचाराधीन है। इसमें प्रतिवादी को कई बार समन किये गये, परन्तू साधारण तरीके से तामील न हो रही है। अतः अब इश्तहार/मुश्तरी-मुनादी द्वारा प्रतिवादी उपरोक्त को सूचित किया जाता है कि इस केस बारे कोई भी एतराज पेश करना हो तो वह दिनांक 12.08.2025 को अधोहस्ताक्षरी की अदालत में हाजिर होकर पेश कर सकता है। गैर हाजिर की सूरत में एक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।
आज दिनांक 05.08.2025 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर सहित जारी हुआ।
**सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी पालमपुर जिला काँगड़ा हि.प्र.।**

**अदालती नोटिस**
**व अदालत सहायक समाहर्ता द्वितिय श्रेणी पामलपुर जिला काँगड़ा हि.प्र.।**

किस्म मुकदमा-तकसीम
मुकदमा न. 97-96/एनटी/2024
तारीख पेशी- 12.08.2025
**अरुण कटवाल। बनाम हरजेश सिंह आदि**
**समन बनामः**- 1.(क) हरजेश लाल 1 (ख) पवन कुमार पुत्रान व 1 (ग) नीशा देवी पुत्री व 1(घ) कान्ता देवी विध्वा सुभाष चन्द 2 डुमणू राम पुत्र जुल्फी पुत्र दीना 3 (क) प्रताप चन्द 3 (ख) भीम सैन 3(ग) वालो पुत्री रोशनी पुत्र दुनिया 4 फित्ता उपनाम प्यार चन्द 5 होशियार उपनाम सुभाष चन्द पुत्रान घेपलिया पुत्र प्रेम नाथ 6 सुवा पुत्र प्रेम नाथ 7 (क) धन्नू 7 (ख) श्रेष्टा देवी पुत्री पुन्या देवी पुत्र वंशी 8 प्रकाश चंद पुत्र लुडिया पुत्र लभा 1 (क) त्रिलोक चन्द 9 (ख) दीप राज पुत्र व 9 (ग) भीमा देवी विध्वा जफू पुत्र हरिया 10 (क) सोनू पुत्र व 10 (ख) प्रिती पुत्री व 10(ग) रेखा देवी विध्वा रमेश चन्द पुत्र जफू 13 लक्की पुत्र व 14 आरती पुत्री व 15 कृष्णा कुमारी विध्वा तरलोक चन्द पुत्र जफू 16 राजीव डोगरा पुत्र अमरु उपनाम अमर सिंह निवासी महाल जगेहड़, मौजा जिया, तहसील पालमपुर, जिला कांगड़ा हि. प्र. ।
**विषयः**- भूमि तकसीम खाता न. 54 खतौनी न. 94 ता 97 खसरा नम्बर 683/3, 205, 250,264, 300, 304, 336, 340,348, 360, 687,381, 407,408, 409,417 ,422,305,688 किता -21 रकवा तादादी 01-73-78 हैक्ट. व खाता न. 58 खतौनी न. 104 ता 107 खसरा नम्बर किता -5 रकवा तादादी 0-19-49 हैक्ट स्थित महाल जगेहड़, मौजा जिया पालमपुर तहसील पालमपुर जिला कांगड़ा हि.प्र. जमाबन्दी वर्ष 2022-23
उपरोक्त मुकदमा इस न्यायालय में विचाराधीन है। इसमें प्रतिवादी को कई बार समन किये गये, परन्तू साधारण तरीके से तामील न हो रही है। अतः अब इश्तहार/मुश्तरी-मुनादी द्वारा प्रतिवादी उपरोक्त को सूचित किया जाता है कि इस केस बारे कोई भी एतराज पेश करना हो तो वह दिनांक 12.08.2025 को अधोहस्ताक्षरी की अदालत में हाजिर होकर पेश कर सकता है। गैर हाजिर की सूरत में एक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।
आज दिनांक 05.08.2025 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर सहित जारी हुआ।
**सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी पालमपुर जिला काँगड़ा हि.प्र.।**

**अदालती नोटिस**
**व अदालत नायव-तहसीलदार एंव कार्यकारी दण्डाधिकारी तहसील पालमपुर जिला काँगड़ा हि.प्र.।**
मुकदमा न.- 88/एनटी /2025
तारीख पेशी: 11.08.25
चमन लाल पुत्र जोंडू राम निवासी गांव कुसमल, डाक घर बगौडा, तहसील पालमपुर, जिला काँगड़ा हि.प्र.।
**बनाम**
**आम जनता**
**वजरिया ईश्तहार**
चमन लाल पुत्र जोंडू राम निवासी गांव कुसमल, डाकघर बगौडा, तहसील पालमपुर, जिला काँगड़ा हि.प्र. ने इस कार्यालय में प्रार्थना पत्र पेश किया है कि प्रार्थी की दादी परान्तु पत्नी शेरु की मृत्यु गांव कुसमल, तहसील पालमपुर, जिला काँगड़ा हि.प्र. में दिनांक 30.10.1994 को हुई है, लेकिन संबंधित ग्राम पंचायत बगौडा, के अभिलेख में दर्ज न है।
अतः अब इश्तहार द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस बारे किसी व्यक्ति को कोई भी एतराज हो तो वह दिनांक 11.08.2025 को अधोहस्ताक्षरी की अदालत में प्रातः 11:00 बजे हाजिर होकर अपनी आपती दर्ज करवा सकता है। बाद गुजरने मियाद कोई भी उजर या एतराज काविले समायत न होगा तथा प्रार्थी की दादी की मृत्यु पंजीकरण के आदेश ग्राम पंचायत बगौडा, को पारित कर दिये जायेंगे।
आज दिनांक 05.08.2025 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर सहित जारी किया गया।
**कार्यकारी दण्डाधिकारी पालमपुर।**

अनंत Classifieds

**नाम परिवर्तन**
मैं राज कुमारी (36 वर्ष) पत्नी श्री नन्द लाल गांव बुछैर, डाकघर जाओं, तहसील आनी, जिला कुल्लू व्यान करती हूं कि मेरा नाम पंचायत रिकार्ड, स्कूल तथा अन्य रिकार्डो में राज कुमारी इन्द्राज है और आधार कार्ड में मेरा नाम शांता देवी लिखा गया है। वास्तव में यह दोनों नाम एक ही महिला के हैं। अतः आज से मुझे राज कुमारी के नाम से जाना जाए। सबंधित नोट करें।

**नाम परिवर्तन**
मैं विशाल ठाकुर (19 वर्ष) पुत्र श्री नूर चंद निवासी गाँव टिपर, डाकघर कोठी तहसीन आनी, जिला कुल्लू, हि.प्र. व्यान करता हूँ कि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम बिशाल ठाकुर (BISHAL THAKUR) गलत दर्ज है। जबकि अन्य दस्तावेजों मेरा सही नाम विशाल ठाकुर (VISHAL THAKUR) दर्ज है। अतः आधार कार्ड में मेरा सही नाम विशाल ठाकुर (VISHAL THAKUR) दर्ज किया जाए। सभी संबंधित नोट करें।

**PUBLIC NOTICE**
**I, Pambrey Kumar** S/o Late Roshan Lal R/o Village & PO Anshui, Tehsil Shahpur Distt Kangra HP. Declare that my name in my daughter Charu Sharma educational documents wrongly entered as Pambrey Kumar Sharma. Whereas my correct name is Pambrey Kumar.

**नाम परिवर्तन**
**मैं गुरदीप सिंह धीमान** पुत्र देविन्दर सिंह मकान नंबर 492 सेक्टर 7ए चंडीगढ़ घोषणा करता हूँ कि मैनें अपने बेटे का नाम हर्षवर्धन धीमान से बदलकर हर्शदीप धीमान रख लिया है कृपया नोट करें।

"व्यक्ति का मूल्य उसके जन्म या जाति से नहीं, बल्कि उसके आचरण और गुणों से होता है। -संत रविदास

## संपादकीय

## राहुल गांधी बनाम चुनाव आयोग

विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने एक बार फिर चुनाव आयोग पर इलेक्शन में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए सनसनी फैला दी है। राहुल ने महाराष्ट्र चुनाव में कथित गड़बड़ी के आरोप लगाकर चुनाव आयोग की साख पर सीधा सवाल खड़ा कर दिया है। राहुल गांधी का दावा है कि महाराष्ट्र में एग्जिट पोल और वास्तविक परिणामों में भारी अंतर है। करीब 40 लाख संदिग्ध वोटर्स की मौजूदगी और चुनाव आयोग व भाजपा के बीच मिलीभगत स्पष्ट संकेत हैं कि चुनाव प्रक्रिया निष्पक्ष नहीं रही। राहुल का कहना है कि जब एग्जिट पोल कांग्रेस-गठबंधन को बढ़त दिखा रहे थे, तब आखिर नतीजे बिलकुल उलट कैसे आ गए? उनका सवाल है कि क्या लोकतंत्र को सत्ता की सुविधा के अनुसार मोड़ा जा रहा है? राहुल ने दावा किया कि महाराष्ट्र में 40 लाख से अधिक संदिग्ध वोटर पंजीकृत हैं जिनकी सत्यता पर कोई जांच नहीं हुई।

इतना ही नहीं, राहुल ने यह भी आरोप लगाया कि ईवीएम के संचालन और गिनती के दौरान भाजपा समर्थकों को अनुचित लाभ मिला। इसके लिए उन्होंने चुनाव आयोग को आड़े हाथों लेते हुए उसकी निष्पक्षता पर सवाल उठाए। चुनाव आयोग ने राहुल गांधी के आरोपों को भ्रामक और निराधार बताते हुए सिरे से खारिज कर दिया है। आयोग ने कहा कि यदि राहुल गांधी के पास ठोस साक्ष्य हैं तो वे हलफनामा दाखिल करें और मामला उच्च न्यायालय में चुनौती के लिए प्रस्तुत करें। चुनाव आयोग का कहना है कि सभी प्रक्रिया कानून सम्मत रही और जिस भी स्थान पर गड़बड़ी की आशंका जताई गई, वहां रैंडमाइजेशन, वेरिफिकेशन, और माइक्रो ऑब्जर्वेशन जैसे सभी प्रोटोकॉल अपनाए गए थे।

भाजपा ने राहुल गांधी के आरोपों को लोकतंत्र पर हमला करार दिया है। भाजपा प्रवक्ताओं ने यह भी कहा कि राहुल गांधी हर हार को साजिश बताकर जनादेश का अपमान करते हैं। भाजपा के अनुसार, जब कांग्रेस चुनाव जीतती है तो वही प्रक्रिया निष्पक्ष होती है, और जब हार होती है, तो उसी प्रक्रिया को धांधली करार दे दिया जाता है। राहुल गांधी ने इस मसले पर विपक्षी दलों को एकजुट करने की पहल की है। डिनर मीटिंग बुलाकर उन्होंने सभी सहयोगी दलों से यह अपील की है कि चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए संसद से लेकर सड़क तक संघर्ष किया जाए, लेकिन सवाल है कि क्या विपक्ष इस मुद्दे पर एक सुर में बोलने को तैयार है? कुछ दलों ने अभी तक इस पर प्रतिक्रिया नहीं दी है, जबकि कुछ दलों का मानना है कि आरोपों की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। विपक्षी एकता का यह मसला कहीं राहुल गांधी के दावे को राजनीतिक ढांचे में सीमित न कर दे।

मीडिया में यह मसला दो खेमों में बंट चुका है। एक वर्ग इसे जनादेश के साथ खिलवाड़ मान रहा है और जांच की मांग कर रहा है, वहीं दूसरा इसे एक पराजित नेता की हताशा कह रहा है। जनता के बीच भी इस मसले पर स्पष्टता नहीं है। कुछ लोग राहुल गांधी के उठाए सवालों को गंभीरता से देख रहे हैं, जबकि कुछ का कहना है कि एग्जिट पोल भविष्यवाणी होते हैं, परिणाम नहीं। यदि राहुल गांधी के आरोपों में तथ्य हैं, तो यह लोकतंत्र की नींव पर एक गहरा सवाल है, लेकिन यदि ये आरोप केवल राजनीतिक लाभ के लिए लगाए जा रहे हैं, तो इससे न केवल चुनाव आयोग की साख को ठेस पहुंचेगी, बल्कि भविष्य में हर चुनाव पर संदेह की दृष्टि से देखा जाएगा।

भारत का चुनाव आयोग विश्व में सबसे बड़ा और आमतौर पर विश्वसनीय संस्थान माना जाता है, लेकिन किसी भी लोकतांत्रिक संस्था की सबसे बड़ी पूंजी होती है जनता का विश्वास। यदि इस पर ही संदेह हो, तो यह लोकतंत्र के लिए सबसे खतरनाक संकेत है। ऐसे में राहुल गांधी को चाहिए कि वे अपने आरोपों को केवल बयानबाजी तक सीमित न रखें। यदि उनके पास ठोस प्रमाण हैं तो उन्हें उच्चतम स्तर पर विधिक प्रक्रिया के तहत चुनौती देनी चाहिए।


वहीं, चुनाव आयोग को भी चाहिए कि वह स्वतंत्र जांच समिति गठित करे जो इन आरोपों की निष्पक्ष पड़ताल करे, ताकि उसकी निष्पक्षता पर किसी भी तरह का संदेह न रहे। चुनाव लोकतंत्र की बुनियादी प्रक्रिया है। उसमें किसी भी प्रकार का संदेह, चाहे वह सही हो या भ्रम पर आधारित, पूरे तंत्र को कमजोर करता है।

राहुल गांधी ने आरोप लगाए हैं, तो अब उन्हें तथ्यात्मक आधार और संवैधानिक मंच पर उन्हें साबित करना होगा। वहीं चुनाव आयोग को केवल खंडन तक सीमित न रहकर खुली पारदर्शिता दिखानी होगी। यह मामला पूरे लोकतंत्र की साख का है। आने वाले समय में यह देखना होगा कि क्या यह मामला राजनीतिक हथियार बनकर रह जाता है या फिर इससे चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता का एक नया अध्याय शुरू होता है। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

## भारतीय राजनीतिज्ञ और वकील

**कपिल** सिब्बल जाने माने भारतीय राजनीतिज्ञ और वकील हैं, जो मनमोहन सिंह के प्रधानमंत्री कार्यकाल के दौरान कैबिनेट मंत्रिमंडल में संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री रहे। इससे पहले कपिल मानव संसाधन मंत्री भी रह चुके हैं। कपिल का जन्म जालंधर, पंजाब में हुआ। इनके पिता श्री हीरा लाल सिब्बल और माता श्रीमती कैलाश रानी सिब्बल हैं। कपिल के पिता हीरा लाल सिब्बल एक प्रसिद्ध वकील थे, जिन्हें सन् 2006 में पद्म भूषण से सम्मानित किया गया था। कपिल 1964 में दिल्ली चले आए और सेंट स्टीफंस कॉलेज से इतिहास में एमए, दिल्ली विश्वविद्यालय से एलएलबी और 1977 में हार्वर्ड लॉ स्कूल से एलएलएम उत्तीर्ण की। उन्होंने सन् 13 अप्रैल, 1973 में नीना सिब्बल से विवाह किया। उनके दो पुत्र अमित और अखिल हैं। 2005 में कपिल सिब्बल ने एक सामाजिक कार्यकर्ता प्रोमिला से पुनः शादी की। कपिल सिब्बल देश के सबसे महंगे वकीलों में से तो हैं ही, बल्कि वे कविताएं भी लिखते हैं। वे शायद दुनिया के अकेले ऐसे कवि होंगे जो अपने ब्लैकबेरी मोबाइल पर कविताएं लिखते हैं। ■



कपिल सिब्बल
**जन्म** : 8 अगस्त, 1948



कविता

## हम सब हैं मेहमान यहां

सुभाष चंद कासव, शिक्षक, जिला चंबा (हि. प्र.)

*हम सब हैं मेहमान यहां, है कुछ वर्षों का खेल यहां।*
*यह बदन हमारा मिट्टी का, करें इंतजार प्रभु चिट्ठी का।*
*यह जग निर्माण विध्वंसों का, सब खेल तमाशा सांसों का।*
*है सुंदर खेल मैदान यहां, है हम सब लोग मेहमान यहां।*
*है कुछ वर्षों का खेल यहां, है हर संगम का मेल यहां।*
*तुम भेजें यहां हैं किराये पर, तुम डटे रहे यहां मालिक बन।*
*तुम झूम रहे नित स्वयंवर को, तुम भूले हो आज यमेश्वर को।*
*हो विषय विकार से ग्रस्त चले, यहां खान-पान में मस्त रहे।*
*तुम्हें बनना था भगवान यहां, तुम बन बैठे शैतान यहां।*
*है हम सब लोग मेहमान यहां, है कुछ वर्षों का खेल यहां।*
*मां धरती ने नव श्रंगार किया, हमें बिन मांगे हर कुछ है दिया।*
*पर सीना छलनी तब है हुआ, जब दोहन बजाय है खनन किया।*
*मां धरती पे हमने जन्म लिया, है तभी हमने सब कर्म किया।*
*हमें स्वच्छ काम नित करना है, मां धरती के कर्ज को भरना है।*
*है अलौकिक सब वरदान यहां, करो पूरे हर अरमान यहां।*
*है हम सब लोग मेहमान यहां, है कुछ वर्षों का खेल यहां।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# हिमाचल में आफत की बरसात से लोगों की चिंताएं और बढ़ी



हिमाचल में आफत की बरसात से मंडी जिला और चंबा में भारी तबाही का मंजर देखने को मिल रहा है जिसके कारण लोगों की चिंताएं और बढ़ने लगी हैं। हिमाचल प्रदेश, जिसे 'देवभूमि' के नाम से भी जाना जाता है, अपनी प्राकृतिक सुंदरता और शांत वातावरण के लिए प्रसिद्ध है। हालांकि, पिछले कुछ वर्षों में, यह राज्य प्राकृतिक आपदाओं के बढ़ते खतरे का सामना कर रहा है, जिससे व्यापक जनहानि, संपत्ति का नुकसान और बुनियादी ढांचे का विनाश हो रहा है। आपदाओं का बढ़ता ग्राफ हालिया रिपोर्टों के अनुसार, हिमाचल प्रदेश में बादल फटने, अचानक बाढ़ और भूस्खलन जैसी प्राकृतिक आपदाओं की घटनाओं में वृद्धि देखी गई है।

2018 से अब तक, राज्य में बादल फटने की 148 घटनाएं, 294 बार अचानक बाढ़ और पांच हजार से अधिक भूस्खलन की घटनाएं दर्ज की गई हैं। इन आपदाओं के कारण राज्य में भारी नुकसान हुआ है, करीब 200 लोगों की मौत हो चुकी है, 36 लोग लापता हैं और 289 लोग घायल हुए हैं। 1600 से अधिक घर पूरी तरह से टूट गए हैं और 403 सड़कें बंद हैं। इन आपदाओं के बढ़ते आवृत्ति और तीव्रता के पीछे कई कारण हैं, जिनमें से जलवायु परिवर्तन एक प्रमुख कारक है। जलवायु परिवर्तन के कारण ग्लेशियर पिघल रहे हैं और तापमान में वृद्धि हो रही है, जिससे अचानक बाढ़, बादल फटना और भूस्खलन जैसी घटनाएं बढ़ रही हैं। इसकेअलावा अवैज्ञानिक निर्माण और बुनियादी ढांचे का अत्यधिक विस्तार भी इस समस्या को बढ़ा रहा है। पहाड़ी ढलानों को बिना वैज्ञानिक तरीके से काटा जा रहा है और प्राकृतिक जलमार्गों को बाधित किया जा रहा है, जिससे भूस्खलन और बाढ़ का खतरा बढ़ रहा है।



**डॉ. मनोज डोगरा**
प्राध्यापक, बड़सर कॉलेज

इन आपदाओं से निपटने के लिए हिमाचल प्रदेश सरकार और केंद्र सरकार दोनों ही गंभीर प्रयास कर रही हैं। केंद्र सरकार ने हिमाचल प्रदेश में प्राकृतिक आपदाओं के कारण उत्पन्न स्थिति का आकलन करने के लिए एक केंद्रीय टीम का गठन किया है, जिसमें विभिन्न संस्थानों के विशेषज्ञ शामिल हैं। इसके अलावा,हिमाचल की आपदा पर 2388 करोड़ का डिजास्टर रिकवरी प्रोजेक्ट शुरू किया गया है, जिसमें विश्व बैंक 2150 करोड़ रुपए का योगदान देगा।

इस परियोजना के तहत आपदा से हुए ढांचागत नुकसान का पुनर्निर्माण किया जाएगा। इसके अलावा, मुख्यमंत्री ने आपदा पुनर्वास के लिए भूमि आवंटन, वन नियमों में ढील और नदियों में ड्रेजिंग (गाद निकालने) जैसे मुद्दों पर भी चर्चा की है। इन प्रयासों के साथ-साथ, वैज्ञानिक तरीके से निर्माण, सतत विकास और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता भी इन आपदाओं के जोखिम को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। यह महत्वपूर्ण है कि हिमाचल प्रदेश इन आपदाओं से निपटने के लिए एक समग्र रणनीति अपनाए, जिसमें पूर्व-चेतावनी प्रणाली को मजबूत करना, आपदा-रोधी निर्माण को बढ़ावा देना और आपदा प्रबंधन में समुदाय की भागीदारी सुनिश्चित करना शामिल है।

इस तरह के उपायों से ही हिमाचल प्रदेश अपनी प्राकृतिक सुंदरता को बनाए रखते हुए भविष्य में आने वाली चुनौतियों का सामना कर सकता है। हिमाचल प्रदेश में प्राकृतिक आपदाओं से निपटने के लिए कई उपाय किए जा सकते हैं, जिनमें रोकथाम, शमन, तैयारी, प्रतिक्रिया और पुनर्वास शामिल हैं। राज्य सरकार और स्थानीय प्रशासन को मिलकर काम करना चाहिए, ताकि आपदाओं के जोखिम को कम किया जा सके और लोगों को सुरक्षित रखा जा सके।

बाढ़ और भूस्खलन संभावित क्षेत्रों में निर्माण कार्यों को नियंत्रित करना और ऐसी जगहों पर जहां पहले से ही निर्माण हो चुका है, वहां पुनर्वास के उपाय करना। आपदा-प्रवण क्षेत्रों में विकास कार्यों को सीमित करना महत्वपूर्ण सुविधाओं को सुरक्षित स्थानों पर बनाना और शहरी क्षेत्रों में जल संचयन क्षेत्र विकसित करना होगा। नदी-नालों को रोकना और मोड़ना, और अवैध निर्माणों को रोकना। पहाड़ों की कटाई 45 डिग्री के कोण पर और सीढ़ीदार तरीके से करनी चाहिए। राज्य और स्थानीय स्तर पर आपदा प्रबंधन योजनाओं को लागू करना और उन्हें विकास योजनाओं के साथ एकीकृत करना होगा। आपदा प्रबंधन के लिए लोगों को प्रशिक्षित करना और आवश्यक उपकरण उपलब्ध कराना होगा। लोगों को आपदाओं के जोखिम और उनसे बचने के उपायों के बारे में जागरूक करना। प्रभाव, प्राकृतिक आपदाओं के हिमाचल प्रदेश पर गंभीर और दूरगामी परिणाम होते हैं। इन आपदाओं के कारण हर साल सैकड़ों लोग अपनी जान गंवाते हैं और लाखों की संपत्ति का नुकसान होता है।

सड़कें, पुल और अन्य बुनियादी ढांचे नष्ट हो जाते हैं, जिससे कनेक्टिविटी प्रभावित होती है और पुनर्निर्माण में लंबा समय लगता है। पर्यटन, कृषि और बागवानी जैसे राज्य के प्रमुख आर्थिक क्षेत्रों को भारी नुकसान होता है, जिससे स्थानीय समुदायों की आजीविका प्रभावित होती है। वनों की कटाई, मिट्टी का कटाव और नदी के तल में बदलाव जैसे पर्यावरणीय क्षरण आपदाओं की आवृत्ति और तीव्रता को बढ़ाते हैं। हिमाचल प्रदेश को प्राकृतिक आपदाओं से सुरक्षित रखने के लिए सभी हितधारकों को मिलकर काम करना होगा। राज्य के भविष्य को सुरक्षित करने और आने वाली पीढ़ियों के लिए इसे एक सुंदर और स्थायी निवास स्थान बनाने के लिए पर्यावरण संरक्षण और आपदा प्रबंधन को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी होगी।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

नजरिया

# अवैध कब्जे हटाना न्यायालय का सराहनीय फैसला



अवैध कब्जों का नियमितीकरण किए जाने का बेड़ा उठाने वाली सरकारें हिमाचल हितैषी कतई नहीं हो सकती है। देवभूमि में आपदाएं बढ़ी तो अवैध कब्जों को इसका प्रमुख कारण माना गया है।

सर्वोच्च न्यायालय आदेश अनुसार हिमाचल प्रदेश में अवैध सेब के हजारों फलदार पौधों को काटा गया है। कारण साफ है कि राज्य सरकारें हिमाचल प्रदेश की सरकारी जमीन, वन संपदा सुरक्षित रखने में नाकाम हैं। प्रकृति से निरंतर खिलवाड़ किए जाने का खामियाजा पहाड़ की जनता भुगत रही हैं। सरकारी संपत्ति की सुरक्षा करना प्रत्येक नागरिक, सरकारी विभागों के प्रशासनिक अधिकारियों की अहम जिम्मेदारी होती है। प्रशासनिक अधिकारी सरकारी संपत्ति की सुरक्षा करने में सफल नहीं हैं। हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय ने 23 वर्षों उपरांत इस बाबत एक याचिका पर सुनवाई करते हुए तमाम अवैध कब्जों को हटाए जाने के आदेश राज्य सरकार को दिए हैं। अवैध कब्जों को लेकर लिए गए स्टे, तमाम कार्यवाही अब निरस्त होकर रह गई है। उच्च न्यायालय के आदेश के बाद अवैध कब्जाधारियों की सांसे फूलना शुरू हैं। भारतीय संविधान अवैध कब्जों को नियमित बनाने का अधिकार राज्यों सरकारों को नहीं देता है। अवैध कब्जों को नियमित बनाने का मतलब अवैध कब्जाधारियों को इनाम से नवाजना। कानून की पालना करने वालों पर इसका विपरीत प्रभाव पड़ता है। सरकारी जमीन पर प्रत्येक हिमाचली का एक समान अधिकार है। राजनीति में ऊंची पहुंच रखने वाले निरंतर अपनी मनमानी से अवैध कब्जों को अंजाम देकर सरकारी संपत्ति पर अपना अधिपत्य जमाए हुए है। अवैध कब्जाधारियों ने ऐतिहासिक तालाबों, श्मशानघाट, सड़कों किनारे, मंदिरों की जमीनों तक नहीं छोड़ा है।



**सुखदेव सिंह**
स्वतंत्र लेखक, नूरपुर

अधिकतर पंचायत प्रतिनिधि, ब्लाक समिति, जिला परिषद सदस्य, यूथ क्लब, महिला मंडल, समाजसेवी सहित आम जनमानस अवैध कब्जों प्रति अपनी आंखें नहीं खोलता है। कल्याणकारी योजनाओं के लिए सरकारी जमीन अब उपलब्ध होना बहुत बड़ी चुनौती है। राज्य सरकारें भूमिहीन लोगों के लिए जमीन का कुछ भाग मंजूर करने के बावजूद उन्हें खड्डु, नालों में बसाने की कोशिश अधिकारी करते हैं। सरकारी विभागों की जमीनों पर अवैध कब्जों की फाइल कार्यालयों की अलमारियों में बंद है। कुछेक मामलों में अधिकारी नेताओं के हस्तक्षेप चलते अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन किए जाने में सक्षम नहीं। नतीजतन सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जे किए जाने का सिलसिला निरंतर चल रहा है। सड़कों किनारे लोगों ने सरेआम होटल, रेस्टोरेंट, ढ़ाबा, शिक्षण संस्थान, मंदिर तक बना लिए हैं। वनों को काटकर वहां भी अवैध कब्जों जरिए प्रकृति से खिलवाड़ जारी है।

वोट बैंक के चलते सरकारी जमीनों पर ग्रांट देकर गरीब लोगों का भवन निर्माण करवाने वाले पंचायत प्रतिनिधियों, सरकारी विभागों के अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही होनी चाहिए। सरकारी धन-संपत्ति का दुरुपयोग एक साथ किए जाने के मामले प्रकाश में आए हैं। सिविल, सेंशन और उपमंडलाधिकारी की आदलतों में अवैध कब्जों के मामले अनगिनत जिनका कोई समाधान नहीं किया जा रहा है। पीड़ित जनता दशकों से न्याय की आस लेकर ऐसे न्याय मंदिरों पर माथा टेक कर बैरंग वापस घर लौट जाती है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत प्रत्येक गांव को सड़क सुविधा से जोड़ने की मुहिम जारी है। वनों के मध्य से सड़क निर्माण होने के कारण उसके साथ लगती जमीनों के दाम सातवें आसमान पर हैं। कुछेक सरकारी कर्मचारी ऐसी जमीनों को कोड़ियों के दाम में खरीदकर आगे इसे सोने के भाव बेचकर अपनी जेबें भर रहे हैं। हिमाचल प्रदेश में भू माफिया सक्रिय जिसे सरकार का संरक्षण प्राप्त ऐसा कहने में कोई अतिश्योक्ति नहीं है।उच्च न्यायालय ने हिमाचल प्रदेश से अवैध कब्जे हटाए जाने का समय 28 फरवरी 2026 दिया है। सात महीनों में सरकारी जमीनों पर बनाए गए अवैध होटल, मकान, पशुशाला, शिक्षण संस्थान हटाना जरूरी अन्यथा दोषी अधिकारियों पर गाज गिरना भी तय है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

**प्रदेश** में इस समय प्रकृति के विकराल प्रकोप से कहर मचा दिया है। प्रदेश में जारी भारी बारिश ने न केवल जनजीवन को अस्त-व्यस्त किया है, बल्कि जनता के जीवन, संपत्ति, संसाधनों और भविष्य पर भी प्रश्नचिन्ह खड़े कर दिए हैं। मंडी जिले के सराज विधानसभा क्षेत्र की रोहांडी की पहाड़ियों पर बादल फटने की घटना के बाद सभी गांवों में जो तबाही मची, उसने वहां के निवासियों की वर्षों की पूंजी को मिट्टी में मिला दिया। सड़कों का टूटना, पुलों का बह जाना, वाहन दुर्घटनाएं और जल योजनाओं का ध्वस्त हो जाना, यह सब मानो प्रदेश के विकास को एक झटके में दशकों पीछे ले गया। अब यह देखना बेहद पीड़ादायक है कि नदियों के तटों और नालों पर खुलेआम निर्माण हो रहे हैं सरकार व संबंधित विभाग को इस पर रोक लगानी होगी तभी इन आपदाओं से बचा जा सकता हैं।

**नरेंद्र सिंह पटियाल, नूरपुर**

# बंद कमरों में नहीं, पहाड़ों-नदियों के अनुसार बने जनता के लिए योजनाएं

हालात नहीं बदले तो विलुप्त हो जाएगा हिमाचल, राजस्व अर्जित करना ही सब कुछ नहीं है, पर्यावरण और पारिस्थितिकी (इकोलॉजी) की कीमत पर राजस्व अर्जित नहीं किया जा सकता, इस प्राकृतिक आपदा के लिए इंसान जिम्मेदार है। देश की माननीय सर्वोच्च अदालत द्वारा 28 जुलाई 2025 को की गई है यह टिप्पणी साबित करने के लिए पर्याप्त है कि प्रदेश में पिछले कुछ वर्षों से प्राकृतिक आपदा से जो जानमाल का नुकसान हो रहा है, उसके लिए जिम्मेदार कौन है। माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा प्रकट की गई चिंता प्रदेश की जमीनी हकीकत को उजागर करती है और हमारी व्यवस्था पर प्रश्न चिन्ह खड़ा करती है।



**महेंद्र धर्माणी**
घुमारवीं, बिलासपुर

प्रदेश के सरकारी तंत्र व आम जनमानस को माननीय सुप्रीम कोर्ट का यह वक्तव्य सचेत कर रहा है कि यदि समय रहते इस ओर ध्यान नहीं दिया गया तो आने वाले समय में परिस्थितियां अति भयावह हो सकती हैं। माननीय उच्चतम न्यायालय की इस चिंता ने प्राकृतिक आपदाओं से प्रत्येक वर्ष हो रहे नुकसान को लेकर हमारी प्रशासनिक व्यवस्था व नीति निर्धारकों को आगाह किया है कि प्रदेश में जो तथाकथित विकास हुआ है, क्या वह पहाड़ों व प्रकृति के अनुरूप है? अदालत ने जल विद्युत परियोजनाओं, फोरलेन सड़क निर्माण, बहु मंजिला इमारतों के निर्माण और पहाड़ों की बेतरतीब कटाई, वन कटान व अवैध खनन को इन आपदाओं का बड़ा कारण माना है। माननीय अदालत की चिंता व चेतावनी प्रदेश के नीति निर्धारकों की कार्यप्रणाली व तौर तरीकों पर भी सवालिया निशान खड़ा करती हुई दिखती है और उनको सचेत कर रही है ।

पहाड़ी राज्यों में विकास का मॉडल, तरीका, नदियों और वनों का संरक्षण कैसे हो, अधिकारी योजना बनाते समय कॉपी पेस्ट की आदत छोड़कर प्रदेश की इकोलॉजी को ध्यान में रखकर योजनाएं बनाएं, इस बात पर बल देने की आवश्यकता है। जिस प्रकार से इस वर्ष पिछले लगभग डेढ़ माह से प्रदेश में प्रकृति का कहर बरस रहा है, जान माल का नुकसान हो रहा है, सैकड़ों लोग अकाल मृत्यु का ग्रास बन गए, सैकड़ों लोग लापता हैं, मानव निर्मित सारी व्यवस्थाएं ठप हो चुकी हैं, पहाड़ों, नदियों व वनों का अस्तित्व खतरे में आने से आमजन सहमा और डरा हुआ है। आपदा पीड़ित क्षेत्रों के उम्र दराज लोग कहते हैं कि उन्होंने इस प्रकार की त्रासदी न तो अपने जीवन में कभी देखी और न ही कभी अपने बड़े बुजुर्गों से सुनी थी।



लोगों की आंखों के सामने उनका सब कुछ बह रहा है, लोग बेघर हो रहे हैं, बच्चे अनाथ हो रहे हैं, संपर्क मार्ग ध्वस्त हो गए, सब कुछ उजड़ता नजर आ रहा है। अपनों से बिछड़ने का दर्द और जिंदगीभर की खून पसीने की कमाई का उजड़ता मंजर जनता अपनी मजबूर व लाचार आंखों से देख रही है। प्रकृति द्वारा दिए गए जख्म और दर्द असहनीय व अकल्पनीय हैं। इससे पार पाने का रास्ता शासन, प्रशासन व जनता के सामूहिक प्रयासों से ही संभव है। जिसका प्रयास जनता के सभी वर्गों के साथ-साथ विभिन्न सामाजिक व राजनीतिक संगठनों द्वारा किया जा रहा है जो विपरीत परिस्थितियों में भी पीड़ितों को जूझने का हौसला व प्रेरणा दे रहा है, लेकिन माननीय अदालत का यह कहना कि इस प्राकृतिक आपदा के लिए इंसान जिम्मेदार है, यह इस बात की ओर इंगित करता है कि इन आपदाओं के लिए प्रशासनिक व योजनाकारों के साथ-साथ आम जन की सोच वो बदलता आचार व्यवहार भी जिम्मेदार है। हमारा स्वभाव प्रकृति के दोहन का न रहकर शोषण का हो चुका है। हम सब मिलकर प्रकृति का शोषण कर रहे हैं। सब कुछ दांव पर लगाकर सुविधाएं जुटाने की तरफ अग्रसर हैं।

प्रकृति में जो भी उपलब्ध है उसे केवल वर्तमान के लिए ही मानकर, जीवन जी रहे हैं। यह बदलती सोच आज इस संकट के रूप में हमारे सामने खड़ी है। जिस पर पार पाने की गंभीर चुनौती हम सबके सामने विकराल रूप लेकर खड़ी है। यह बात सही है कि दिन प्रतिदिन प्राकृतिक आपदाओं में हो रही बढ़ोतरी व भयावहता एक बहुत बड़ी चुनौती है, लेकिन यह भी सही है कि शासन प्रशासन व नीति निर्धारक लोगों के साथ आम जन को भी इससे लड़ने के लिए सामूहिक प्रयास करने की जरूरत है। आम जन जागरूक हो, पारंपरिक तकनीक का उपयोग करे,अपना आचार व्यवहार प्रकृति के अनुरूप रखे, केवल व्यवस्थाओं को कोसने से ऊपर उठकर समाज के अनुभवी व ज्ञाता जनों से विचार-विमर्श करके इन चुनौतियों से पार पाने के लिए मानसिक रूप से तैयार हो। इसलिए युवा पीढ़ी को जागरूक करने की आवश्यकता है।

विषय विशेषज्ञों, नीति निर्धारकों और पहाड़ों की परंपरागत तकनीक और तासीर का अनुभव व ज्ञान रखने वाले लोगों के साथ मिलकर विकास की योजनाएं बनें, जो प्रकृति अर्थात इन पहाड़ों और नदियों के अनुरूप हों, सरकारी तंत्र अपने विकास के मॉडल व तरीकों पर पुनर्विचार करे, योजनाएं बड़े-बड़े अधिकारियों के बंद कमरों में न बनकर गांव व पंचायत स्तर पर जनता की जरूरत के अनुसार बनें। योजनाओं के निर्माण का प्रारूप तैयार करने के लिए आधुनिक के साथ पारंपरिक तकनीकों का भी प्रयोग हो। कॉपी पेस्ट की नीति को छोड़ा जाए और प्रदेश की प्राकृतिक व मूल जरूरत के अनुसार योजनाएं बनें। योजना का निर्माण इस प्रकार से हो कि हमारे पहाड़ और नदियां बचें। जो नियम व कानून प्रकृति के संरक्षण व संवर्धन के लिए बनाए गए हैं, उनका पालन सख्ती से हो। विशेष रूप से हिमाचल के लिए उन नियम में बदलाव व छेड़छाड़ की अनुमति किसी भी स्तर पर न हो ताकि हमारा हिमाचल आने वाली पीढ़ियों के लिए भी सुंदर व सुरक्षित बना रहे।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# मोदी के निर्णायक नेतृत्व में अब महाशक्ति बन रहा भारत !

कुछ लोग बार-बार भारत की अर्थव्यवस्था को 'मृत' घोषित करने का प्रयास करते हैं। वे नकारात्मकता फैलाकर देश की आत्मा को कमजोर करना चाहते हैं, लेकिन भारत की हकीकत इससे कहीं आगे और कहीं अधिक उज्ज्वल है। भारत एक नई आर्थिक क्रांति के दौर से गुजर रहा है और यह क्रांति सड़कों पर, शहरों में, गांवों में, आकाश में और आंकड़ों में साफ दिखाई देती है। वित्त वर्ष 2023-24 में भारत की वास्तविक GDP वृद्धि दर 8.2 प्रतिशत रही, जो न केवल अमेरिका (2.7 प्रतिशत) और यूरोप (0.7 प्रतिशत) बल्कि चीन (5.2 प्रतिशत) से भी तेज है। यही नहीं, जनवरी-मार्च 2025 की तिमाही में भी भारत की GDP में 7.4 प्रतिशत की शानदार वृद्धि दर्ज की गई, यह वैश्विक अर्थव्यवस्था को भारत की मजबूती का स्पष्ट संकेत है।



**चेतन सिंह बरागटा**
प्रवक्ता भाजपा (हि.प्र.)

भारत की नॉमिनल GDP अब 4.3 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच चुकी है। इससे भारत ने जापान को पीछे छोड़ते हुए चौथे स्थान पर कब्जा कर लिया है और 2027 तक जर्मनी को पछाड़कर तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर तेजी से बढ़ रहा है। Purchasing Power Parity (PPP) के अनुसार, भारत की GDP लगभग 17 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच चुकी है और भारत अब PPP के आधार पर दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। जो भारत कभी आयात-आधारित था, आज वही भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मोबाइल निर्माता बन चुका है। विदेशी मुद्रा भंडार में चौथा स्थान, सोने के भंडार में सातवां स्टार्टअप्स में तीसरा स्थान यह सब उस भारत की कहानी है, जो आज आत्मनिर्भरता की राह पर मजबूती से खड़ा है।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में बीते वर्षों में भारत ने एक के बाद एक ऐतिहासिक आर्थिक सुधार किए हैं। GS से कर संग्रह FYwy में 20.18 लाख करोड़ रुपए तक पहुंचा। PLI योजना से 12.5 लाख करोड़ रुपए का उत्पादन और लाखों रोजगार सृजित हुए। मेक इन इंडिया के तहत वैश्विक ब्रांड भारत में निर्माण कर रहे हैं।

डिजिटल इंडिया ने देश को तकनीकी रूप से सशक्त और सक्षम बनाया है। आज का भारत स्टार्टअप्स का केंद्र, उत्पादन का हब और डिजिटल क्रांति का नेतृत्वकर्ता बन चुका है। भारत की आबादी का 65 प्रतिशत हिस्सा युवा है। जो न केवल देश की सबसे बड़ी पूंजी है, बल्कि भारत की आर्थिक ऊर्जा का असली स्रोत भी है। ये युवा सिर्फ नौकरियां नहीं खोज रहे, उद्यमिता और नवाचार के नए कीर्तिमान गढ़ रहे हैं। भारत के स्टार्टअप इकोसिस्टम में 1 लाख से अधिक पंजीकृत स्टार्टअप्स और 100 से अधिक यूनिकॉन्र्स हैं। बीते कुछ वर्षों में 25 करोड़ से अधिक भारतीय गरीबी रेखा से बाहर निकले।

50 करोड़ से अधिक नागरिकों को आयुष्मान भारत योजना से स्वास्थ्य सुरक्षा मिली। चंद्रयान-3 ने भारत को चांद पर पहुंचाया और अब गगनयान के जरिए भारत मानव को अंतरिक्ष में भेजने की तैयारी कर रहा है। भारत अब केवल विकासशील राष्ट्र नहीं रहा यह एक विकास-दायक राष्ट्र बन चुका है। यह वह भारत है जो निर्णय लेने में सक्षम, नीतियों में पारदर्शी, और विकास के लिए प्रतिबद्ध है। आज भारत कह रहा है हम आत्मनिर्भर हैं, आत्मविश्वासी हैं और वैश्विक नेतृत्व के लिए तैयार हैं और यह सब संभव हुआ है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शिता, निर्णायक नेतृत्व और राष्ट्र के लिए उनके अटूट समर्पण के कारण। अब भारत के लिए कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं, क्योंकि यह भारत अब उदासी नहीं, उजाला गढ़ता है। यह भारत अब मौन नहीं, महाशक्ति बोलता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
**ई-मेल :** anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### सुंदरनगर में 24 बोतल देसी शराब जब्त

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** सुंदरनगर में पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। डैहर पुलिस चौकी की टीम ने गश्त के दौरान सलवाना गांव में एक घर से 24 बोतल अवैध शराब बरामद की है। यह कार्रवाई हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत की गई है। जानकारी के अनुसार डैहर पुलिस चौकी के प्रभारी अपनी टीम के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान, उन्हें गुप्त सूचना मिली कि सलवाना गांव में एक व्यक्ति अपने घर में अवैध रूप से शराब का भंडारण कर रहा है। सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने तुरंत आरोपी निक्का राम निवासी गांव गुद्दीधार डाकघर सलवाना के घर पर छापा मारा। तलाशी के दौरान पुलिस को 24 बोतल अवैध शराब मिली। ये सभी बोतलें संतरा ब्रांड की थीं और इनकी कुल मात्रा 18 हजार मिलीलीटर थी। डीएसपी भारत भूषण ने बताया कि आरोपी पर मामला दर्ज कार्रवाई शुरू कर दी है।

### कल्याणी संस्था ने कृष्णा को दी सहायता



**अनंत ज्ञान, मंडी।** बाढ़ की त्रासदी में अपने परिजनों को खोने वाली कृष्णा देवी को कल्याणी संस्था द्वारा सहायतार्थ 21,000 रुपए का चेक भेंट किया है। यह सहायता गुरुद्वारा पड्डल में भावुक क्षणों में संस्था की अध्यक्षा रजनी शर्मा की अध्यक्षता में प्रदान की गई। इस दुखद घड़ी में संस्था ने दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए श्रद्धांजलि अर्पित की और पीड़ित परिवार के प्रति गहरी संवेदना प्रकट की। इन दुखद क्षणों में कल्याणी संस्था की संयुक्त सचिव पुष्पा ठाकुर, सदस्य हुकम सिंह ठाकुर, अरविंद शर्मा, एसपीयू की पूर्व प्रो. वाइस चांसलर अनुपमा सिंह भी मौजूद रहीं।

### प्रशिक्षुओं की करवाई पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान जोगिंदनगर में प्रधानाचार्य ई. नवीन कुमारी की अध्यक्षता में रेड रिबन क्लब के द्वारा एड्स व एचआईवी के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रशिक्षुओं के बीच पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न ट्रेड्स से प्रतिभागियों ने भाग लेकर अपनी रचनात्मकता और जागरूकता का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के परिणामस्वरूप इलेक्ट्रीशियन ट्रेड के अनीश ने प्रथम स्थान, फिटर के अजीत ने द्वितीय स्थान तथा इलेक्ट्रिशियन के केतन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस कार्यक्रम के दौरान प्रधानाचार्य ई. नवीन कुमारी ने अपने संबोधन में कहा कि एचआईवी एक खतरनाक वायरस है जो शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को नष्ट करता है।

### सराज पीड़ितों के लिए सौंपा 4 लाख का चेक



**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** भाजपा सरकाघाट द्वारा सिराज आपदा प्रभावितों की सहायता के लिए सरकाघाट के विधायक दिलीप ठाकुर की अध्यक्षता में चार लाख दस हजार रुपए का चेक पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर को सौंपा। इस अवसर पर सरकाघाट भाजपा के अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

### जोगिंदरनगर में 11 व 25 को होगी वाहनों की पासिंग

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** जोगिंदरनगर में आगामी 11 व 25 अगस्त को वाहनों की पासिंग होगी जबकि 12 व 26 अगस्त को ड्राइविंग टेस्ट लिया जाएगा। ड्राइविंग टेस्ट में भाग लेने के लिए ऑनलाइन स्लॉट बुक करवाना अनिवार्य होगा। एसडीएम जोगिंदरनगर मनीष चौधरी ने बताया कि आगामी 11 व 25 अगस्त को वाहनों की पासिंग जबकि 12 व 26 अगस्त को ड्राइविंग टेस्ट लिया जाएगा। ड्राइविंग टेस्ट में भाग लेने वालों को ऑनलाइन स्लॉट बुकिंग करवानी होगी। उन्होंने बताया कि 12 अगस्त को होने वाले ड्राइविंग टेस्ट में भाग लेने वाले इच्छुक अभ्यर्थी 8 अगस्त को जबकि 26 अगस्त को भाग लेने वाले इच्छुक अभ्यर्थी 23 अगस्त को प्रातः 10 बजे से ऑनलाइन स्लॉट बुक कर सकते हैं।

### श्रीकृष्ण जन्मोत्सव कार्यक्रम की भव्य तैयारियां

**अनंत ज्ञान, मंडी।** मंडी जनपद में आगामी 8 से 16 अगस्त तक भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव महोत्सव बड़े हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। यह आयोजन सनातन धर्म सभा मंदिर मंडी में पंडित योगेश शर्मा की प्रेरणा से आयोजित किया जा रहा है। इस पावन अवसर पर प्रतिदिन सुबह 5:15 बजे प्रभात फेरी और दोपहर 3:30 बजे से शाम 6:30 बजे तक कथा का आयोजन किया जाएगा। 15 अगस्त को शोभायात्रा का आयोजन होगा जिसमें सुबह 5:15 बजे प्रभात फेरी निकाली जाएगी। 4 बजे से घोड़ा यात्रा आरंभ होगी और शाम 7 बजे से रात 12 बजे तक भजन संकीर्तन का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान ठाकुर जी का जन्मोत्सव, बधाई गीत तथा प्रसाद वितरण होगा। 16 अगस्त को विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

### सरकाघाट में अंडर-19 गर्ल्स बास्केटबॉल ट्रायल संपन्न

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** पीएम श्री राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सरकाघाट के खेल मैदान में जिला मंडी की अंडर-19 गर्ल्स बास्केटबॉल टीम के चयन हेतु ट्रायल का आयोजन किया गया। इस ट्रायल में पूरे मंडी जिले से 30 खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिनमें से उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर 12 खिलाड़ियों का चयन किया गया है। चयनित खिलाड़ी अब अंडर-19 जूनियर बॉयज एंड गर्ल्स बास्केटबॉल टूर्नामेंट में भाग लेंगी, जो कि सिरमौर जिला के पौंटा साहिब में आयोजित किया जाएगा।चयन प्रक्रिया पूरी तरह से पारदर्शी तरीके से संपन्न हुई, जिसकी निगरानी महासचिव अशोक शर्मा, तकनीकी अधिकारी राजू, राष्ट्रीय खिलाड़ी पंकज नेगी, चयन समिति सदस्य दिनेश कुमार और डीपी अनुज कुमार ने की।

### ड्रोन प्रौद्योगिकी पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** कृषक प्रशिक्षण केंद्र सुंदरनगर में कृषि में रिमोट सेंसिंग और ड्रोन प्रौद्योगिकी विषय पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मंडी, कांगड़ा, हमीरपुर, बिलासपुर, सिरमौर, कुल्लू तथा ऊना जिलों के कृषि विकास और कृषि प्रसार अधिकारियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान कृषक प्रशिक्षण केंद्र की प्रधानाचार्य डॉ. प्राची, उप प्रधानाचार्य डॉ. ओम प्रकाश, समन्वयक डॉ. सुधीर, भू-सूचना विज्ञान वैज्ञानिक डॉ. श्रुमेश्वर, भू-सूचना प्रणाली विशेषज्ञ धृति शर्मा और दीपक शर्मा, कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. नरेश यादव, डॉ. राजीव शर्मा, डॉ. सुधीर और डॉ. अमर सिंह कौंडल ने प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रदान किया। कार्यक्रम में कृषि में रिमोट सेंसिंग और ड्रोन प्रौद्योगिकी की अवधारणा, उपयोगिता और इसका बढ़ता महत्व सहित आदि की जानकारी दी।

---

#### आउटलेट को 70 से ज्यादा रजिस्टर्ड पत्र लौटाए, बहनों में गुस्सा

# डाक विभाग की लचर व्यवस्था से राखी पहुंचाने की उम्मीदें टूटीं

रितेश चौहान, अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** रक्षाबंधन जैसे पावन त्योहार से पहले डाक विभाग की लचर कार्यप्रणाली ने सैकड़ों बहनों की भावनाओं को गहरी ठेस पहुंचाई है। सरकाघाट उपडाकघर के अंतर्गत मेन बाजार में चल रहे डाक आउटलेट से 6 और 7 अगस्त को पंजीकृत की गई करीब 70 राखियों से युक्त पत्रों को डाक विभाग ने यह कहकर लौटा दिया कि सर्वर डाउन है। इससे राखी भेजने की उम्मीद लगाए बैठी बहनों में भारी रोष व्याप्त है।

बहनों का कहना है कि वे पिछले 10 दिनों से डाकघर के चक्कर काट रही थीं, लेकिन हर बार 'सिस्टम अपडेट' और 'सर्वर डाउन' का बहाना बनाकर रजिस्टर्ड डाक लेने से मना कर दिया गया।

बुधवार को सिस्टम ठीक होते ही बहनों ने अपनी राखियां रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से भेजीं, लेकिन अब जानकारी मिल रही है कि विभाग ने उन्हें लौटा दिया है। इससे स्पष्ट है कि इस रक्षाबंधन पर बाहर



जानकारी देते पोस्टमैन।

#### कहा-विभाग की लापरवाही माफी के काबिल नहीं

रहने वाले भाइयों की कलाई राखियों से सूनी रह जाएगी। राखी भेजने वाली बहनों नीलम, राजीन्द्रा, सुमन, सवित्री, रक्षा, सोमा देवी, रंजना, सरोज, कमला देवी आदि ने डाक विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि त्योहारों के मौके पर ऐसी लापरवाही माफी के काबिल नहीं।

#### आउटलेट नहीं, विभाग जिम्मेदारः प्रभारी पवन

डाक आउटलेट प्रभारी पवन कुमार ने स्पष्ट किया कि उन्होंने राखियों से युक्त पत्रों को नियम अनुसार पंजीकृत किया था, लेकिन विभाग ने उन्हें बिना कोई ठोस कारण बताए लौटा दिया। उन्होंने कहा कि इसके लिए आउटलेट को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता, पूरी तरह डाक विभाग की जिम्मेदारी है।

#### ऑर्डिनरी डाक ही स्वीकार

**सरकाघाट** उपडाकघर के पोस्टमास्टर संजय कुमार ने बताया कि सर्वर बार-बार डाउन हो रहा है और सिस्टम अपडेट के बावजूद समस्या बनी हुई है। फिलहाल सिर्फ ऑर्डिनरी डाक ही स्वीकार की जा रही है। लोगों ने मांग की है कि डाक सेवाओं को तुरंत दुरुस्त किया जाए ताकि त्योहार की खुशियों में खलल न पड़े।

---

### जंगल घूमने गए तीन दोस्तों में से एक को लगी गोली

**अनंत ज्ञान, मंडी।** बल्ह क्षेत्र के रिवालसर कोठी-गहरी के तीन दोस्त योगराज, धर्मपाल और कमल कूप गलू जंगल के पास शाम के समय घुमने चले गए। मगर रात के करीब आठ बजे कमल उठा, तो उसे कहीं से आकर एक गोली लग गई। गोली किसी अज्ञात जगह से आई थी उसके दोनों दोस्त योगराज और धर्मपाल कुछ समझ पाए तब तक इनका दोस्त कमल लहूलुहान हो चुका था। आनन-फानन में इन्होंने कमल को रिवालसर अस्पताल पहुंचाया। जहां पर उसे गन शॉट केयर दिया गया, इसके पश्चात उसे वहां से नेरचौक रेफर कर दिया गया। उसकी गंभीर हालत को देखते हुए चंडीगढ़ के लिए रेफर कर दिया गया।

#### युवक चंडीगढ़ के लिए रेफर

इधर, एसएचओ बल्ह संजय कुमार ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। उन्होंने बताया कि कोठी-गहरी के तीन दोस्त कूप गलू जंगल के पास मौज मस्ती कर रहे थे। तभी किसी एक दोस्त को गोली लग गई है, जिसका उपचार अभी पीजीआई चंडीगढ़ में चल रहा है। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

---

# कलखर की हरिजन बस्ती पांच माह से पानी को तरस रही



पानी की मांग को लेकर एकत्र हुए ग्रामीण रोष जाहिर करते हुए।

रितेश चौहान, अनंत ज्ञान, सरकाघाट

उपमंडल सरकाघाट की ग्राम पंचायत गुम्मू के कलखर वार्ड की हरिजन बस्ती में रहने वाले एक दर्जन से अधिक परिवार बीते पांच महीनों से बूंद-बूंद पानी को तरस रहे हैं, लेकिन जल शक्ति विभाग ने अब तक कोई समाधान नहीं किया है। विभाग की अनदेखी ग्रामीणों के लिए अब जल संकट नहीं बल्कि जीवन संकट बन चुकी है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि हरिजन बस्ती के लोग रोजाना पीने के पानी के लिए यहां-वहां भटक रहे हैं। कई बार जल शक्ति विभाग के कनिष्ठ अभियंता से फोन पर शिकायत की गई और व्यक्तिगत रूप से मिलकर समस्या बताई गई, मगर अब तक आश्वासन मिला, समाधान नहीं।

स्थानीय निवासी बलीभद्र ने बताया कि अब लोग मजबूरी में वर्षा का गंदा पानी इकट्ठा करके पीने को विवश हैं। इससे बच्चों और बुजुर्गों की सेहत पर बुरा असर पड़ रहा है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही इस गंभीर समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो विभाग के खिलाफ धरना-प्रदर्शन किया जाएगा।

#### कई बार शिकायत के बावजूद नहीं मिला समाधान

प्रभावित परिवारों में तेज राम, शंकरी देवी, विनोद कुमार, श्याम लाल, निर्मला देवी, घनश्याम, परमा राम, सिमरो देवी, यशपाल, नरोत्तम राम, रेवती देवी, कर्म चंद, विमला देवी, बलिभद्र, निशा देवी, किशन लाल, चम्पा देवी, सुंदरी देवी, तिलक राज, खूब राम और कोमल। ये सभी लोग हर रोज पानी की तलाश में संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन सरकार और विभाग अभी तक चुप्पी साधे हुए हैं।

कनिष्ठ अभियंता रिवालसर ओम प्रकाश ने बताया कि कलखर नेरचौक सड़क के कार्य में हमारी पाइप लाइन टूटी है जिसे जल्द ही जोड़ दिया जाएगा।

---

## बारिश से सेब की गुणवत्ता को खतरा उपायुक्त मंडी और उद्यान विभाग हुए सक्रिय

अनंत ज्ञान, मंडी

जिले में लगातार हो रही बारिश के कारण सेब की फसल पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं। फलों में फफूंद जनित रोगों का प्रकोप बढ़ने की आशंका है, जिससे न केवल उत्पादन प्रभावित हो सकता है बल्कि बागवानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है।

उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने उद्यान विभाग को निर्देश जारी करते हुए कहा है कि वह क्षेत्र के सेब उत्पादकों को समय रहते उचित मार्गदर्शन दें और फसल को नुकसान से बचाने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाएं। उन्होंने विभाग को निर्देश दिया है कि प्रत्येक उप-मंडल और विकास खंड स्तर पर उद्यान अधिकारियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित हो ताकि बागवानों तक सटीक जानकारी समय पर पहुंच सके। एसएमएस बागवानी पूजा गौतम ने बताया कि वर्षा के चलते बगीचों में अत्यधिक नमी बनी हुई है, जिससे स्कैब जैसे रोग की संभावना बढ़ गई है। सेब की तुड़ाई तब तक स्थगित रखनी चाहिए जब तक साफ न हो जाए। गीले सेब की तुड़ाई करने से उनकी गुणवत्ता और भंडारण क्षमता प्रभावित हो सकती है। पूजा ने बताया कि कटाई के बाद फलों को सूखे और हवादार स्थान पर भंडारित किया जाना चाहिए।

---

## पीपली बल्ह की रश्मि बनी इसरो में वैज्ञानिक

रितेश चौहान, अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** उपमंडल धर्मपुर की पीपली भराड़ी के पीपली बल्ह की कला शिक्षक रमेश कुमार की बेटी ने देश के प्रतिष्ठित संस्थान इसरो में वैज्ञानिक चयनित होकर माता-पिता और क्षेत्र का नाम रोशन किया है।



रश्मि के पिता रमेश ने बताया कि उसकी बेटी की जमा दो तक की शिक्षा कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जोगिंदरनगर से हासिल की है और बीएससी मेडिकल की पढ़ाई जोगिंदरनगर से प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होकर पास की है। रमेश ने बताया कि रश्मि पहली कक्षा से बीएसई तक प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की है। उसके बाद रश्मि ने सीएसआईआर कसौली से अखिल भारतीय संस्थान से देश भर में प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होकर एमएसई माइक्रोबायोलॉजी में डिग्री हासिल की। उसके बाद रश्मि ने आईआईटी कमांड कटोला से पीएचडी की डिग्री हासिल करते हुए देश के मानव संसाधन मंत्री द्वारा पुरस्कृत हुई। उसके बाद उन्होंने देश के प्रतिष्ठित संस्थान इसरो में वैज्ञानिक चयनित हुई।

रश्मि ने बताया कि वह पढ़ाई के साथ घर में अपनी माता के साथ खाना बनाने में भी सहायता करती थी। रश्मि ने बताया कि आज जिस मुकाम पर वह पहुंची है उसमें उसके पिता रमेश कुमार का बहुत बड़ा हाथ है जिन्होंने अपनी सीमित आय में भी उसकी पढ़ाई करने के लिए प्रोत्साहन दिया।

रश्मि की इस उपलब्धि पर उसके तत्कालीन राजीव गांधी डिग्री कालेज जोगिंदरनगर के प्राचार्य डॉ. एनएस चंदेल ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उसके उज्वल भविष्य की कामना की है।

---

## आईआईटी मंडी ने ड्रोन से विद्युत बहाली में किया सहयोग

**अनंत ज्ञान, मंडी।** छपराहण (मुलान्डी) गांव में पिछले तीन दिनों से बाधित बिजली आपूर्ति को बहाल करने के लिए चल रहे कार्य में आईआईटी मंडी की टीम द्वारा ड्रोन तकनीक की मदद दी गई।

सीएसआईआर विभाग से डॉ. अमित शुक्ला के मार्गदर्शन में प्रणव सिंह और विकास शर्मा की टीम ने ड्रोन की सहायता से 11 केवी सरांडा फीडर की सैगिंग प्रक्रिया में तकनीकी सहयोग प्रदान किया। अधिशाषी अभियंता गोहर सुमित चौहान ने बताया यह फीडर उस समय क्षतिग्रस्त हुआ जब 33 केवी पंडोह-गोहर लाइन में दो दिन पूर्व भारी क्षति हुई थी और यह 11 केवी सरांडा फीडर के ऊपर से गुजरती है। उन्होंने बताया कि आईआईटी मंडी की टीम द्वारा प्रदान की गई ड्रोन सहायता से न केवल बहाली कार्य में तेजी आई, बल्कि यह कार्य अधिक सुरक्षित और कुशल रूप से संभव हो सका। फील्ड स्टाफ की टीम द्वारा बहाली का कार्य युद्धस्तर पर जारी है और बोर्ड का लक्ष्य है कि जल्द से जल्द छपराहण गांव में बिजली आपूर्ति सुचारू रूप से बहाल की जाए।

---

## पर्यावरण जीवन के लिए अनिवार्य: बीआर कौंडल

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

उच्च न्यायालय ने एक अहम फैसले में प्रदेश के नागरिकों और सरकार को पर्यावरण संरक्षण के प्रति उनके दायित्व का अहसास दिलाया है। वरिष्ठ अधिवक्ता एवं सेवानिवृत्त प्रशासनिक अधिकारी बीआर कौंडल ने कहा कि उच्च न्यायालय ने सरकारी भूमि पर अतिक्रमण करने वालों पर करारा प्रहार किया है। हाल ही में माननीय उच्च न्यायालय द्वारा पूनम गुप्ता और अन्य बनाम हिमाचल प्रदेश राज्य एवं अन्य केस के फैसले में सरकारी भूमि पर हुए कब्जों को लेकर कड़ा रुख अपनाते हुए अपने 44 पन्नों के महत्वपूर्ण फैसले में लोगों और सरकार दोनों को पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी से अवगत करवाया है।



बीआर कौंडल ने कहा कि पर्यावरण जीवन के लिए अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि सरकारी भूमि किसी व्यक्ति को इसलिए नहीं दी जा सकती कि उस पर उसने अतिक्रमण कर रखा है। जबकि अतिक्रमण करने वालों को भूमि देना संविधान के अनुच्छेद-14, के तहत कानून की नजर में समानता के अधिकार का भी उल्लंघन है। हिमाचल प्रदेश जैसे पहाड़ी राज्य में 123835 बीघा जमीन पर 57,549 मामलों के चलते अवैध कब्जे के केस चल रहे हैं। जबकि वर्ष 90 के दशक में एक लाख 67 हजार आवेदन अवैध कब्जों को नियमित करने बारे किए गए थे। जो अभी फाइलों में दबे हुए हैं। माननीय उच्च न्यायालय ने अपने इस फैसले में कहा कि इस तरह के लाखों कब्जे एक ही समय में तो नहीं हुए हैं। इसलिए उन अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करें जिन के समय में सरकारी भूमि पर कब्जा हुआ। न्यायालय ने राजस्व और वन अधिकारियों को सरकारी भूमि से अतिक्रमण हटाने संबंधी मामलों का फैसला करने संबंधी कानून का प्रशिक्षण देने की सरकार को हिदायत दी है।

---

## अवैध कब्जों पर कोर्ट के आदेश गरीबों के खिलाफः चमन राही

अनंत ज्ञान, मंडी

अखिल भारतीय दलित, पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक वर्ग परिषद के महासचिव व राज्य प्रवक्ता चमन राही ने कोर्ट के अवैध कब्जों को हटाने के आदेशों पर कड़ा ऐतराज जताया है। चमन राही ने स्पष्ट किया कि सरकार द्वारा सफाई कर्मचारियों, दलितों, गरीबों और अल्पसंख्यक लोगों को रहने के लिए जमीनें दी गई थीं, लेकिन अब कोर्ट के निर्णयों के कारण इन वर्गों को अपनी छतें और जमीनें गंवानी पड़ सकती हैं। परिषद इस मुद्दे पर पूरी तरह सक्रिय है और जल्द मुख्यमंत्री और राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा जाएगा।



यदि सरकार ने समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए, तो परिषद आंदोलन का रास्ता अपनाने से पीछे नहीं हटेगी। उन्होंने बताया कि परिषद जल्द ही एक आपात बैठक बुलाकर आगे की रणनीति तैयार करेगी। चमन राही ने कांग्रेस सरकार से अपील की कि वह जनहित में ठोस कानून बनाकर कब्जों को नियमित करने की प्रक्रिया शुरू करे।

---

### देश मित्र ने की सड़क सुधार की मांग

**अनंत ज्ञान, मंडी।** जिला न्यायालय में कार्यरत वकील व जिला बार एसोसिएशन की उपाध्यक्ष देश मित्र ठाकुर ने उपायुक्त को मंडी पठानकोट राष्ट्रीय राजमार्ग की खस्ता हालत के बारे में शिकायत पत्र दिया है। शिकायत पत्र में उन्होंने विशेष तौर पर खलियार, बिजणी और पधर के बीच वाले भाग में सड़क की खस्ता हालत को इंगित करते हुए शिकायत की है। उन्होंने एनएचएआई पर निशाना साधते हुए कहा कि फोरलेन निर्माण के लिए जिम्मेदार यह कंपनी उचित निर्माण के की शर्तों को पूरा करने में नाकामयाब रही है। उन्होंने मांग की कि निर्माण कंपनी सड़क पर सुधार करें।

---

### किसानों के लिए लगाया जागरूकता शिविर

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** ग्राम पंचायत सलापड़ के खुराहल गांव में उद्यान विभाग सुंदरनगर द्वारा एक दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लगभग 40 किसानों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं एवं एचपी शिवा परियोजना की जानकारी देना था। शिविर के दौरान विषय विशेषज्ञ एवं जिला समन्वयक, एचपी शिवा परियोजना मंडी, डॉ. राजेश शर्मा ने किसानों को एचपी शिवा परियोजना के उद्देश्यों, लाभों एवं क्लस्टर चयन प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी।

---

## लोगों ने चिट्टे के आदी युवक को पकड़कर किया पुलिस के हवाले

अनंत ज्ञान, मंडी

मंडी जिला की बल्ह घाटी के मूंदडू गांव के लोगों ने चिट्टे के आदि एक युवक को पुलिस के हवाले किया। जिससे मौके पर 0.17 ग्राम चिट्टा और 0.84 ग्राम भांग बरामद हुई। बल्ह क्षेत्र के लोगों ने बताया कि बीती रात को अज्ञात बाइकर्स उनके क्षेत्र में घूम रहे थे, तभी उन्हें पूछताछ के लिए रोका एक युवक बाइक के साथ वहां से भाग निकला, लेकिन एक उनके हत्थे चढ़ गया। उन्होंने पुलिस को सूचित किया, जब पुलिस वहां पर पहुंची तो युवक से मौके पर तलाशी लेने पर 0.17 ग्राम चिट्टा तथा 0.84 ग्राम भांग बरामद हुई। एसएचओ बल्ह संजय कुमार ने बताया कि बुधवार की रात ग्रामीणों का फोन आया था, उन्होंने रोहिण कुमार पुत्र जीवन आनंद निवासी सयोहल को पकड़ा हुआ था। जो नशे का आदी है उसने बताया कि वह अपने मित्र के साथ यहां आया हुआ था।

लोगों के डर से उसका मित्र भाई के साथ भाग गया है, तलाशी लेने पर उसके पास से 0.17 ग्राम चिट्टा तथा 0.84 ग्राम भांग बरामद हुई है। उन्होंने बताया कि युवक को नोटिस देकर छोड़ दिया गया है।

---

## जोगिंद्रनगर अस्पताल में डॉक्टरों की कमी से मरीज परेशान

अभिषेक, अनंत ज्ञान

**जोगिंद्रनगर।** उपमंडल जोगिंद्रनगर के सिविल अस्पताल की हालत इन दिनों गंभीर चिंता का विषय बन गई है। मरीजों को इलाज के लिए घंटों इंतजार करना पड़ रहा है, क्योंकि अस्पताल में डॉक्टरों की संख्या बेहद कम है। सुबह से ही ओपीडी के बाहर लंबी कतारें लग जाती हैं और लोग डॉक्टर के आने का बेसब्री से इंतजार करते रहते हैं।

सिविल अस्पताल जोगिंद्रनगर मात्र तीन से चार डॉक्टरों के सहारे संचालित हो रहा है। इन डॉक्टरों को दिन और रात की शिफ्टों में लगातार सेवाएं देनी पड़ रही हैं, जिससे वे खुद भी मानसिक और शारीरिक रूप से थक चुके हैं। मरीजों की भारी भीड़ के बीच सीमित डॉक्टरों की मौजूदगी स्वास्थ्य सेवाओं को बुरी तरह प्रभावित कर रही है। बुधवार को एक स्थानीय महिला ने अस्पताल की वास्तविक स्थिति को सोशल मीडिया पर लाइव वीडियो के माध्यम से उजागर किया। वीडियो में दिखाया गया कि किस प्रकार मरीज घंटों इंतजार के बाद भी बिना इलाज लौटने को मजबूर हो रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले चार से पांच महीनों से अस्पताल में कोई स्थायी डॉक्टर नियुक्त नहीं किया गया है। ऐसे में तीन-चार डॉक्टरों से पूरे अस्पताल की ओपीडी, इमरजेंसी, महिला रोग, प्रसव, बच्चों की जांच, दवाइयों की पर्चियां, सभी सेवाएं सुचारू रूप से संचालित कर पाना संभव नहीं है।

#### तीन-चार डॉक्टरों के सहारे चल रही दिन-रात की सेवाएं

स्थानीय निवासी विनोद कुमार का कहना है कि सरकार को बार-बार ज्ञापन देने के बावजूद डॉक्टरों की संख्या नहीं बढ़ाई गई। लोगों ने प्रदेश सरकार और स्वास्थ्य विभाग से मांग की है कि जोगिंद्रनगर सिविल अस्पताल में शीघ्र स्थायी डॉक्टरों की नियुक्ति की जाए ताकि क्षेत्रवासियों को समय पर और उचित स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें।

---

## संस्कृत महाविद्यालय में मिस्टर भव्य और मिस फ्रेशर बनी मीनाक्षी



मिस्टर और मिस फ्रेशर के साथ जिला मंडी युवा कांग्रेस अध्यक्ष निखिल ठाकुर।

अनंत ज्ञान, सुंदरनगर

संस्कृत महाविद्यालय में एनएसयूआई द्वारा प्रथम वर्ष के छात्रों के लिए स्वागत समारोह आयोजित किया गया, जिसमें जिला मंडी युवा कांग्रेस अध्यक्ष निखिल ठाकुर बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहे।

इस मौके पर प्रधानाचार्य खुशवंत सिंह भी मंच पर मौजूद थे। कार्यक्रम में मिस्टर फ्रेशर भव्य शर्मा और मिस फ्रेशर मीनाक्षी को चुना गया। दोनों ने इस प्रतिष्ठित सम्मान के लिए जबरदस्त प्रतिस्पर्धा की। निखिल ने अपने संबोधन में छात्रों को शिक्षा के महत्व पर जोर दिया। यह आयोजन महाविद्यालय में नई ऊर्जा और जोश लेकर आया, और छात्रों को एक सकारात्मक वातावरण में शिक्षा प्राप्त करने का संदेश दिया गया।

---

**मुसीबत** भूस्खलन ने उजाड़ा आशियाना, मनोह गांव में दीवार तोड़ घर में घुसा मलबा

# दो मंजिला मकान ध्वस्त होने से परिवार बेघर

अभिषेक शर्मा, अनंत ज्ञान

**जोगिंद्रनगर।** ग्राम पंचायत नेर घरवासड़ा के मनोह गांव में बुधवार रात भूस्खलन ने भारी तबाही मचाई। देर रात हुए भूस्खलन में मलबा तेजी से नीचे आया और बीरि सिंह के दो मंजिला मकान में घुस गया। मलबा इतनी ताकत से आया कि दीवारों को तोड़ता हुआ सीधे घर के भीतर समा गया और देखते ही देखते वर्षों की मेहनत से बना उनका पूरा मकान मलबे में तब्दील हो गया। घटना के समय घर का कुछ हिस्सा निर्माणधीन था, जो भी अब पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुका है। बीरि सिंह, जो मकरीड़ी में एक



भूस्खलन से ध्वस्त हुआ मकान।

दवाइयों की दुकान चलाते हैं, ने बताया कि 29 जुलाई को हुई मूसलाधार बारिश के बाद उनके घर के पास भूस्खलन की गतिविधि शुरू हो गई थी। उन्होंने प्रशासन को कई बार इस खतरे से अवगत करवाया, लेकिन कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

घटना के बाद बीरि सिंह का पूरा परिवार बेघर हो गया है और अब वे पड़ोसियों के घरों में शरण लेने को मजबूर हैं। इस दर्दनाक हादसे के बाद गांव में दहशत और प्रशासन के प्रति गहरा आक्रोश है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि प्रशासन ने समय रहते कार्रवाई की होती, तो यह नुकसान टाला जा सकता था। घटना की सूचना मिलते ही राजस्व विभाग की टीम, पुलिस और पंचायत प्रतिनिधि मौके पर पहुंचे और नुकसान का जायजा लिया।

#### सरकार से पुनर्वास राशि जारी करने की मांग

**पूर्व** कांग्रेस प्रत्याशी जीवन ठाकुर भी घटनास्थल पर पहुंचे और उन्होंने पीड़ित परिवार को अस्थाई रूप से बिजली बोर्ड के क्वार्टर में शिफ्ट करवाने की व्यवस्था की। राहत सामग्री भी परिवार को उपलब्ध करवाई गई। जीवन ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि इस आपदा प्रभावित परिवार को सिराज क्षेत्र की तर्ज पर 7 लाख की पुनर्वास राशि दी जाए ताकि वे अपने जीवन की दोबारा शुरुआत कर सकें, प्रशासन ने भी प्रारंभिक नुकसान का आकलन कर रिपोर्ट तैयार करने की बात कही है।

---

## आपदा प्रभावितों की मदद के लिए आगे आया शुभ प्रभात हेल्थ क्लब हमीरपुर

अनंत ज्ञान, सरकाघाट

शुभ प्रभात हेल्थ क्लब हमीरपुर ने धर्मपुर के दो दर्जन से अधिक प्रभावित परिवारों की नगद राशि देकर मदद की। हमीरपुर की प्रमुख सामाजिक संस्था शुभ प्रभात हेल्थ क्लब हमीरपुर के प्रधान आरएल भारद्वाज की अगुवाई में क्लब का एक दल मंडी पहुंचा।



प्रभावितों की मदद करते क्लब के पदाधिकारी।

धर्मपुर क्षेत्र के दो प्रभावित स्थानों का दौरा किया। जिसमें क्लब के वरिष्ठ पदाधिकारी रविंद्र ठाकुर, किशोर शर्मा, सुनील शर्मा, पूर्ण कटोच भी शामिल है। उन्होंने सबसे पहले लौंगनी पंचायत के स्याठी गांव का दौरा किया, जहां पर एक ही गांव के 20 परिवार आपदा से बुरी तरह से प्रभावित हुए हैं। इसी तरह से धर्मपुर क्षेत्र की सकलाना पंचायत के भद्राना गांव में शुभ प्रभात हेल्थ क्लब का दल पहुंचा तथा यहां पर भी पीड़ित परिवारों को नकद राशि प्रदान की गई। क्लब के सदस्यों ने धर्मपुर में एसडीएम जोगिंदर पटियाल से भी भेंट की।

## न्यूज ब्रीफ

### मतदान केंद्रों की सूचियों के 13 तक होंगे दावे



**अनंत ज्ञान, ऊना।** ऊना जिले के पांचों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों 41-चिंतपूर्णी (अजा), 42-गगरेट, 43-हरोली, 44-ऊना और 45-कुटलैहड़ के वर्तमान मतदान केंद्रों में संशोधन/नए मतदान केंद्रों के सृजन के लिए विद्यमान मतदान केंद्रों की सूचियों का प्रारूप प्रकाशित कर दिया गया है। उपायुक्त ने बताया कि यह सूचियां लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 के उपबंध 25 में निहित प्रावधानों के तहत जनसाधारण की जानकारी के लिए प्रकाशित की गई हैं। उपायुक्त जतिन लाल ने बताया कि प्रारूप में प्रकाशित मतदान केंद्रों की सूचियां जिला निर्वाचन अधिकारी ऊना, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी(एसडीएम) और सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी(तहसीलदार/नायब तहसीलदार) के कार्यालयों में जन साधारण के निरीक्षण के लिए निशुल्क उपलब्ध रहेगी। उन्होंने बताया कि किसी भी कार्यदिवस पर इन मतदान केंद्रों की सूचियां के प्रारूप का निरीक्षण किया जा सकता है। उपायुक्त ने कहा कि मतदान केंद्रों की सूचियों से संबंधित यदि कोई दावा अथवा आक्षेप है तो उसे 13 अगस्त तक जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त ऊना के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं।

### जनगणना के डिजिटल स्वरूप के लिए तैयारियां शुरू

**अनंत ज्ञान, ऊना।** भारत सरकार द्वारा आगामी जनगणना 2027 को डिजिटल स्वरूप में आयोजित करने की तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं। इस दिशा में जनता को जागरूक करने एवं अद्यतन जानकारी साझा करने के उद्देश्य से जनगणना कार्य निदेशालय, हिमाचल प्रदेश द्वारा विभिन्न आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफार्म्स पर नियमित रूप से जनगणना संबंधी जानकारी एवं प्रचार सामग्री प्रसारित की जा रही है। उपायुक्त ऊना जतिन लाल ने इस अभियान को और अधिक व्यापक पहुंच प्रदान करने के लिए सभी विभागों, विकास खंडों एवं पंचायतों को आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल्स को फॉलो करने का आग्रह किया है ताकि अधिक से अधिक नागरिकों जागरूक हो सकें। उपायुक्त ने कहा कि यह पहल न केवल आगामी जनगणना के सफल आयोजन में सहायक सिद्ध होगी, बल्कि नागरिकों को राष्ट्रीय कार्य में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित भी करेगी।

### कुटलैहड़ में प्रभावितों को विधायक ने दी सहायता



**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र में हाल ही में हुई भारी बारिश से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। प्राकृतिक आपदा से क्षेत्र के कई गांवों में मकानों, पशुशालाओं और संपर्क मार्गों को गंभीर क्षति पहुंची है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा ने तत्परता दिखाते हुए कड़थोली, रायपुर बल्ह सहित कई अन्य प्रभावित स्थलों का दौरा किया। उन्होंने नुकसान का मौके पर जाकर जायजा लिया और पीड़ित परिवारों को त्वरित राहत प्रदान करने की दिशा में अहम कदम उठाए। विधायक विवेक शर्मा ने निरीक्षण के दौरान एक परिवार को मकान क्षतिग्रस्त होने पर एक लाख दस हजार रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की, जबकि एक अन्य परिवार को दस लाख रुपए की फौरी सहायता दी गई। उन्होंने कहा कि जिन परिवारों के मकानों के साथ लगते सुरक्षा डंगे गिर गए हैं, उन्हें दोबारा से खड़ा करने की प्रक्रिया तुरंत शुरू कर दी गई है, ताकि लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। विधायक विवेक शर्मा ने स्पष्ट किया कि बारिश से जिन घरों में दरारें आई हैं, या जो पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हो गए हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर आर्थिक सहायता दी जा रही है। इसके अलावा जिन पशुपालकों की पशुशालाएं ध्वस्त हुई हैं, उनके लिए भी विशेष राहत की व्यवस्था की जा रही है।

### महिला भारोत्तोलन लीग के विजेताओं का भव्य स्वागत



**विवेक शर्मा, अनंत ज्ञान, अंब।** महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय अंब प्रशासन ने अस्मिता खेलो इंडिया महिला भारोत्तोलन लीग-2025 के पदक विजेताओं का कॉलेज पहुंचने पर गर्मजोशी से स्वागत और सम्मान किया। भारतीय भारोत्तोलन महासंघ और हिमाचल भारोत्तोलन संघ के तत्वावधान में गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल, अंब में असाधारण कौशल का प्रदर्शन करने वाली विजेताओं को प्राचार्य प्रो. दर्शन कुमार और समस्त महाविद्यालय स्टाफ ने सम्मानित किया। सुहानी (बीए द्वितीय वर्ष) और सोनाक्षी राणा (बीए प्रथम वर्ष) ने रजत पदक जीते जबकि रूबी चौधरी (बीए तृतीय वर्ष) ने कांस्य पदक जीता। डॉ. पवन पटियाल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, विजेता अपनी रैंकिंग के आधार पर उत्तर प्रदेश के मोदीनगर में आगामी उत्तर क्षेत्र अस्मिता महिला भारोत्तोलन लीग में भाग लेंगी। इस अवसर पर डॉ. नितिन शर्मा, प्रो. अजय कुमार, डॉ. रजनीश कुमार, डॉ. अरुण कुमार और डॉ. अजय कुमार सहित स्टाफ के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### गोबिंदसागर झील में 'बेड़ा छोड़ना' एक परंपरा



**विनोद शर्मा, अनंत ज्ञान, लठियाणी।** हिमाचल प्रदेश की गोबिंदसागर झील केवल जल का भंडार नहीं, बल्कि आस्था, लोक मान्यता और प्रकृति पूजा का अद्वितीय संगम है। प्रत्येक वीरवार, श्रद्धालु अपनी पूर्ण हुई मनोकामनाओं के उपरांत 'बेड़ा' छोड़ते हैं, एक छोटा तैरता मंच, जिसे लकड़ी, फूलों, पत्तों और पूजन सामग्री से सजाया जाता है। यह जल देवता, ग्राम देवताओं और ईश्वर के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने का प्रतीक होता है। कथा वाचक डॉ. सुमन शर्मा बताती हैं कि यह परंपरा आध्यात्मिकता के साथ-साथ पर्यावरणीय चेतना को भी जाग्रत करती है। पंडित कृष्ण कुमार बिट्टू के अनुसार, 'बेड़ा छोड़ना' भारतीय संस्कृति की जल-दर्शन परंपरा का जीवंत रूप है। पंडित दीपक शर्मा इस क्रिया को आत्मा और प्रकृति के बीच संवाद मानते हैं। सुरेश मौदगिल कहते हैं कि यह केवल मन्नत नहीं, बल्कि मन की निर्मलता और जीवन की विशालता का संकेत है। ठेकेदार नंदलाल द्वारा सुरक्षा और व्यवस्था की संपूर्ण व्यवस्था श्रद्धालुओं को निर्भय बनाती है।

### चिंतपूर्णी विस क्षेत्र में बारिश से दो मकान क्षतिग्रस्त





**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र के टकोली पंचायत में बलबीर सिंह का बरसात के कारण मकान क्षतिग्रस्त हो गया, वहीं टकोली पंचायत में शीला देवी का बरसात के कारण मकान क्षतिग्रस्त हो गया।

## पंचायतों के सामान्य निर्वाचन वर्ष 2025 के लिए मतदान केंद्रों की सूची प्रकाशित

# वार्डों के अनुसार बनाए नजदीकी मतदान केंद्र

**राजेश शर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**ऊना।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त ऊना जतिन लाल ने जानकारी दी कि ऊना जिले के सभी विकास खंडों में ग्राम पंचायतों के सामान्य निर्वाचन वर्ष 2025 के लिए बनाए गए मतदान केंद्रों की सूची का प्रकाशन कर दिया गया है। यह सूची हिमाचल प्रदेश पंचायतीराज अधिनियम 1994 की धारा 160 के तहत आम जनता की जानकारी के लिए जारी की गई है। हर ग्राम सभा के वार्डों को नजदीकी व सुविधाजनक स्कूलों में मतदान केंद्र उपलब्ध कराए गए हैं, ताकि मतदाताओं को किसी तरह की असुविधा न हो। निर्वाचन आयोग ने यह व्यवस्था मतदान प्रक्रिया को सुचारु और पारदर्शी बनाए रखने के उद्देश्य से की है।



**गगरेट ब्लॉक के लिए मतदान केंद्र :** विकास खंड गगरेट के अंतर्गत आने वाली ग्राम सभाओं के वार्डों के अनुसार मतदान केंद्र निर्धारित कर दिए गए हैं। ग्राम सभा गुगलैहड़, बढ़ेड़ा राजपूता, जाडला कोयड़ी, लोहारली, कुठेड़ा जसवालां, मवां सिंधियां, टटेहड़, ओयल, बडोह, कलोह, गगरेट अपर, अंबोटा, संघनेई, दियोली, घनारी, नंगल जरियाला, अंबोआ, मवा कोहलां, चलेट, बवेहड़, रायपुर, मरवाड़ी, गणूं मंदवाड़ा, सलोह बैरी, जोह, पीरथिपुर, डंगोह खास और खुर्द, अभयपुर, भद्रकाली, ब्रह्मपुर, गोंदपुर बनेहड़ा, रामनगर, नकडोह, कैलाशनगर, कुनेरन, अमलैहड़, भंजाल अपर व लोअर आदि के लिए संबंधित नजदीकी सरकारी प्राइमरी, मिडल, हाई और सीनियर सेकेंडरी स्कूलों तथा कुछ पंचायत घरों को मतदान केंद्र बनाया गया है।

**हरोली ब्लॉक के लिए मतदान केंद्र :** विकास खंड हरोली के अंतर्गत आने वाली विभिन्न ग्राम पंचायतों के लिए मतदान केंद्र तय कर दिए गए हैं। ग्राम पंचायत नगनोली, पंजावर, लोअर पंजावर, खड्ड, भैणी खड्ड, पंडोगा, ईसपुर, भदसाली, सलोह, घालूवाल, बढ़ेड़ा, कांगड़, धर्मपुर, सैंसोवाल, समनाल, हरोली, भदौड़ी, पालकवाह, कर्मपुर, चंदपुर, कुंगडत, ललड़ी, नंगल खुर्द, बाथू, बाथड़ी, सिंगां, बीटन, गोंदपुर जयचंद, गोंदपुर बुल्ला, भडियारां, दुलैहड़, हीरानगर, छेत्रां, पोलियां बीत, कुठारबीत, पुबोवाल और हलेड़ा बिलना के वार्डों के अनुसार स्कूलों और पंचायत घरों को मतदान केंद्र बनाया गया है।

**बंगाणा ब्लॉक के लिए मतदान केंद्र :** विकास खंड बंगाणा की ग्राम पंचायतों के लिए दर्जनों मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं। अम्बेहड़ा धीरज, कठोह, खरियालता, चौकीखास, जसाणा, जोल, टिहरा, डीहर, तनोह, धतोल, पल्लियां, बडूही, मंदली, मलांगड़, लठियाणी, हटली, अरूलू खास, करमाली, डोहगी, ढियुंगली, थानाकलां, दोबड़, परोईयां कलां, पिपलू, बुधान, बैरियां, बोहरू, मोमन्यार, रायपुर, सुकडियाल, सोहारी, चंगर, चमियाड़ी, चुलहड़ी, चौली, छपरोह कलां, टकोली, थहड़ा, धनेत, प्लाहटा, बल्ह, बल्ह खालसा, बुडवार, सिंहाणां इत्यादि ग्राम पंचायतों के सभी वार्डों को ध्यान में रखते हुए रावमापा, राप्रापा और राउपा स्कूलों, आंगनबाड़ी केंद्रों और पंचायत घरों को मतदान केंद्र घोषित किया गया है।

कुछ पंचायतों में वार्डों के आधार पर दो या तीन अलग-अलग केंद्र बनाए गए हैं, ताकि मतदाताओं को आसानी हो। इन मतदान केंद्रों की स्थापना मतदाता सुविधा और पारदर्शिता को ध्यान में रखते हुए की गई है।

**अंब ब्लॉक के लिए मतदान केंद्र :** विकास खंड अंब की पंचायतों और वार्डों के लिए 75 से अधिक मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं। इन केंद्रों को संबंधित राजकीय प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, माध्यमिक विद्यालयों, पंचायत घर, महिला मंडल भवन, सामुदायिक भवन और सराय भवनों में स्थापित किया गया है। घंघरेट, गिंडपुर मलोन, खरोह, चुरूड़ू, लोहारा, नैहरी नोरंगा, धर्मशाला महंतां, अंदौरा, बधमाणा, भैरा, कटोहड़, भटेड, मुबारिकपुर, शिवपुर और कुठेड़ा खैरलां जैसे ग्रामों में सभी वार्डों के अनुसार क्रमबद्ध रूप से मतदान केंद्रों की व्यवस्था की गई है। कई पंचायतों में अलग-अलग वार्डों के लिए विभिन्न भवनों को मतदान केंद्र घोषित किया गया है, जैसे- सामुदायिक केंद्र, आंगनबाड़ी केंद्र, या सराय भवन।

> **ऊना ब्लॉक के लिए मतदान केंद्र**
>
> **विकास** खंड ऊना के तहत आती पंचायतों में वार्डों के अनुसार मतदान केंद्र निर्धारित किए गए हैं। ग्राम पंचायत अबादा बराना, अजौली, बडेहर, बसोली, देहलां, बनगढ़, डंगोली, फतेहपुर, जनकौर, मैहतपुर, नंगड़ा, नारी, पनोह, रायपुर सहोड़ा, सनोली, टक्का, त्यूड़ी आदि के हर वार्ड के लिए संबंधित राजकीय प्राथमिक, उच्च प्राथमिक या माध्यमिक विद्यालय, पंचायत घर, महिला मंडल भवन, सराय भवन, या राजीव गांधी सेवा केंद्र को मतदान केंद्र के रूप में चयनित किया गया है। प्रत्येक पंचायत में वार्डों की संख्या के आधार पर एक या एक से अधिक मतदान केंद्र बनाए गए हैं।

## ऊना कॉलेज में पीटीए की बैठक अब 20 को

**अभिभावकों की उदासीनता के कारण बढ़ी डेट**

**अनंत ज्ञान, ऊना।** राजकीय महाविद्यालय ऊना में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के अभिभावक-शिक्षक संघ (पीटीए) की सामान्य बैठक टल गई है। अब यह बैठक दिनांक 20 अगस्त को अपराह्न 2 बजे परिसर में होगी, अन्यथा बैठक 7 अगस्त वीरवार को अपराह्न 3 बजे महाविद्यालय परिसर स्थित अध्यापक कक्ष मे होनी थी, लेकिन अभिभावकों की उदासीनता के कारण गणपूर्ति कोरम के आभाव मे बैठक न हो पाई।

यह जानकारी पीटीए सचिव डॉ. शाम सिंह बैंस ने दी। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. मीता शर्मा ने सभी अभिभावकों से अनुरोध किया है कि वह अधिक से अधिक संख्या में निर्धारित समय पर महाविद्यालय पहुंच कर बैठक में शामिल होकर महाविद्यालय के सर्वांगीण विकास के लिए अपने सुझाव दें।

## मुकेश ने किया पंडोगा पुल का निरीक्षण मरम्मत कार्य में तेजी लाने के दिए निर्देश



पंडोगा पुल के कार्य का निरीक्षण करते उपमुख्यमंत्री मुकेश कुमार अग्निहोत्री व अन्य।

**अनंत ज्ञान, ऊना**

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने वीरवार को ऊना जिले में हाल ही में भारी वर्षा के कारण क्षतिग्रस्त हुए पंडोगा पुल का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों के साथ स्थल का जायजा लिया और मरम्मत कार्य की प्रगति की जानकारी प्राप्त की।

निरीक्षण के दौरान उपमुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पुल की मरम्मत कार्य को त्वरित गति और उच्च गुणवत्ता के साथ युद्धस्तर पर पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि यह पुल क्षेत्र की प्रमुख जीवनरेखा है और इसके संचालन में किसी प्रकार की ढिलाई या विलंब स्वीकार्य नहीं होगा।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार जनहित के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध है और पंडोगा पुल की शीघ्र बहाली सरकार की शीर्ष प्राथमिकताओं में शामिल है, ताकि आमजन को आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा न हो। इस अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रणजीत राणा, अशोक ठाकुर तथा लोक निर्माण विभाग, जिला प्रशासन एवं आपदा प्रबंधन से जुड़े वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## धलवाड़ी गांव की मुख्य सड़क कभी भी हो सकती है बंद

**अवैज्ञानिक खुदाई बनी मुसीबत की जड़, स्थानीय लोगों ने की आपदा प्रबंधन विभाग से हस्तक्षेप की मांग**

**विकास शर्मा, अनंत ज्ञान**

**चिंतपूर्णी।** धलवाड़ी गांव को चिंतपूर्णी और अमलेहड़ से जोड़ने वाली मुख्य सड़क भारी बारिश की वजह से ल्हासा गिरने के चलते बंद होने की कगार पर पहुंच गई है। यह सड़क न केवल गांव को बाहरी दुनिया से जोड़ती है, बल्कि जीवन रेखा जैसी महत्वपूर्ण भूमिका भी निभाती है। यदि समय रहते जरूरी कदम न उठाए गए, तो यह मार्ग पूरी तरह क्षतिग्रस्त होकर ग्रामीणों की आवाजाही को प्रभावित कर सकता है।

गौरतलब है कि इस मुख्य सड़क के साथ ही पंचायत मार्ग धलवाड़ी को बनसेहड़ा से जोड़ता है। पिछले वर्ष इस मार्ग को जेसीबी मशीनों व पॉपलाइन की मदद से चौड़ा किया गया था। इस प्रक्रिया के दौरान पास की भूमि, जहां नवांशहर-बंगा क्षेत्र से आए बाबा रंगड़ बादशाह ने डंगे का कार्य करवाया था, उसे भी खतरा उत्पन्न हो गया है।



खनन के कारण दरकी पहाड़ी, जो कभी गांववासियों के लिए मुसीबत बन सकती है।

विकासात्मक कार्यों के लिए जेसीबी का अंधाधुंध प्रयोग तो किया जाता है , परंतु साथ लगती भूमि और अन्य सरकारी व निजी संपत्ति की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं की जाती। परिणामस्वरूप, भारी बरसात के कारण आपदा की संभावना बन जाती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस लापरवाही के कारण उनकी निजी भूमि और सरकारी सड़क को भारी नुकसान हुआ है। अब प्रश्न यह उठता है कि इस क्षति की भरपाई कौन करेगा ?

क्या रास्ते बनाते हुए दूरदर्शिता की कमी और जेसीबी से कार्य करते हुए तकनीकी पक्ष को नजरअंदाज किया जा सकता है ? ग्रामीणों ने आपदा प्रबंधन विभाग से मांग की है कि इस पूरे प्रकरण पर संज्ञान लिया जाए और सरकारी व निजी भूमि की सुरक्षा हेतु उत्तरदायित्व तय किया जाए, साथ ही, भविष्य में इस तरह की लापरवाही न हो, इसके लिए आवश्यक दिशा-निर्देश और निगरानी तंत्र भी विकसित किए जाएं।

स्थानीय प्रशासन से भी अपेक्षा की जा रही है कि वह जल्द से जल्द आवश्यक मरम्मत कार्य आरंभ कर सड़क तथा आसपास की भूमि को को सुरक्षित बनाए।

## सलोह अपरला में स्थापित होगी एक करोड़ रुपए की सौर ऊर्जा परियोजना

**पीएम सूर्य घर योजना के अंतर्गत समन्वय समिति की बैठक में दी जानकारी**

**अनंत ज्ञान, ऊना**

प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के सफल क्रियान्वयन को लेकर अतिरिक्त उपायुक्त (एडीसी) ऊना महेंद्र पाल गुर्जर की अध्यक्षता में वीरवार को जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में योजना की प्रगति की समीक्षा के साथ-साथ आगामी कार्य योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान एडीसी ने अवगत कराया कि जिले में सौर ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देने हेतु समन्वय समिति का गठन किया गया था। समिति द्वारा 2,000 से अधिक जनसंख्या वाले 32 गांवों का चयन कर, जनवरी से जुलाई 2025 के बीच विभिन्न मानकों के आधार पर इनका मूल्यांकन किया गया। इसमें हरोली विकास खंड की ग्राम पंचायत सलोह अपरला (सेंसस कोड 018721) को सौर ऊर्जा को अपनाने की संभावनाओं, स्थानीय सहभागिता तथा नवाचार के आधार पर सर्वश्रेष्ठ पाया गया।

सलोह अपरला को छतों पर सर्वाधिक सोलर पैनल तथा सौर स्ट्रीट लाइटों की स्थापना के लिए प्राथमिकता दी गई है। यह गांव स्वच्छ ऊर्जा को अपनाने में अग्रणी रहा है और अब इसे एक आदर्श मॉडल गांव के रूप में विकसित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सलोह अपरला में लगभग 1 करोड़ रुपए की लागत से सौर ऊर्जा परियोजना स्थापित की जाएगी। यह परियोजना न केवल गांव को स्वच्छ ऊर्जा उपलब्ध करवाएगी, बल्कि पर्यावरण संरक्षण, ऊर्जा बचत और नागरिकों की भागीदारी को भी प्रोत्साहित करेगी। इस मौके पर सौर ऊर्जा परियोजना अधिकारी सोहन सिंह सहित जिला समन्वय समिति के सदस्य मौजूद रहे।

> **ये हैं उद्देश्य और लाभ**
>
> **गुर्जर** ने बताया कि परियोजना का मकसद घरेलू उपभोक्ताओं को निशुल्क सौर ऊर्जा प्रदान करना, सौर ऊर्जा आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना और पर्यावरण अनुकूल तकनीकों को बढ़ावा देना शामिल है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे योजना से जुड़े सभी कार्यों को समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से क्रियान्वित करें। साथ ही, ग्रामीण जनता को भी इस योजना के लाभों के बारे में जागरूक करें ताकि अधिक से अधिक लोग सौर ऊर्जा की दिशा में कदम बढ़ा सकें।

## बड़ूही-सोहरी सड़क पर मंदिर के पास लैंडस्लाइड

**हीना पठानिया, अनंत ज्ञान**

**बड़ूही।** उपमंडल के तहत आने वाली प्रमुख बड़ूही-सोहरी सड़क पर बुधवार देर रात हुई मूसलधार बारिश के चलते नीलकंठ महादेव मंदिर के पास एक बड़ा भूस्खलन हो गया। भारी मात्रा में पहाड़ी से गिरे मलबे और कीचड़ ने सड़क को पूरी तरह से अवरुद्ध कर दिया, जिससे क्षेत्र में आवागमन पूरी तरह से ठप हो गया है।

हालांकि आवागमन कुछ समय के बाद शुरू हो गया, सौभाग्यवश, भूस्खलन के समय न तो कोई वाहन मौके आ जा रहा था और न ही कोई राहगीर, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। इसके बाद सड़क पर फैले मलबे और कीचड़ के कारण विशेषकर दोपहिया वाहन चालकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्किडिंग के कारण दुर्घटना की आशंका लगातार बनी हुई है। क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश से पानी का स्तर तेजी से बढ़ रहा है, जिससे पहाड़ी से और अधिक मलबा गिरने की आशंका जताई जा रही है। स्थानीय लोगों में डर का माहौल है



नीलकंठ महादेव मंदिर के पास गिरा हुआ ल्हासा, जिस कारण राहगीरों को परेशानी हुई।

और वह खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। स्थानीय बड़ूही पंचायत के प्रधान जगदीश राम ने बताया कि उन्होंने तुरंत लोक निर्माण विभाग (PWD) को इस घटना की जानकारी दी है और सड़क से मलबा हटाने के लिए कहा है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द मशीनरी लगाकर मलबा हटाया जाए ताकि आवाजाही बहाल हो सके।

स्थानीय निवासियों का कहना है कि यह सड़क क्षेत्र की मुख्य कनेक्टिविटी में से एक है और यहां इस प्रकार का भूस्खलन पहले भी हो चुका है, लेकिन हर बार प्रशासन की ओर से सिर्फ अस्थाई उपाये किए जाते हैं। लोगों ने मांग की है कि इस संवेदनशील स्थल पर सुरक्षा के स्थायी उपाये किए जाएं, जैसे कि रिटेनिंग वॉल्स का निर्माण, ड्रेनेज सिस्टम की मरम्मत और समय-समय पर पहाड़ी की सफाई।

लोक निर्माण विभाग के कनिष्ठ अभियंता सुरेश कुमार का कहना है सूचना के माध्यम से पता चला है की पहाड़ी गिरी है। जेसीबी मशीन को भेज दिया गया है और जल्द की रोड से मलबा हटा दिया जाएगा।

**जायजा** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक छात्र विद्यालय ऊना में फहराएंगे राष्ट्रीय ध्वज

## विस अध्यक्ष होंगे जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह के मुख्यातिथि

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

हिमाचल प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया 15 अगस्त को ऊना में आयोजित जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में मुख्य अतिथि होंगे। वह प्रातः 11 बजे राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक छात्र विद्यालय ऊना के प्रांगण में राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे तथा परेड की सलामी लेने के उपरांत जिलावासियों को संबोधित करेंगे। समारोह में परेड, झांकियां और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आकर्षक समागम देखने को मिलेगा। इससे पहले, विधानसभा अध्यक्ष एमसी पार्क स्थित शहीद स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे।

**उपायुक्त ने की तैयारियों की समीक्षा, विभागों को सौंपे दायित्व :** उपायुक्त जतिन लाल ने वीरवार को आयोजन की तैयारियों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने सभी विभागों को समारोह की सफलता सुनिश्चित करने को लेकर जिम्मेदारियां सौंपते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। समारोह में परेड में पुलिस व होमगार्ड की टुकड़ियों के साथ एनसीसी, एनएसएस और विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थी भाग लेंगे।



स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

इसके अतिरिक्त, विद्यालयों के छात्र-छात्राएं और नाट्य दल रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। उपायुक्त ने सभी नगारिकों से बड़ी संख्या में समारोह में भाग लेकर राष्ट्रीय पर्व को सामूहिक उत्साह और उल्लास के साथ मनाने का आह्वान किया है। बैठक में सहायक आयुक्त वरिंद्र शर्मा, एसडीएम ऊना विश्व देव मोहन चौहान सहित विभिन्न विभागों के आला अधिकारी उपस्थित रहे।

**सामाजिक सरोकारों और योजनाओं की झांकियां रहेंगी आकर्षण का केंद्र :** उपायुक्त ने बताया कि समारोह में सामाजिक संदेशों व जनकल्याणकारी योजनाओं पर आधारित झांकियां भी प्रस्तुत की जाएंगी। इनमें मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना, इंदिरा गांधी सुख शिक्षा योजना, डॉ. यशवंत सिंह परमार विद्यार्थी ऋण योजना, राजीव गांधी राजकीय आदर्श डे बोर्डिंग स्कूल, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान, कैच द रेन, कृषि एवं बागवानी विभाग और डीआरडीए से संबंधित योजनाएं शामिल रहेंगी।

**उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों का होगा सम्मान :** समारोह के दौरान विभिन्न विभागों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सम्मानित किया जाएगा, साथ ही सर्वश्रेष्ठ झांकी, सर्वश्रेष्ठ स्टॉल तथा सर्वश्रेष्ठ सांस्कृतिक प्रस्तुति देने वालों को विशेष पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।

**स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने की पहल :** स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से समारोह स्थल पर ईट राइट मेले की तर्ज पर स्वास्थ्यवर्धक व्यंजनों के स्टॉल लगाए जाएंगे। इनमें सरकारी विभागों के साथ-साथ स्वयं सहायता समूहों की भागीदारी भी सुनिश्चित की गई है।

## विधायक विवेक के जन्मदिन पर लगेगा निशुल्क चिकित्सा और रक्तदान शिविर : राम आसरा

**राजेश ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बंगाणा।** कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक विवेक शर्मा के 10 अगस्त को जन्मदिवस के उपलक्ष्य पर एक विशेष निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस पुनीत कार्य की जानकारी कुटलैहड़ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राम आसरा शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि यह शिविर विधायक विवेक शर्मा की जनसेवा की भावना को समर्पित है, जिसमें क्षेत्रवासियों को विभिन्न स्वास्थ्य सेवाएं एक ही छत निशुल्क उपलब्ध करवाई जाएंगी।



यह चिकित्सा शिविर लता मंगेशकर कला केंद्र समूरकलां में आयोजित किया जाएगा। आयोजकों की ओर से सभी क्षेत्रवासियों से अपील की गई है कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस शिविर का लाभ उठाएं और अपने स्वास्थ्य की जांच कराएं। शिविर का आगाज रविवार सुबह 10 बजे होगा, जिसके बाद साढ़े 10 बजे रक्तदान कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। 11 बजे विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित किया जाएगा। अंत में दोपहर एक बजे प्रीतिभोज की व्यवस्था रहेगी। कमेटी अध्यक्ष राम आसरा शर्मा ने कहा कि विधायक विवेक शर्मा ने हमेशा कुटलैहड़ क्षेत्र के विकास और जनसेवा को प्राथमिकता दी है, उनका जन्मदिवस भी सेवा के रूप में मनाया जा रहा है, जिससे उनके विचारों और कार्यों की भावना स्पष्ट झलकती है। यह शिविर विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों के उन नागरिकों के लिए उपयोगी सिद्ध होगा, जिन्हें बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त करने में कठिनाई होती है। कांग्रेस कमेटी ने यह सुनिश्चित किया है कि शिविर में योग्य डॉक्टरों, स्वास्थ्य विशेषज्ञों और सहयोगी स्टाफ की उपस्थिति में आंखों, हड्डियों, रक्तचाप, मधुमेह, हृदय तथा अन्य रोगों की जांच की जाएगी। इसके साथ दवाइयां भी निशुल्क वितरित की जाएंगी। इस अवसर पर क्षेत्रीय नेताओं, सामाजिक संगठनों और कार्यकर्ताओं की उपस्थिति भी अपेक्षित है।

# निथर-ढमाह सड़क मार्ग बहाल बागवानों ने ली राहत की सांस

जितेंद्र गुप्ता, अनंत ज्ञान



**आनी।** भूस्खलन के चलते चार दिनों से ठप पड़ा निथर-ढमाह सड़क मार्ग आखिरकार वीरवार शाम 4 बजे बहाल कर दिया गया। मार्ग खुलने के साथ ही क्षेत्र के सेब बागवानों ने राहत की सांस ली है, जो सेब सीजन के चलते बेहद चिंतित थे।

यह सड़क मार्ग क्योरी के समीप भारी भूस्खलन की चपेट में आ गया था। इससे निथर उपतहसील के ढमाह, क्योरी, निन्था, तांदी, कुठेढ, गरशाई सहित कई गांवों का संपर्क टूट गया था। किसानों को अपनी सेब की पेटियां मंडियों तक पहुंचाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। वीरवार को ही अनंत ज्ञान समाचार पत्र में 'भूस्खलन से तीन दिन से निथर-ढमाह सड़क बंद' शीर्षक से खबर प्रमुखता से प्रकाशित हुई थी। इस समाचार के बाद पीडब्ल्यूडी के निरमंड मंडल ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बहाली कार्य में तेजी लाई। स्थानीय लोगों का कहना है कि शुरुआत में जेसीबी मशीन से मलबा

अनंत ज्ञान इंपैक्ट

हटाने का प्रयास किया गया, लेकिन भारी चट्टानों के चलते कार्य में बाधा आई। बाद में ब्लास्टिंग के लिए कंप्रेशर मंगवाया गया, लेकिन उसमें भी देरी हुई, जिससे विभाग के प्रति लोगों में रोष पनप रहा था। अंततः विभागीय प्रयासों से मार्ग बहाल हुआ और अब बागवानों की सेब से भरी गाड़ियां फिर से मंडियों की ओर रवाना हो सकेंगी।

# हथकरघा में बुनकर छोटे-छोटे सस्ते उत्पाद तैयार कर सुदृढ़ करें अपनी आर्थिकी : डीसी

कमलेश वर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**कुल्लू।** डीसी कुल्लू तोरुल एस रवीश ने कहा कि जिले के बुनकर हथकरघा में छोटे-छोटे सस्ते उत्पाद तैयार कर अपनी आर्थिकी को सुदृढ़ करें। यह बात उन्होंने वीरवार को देवसदन में बुनकर सेवा केंद्र कुल्लू द्वारा आयोजित राष्ट्रीय हथकरघा दिवस के अवसर पर कही।

डीसी ने इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर मुख्यातिथि ने बुनकर केंद्र कुल्लू द्वारा हथकरघा क्षेत्र में लोगों को दी जा रही सहायता व तकनीकी ज्ञान की सराहना करते हुए कहा कि जिला कुल्लू में बहुत से लोग इस व्यवसाय से जुड़े हैं और यहां की बुनाई की पारंपरिक शैली को पूरे देश ही नहीं, बल्कि विदेशों तक मशहूर किया है। अब कुल्लू की वूलन साड़ी भी विदेशों तक पहचान बना चुकी है। हथकरघा गांवों के लोगों की आजीविका का भी साधन है और बहुत से लोगों ने हथकरघा के क्षेत्र में राष्ट्रीय पुरस्कार तक



डीसी कुल्लू तोरुल एस रवीश बुनकर को सम्मानित करती हुई।

प्राप्त किए हैं। उन्होंने राष्ट्रीय हथकरघा दिवस की सभी को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यहां के बुनकर बड़े परिश्रम के साथ बेहतरीन उत्पाद निर्मित कर रहे हैं, लेकिन उस श्रम के मुताबिक उन्हें बढ़िया दाम नहीं मिल पाते। उन्होंने बुनकर सेवा केंद्र के अधिकारियों से उनके उत्पाद कि बिक्री के लिए कुछ बड़े ऑनलाइन विक्रेता प्लेटफार्म के साथ कार्य करने की संभावनाओं को तलाशने के लिए भी कहा, ताकि उनके उत्पाद की बिक्री का दायरा बढ़ाकर उचित मूल्य हासिल किया जा सके। बुनकर सेवा केंद्र कुल्लू के उपनिदेशक विनय कुमार ने मुख्यातिथि का शॉल व टोपी पहनाकर स्वागत किया तथा भारत सरकार वस्त्र मंत्रालय द्वारा बुनकरों के लिए चलाई जा रही योजनाओं के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बुनकर सेवा केंद्र कुल्लू भारत सरकार, वस्त्र मंत्रालय, विकास आयुक्त (हथकरघा) कार्यालय, नई दिल्ली के अधीनस्थ है। कार्यक्रम में पोलिटेक्निक कॉलेज सेउबाग के प्रिंसिपल व निफ्ड के पूर्व निदेशक पुनीत सूद तथा जिला उद्योग केंद्र कुल्लू की प्रबंधक प्रवीण लता ने भी अपने विचार प्रकट किए। इस अवसर पर केंद्र द्वारा आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं, वस्त्र मंत्रालय की योजनाओं के लाभार्थियों, राष्ट्रीय पुरस्कार व राष्ट्रीय प्रमाणपत्र प्राप्त विजेताओं तथा हथकरघा के क्षेत्र में बेहतरीन कार्य करने वाले बुनकरों को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर खादी ग्रामोद्योग के विवेक शर्मा तथा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। राष्ट्रीय हथकरघा विकास कार्यक्रम के तहत भारत सरकार के द्वारा 90 फीसदी अंशदान बुनकरों को दिया जाता है और वर्कशेड बनाने के लिए भी एक लाख 20 हजार की राशि प्रदान की जाती है। हथकरघा बुनकर कल्याण योजना के तहत जीवन बीमा कवर भी प्रदान किया जाता है। जिलेभर से आए हथकरघा उद्योग से जुड़े लोगों को उपकरण तथा वर्कशेड के लिए राशि भी जारी की गई। वहीं, हथकरघा से जुड़ी हुई अन्य स्कीमों के बारे में भी बुनकरों को जागरूक किया गया। जिला कुल्लू में लगभग 10 हजार बुनकर हैं। यह केंद्र पूरे प्रदेश के बुनकरों को समय-समय पर विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत नई-नई तकनीकों की जानकारी व सहायता उपलब्ध कराकर उनकी आर्थिकी को सुदृढ़ करने के लिए प्रयासरत है।

# बुनकरों को मिल रहा योजनाओं का लाभ : सत्य प्रकाश ठाकुर

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू



बुनकर सेवा केंद्र वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार के सौजन्य से भुट्टिको के सभागार में 11वां राष्ट्रीय हथकरघा दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर सैकडों बुनकरों व कर्मचारियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज की। पूर्व मंत्री व अध्यक्ष भुट्टिको सत्य प्रकाश ठाकुर भी उपस्थित रहे। उन्होंने सभी बुनकरों को राष्ट्रीय हथकरघा दिवस की बधाई व शुभकामनाएं दीं।

उन्होंने कहा कि हम बुनकर सेवा केंद्र शमशी, भारत सरकार, वस्त्र मंत्रालय व राष्ट्रीय हैंडलूम डवलपमैंट कॉर्पोरेशन के बहुत आभारी है, जिन्होंने बहुत सी स्कीमें बुनकरों को दी हैं। इससे बुनकर अपने पैरों पर खड़े हुए हैं। भुट्टिको के बुनकरों को सभा द्वारा बहुत से लाभ दिए जा रहे हैं। इनमें बुनकरों को छुट्टियां, सेवानिवृत्ति उपरांत पेंशन, ग्रेज्युटी राशि व भविष्य निधि है। यह सब तभी संभव हो पाया है, जब सभी मिलजुल कर मेहनत से व अनुशासन में रह कर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस सभा की आत्मा स्व. वेदराम ठाकुर द्वारा सभा को दी गई एक ठोस नींव है। इसके कारण ही यह सब संभव हो पाया है। सभा हर साल अंतरराष्ट्रीय व राष्ट्रीय स्तर अवार्ड प्रदान करती आ रही है। इसकी आज एक अलग पहचान बनी हुई है। इस अवसर पर सभा बुनकर फूला देवी द्वारा बुनाई पर गीत गाकर महिला सशक्तिकरण व नारी उत्थान का संदेश दिया गया। इसमें नारी जगत जननी है, नारी उत्थान के बिना राष्ट्र की उन्नति असंभव है। इस अवसर पर कर्मचारी भविष्य निधि से प्रर्वतन अधिकारी हरदेव नेगी, रमेश, भुट्टिको महाप्रबंधक किशन चंद, सुरती देवी, अनूज ठाकुर, कविता ठाकुर, नीना ठाकुर, वीना देवी, ओम प्रकाश, राजकुमार, मीना देवी, गीता देवी, बहादुर सिंह, महेंद्र सिह व अन्य बनुकर कर्मचारी उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### कुसुंबा माता मंदिर के नव निर्माण कार्य का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, आनी।** लुहरी के समीप खेगसू में स्थित मां कुसुंबा भवानी के ऐतिहासिक मंदिर के प्रौढ़ व नवनिर्माण कार्य की विधिवत शुरुआत श्रद्धा व भक्ति के वातावरण में की गई। इस अवसर पर गांव के वरिष्ठ जन, मंदिर निर्माण समिति के सदस्य, स्थानीय पुजारी, भजन मंडली के कलाकार व ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण नवनिर्मित लकड़ी के कलात्मक मुख्य द्वार की स्थापना रही, जो पारंपरिक हिमाचली शिल्पकला का अद्भुत उदाहरण है। इस भव्य द्वार पर देवी-देवताओं की सुंदर नक्काशी और धार्मिक प्रतीक उकेरे गए हैं, जो इसे आध्यात्मिक सौंदर्य प्रदान करते हैं। यह मंदिर निर्माण कार्य प्राचीन विरासत को संरक्षित रखते हुए आधुनिक सुविधाओं से युक्त रूप में किया जा रहा है। स्थानीय लोगों ने इसे गांव की आस्था का केंद्र बताते हुए मंदिर निर्माण में तन-मन-धन से सहयोग देने का संकल्प लिया। इस मौके पर श्रद्धालुओं ने मंदिर परिसर की सफाई कर पूजा-अर्चना और भजनों के माध्यम से माहौल को भक्तिमय बना दिया। मंदिर निर्माण समिति के अनुसार, आगामी समय में मंदिर में संगमरमर की मूर्तियों की स्थापना, लकड़ी का गर्भगृह और छत निर्माण जैसे कार्य भी प्रस्तावित हैं, जिन्हें पूर्णतः जनसहयोग से ही संपन्न किया जाएगा।

### नाबार्ड ने हथकरघा दिवस पर लगाई प्रदर्शनी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** जिला मुख्यालय कुल्लू के ढालपुर के अटल सदन में नाबार्ड के द्वारा राष्ट्रीय हथकरघा दिवस के अवसर पर लाहौल, कुल्लू और पांगी के ग्रामीण इलाकों में हथकरघा से संबंधित वस्तुओं की प्रदर्शनी लगाई गई। वहीं, इस प्रदर्शनी में स्थानीय लोगों ने भी भाग लिया और हाथों से तैयार किए हुए विभिन्न उत्पादों की जानकारी ली। इस प्रदर्शनी का शुभारंभ भुट्टीको संस्था की पदाधिकारी प्रेमलता ठाकुर ने किया। प्रेमलता ने नाबार्ड के द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की और हथकरघा से जुड़े हुए लोगों का भी आत्म बल बढ़ाया। नाबार्ड की महाप्रबंधक अनीता नेगी ने बताया कि नाबार्ड कई योजनाओं के माध्यम से बुनकर, सहकारी समितियों और व्यक्तिगत बुनकरों को ऋण की सुविधा उपलब्ध करवाता है। नाबार्ड व्यापक हथकरघा विकास योजना के माध्यम से बुनकरों को तकनीकी सहायता, डिजाइन और उत्पाद विकास में सहायता प्रदान करती है।

### नृसिंह लक्ष्मी मंदिर में शिव महापुराण कथा संपन्न

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** कटराईं स्थित श्री नृसिंह लक्ष्मी देवी मंदिर में चल रही 26वीं वार्षिक महाशिवपुराण कथा का समापन विधिवत रूप से हुआ। यह धार्मिक आयोजन श्रावण मास के पहले सोमवार से आरंभ हुआ था और बुधवार को पूर्ण आहुति के साथ इसका समापन हुआ। वीरवार को कथा उपरांत भव्य भंडारे का आयोजन हुआ। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। मंदिर के पुजारी अजय शर्मा ने बताया कि यह परंपरा पिछले 26 वर्षों से निरंतर चली आ रही है। सावन के पवित्र माह में भगवान शिव की महिमा का गुणगान करते हुए महाशिवपुराण का पाठ होता है। इसमें स्थानीय श्रद्धालु ही नहीं, बल्कि आसपास के गांवों और क्षेत्रों से भी लोग भाग लेते हैं। उन्होंने बताया कि कथा के अंतिम दिन पूर्ण आहुति कार्यक्रम में देवी के समस्त सेवकगण, आयोजक मंडल और श्रद्धालुजन शामिल हुए और विधिपूर्वक पूजा-अर्चना कर पुण्य लाभ अर्जित किया। समापन अवसर पर आयोजित विशाल भंडारे में श्रद्धालुओं ने माता के चरणों में शीश नवाकर प्रसाद ग्रहण किया। इस आयोजन के माध्यम से श्रद्धा, सेवा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। क्षेत्र में इस धार्मिक कार्यक्रम को लेकर भारी उत्साह और श्रद्धा का वातावरण बना रहा।

### हाल ही में घटित अपराधों की समीक्षा की

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** जिला कुल्लू में अपराध नियंत्रण, कानून-व्यवस्था की सुदृढ़ता तथा पुलिस कर्मचारियों के कल्याण को लेकर वीरवार को पुलिस लाइन बाशिंग स्थित सभागार में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता पुलिस अधीक्षक डॉ. कार्तिकियन गोकुलचंद्रन ने की। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव चौहान, पुलिस उपअधीक्षकगण शेर सिंह, राजेश कुमार, क्षमा दत्त, सभी थाना प्रभारियों सहित अन्य पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस कर्मचारियों की समस्याओं को सुना गया तथा उनके समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। समीक्षा के दौरान जिले में हाल ही में घटित अपराधों की विस्तृत समीक्षा की गई और सभी थाना प्रभारियों को लंबित अभियोगों के जल्द निपटारे के निर्देश दिए। विशेष रूप से नशे के खिलाफ चल रहे अभियान को अधिक सशक्त और प्रभावशाली बनाने पर बल दिया गया। पुलिस अधीक्षक ने निर्देश दिए कि नशा तस्करी में संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। डॉ. कार्तिकियन गोकुलचंद्रन ने कहा कि जिला पुलिस अपराध नियंत्रण व कर्मचारियों के कल्याण के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि पुलिस विभाग का प्राथमिक उद्देश्य जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखना, समाज में सुरक्षा का वातावरण सृजित करना और अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करना है।

### हस्त निर्मित उत्पाद बने मुख्य आकर्षण का केंद्र

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** पतलीकूहल में विकास खंड नग्गर के द्वारा रक्षा बंधन के अवसर पर पहली बार पांच दिवसीय रक्षा बंधन मेले का आयोजन किया गया। इस मेले में विकास खंड नग्गर के राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत आने वाले स्वयं सहायता समूह की करीब 25 महिलाओं ने भाग लिया। पतलीकूहल में आयोजित इस मेले का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाना है। पतलीकूहल लाइब्रेरी के प्रांगण में आयोजित इस पांच दिवसीय रक्षाबंधन त्योहार के उपलक्ष्य पर पूरे नगर ब्लॉक की राष्ट्रीय आजीविका मिशन के तहत स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा विभिन्न उत्पाद को तैयार किया गया। इसमें राखियां, होम मेड मिठाई, फूड स्टाल(सिड्डू, कचौरी, पतरोडू, मोमोज) और विभिन्न प्रकार के घर के सजावटी सामान रखे गए हैं। पतलीकूहल में आयोजित इस मेले के बारे में जानकारी देते हुए राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन विकास खंड नग्गर की क्षेत्रीय समन्वयक नीरजा कटोच ने बताया कि पतलीकूहल में विकास खंड नग्गर के द्वारा रक्षा बंधन के उपलक्ष्य पर पांच दिवसीय रक्षा बंधन मेले का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि मेले में विभिन्न स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा राखियां और अलग-अलग उत्पाद, जो उनके द्वारा स्वयं तैयार किए गए हैं उनको विक्रय के लिए लाया गया है और लोग भी इसे काफी पसंद कर रहे हैं। इस मेले में प्रेरणा सहायता समूह, तारा स्वयं सहायता समूह, जहर देवता सहायता समूह, शिव शक्ति स्वयं सहायता समूह, शिव शक्ति स्वयं सहायता समूह की लगभग तीस महिलाओं ने भाग लिया।

# अधिकारियों व कर्मचारियों ने ली स्वच्छता की शपथ



जिला प्रशासन की ओर से शुद्ध पर्यावरण और साफ-सुथरे परिवेश की दिशा में स्वच्छता अभियान के आयोजन पर मौजूद गणमान्य।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग

डीसी केलांग किरण भड़ाना ने कहा कि लाहौल-स्पीति जिले के मुख्यालय केलांग में 14 से 16 अगस्त तक मनाए जाने वाले राज्य स्तरीय जनजातीय महोत्सव को पर्यावरण मित्र (ईको-फ्रेंडली) और शून्य अपशिष्ट(जीरो वेस्ट) महोत्सव के रूप में मनाने की तैयारियां जोरों पर हैं।

यह पहला ऐसा प्रयास है जब किसी राज्य स्तरीय महोत्सव को पूर्ण रूप से सतत विकास व स्वच्छता के सिद्धांतों पर आधारित करते हुए आयोजित किया जा रहा है। महोत्सव की तैयारियों के अंतर्गत जिला प्रशासन द्वारा शुद्ध पर्यावरण और साफ-सुथरे परिवेश की दिशा में एक विशाल स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया।

यह अभियान एसडीएम केलांग आकांक्षा शर्मा, सहायक आयुक्त कल्याणी तिवाना व सभी विभागों के प्रमुख अधिकारियों की अगुवाई में संपन्न हुआ। इस आयोजन में शकस नाला, यूटी नाला तथा केलांग बस स्टैंड क्षेत्र की सफाई की गई।

इससे आमजन में साफ-सफाई और पर्यावरण जागरूकता का संदेश प्रसारित किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ के अवसर पर अधिकारियों व कर्मचारियों ने स्वच्छता की शपथ ली और समाज को जागरूक करते हुए जिम्मेदार नागरिक बनने का आह्वान किया।

# युवाओं के हुनर को निखारती है डीजे नॉनस्टॉप वीडियो : विद्या नेगी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

वर्तमान में हिमाचली कलाकारों द्वारा डीजे नॉनस्टॉप वीडियो एलबमों के निर्माण से युवाओं की प्रतिभाओं का निखार हो रहा है।

यही नहीं युवाओं को अपनी संस्कृति, सभ्यता व हुनर को निखारने का अवसर प्रदान हो रहा है। यह बात महिला आयोग की अध्यक्ष विद्या नेगी ने कही। वे यहां कुल्लू में प्रसिद्ध लोक कलाकार पिंकी भंडारी द्वारा निर्मित डीजे नॉनस्टॉप वीडियो आशिकी के विमोचन अवसर पर बोल रही थी। उन्होंने कहा कि पिंकी भंडारी बहुप्रतिभाशाली हैं और इन्होंने स्थानीय युवक-युवतियों को कला के क्षेत्र में जोड़कर सराहनीय काम किया है। वर्तमान में कला के क्षेत्र में बहुत सारे युवा बेहतरीन कार्य कर रहे हैं, लेकिन सभी को अपनी संस्कृति का ध्यान रखते हुए यह कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि



पिंकी के नॉन स्टॉप गीत बेहद अच्छे हैं और लोग इन पर खूब झूमेंगे और खूब मनोरंजन करेंगें। आशिकी डीजे नॉनस्टॉप वीडियो एलबम, मार्केट में धमाल मचाने लगी है। प्रसिद्ध व पारंपरिक लोक गायिका पिंकी भंडारी की यह बेहतरीन प्रस्तुती है। इसका महिला आयोग की अध्यक्ष विद्या नेगी ने एक सादे समारोह में विमोच किया। आशिकी की शूटिंग कुल्लू-मनाली की हसीन वादियों में हुई है। गायिका पिंकी भंडारी ने स्वयं लिखित गीतों को डीजे एलबम में पिरोया है।

# स्तनपान से जुड़ी भ्रांतियां की दूर

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** जटेहर बिहाल में विश्व स्तनपान सप्ताह के अंतर्गत एकदिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इसमें धात्री माताएं, गर्भवती महिलाएं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताएं व अन्य स्थानीय महिलाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बाल विकास परियोजना अधिकारी धनीराम ने की। उन्होंने बताया कि 1 से 7 तक विभाग द्वारा निर्धारित गतिविधियों के अंतर्गत स्तनपान सप्ताह मनाया जाता है। उन्होंने महिलाओं को बताया कि छह माह तक केवल मां का दूध ही शिशु के लिए सर्वोत्तम आहार होता है। गृह भ्रमण के माध्यम से माताओं को परामर्श दिया गया व ग्रामीण स्तर पर स्तनपान से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करने का प्रयास किया गया। उन्होंने सभी महिलाओं से आग्रह किया कि वे स्तनपान के लाभ के बारे में अन्य महिलाओं को भी जानकारी दें, ताकि स्वस्थ समाज का निर्माण हो सके। अंत में सभी का धन्यवाद किया गया।

# अजय कुमार ने संभाला एपीआरओ केलांग का कार्यभार

अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग

लाहौल-स्पीति जिला मुख्यालय केलांग में पिछले काफी समय से रिक्त चल रहा सहायक लोक संपर्क अधिकारी (एपीआरओ) का पद सरकार द्वारा भर दिया गया है।

घाटी के जाहलमा गांव से संबंध रखने वाले अजय कुमार ने वीरवार को केलांग में सहायक लोक संपर्क अधिकारी के पद का कार्यभार विधिवत रूप से संभाल लिया। उल्लेखनीय है कि यह पद पिछले लगभग दो महीनों से रिक्त चला आ रहा था। इससे जनसंपर्क कार्यों में आ रही दिक्कतों को अब दूर करने की उम्मीद है। अजय कुमार की नियुक्ति से सरकारी जनसंपर्क गतिविधियों को गति मिलेगी। उन्होंने कार्यभार ग्रहण करते ही कहा कि वे पारदर्शी और जनहितकारी सूचना तंत्र को मजबूत बनाने के लिए प्रतिबद्ध रहेंगे। इस अवसर पर लाहौल-स्पीति प्रेस



क्लब द्वारा उनका गर्मजोशी से अभिनंदन किया गया। क्लब के सदस्यों ने उम्मीद जताई कि अजय कुमार अपने अनुभव और कर्मठता से जिले में सूचना एवं जनसंपर्क के क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव लाएंगे। कार्यभार ग्रहण समारोह में प्रेस क्लब के अध्यक्ष अशोक राणा, महासचिव प्रेमलाल, वरिष्ठ सलाहकार शाम आजाद सहित कई वरिष्ठ पत्रकार उपस्थित रहे। सभी ने अजय कुमार को शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की।

# भजोगी में 24 को रक्तदान शिविर

**अनंत ज्ञान, मनाली।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज द्वारा दादी प्रकाशमणि के 18वीं पुण्य स्मृति दिवस व विश्व बंधुत्व दिवस के अवसर पर एकदिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। मनाली के भजोगी स्थित अध्यात्मिक आर्ट गैलरी में 24 अगस्त को इस शिविर का आयोजन होगा। मेघा रक्तदान अभियान पुरे भारत और नेपाल के 60 हजार केंद्रों पर हो रहा है। यह जानकारी मनाली में पत्रकारों से बातचीत में ब्रह्मकुमारीज आश्रम की संचालिका बहन संध्या ने दी। उन्होंने बताया कि रक्तदान का उद्देश्य बड़ी संख्या में रक्तदाताओं को एकत्र कर अधिकतम मात्र में रक्त संग्रह करना है, ताकि रक्त की जरूरत पड़ने पर अस्पतालों और ब्लड बैंक में इसकी उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने कहा कि यदि कोई रक्तदान करना चाहता है, तो वह भजोगी आश्रम में संपर्क कर सकता है।

# शतरंज प्रतियोगिता के विजेताओं को नवाजा

अनंत ज्ञान, भुंतर

जिला कुल्लू शतरंज संघ द्वारा कलैहली में आयोजित जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता सफलतापूर्वक संपन्न हुई। प्रतियोगिता में विभिन्न आयु वर्ग के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने अपनी शतरंज की चालों का प्रदर्शन किया।

एलएमएस स्कूल कलैहली के मैनेजिंग डायरेक्टर ऑपरेशंस उदय सिंह तंवर ने मुख्यातिथि के रूप में भाग लिया और विजेताओं को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता में कुल्लू जिले के विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों के छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान खिलाड़ियों ने अपने शानदार प्रदर्शन से दर्शकों और निर्णायकों को प्रभावित किया। अंडर-13 गर्ल्स में प्रथम स्थान अलीशा ठाकुर डीपीएस मनाली ने हासिल किया। वहीं, दक्षिता द्वितीय व संस्कृति ठाकुर स्नोर वैली स्कूल, बजौरा ने तृतीय साथ प्राप्त किया। वहीं, अंडर-13 ओपन में अध्यानश



कुल्लू में शतरंज प्रतियोगिता के विजेता मुख्यातिथि व आयोजकों के साथ।

शर्मा डीपीएस मनाली ने प्रथम स्थान झटका, अगत्स्य शर्मा एलएमएस कलेहली ने द्वितीय, तो तृतीय स्थान अखिल शर्मा राउवि थरास ने हासिल किया। अंडर-19 गर्ल्स में प्रथम स्थान सेजल खड़का डीपीएस मनाली, तो द्वितीय स्थान अन्वेषा ठाकुर स्नोर वैली पब्लिक स्कूल, बजौरा। वहीं, तृतीय स्थान इशिता (ट्रिनिटी स्कूल, मोहल ने प्राप्त किया। अंडर-19 ओपन में प्रथम स्थान वत्सल स्नोर वैली स्कूल, बजौरा, द्वितीय स्थान अर्जुन जीडीसी, कुल्लू तथा तृतीय स्थान रोनिक ठाकुर(जीडीसी, कुल्लू ने हासिल किया। मुख्यातिथि उदय सिंह ने सभी विजेताओं को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि शतरंज एक ऐसा खेल है, जो बच्चों में एकाग्रता और रणनीति बनाने की क्षमता विकसित करता है। उन्होंने जिला कुल्लू शतरंज संघ के प्रयासों की सराहना की और इस तरह के आयोजनों को प्रोत्साहित करने का आश्वासन दिया। प्रतियोगिता का समापन एक उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ। इसमें सभी प्रतिभागियों ने अगले वर्ष और बेहतर प्रदर्शन करने का संकल्प लिया।

**परेशानी** तहसीलदार के माध्यम से नितिन गडकरी को भेजा पत्र

# दियार चौक फोरलेन में पानी ही पानी

अनंत ज्ञान, भुंतर

वीरवार को भुंतर सुधार समिति का प्रतिनिधिमंडल तहसीलदार भुंतर से मिला और कुटिआगे दियार चौक फोरलेन में पानी भरने की समस्या को हल करने की मांग रखी।

समस्या निवारण के लिए प्रतिनिधिमंडल ने तहसीलदार भुंतर नितीश ठाकुर के माध्यम से एक पत्र केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को भी भेजा। समिति के अध्यक्ष मेघ सिंह कश्यप ने बताया कि दियारा चौक फोरलेन बारिश में तालाब बन जाता है और यहां से गुजरने वाली गाड़ियां तैरती नजर आती हैं। यहां पैदल चलने वालों के लिए फुटपाथ भी नहीं है। इससे राहगीरों का पैदल चलना खतरे से खाली नहीं है, जबकि स्थानीय जनता ने इस समस्या के बारे में जिला प्रशासन व एनएचएआई को कई बार अवगत करवाया। समाचार पत्रों में खबरें प्रमुखता के साथ प्रकाशित हुईं, लेकिन समस्या का समाधान अभी तक नहीं हुआ। उन्होंने बताया कि सड़क के निचे घरों को पानी जा



तहसीलदार भुंतर को ज्ञापन सौंपते हुए भुंतर सुधार समिति का प्रतिनिधिमंडल।

रहा है। इस पानी से घरों को भी नुकसान पहुंच सकता है।

छोटे वाहनों को यहां से बहुत परेशानी हो रही है। दोपहिया वाहन चालकों को बहुत ही ज्यादा कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। पानी में घुस कर वाहन धकेलने पड़ते हैं। मेघ सिंह कश्यप ने कहा कि गंदे पानी से गाड़ियों के पुरजे खराब हो रहे हैं। सड़क पर पानी इतना भरा होता है कि गाड़ियों के डूबने से उनकी नंबर प्लेट तक यहां गायब हो जाती है। भुंतर सुधार समिति ने सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से आग्रह किया कि एनएचएआई को इस स्थान पर जल निकासी का स्थायी समाधान निकालने के सख्त आदेश जारी करें, ताकि जनता को इस समस्या से छुटकारा मिले। साथ में ही हाथीथान, जिया, मणिकर्ण चौक के पास भी निकासी नालियों व पैदल चलने के लिए फुटपाथ की मांग की।

# भव्य संगम बनेगा जनजातीय उत्सव

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** जिला मुख्यालय केलांग में 14 से 16 अगस्त तक आयोजित होने जा रहा राज्य स्तरीय जनजातीय उत्सव इस बार सांस्कृतिक समृद्धि और स्थानीय प्रतिभा के मंचन का भव्य संगम बनेगा। विधायक अनुराधा राणा ने बताया कि इस उत्सव में लोगों को उम्दा कलाकारों के साथ-साथ जिले के लोक कलाकारों को सुनने और देखने का सुनहरा अवसर मिलेगा। जिले के प्रमुख पारंपरिक मेलों, केलांग के जनजातीय उत्सव, त्रिलोकीनाथ के पोरी मेले, लदारचा उत्सव काजा में स्थानीय कलाकारों को तरजीह दी जाएगी। जिला प्रशासन और उपमंडलीय प्रशासन को यह निर्देश दिए गए हैं कि अपने जिले के कलाकारों को प्राथमिकता के साथ मंच प्रदान किया जाए, बशर्ते कलाकारों ने तय समय अवधि के भीतर आवेदन किया हो। अनुराधा राणा ने कहा कि साथ ही उत्सव के आयोजन के दौरान किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए आपदा प्रबंधन को पूरी तरह सतर्क रहने के निर्देश भी दिए गए हैं। आयोजकों को यह सुनिश्चित करने को कहा गया है कि सुरक्षा व व्यवस्था में कोई चूक न हो। विधायक ने कहा कि इस तरह के उत्सव न केवल सांस्कृतिक धरोहर को जीवित रखते हैं, बल्कि युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच भी प्रदान करते हैं।

# रैली से स्टूडेंट्स ने नशा मुक्ति बारे फैलाई जागरूकता



रैली को रवाना करती हुई सैंज कॉलेज की प्राचार्य व अन्य गणमान्य लोग।

अनंत ज्ञान, सैंज

डिग्री कॉलेज सैंज की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) व रेड रिबन इकाई द्वारा वीरवार को नशा मुक्ति विषय पर एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।

इस रैली का उद्देश्य समाज में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति के खिलाफ जनजागरूकता फैलाना और युवाओं को इसके दुष्प्रभावों से अवगत कराना था। रैली का आगाज कॉलेज परिसर से हुआ। रैली का शुभारंभ कॉलेज की प्राचार्य डॉ. सुजाता ने किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि युवाओं को नशे की लत से बचाना न केवल एक सामाजिक दायित्व है, बल्कि राष्ट्र निर्माण की दिशा में एक आवश्यक कदम है। इसके बाद रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इसमें एनएसएस व रेड रिबन के लगभग 51 स्वयंसेवियों ने भाग लिया। छात्र अपने हाथों में नशा छोड़ो, जीवन जोड़ो, नशे से दूरी, जीवन में पूरी खुशहाली जैसे नारे लिखे पोस्टर और बैनर लिए हुए थे। रैली मुख्य बाजार और बस स्टैंड से होते हुए स्थानीय लोगों का ध्यान आकर्षित करने में सफल रही। छात्रों ने जोरदार नारे लगाए और राहगीरों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया। स्थानीय लोगों ने रैली की सराहना की और इसे समाज हित में एक सराहनीय प्रयास बताया। प्रो. सुरेश कुमार, डॉ. शशि शर्मा और प्रो. होशियार भी उपस्थित थे।

# भारत दुनिया का दूसरा मशरूम उत्पादक देश बनने की ओर अग्रसर

आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**सोलन।** मशरूम सोसायटी ऑफ इंडिया व भाकृअनुप-खुंब अनुसंधान निदेशालय चंबाघाट, सोलन द्वारा आयोजित भारतीय मशरूम सम्मेलन में देशभर से 150 से अधिक अनुसंधानकर्ता, मशरूम उधमी, उद्योग से जुड़े उत्पादक तथा शोधार्थी पहुंचे। इस दौरान देश भर में मशरूम उत्पादकता को बढ़ावा देने के लिए, शोध के साथ उत्पादन की कम लागत, बीमारियों से बचाव के साथ विपणन की जरूरत पर मंथन हुआ। साथ ही भारत को दुनिया का दूसरा बड़ा मशरूम उत्पादक देश बनाने का संकल्प लिया गया। अभी चीन और जापान हम से आगे हैं। देश में पिछले एक दशक में मशरूम उत्पादन में तेजी आई है। सम्मेलन का उद्घाटन वीरबार को मुख्यातिथि डॉ. प्रेम लाल गौतम, कुलाधिपति, डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, समस्तीपुर (बिहार) द्वारा विशिष्ट अतिथियों डॉ. पीके चक्रवर्ती, पूर्व सदस्य कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल, डॉ. तिलक राज शर्मा, पूर्व उपमहानिदेशक (फसल विज्ञान), प्रोफेसर राजेश्वर सिंह चंदेल, कुलपति, औद्यानिकी व वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी, सोलन की उपस्थिति में हुआ।


भारतीय मशरूम सम्मेलन में स्मारिका का विमोचन करते मुख्यातिथि डॉ. प्रेम लाल गौतम।

निदेशालय के निदेशक डॉ. वेद प्रकाश शर्मा द्वारा अतिथियों के स्वागत व भारत रत्न प्रो. एमएस स्वामीनाथन को उनके शताब्दी जन्मदिवस पर श्रद्धासुमन अर्पण करने के उपरांत इस दौरान मशरूम पर हुए अनुसंधान व अन्य विकसित गतिविधियों के अलावा मशरूम सोसायटी ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित अनेक कार्यक्रमों के आयोजन पर चर्चा की गई। डॉ. गौतम ने मशरूम को दैनिक आहार का अभिन्न हिस्सा मानते हुए इसकी जैव विविधता को संरक्षित करने का आह्वान किया। उन्होंने मशरूम के अनेक पहलुओं को महत्वपूर्ण बताते हुए रोग-रोधी किस्में विकसित करने, स्थनीय पोषाधार का इस्तेमाल करके कम लागत पर अधिक उत्पादन करने, उपलब्धता बढ़ाने तथा कटाई उपरांत प्रोद्योगिकी व मूल्य संवर्धन पर प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा कि मशरूम के दैनिक सेवन से न केवल होने वाली बीमारियों से सुरक्षा होगी, बल्कि कुपोषण की समस्या से भी निपटा जा सकेगा। डॉ. पीके चक्रवर्ती ने ऐसे रसायनों के इस्तेमाल पर जोर दिया, जिससे मानव स्वास्थ्य व पर्यावरण पर कम से कम प्रभाव हो। अन्य देशों की तरह ही देश में मशरूम में इस्तेमाल होने वाले रसायनों की अधिकतम अवशेष सीमा निर्धारित की जाए। डॉ. तिलक राज शर्मा ने अपने संबोधन में निदेशालय द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा करते हुए मशरूम को चक्रीय अर्थव्यवस्था के लिए बहुत महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने इसके उत्पादन को और अधिक बढ़ाने, उत्पादन लागत कम करने, स्थानीय अवशेषों का इस्तेमाल करने तथा पैकिंग व ब्रांडिंग पर जोर दिया।

# पातालेश्वर महादेव का महाकाल स्वरूप में किया भव्य शृंगार

अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब

श्रावण मास के पवित्र अवसर पर पांवटा साहिब स्थित ऐतिहासिक श्रीपातालेश्वर महादेव मंदिर में भगवान शिव का महाकाल स्वरूप में दिव्य शृंगार किया गया।



यह विशेष शृंगार भक्त मोनु के द्वारा अत्यंत श्रद्धा भक्ति भाव से संपन्न किया गया। शृंगार में भगवान शिव को भस्म, रुद्राक्ष, बेलपत्र, चंदन तथा विविध दिव्य पुष्पों से अलंकृत किया गया। इसके उपरांत शिवलिंग पर पंचामृत अभिषेक कर भव्य पूजा-अर्चना की गई, जैसे ही महादेव महाकाल के रौद्र व दिव्य स्वरूप में भक्तों के समक्ष प्रकट हुए, संपूर्ण मंदिर परिसर हर हर महादेव के जयघोष से गूंज उठा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर में उपस्थित रहे। भक्तों ने इस अलौकिक दृश्य को नमन करते हुए कहा कि यह शृंगार आत्मा को साक्षात शिव से जोड़ने वाला था। भक्त मोनु सिंह समय-समय पर भगवान शिव के विभिन्न स्वरूपों में ऐसे ही विशेष शृंगार करते रहे हैं। उनका हर शृंगार न केवल कला और आस्था का अद्वितीय संगम होता है, बल्कि शिवभक्तों की श्रद्धा को भी कई गुना बढ़ा देता है। श्रद्धालुओं ने मोनु भगत की सेवा भावना की सराहना करते हुए कहा कि ऐसा भक्ति भाव भगवान को अति प्रिय होता है और सभी पर उनकी विशेष कृपा बनी रहती है।

## न्यूज ब्रीफ

### चायल अस्पताल में टीबी एनएटी मशीन स्थापित

**प्रेम कुमार, अनंत ज्ञान, कंडाघाट।** नागरिक अस्पताल चायल में टीबी रोग की उन्नत जांच के लिए न्यूक्लिक एसिड एम्प्लीफिकेशन टेस्ट मशीन स्थापित की गई है। इस मशीन की स्थापना सतलुज जल विद्युत निगम लिमिटेड के सौजन्य से की गई। निगम ने इसके लिए 8 लाख 96 हजार रुपए की राशि दान स्वरूप प्रदान की। इस मशीन की सहायता से अब टीबी की जांच तेज, सटीक और मशीनरी स्तर पर संभव हो सकेगी। इससे रोग की जल्द पहचान व इलाज में सहायता मिलेगी। मशीन लगने से जिला सोलन की पंचायत सकोड़ी, झाझा, धंगील, चायल, नगाली, बांजनी, तुंदल, हिन्नर रहेड़ और जिला शिमला की ग्राम पंचायत जनेड़घाट, बलोग और भड़ेच को लाभ मिलेगा। मशीन के स्थापना कार्यक्रम अवसर पर खंड चिकित्सा अधिकारी सायरी डॉ. अजय सिंह, अस्पताल का स्टाफ प्रभारी, चायल पंचायत की प्रधान उषा शर्मा और स्थानीय लोग उपस्थित रहे। उन्होंने सतलुज जल विद्युत निगम लिमिटेड का इस सामाजिक योगदान के लिए आभार व्यक्त किया। यह पहल स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### श्री रेणुका जी मेले की तैयारियों को लेकर की बैठक

**अनंत ज्ञान, नाहन।** उपमंडलाधिकारी नाहन और श्री रेणुकाजी विकास बोर्ड के सदस्य सचिव राजीव कुमार सांख्यान ने अंतराष्ट्रीय श्री रेणुका जी मेले की तैयारियों को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक बुलाई। यह बैठक 13 अगस्त को सुबह 11 बजे कुब्जा पवेलियन, श्री रेणुका जी में आयोजित की जाएगी। इस वर्ष यह मेला 31 अक्तू बर से 5 नवंबर तक मनाया जाना प्रस्तावित है। बैठक की अध्यक्षता हिमाचल प्रदेश विधानसभा के उपाध्यक्ष और रेणुका जी विकास बोर्ड के अध्यक्ष विनय कुमार करेंगे। इसमें मेले के सफल आयोजन के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाएंगे।

### पच्छाद में जल्द करवाएं डॉक्टरों की नियुक्ति

**अनंत ज्ञान, नाहन।** हिमाचल प्रदेश के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष और राज्य योजना बोर्ड के उपाध्यक्ष जीआर मुसाफिर ने पच्छाद विधानसभा क्षेत्र में बदहाल स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर मुख्यमंत्री सुक्खू को एक पत्र लिखा। उन्होंने सीएम से आग्रह करते हुए कहा कि क्षेत्र के अस्पतालों में डॉक्टरों के 25 खाली पदों को जल्द से जल्द भरा जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके। मुसाफिर ने अपने पत्र में मुख्यमंत्री को बताया कि पच्छाद में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति चिंताजनक है।

### हॉस्टलों की मरम्मत करवाने की उठाई मांग



**अनंत ज्ञान, सोलन।** स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) सोलन महाविद्यालय इकाई ने महाविद्यालय की प्राचार्या का घेराव कर छात्रों के हॉस्टल में आ रही दिक्कतों से अवगत करवाया। कॉलेज में हॉस्टल होने के बावजूद भी बहुत छात्रों को हॉस्टल नहीं मिल पा रहे है क्योंकि पिछले काफी समय से हॉस्टलों की मरम्मत नहीं की गई है। इसीसे छात्रों को हॉस्टल होने के बावजूद भी बाहर कमरा लेकर रहना पड़ता है। इकाई इकाई के नेताओं ने कड़े शब्दों में निंदा की। एसएफआई अध्यक्ष साहिल और सचिव विकास की अगुवाई में दूसरी मांग मुख्य रूप से यह रखी गई कि कॉलेज के शौचालय की नियमित रूप से सफाई की जाए। वहीं, लड़कों के एक शौचालय में तो दरवाजे तक नहीं है। शौचालय की सफाई होना बहुत जरूरी होता है, क्योंकि नियमित सफाई न होने के कारण छात्रों को कई बीमारियां हो सकती हैं। एसएफआई ने चेतावनी दी कि इन मांगों को जल्द पूरा किया जाए अन्यथा एसएफआई छात्रों को लामबंद करके एक उग्र आंदोलन करेगी। इसकी जिम्मेदार कॉलेज प्रशासन होगा।

### परिश्रमी जीवन को सफलता की कुंजी बताया

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** राजकीय महाविद्यालय पझौता में नवप्रवेशी विद्यार्थियों के लिए इंडक्शन तथा ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम प्राचार्य डॉक्टर शिवानी शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। बीए प्रथम वर्ष की छात्रा ज्योति ने स्वागत भाषण रखा। स्वागत भाषण के उपरांत अंग्रेजी विषय के सहायक आचार्य प्रोफेसर सौरभ ठाकुर ने विषय रखा। अपनी प्रस्तुति में उन्होंने विद्यार्थियों को विभिन्न विषयों तथा उनकी उपयोगिता से अवगत करवाया। उन्होंने परीक्षा पैटर्न तथा आंतरिक मूल्यांकन पद्धति से भी विद्यार्थियों को परिचित करवाया। उनकी प्रस्तुति के बाद प्राचार्या डॉक्टर शिवानी शर्मा ने विद्यार्थियों को अनुशासित व परिश्रमी जीवन को सफलता की कुंजी बताया। उन्होंने विद्यार्थियों से जल्द अपने जीवन लक्ष्य के सटीक निर्धारण व योजना बद्ध क्रियान्वयन की अपील की। इसके उपरांत बीए प्रथम वर्ष की छात्रा अंजलि ने धन्यवाद भाषण रखा। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

### रक्तदान शिविर में 47 यूनिट रक्त एकत्रित

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** राजकीय महाविद्यालय राजगढ़ में डोनेट रेड, गो ग्रीन, सेव ब्लू जैसे प्रेरणादायक संदेश के साथ एकदिवसीय रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया। यह शिविर डॉज बॉल एसोसिएशन सिरमौर और राजकीय महाविद्यालय राजगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ। इसमें 47 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। शिविर के मुख्यातिथि सेवानिवृत कर्नल डॉ. संजय शांडिल ने युवाओं को रक्तदान जैसे मानवता से जुड़े कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा, रक्तदान को जीवनदान और महादान कहा गया है। यह ऐसा दान है जिसे केवल इंसान ही दे सकता है और इससे अनगिनत जीवन बचाई जा सकती हैं। उन्होंने सोशल मीडिया के अत्यधिक उपयोग पर भी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि इससे युवाओं की रचनात्मकता प्रभावित हो रही है। कार्यक्रम के विशिष्टातिथि कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राजेंद्र वर्मा ने डॉज बॉल संघ के सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि इस पहल ने युवाओं को एक सकारात्मक दिशा दी है। इस अवसर पर डॉज बॉल संघ सिरमौर के अध्यक्ष विवेक शर्मा, आयोजक समिति सदस्य डॉ. शशि किरण, डॉ. शिव भारद्वाज, डॉ. गीतिका ठाकुर, प्रो. अमिता मेहता, राजेंद्र ठाकुर (चेयरमैन, डॉज बॉल संघ), विक्रम डॉ., अमन प्रकाश, दिनेश आर्य, अनुज ठाकुर आदि मौजूद रहे।

## बिजली बिलों को लेकर सरकार पर बरसे पूर्व विधायक परमजीत व केएल ठाकुर

# व्यवस्था परिवर्तन का नारा देकर दिन-ब-दिन अव्यवस्था के बोझ तले दब रही कांग्रेस सरकार

ओम शर्मा, अनंत ज्ञान

**बीबीएन।** दून हलके के पूर्व विधायक परमजीत सिंह और नालागढ़ के पूर्व विधायक केएल ठाकुर भारी-भरकम आ रहे बिजली बिलों को लेकर सरकार पर जमकर बरसे।



उन्होंने कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार द्वारा उपभोक्ताओं को दिए जा रहे बिजली के बिलों ने लोगों की कमर तोड़ दी है और जब से स्मार्ट मीटर घरों में लगे हैं, बिजली के बिल दो से तीन गुना तक हो गए हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के समय में 125 यूनिट बिजली फ्री दी जाती थी और बिजली के रेट भी बहुत कम थे, लेकिन अब तो बिजली के बिलों को लेकर हर उपभोक्ता परेशान है। यह नहीं वर्तमान कांग्रेस सरकार ने सत्ता हासिल करने के बाद लोगों को 300 यूनिट फ्री देने का वादा किया था, लेकिन 300 यूनिट तो बहुत दूर की बात, अब तो आलम यह है कि बिल दोगुने से भी ज्यादा आ रहे हैं। यही नहीं जिन किसानों ने नलकूप लगाए हैं, उनके बिलों में भी बेतहाशा वृद्धि हुई। पूर्व विधायकों ने कहा कि वैसे तो सरकार की गलत नीतियों के चलते हर वर्ग बुरी तरह दुखी है। किसान हो या बागवान, उद्योगपति हो या व्यापारी, मजदूर हो या सरकारी कर्मचारी आदि सभी सरकार की जन विरोधी नीतियों से परेशान हैं। लोगों के लिए इस सरकार ने अभी तक कोई योजना तीन साल के शासनकाल में नहीं बनाई और न ही सरकार ने अपने और मंत्रियों के खर्चे कम किए। विकास की बात आती है, तो सुख की सरकार खाली खजाना होने का रोना रोती है। आज पूरे प्रदेश में अवैध खनन, नशे, भ्रष्टाचार और अव्यवस्था का बोलबाला है। नशे के सौदागर दिन-प्रतिदिन पनप रहे हैं और नदियों में अवैध खनन के चलते पुल बह गए। इससे साफ जाहिर होता है कि प्रदेश में जितने भी गलत कार्य हो रहे हैं इसमें उन सभी को सरकार का सरक्षण प्राप्त है, अब वह दिन दूर नहीं जब ये सरकार अव्यवस्था के बोझ तले दबने से अपने आप गिर जाएगी। परमजीत सिंह पम्मी व केएल ने मांग उठाई है कि बेतहाशा आ रहे बिजली बिलों की जांच होनी चाहिए।

# होमगार्ड जवानों को अन्य कर्मचारियों की भांति आत्मनिर्भर बनाया जाए: मंशा राम

अनंत ज्ञान, अर्की

होमगार्ड वेलफेयर एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष मंशा राम ने मुख्यमंत्री सुक्खू का होमगार्ड स्थापना दिवस 6 दिसंबर को राज्य से बाहर तैनाती पर 500 रुपए अतिरिक्त दैनिक भत्ता व महिला होमगार्ड जवानों को मातृत्व अवकाश देने पर आभार व्यक्त करते हुए निवेदन किया कि प्रदेश में होमगार्ड जवानों को अन्य विभागों की तरह स्वतंत्र कार्य सौंपा जाए और साथ में एक स्थायी पॉलिसी का प्रावधान किया जाए, जो होमगार्ड जवानों की वर्षों से मांग है।

उनका कहना है कि मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प लिया है, उसमें प्रदेश के होमगार्ड जवानों को भी प्रदेश के अन्य कर्मचारियों की भांति सुदृढ़ व आत्मनिर्भर बनाया जाए, क्योंकि प्रदेश का होमगार्ड जवान, अग्निशमन विभाग, एनडीआरफ, एसडीआरएफ, स्थानीय पुलिस बल, यह केंद्रीय सुरक्षा बल के समान प्रदेश की आंतरिक व भारी सुरक्षा पंक्ति में रात-दिन तैनात खड़े रहते हैं, लेकिन पिछले 6 दशकों से उनके लिए होमगार्ड जवानों की यही मांग रही है कि एक स्थायी पॉलिसी बनाकर प्रदेश के होमगार्ड को रोजगार दिया जाए।

प्रदेश के होमगार्ड जवानों को अन्य सैनिक बलों के समान भर्ती व प्रशिक्षित किया जाता है, जो प्रदेश की चारों ओर सीमाओं की सुरक्षा पंक्ति से लेकर प्रदेश के औद्योगिक क्षेत्रों व प्रदेश की आंतरिक सुरक्षा में व राज्य में उत्पन्न विकट से विकट परिस्थितियों में भी राज्य व केंद्र की सुरक्षा व्यवस्था के लिए सक्षम हैं और प्रशिक्षित हैं। उन्होंने करबद्ध निवेदन किया कि उनकी इस मांग को पूर्ण किया जाए।

# सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब।** कोलर में बुधवार रात करीब 10.30 बजे नाहन की तरफ जा रहे ट्राले ने आगे चल रही एक कार को ओवरटेक करते हुए विपरीत दिशा से आ रही स्कूटी को टक्कर मार दी।

स्कूटी को ऋषिपाल पुत्र स्व. बनारसदी निवासी जोगीबन डा. शंभुवाला तह. नाहन जिला सिरमौर हाल पता गांव बोहलियों डा. शंभुवाला उम्र 48 चला रहा था। स्कूटी चालक के सिर में चोटें आई तथा उसे इलाज के लिए लोगों की सहायता से नाहन सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां पर डॉक्टर ने घायल को चेक करने पर मृत घोषित कर दिया। इस पर ट्राला चालक के खिलाफ पुलिस थाना माजरा में अभियोग पंजीकृत किया गया। आरोपी चालक को गिरफ्तार किया गया है। अभियोग का अन्वेषण जारी है।

# रणों खालसा गांव में गोशाला व रसोई घर को हुआ नुकसान


पंचायत हनुमान बडोग के गांव रणों खालसा में गोशाला व रसोई घर को हुआ नुकसान।

अनंत ज्ञान,दाड़लाघाट

दाड़लाघाट क्षेत्र में मंगलवार की आधी रात से हो रही बारिश के कारण पंचायत हनुमान बडोग के गांव रणों खालसा में एक गोशाला और रसोई घर गिरने की घटना सामने आई है।

गनीमत यह रही कि इस हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ। पीड़ित राजेश ने बताया कि भारी बारिश के कारण उनकी गोशाला और रसोई घर ढह गए। इससे उन्हें काफी आर्थिक क्षति हुई है। उन्होंने सरकार और प्रशासन से गुहार लगाई है कि जल्द इसका मुआवजा दिया जाए। उधर, प्रधान प्रेम चोपड़ा व उपप्रधान कर्मचंद पम्मी ने बताया कि पटवारी ने मौके पर जाकर घटनास्थल का जायजा लिया है और गोशाला और रसोईघर के हुए नुकसान की रिपोर्ट संबंधित अधिकारियों को भेज दी है। उन्होंने सरकार और प्रशासन से आग्रह किया कि इस परिवार के लिए उचित मुआवजा दिया जाए।

# सीडी बंसल बने प्रदेश संगठन सचिव

**अनंत ज्ञान, अर्की।** हिमाचल प्रदेश अनुसूचित जाति,अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग व अल्पसंख्यक संयुक्त संघर्ष मोर्चा द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार अर्की के सीडी बंसल को राज्य संगठन सचिव नियुक्त किया गया है।



इससे पूर्व वे राज्य संयुक्त लेखाकार थे। बंसल सेवानिवृत्त मुख्य प्रबंधक (बैंक) हैं और गांव कशयालू के निवासी हैं तथापि कई सामाजिक संस्थाओं से जुड़े हैं। इस नियुक्ति के लिए उन्होंने राज्य अध्यक्ष हीरामणि भारद्वाज, उपाध्यक्ष सैन राम, राज्य महासचिव तारा चंद रानौट तथा राज्य समन्वयक राजेश कश्यप का धन्यवाद किया। बंसल ने कहा कि उन्हें जो उत्तरदायित्व दिया गया है, उसे वह बखूबी से निभाएंगे और सभी संबंधित संगठनों को एक मंच पर लाने का प्रयास करेंगे।

# धात्री माताओं को स्तनपान के प्रति किया जागरूक

कृष्ण रघुवंशी, अनंत ज्ञान

**अर्की।** विश्व स्तनपान सप्ताह के उपलक्ष्य में प्लासिया आंगनबाड़ी केंद्र में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. मुक्ता रस्तोगी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम के दौरान डॉ. विजय कुमार शांडिल, काउंसलर, एचआईवी काउंसलिंग व टेस्टिंग सेवाएं, सिविल अस्पताल अर्की ने उपस्थित महिलाओं को स्तनपान के महत्व के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि छह माह तक केवल स्तनपान कराना शिशु के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए अत्यंत लाभकारी है। उन्होंने कोलोस्ट्रम (पहला गाढ़ा पीला दूध) को शिशु का पहला टीका बताया और समझाया कि यह बच्चे की रोग-प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है। साथ ही स्तनपान से मां को भी कई स्वास्थ्य लाभ मिलते हैं, जैसे स्तन कैंसर का जोखिम कम होना, प्रसवोत्तर रक्तस्राव कम होना और मां-बच्चे के बीच गहरा भावनात्मक संबंध बनना। इस अवसर पर महिलाओं को स्तनपान से जुड़ी सावधानियां, कार्यस्थल पर स्तनपान के समर्थन, पोषण अभियान की भूमिका तथा स्तनपान में आने वाली चुनौतियों से निपटने के उपायों की भी जानकारी दी। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, स्थानीय महिलाओं, गर्भवती एवं धात्री माताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य माताओं को सही जानकारी प्रदान कर उन्हें स्तनपान को अपनाने व प्रोत्साहित करने की दिशा में सशक्त बनाना रहा।

## स्तनपान पर शपथ ग्रहण करवाई

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** राजकीय महाविद्यालय दाड़लाघाट में स्तनपान सप्ताह का समापन समारोह आयोजित किया गया।

कॉलेज में एक सप्ताह से वूमेन सेल के अंतर्गत स्तनपान सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। वूमेन सेल की प्रभारी सह आचार्य मार्गरेट सेबेस्टियन ने बताया कि इस दौरान वूमेन सेल ने स्तनपान सप्ताह के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। स्तनपान सप्ताह की शुरुआत पोस्टर मेकिंग से की गई। इसके साथ स्तनपान जागरूकता को घर-घर तक पहुंचाने के लिए रैली का आयोजन किया गया। इसी के साथ राज्य स्तरीय निबंध प्रतियोगिता का आयोजन भी करवाया गया। इसमें हिमाचल के 21 कॉलेजों ने भाग लिया। इसमें प्रथम स्थान पर राजकीय महाविद्यालय रामपुर की छात्रा रही, जिसे एबिसड ऑफ न्यू जेनरेशन का खिताब दिया गया। दूसरे स्थान पर राजकीय महाविद्यालय कुमारसेन व तीसरे स्थान पर राजकीय महाविद्यालय धामी की छात्रा रही। इसके अतिरिक्त स्तनपान पर शपथ ग्रहण भी करवाई गई। स्तनपान सप्ताह के समापन समारोह पर डॉ. मीना शर्मा ने स्तनपान, न्यूट्रीशन व हेल्थी लाइफस्टाइल पर व्याख्यान दिया। प्राचार्या डॉ. रुचि रमेश ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए वूमेन सेल की प्रभारी और सदस्यों को सफल स्तनपान सप्ताह आयोजित करने पर बधाई दी। उन्होंने विद्यार्थियों को स्तनपान से जुड़े भ्रामकों को तोड़ कर इससे जुड़ी जागरूकता को घर-घर तक पहुंचाने का संदेश दिया।

# जनता की अदालत में दलील, अपील तारीख नहीं, फैसले होते हैं: विवेक शर्मा

अनंत ज्ञान, सोलन

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता विवेक शर्मा ने धारा 197 ए की उपधारा 65 में संशोधन पर प्रदेश सरकार पर हमला बोलते हुए कहा न्यायालय में न्याय विद भी असहज हो तो मान लीजिए कि हिमाचल सरकार कार्यरत है।

हिमाचल प्रदेश सर्विस कंडक्ट रूल्स संशोधन (सेवा आचरण नियम) 2024, जिसे जुलाई 2025 में संशोधित कर दिया गया है। सरकारी कार्य से संबंधित सेवा में कार्यरत अधिकारी व कर्मचारी से विभागीय संबंधित कोई भी कार्रवाई, गिरफ्तारी, निलंबन, विभागीय जांच, विजिलेंस जांच, सीबीआई आदि की कार्रवाई करने से पूर्व संबंधित विभागीय अनुमति अनिवार्य हो गई है। किसी अधिकारी को न्यायिक जांच में पूछताछ या गिरफ्तार करने के लिए प्रदेश सरकार की अनुमति अनिवार्य हो गई है यानी कि जो अधिकारी सरकार की रजामंदी से विभागीय भ्रष्टाचार करेगा, उसे संपूर्णता सुरक्षा प्रदान रहेगी। विवेक शर्मा ने कहा कि डॉ. मनमोहन सिंह की आरटीआई का श्रेय लेती कांग्रेस ने धारा 197 ए की उपधारा 65 हिमाचल प्रदेश पुलिस एक्ट संशोधन 2024 में यह प्रावधान जोड़कर आरटीआई का विकल्प निकाला है। इस पर भ्रष्टाचार की जानकारी के पश्चात भी कोई कार्रवाई नहीं हो सकेगी। प्रदेश उच्च न्यायालय सरकार से डाटफुल इंटीग्रिटी एंपलाइज (संदिग्ध एकीकृत अधिकारियों) की सूची मांग चुका है न्यायालय में विचाराधीन मामलों पर निरंतर कौसट लग रही है। चाहे वह प्रदेश की जनता के अधिकारों के पक्ष के मामले हो, पर्यावरण से संबंधित मामले हो या कर्मचारी की विभागीय चुनौतियां हो, प्रदेश के प्रशासनिक अधिकारी उत्तर नहीं दे रहे हैं। आमजन अगर कार्यालय में खड़ा होकर प्रश्न पूछने का साहस भी करता है, तो सरकारी काम में हस्तक्षेप या विघ्न उत्पन्न करने का मुकदमा दर्ज हो जाता है। यह कौन सा लोकतांत्रिक कानून है। कांग्रेस सरकार में ईमानदार अधिकारियों को प्रताड़ना से लेकर हत्याएं और आत्महत्याओं तक की नौबत आ गई है।



**समारोह** शूलिनी मेले में कर्मियों को बहुमूल्य सेवाओं के लिए डॉ. शांडिल ने किया सम्मानित

# शहर को स्वच्छ रखना प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी

अनंत ज्ञान, सोलन

स्वास्थ्य व परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय व अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने कहा कि शहर व अपने क्षेत्र को स्वच्छ रखना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है।

डॉ. शांडिल राज्य स्तरीय शूलिनी मेला-2025 के दौरान नगर निगम सोलन के सफाई कर्मियों तथा अन्य कर्मचारियों द्वारा मेले में दी गई बहुमूल्य सेवाओं के लिए आयोजित सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। डॉ. शांडिल ने इससे पूर्व 18.50 लाख रुपए की लागत से नवीनीकृत नगर निगम के बहुउद्देशीय हॉल का शुभारंभ भी किया। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि नगर निगम के सफाई कर्मियों का शहर को स्वच्छ रखने में अहम योगदान रहता है। शहर को सुंदर बनाने के लिए हमें लोगों को जागरूक करने के साथ-साथ मिलकर कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्वच्छता एक अच्छी आदत है, जो हमारे जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाती है। डॉ. शांडिल ने कहा कि जल्द ही नगर निगम के अंतर्गत सभी 17 वार्डों में कूड़ा स्थल चिन्हित किए जाएंगे। इन चिन्हित स्थलों की सीसीटीवी कैमरे से मॉनिटरिंग भी की जाएगी। उन्होंने कहा कि स्वच्छता के साथ-साथ आज के समय में पर्यावरण के संरक्षण पर भी विशेष ध्यान देना चाहिए। पर्यावरण हमारे जीवन के लिए बहुत महत्वपूर्ण है और इसके संरक्षण के लिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में धरा को हरा-भरा करने के लिए अधिक से अधिक पौधे रोपित करने चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा नगर निगम क्षेत्र में लोगों की लंबे समय से चल रही पेयजल वितरण समस्या को सुलझाने के लिए इस कार्य को अब नगर निगम से जल शक्ति विभाग को सौंपकर समाधान किया गया है। डॉ. शांडिल ने राज्य स्तरीय मां शूलिनी मेले में नगर निगम सोलन के सफाई कर्मियों, श्रमिकों, लाईनमैन, कोमेन तथा अन्यों द्वारा बहुमूल्य सेवाएं प्रदान करने पर उनकी सराहना की और उन्हें सम्मानित किया। डॉ. शांडिल ने इससे पूर्व अंतराष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर ठोडो मैदान में स्वास्थ्य व परिवार कल्याण विभाग द्वारा युवाओं को सशक्त तथा नशे से दूर रखने के लिए आयोजित मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने मैराथन में विजेता रहे खिलाड़ियों को सम्मानित भी किया। स्वास्थ्य मंत्री ने इस अवसर पर प्रदेश में भारी वर्षा से आई आपदा के प्रभावितों के लिए एकत्रित की जा रही राहत राशि में अपना अंशदान देकर अन्य लोगों को भी अपना योगदान देने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर गीता आदर्श विद्यालय सोलन के बच्चों द्वारा पर्यावरण विषय पर लघु नुक्कड़ नाटिका के माध्यम से उपस्थित जनसमूह को जागरूक किया गया। नगर निगम सोलन की महापौर उषा शर्मा, उपमहापौर मीरा आनंद, नगर निगम की आयुक्त एकता काप्टा, उपमंडलाधिकारी सोलन डॉ. पूनम बंसल, पार्षद राजीव, पार्षद कौड़ा, सरदार सिंह ठाकुर, ईशा पराशर, पूजा, संगीता, सीमा, रजनी व अभय शर्मा आदि मौजूद रहे।


मेले में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सफाई कर्मचारियों को सम्मानित करते स्वास्थ्य मंत्री।

# डॉ. धनीराम शांडिल को राखी बांधकर ईश्वरीय सौगात दी गई



शांडिल को राखी बांधती ब्रह्माकुमारी आश्रम की मुख्य संचालिका बीके सुषमा दीदी।

अनंत ज्ञान, सोलन

सोलन में ब्रह्मा कुमारीज की मुख्य संचालिका बीके सुषमा दीदी व अन्य साथी बहनों ने स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धनीराम शांडिल को रक्षाबंधन के पावन अवसर पर राखी बांधी और उन्हें ईश्वरीय सौगात दी। इस कार्यक्रम में स्नेह, सुरक्षा और शुभकामनाओं का संदेश दिया गया। बीके सुषमा दीदी ने मंत्री के स्वास्थ्य, सुख-समृद्धि और प्रदेश के विकास के लिए ईश्वरीय आशीर्वाद प्रदान किया। कर्नल शांडिल ने इस भावपूर्ण कार्यक्रम के लिए ब्रह्माकुमारी का धन्यवाद किया और सभी के उत्तम स्वास्थ्य व खुशहाली की कामना की। कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारीज की अन्य बहनों ने भी भाग लिया और रक्षाबंधन के इस पर्व को भक्ति और सौहार्द के साथ मनाया।

## शांडिल आज सोलन के प्रवास पर

**अनंत ज्ञान, सोलन।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय व अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल 8 अगस्त को सोलन विधानसभा क्षेत्र के प्रवास पर रहेंगे। डॉ. शांडिल 8 अगस्त को प्रातः 11.30 बजे सोलन विधानसभा क्षेत्र के सायरी में पेंशनर कल्याण संघ सायरी के 20वें स्थापना दिवस के अवसर पर मुख्यातिथि होंगे।




# हरियाणा में महिलाओं के सशक्तिकरण को बढ़ावा 'लखपति दीदी' योजना को मिल रही प्राथमिकता

## मुख्यमंत्री से मिले नव पदोन्नत आईएएस अधिकारी, सुशासन के लिए किया प्रेरित

**जगदीश शर्मा, अनंत ज्ञान**



**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि राज्य सरकार 'लखपति दीदी' योजना को प्राथमिकता से आगे बढ़ा रही है, ताकि अधिक से अधिक महिलाएं आर्थिक रूप से स्वावलंबी बन सकें। संकल्प पत्र की प्रगति को लेकर आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस योजना से जुड़ने वाली महिलाओं की संख्या बढ़ाई जाए और उन्हें स्वरोजगार के लिए बैंक ऋण की सुविधा भी सुनिश्चित की जाए।

मुख्यमंत्री ने बताया कि अब तक राज्य में 1.06 लाख महिलाएं 'लखपति दीदी' बन चुकी हैं, जबकि चालू वित्त वर्ष में 25,000 और महिलाओं को इस योजना से जोड़ने का लक्ष्य है। 'हर घर-हर गृहिणी' योजना की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि पात्र परिवारों को 500 रुपए में गैस सिलेंडर की सुविधा कैंप के माध्यम से दी जाए। बैठक में महिला छात्रावास, सक्षम आंगनबाड़ी केंद्र, अनुसूचित जातियों के सामुदायिक भवन और खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने की योजनाओं की भी समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री ने सभी परियोजनाओं को समयबद्ध तरीके से लागू करने के निर्देश दिए ताकि जनता को वास्तविक लाभ मिल सके।

वहीं, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से आज सचिवालय में नव पदोन्नत भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारियों ने शिष्टाचार भेंट की। मुख्यमंत्री ने सभी अधिकारियों को पदोन्नति की बधाई देते हुए उन्हें ईमानदारी, निष्ठा और दक्षता से कार्य करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक अधिकारियों की भूमिका सुशासन और जनकल्याण में अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। मुख्यमंत्री ने अपेक्षा जताई कि अधिकारी 'अंत्योदय' की भावना को केंद्र में रखते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने में अपना योगदान देंगे।

उधर, सीएम सैनी ने कहा कि अनुसंधान, स्वास्थ्य, कृषि प्रौद्योगिकी, उन्नत सिंचाई प्रणाली, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, वेस्ट वाटर सहित अन्य क्षेत्रों में आधुनिक तकनीक से हरियाणा और इजराइल मिलकर काम करेंगे और आगे बढ़ेंगे। सीएम सैनी से संत कबीर कुटीर चंडीगढ़ में भारत में इजराइल के राजदूत रूवेन अजार ने शिष्टाचार मुलाकात कर आपसी सहयोग के साथ अन्य विषयों पर चर्चा की।

# शिक्षा और खेल में सुधार को लेकर चंडीगढ़ के प्रशासक ने की समीक्षा बैठक

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



संघ शासित प्रदेश चंडीगढ़ के प्रशासक एवं पंजाब राज्यपाल ने वीरवार को विद्यालय शिक्षा, उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा और खेल विभागों की संयुक्त समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में शिक्षा और खेल क्षेत्र में चल रही प्रमुख योजनाओं की प्रगति का विस्तृत मूल्यांकन किया गया।

बैठक में विद्यालय शिक्षा की समीक्षा के दौरान बताया गया कि 993 पदों में से 739 शिक्षकों की नियुक्ति हो चुकी है। अभिनव बिंद्रा फाउंडेशन और स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया के सहयोग से 108 सरकारी स्कूलों में वॉलीबॉल कार्यक्रम शुरू किया गया है। 'उड़ान' योजना के तहत 125 छात्रों को निशुल्क कोचिंग और नियमित मेंटरशिप सत्रों के माध्यम से मार्गदर्शन मिल रहा है।

खेल विभाग की समीक्षा में बताया गया कि नवंबर 2025 में अंतर्राष्ट्रीय चंडीगढ़ मैराथन आयोजित की जाएगी। सेक्टर-42 में ओलंपिक स्तर का स्विमिंग पूल और बालिकाओं के लिए हॉस्टल, सेक्टर-16 में नया क्रिकेट ग्राउंड अगस्त 2025 में उद्घाटित होगा। राष्ट्रीय स्तर की कई प्रतियोगिताएं सफलतापूर्वक आयोजित की गई हैं। उच्च एवं तकनीकी शिक्षा के अंतर्गत बताया गया कि स्नातक और परास्नातक पाठ्यक्रमों में 95 प्रतिशत सीटें भर चुकी हैं। 200 अतिरिक्त सीटें जोड़ी गई हैं। एजु-सिटी, मॉडल आईटीआई, और चंडीगढ़ स्किल मिशन जैसी योजनाओं की भी समीक्षा की गई।

प्रशासक ने विभागों की सराहना करते हुए पारदर्शिता, जवाबदेही और अंतिम छोर तक सेवा वितरण सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया।

## न्यूज ब्रीफ

### रक्षाबंधन पर स्वच्छता व देशभक्ति का संदेश

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** ब्रह्माकुमारीज ने रक्षाबंधन के अवसर पर तिरंगे रंग की राखियां बांधकर स्वच्छता और देशभक्ति का संदेश फैलाया। महापौर हरप्रीत कौर बबला, विशेष आयुक्त प्रदीप कुमार (आईएएस) और अन्य अधिकारियों को प्रतीकात्मक राखियां बांधी गईं। 'प्यार से बंधी, उद्देश्य से जुड़ी' इस पहल ने हर घर तिरंगा और 'सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ' अभियानों को बल दिया। संस्था ने कहा कि सच्चा भाईचारा स्वच्छता और जिम्मेदारी से आता है। महापौर ने नागरिकों से अपील की कि वे रक्षाबंधन पर स्वच्छता का संकल्प लें और देश को गौरवपूर्ण बनाए रखें।

### एमसीएम कॉलेज में 'शुभागमन' के साथ सत्र शुरू

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** मेहर चंद महाजन डीएवी महिला महाविद्यालय ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 की शुरुआत 'शुभागमन' कार्यक्रम से की। इसमें नवप्रवेशी छात्राओं का उत्साहपूर्वक स्वागत किया गया। 'कैंपस विज़न' के माध्यम से छात्राओं को महाविद्यालय की विरासत व संस्कृति से परिचित कराया गया। कार्यवाहक प्राचार्या नीना शर्मा ने संस्थान की 58 वर्षों की उपलब्धियों को साझा करते हुए छात्राओं को मूल्यों, अनुशासन और सामुदायिक भावना को आत्मसात करने का आह्वान किया। उन्होंने एमसीएम को एक ऐसा उद्यान बताया जहां प्रतिभा और मूल्यों का पोषण होता है। कार्यक्रम समर्पण, विकास और उत्कृष्टता के संकल्प के साथ संपन्न हुआ।

### बठिंडा को मिला सीजीएचएस एमपैनलमेंट

**अनंत ज्ञान, बठिंडा।** कृष्णा सुपर स्पेशलिटी अस्पताल को केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना (सीजीएचएस) के साथ एमपैनलमेंट प्राप्त हुआ है। इससे सरकारी कर्मचारी, पेंशनभोगी और उनके आश्रित अब यहां कैशलेस चिकित्सा सेवाएं ले सकेंगे। यह अस्पताल अब सीजीएचएस के 43 लाख लाभार्थियों को ओपीडी, दवा वितरण और विशेष उपचार की सुविधा प्रदान करेगा। सीईओ गुरजीत सिंह रोमाना ने इसे विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवा की दिशा में एक बड़ा कदम बताया। अधिक जानकारी के लिए अस्पताल के सीजीएचएस हेल्प डेस्क 8337000000 पर संपर्क किया जा सकता है। यह पहल बठिंडा क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवा को और अधिक सुलभ बनाएगी।

# आकाश एजुकेशनल ने हर्बल पार्क अंबाला में लगाए 162 पौधे

**अनंत ज्ञान, अंबाला**




आकाश एजुकेशनल सर्विसेज, अंबाला ने 2025 में नीट, जेईई मेन, जेईई एडवांस और विभिन्न ओलंपियाड में अपने छात्रों की उत्कृष्ट उपलब्धियों का जश्न मनाने के लिए पौधरोपण अभियान का आयोजन किया। इस अभियान के तहत हर्बल पार्क अंबाला शहर में 162 पौधे लगाए गए।

इस पौधरोपण अभियान में आकाश लुधियाना के छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों के साथ-साथ मुख्यातिथि अजीत सिंह शेखावत, एसपी-अंबाला ने भी सक्रिय रूप से भाग लिया।

शेखावत ने आकाश संस्थान के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि यह पहल इस बात का एक शानदार उदाहरण है कि शैक्षणिक संस्थान कैसे केवल छात्रों का भविष्य नहीं, बल्कि हमारे पर्यावरण का भविष्य भी संवारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। आकाश एजुकेशनल के क्षेत्रीय निदेशक सुरेंद्र चौहान ने कहा कि हमारे छात्रों की सफलता उनकी कड़ी मेहनत और हमारे शिक्षकों की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। पौधों को लगाकर, हम न केवल उनकी शैक्षणिक सफलता का जश्न मना रहे हैं बल्कि एक हरित भविष्य के प्रति हमारी साझा प्रतिबद्धता को भी प्रकट कर रहे हैं।

# पंजाब के सीएम भगवंत मान को जान से मारने की धमकी

**अनंत ज्ञान, अमृतसर।** खालिस्तान आतंकी संगठन सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान की हत्या करने की धमकी दी है। आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने एक वीडियो जारी कर धमकी दी है कि मुख्यमंत्री भगवंत मान फरीदकोट में 15 अगस्त को उसके आतंकियों के निशाने पर रहेंगे। आतंकी ने लैंड पूलिंग मामले पर भी पंजाब के लोगों को भड़काने का एक प्रयास किया है। आतंकी पन्नू ने वीडियो में यह भी दावा किया है कि उसने अमृतसर के बस अड्डा खालसा कॉलेज कुछ मंदिर और कोर्ट परिसर में खालिस्तान जिंदाबाद के नारे लिखवा हैं। हालांकि, सार्वजनिक जगहों पर खालिस्तान जिंदाबाद के नारे र नहीं देखे गए हैं।

**आतंकी पन्नू ने कहा- 15 अगस्त को निशाने पर रहेंगे**

बता दें कि आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू पहले भी राष्ट्रीय कार्यक्रमों के दौरान वीडियो जारी कर धमकियां दे चुका है। पन्नू भारत से फरार है और राष्ट्रीय जांच एजेंसी को पिछले कुछ सालों से वांटेड भी है। आरोपित के खिलाफ पंजाब के कई थानों में तीन दर्जन से ज्यादा फिर दर्ज की जा चुकी हैं। इस आतंकी के खिलाफ असल तस्करी सहित देश विरोधी गतिविधियों को अंजाम देने के मामले दर्ज हैं।

# चंडीगढ़ में विश्व स्तनपान सप्ताह पर हुआ राज्य स्तरीय कार्यक्रम

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



सामाजिक कल्याण, महिला एवं बाल विकास विभाग, चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा आज स्नेहलया, मलोया में विश्व स्तनपान सप्ताह-2025 के उपलक्ष्य में एक राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह सप्ताह, जो हर वर्ष 1 से 7 अगस्त तक विश्व स्तर पर मनाया जाता है, का उद्देश्य स्तनपान के महत्व के प्रति जागरूकता फैलाना है ताकि शिशुओं, माताओं और समाज के संपूर्ण स्वास्थ्य व कल्याण को सुनिश्चित किया जा सके।

स्तनपान शिशुओं की स्वस्थ वृद्धि एवं विकास में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह संपूर्ण पोषण प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करता है और मां-बच्चे के बीच भावनात्मक संबंध को गहराता है। मुख्यातिथि, सुश्री रचना वर्मा ने स्तनपान को एक सार्वजनिक स्वास्थ्य प्राथमिकता बताते हुए माताओं को सहयोग देने वाले अनुकूल वातावरण की आवश्यकता पर बल दिया। सुश्री अनुराधा एस छगती, सचिव, सामाजिक कल्याण, महिला एवं बाल विकास विभाग, ने मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को सुदृढ़ करने की विभाग की प्रतिबद्धता दोहराई और महिलाओं को सशक्त बनाने तथा कुपोषण से निपटने के लिए सामुदायिक स्तर की पहलों के महत्व को रेखांकित किया।

## देश-विदेश

# एनडीए का फैसला, मोदी-नड्डा तय करेंगे उपराष्ट्रपति उम्मीदवार

## एनडीए के नेताओं ने बैठक में पास किया प्रस्ताव

**एजेंसी, नई दिल्ली**





नेशनल डेमोक्रेटिक अलायंस के नेताओं की वीरवार को बैठक हुई। इसमें गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ ही संसदीय कार्य मंत्री रिजिजू शामिल हुए। मीटिंग के बाद रिजिजू ने बताया कि मीटिंग में एनडीए ने प्रस्तावना पास करते हुए उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए कैंडिडेट का नाम तय करने का अधिकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राज्यसभा में सदन के नेता जेपी नड्डा को सौंपा है। उधर, संसद के मानसून सत्र के 14वें दिन वीरवार को लोकसभा में नेशनल स्पोर्ट्स गवर्नेंस बिल 2025 और राष्ट्रीय डोपिंग रोधी (संशोधन) बिल, 2025 को संयुक्त संसदीय समिति के पास भेजने पर फैसला नहीं हो सका। विपक्ष ने दोनों बिल को जेपीएस के पास भेजने की मांग की है। राज्यसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने उपसभापति हरिवंश नारायण सिंह को लेटर लिखकर बिहार एसआईआर पर चर्चा कराने की मांग की थी। एसआईआर पर चर्चा को लेकर केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि लोकसभा का नियम है कि कोर्ट में लंबित मामलों पर सदन में चर्चा नहीं हो सकती। (अनंत ज्ञान)

# पाकिस्तान ने बलूचिस्तान में बंद की इंटरनेट सेवाएं

**एजेंसी, क्वेटा।** पाकिस्तान ने बलूचिस्तान प्रांत में मोबाइल इंटरनेट सेवाएं पूरी तरह से बंद कर दी हैं। पाकिस्तान टेलीकम्युनिकेशन अथॉरिटी के आदेश पर यह कदम उठाया गया है। इसके पीछ सुरक्षा कारणों का हवाला दिया गया है। यह जानकारी द बलूचिस्तान पोस्ट ने दी है। इंटरनेट बंद होने का असर लाखों लोगों पर पड़ा है। पढ़ाई, ऑनलाइन काम, कारोबार और सोशल मीडिया तक पहुंच पूरी तरह ठप हो गई है। खासकर छात्र और इंटरनेट से कमाई करने वाले लोग सबसे ज्यादा परेशान हैं। हालांकि रिपोर्ट में दावा किया गया है कि यह फैसला संभावित सुरक्षा खतरे के चलते लिया गया है, लेकिन सरकार ने अब तक इन खतरों के बारे में कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी है। यह भी स्पष्ट नहीं है कि इंटरनेट सेवाएं कब तक बहाल होंगी। (अनंत ज्ञान)

# अमेरिकी कोर्ट जाएंगे अहमदाबाद विमान क्रैश के 60 पीड़ित परिवार

## अमेरिकी विशेषज्ञ वकील माइक एंड्र्यूज को किया हायर

**एजेंसी, अहमदाबाद**

अहमदाबाद प्लेन क्रैश में जान गंवाने वाले मृतकों के 60 परिवारों ने बोइंग कंपनी के खिलाफ कोर्ट में जाने का फैसला किया है। इन परिवारों ने दुर्घटनाग्रस्त विमान की निर्माता कंपनी बोइंग के खिलाफ एक अमेरिकी कोर्ट में मुकदमा दायर करने की तैयारी कर ली है।

**हादसे में चली गई थी 241 लोगों की जान**

इसके लिए उन्होंने अमेरिकी विशेषज्ञ वकील माइक एंड्र्यूज को भी हायर कर लिया है। इन परिवारों ने दुर्घटना की जांच पर सवाल उठाए हैं। परिवार की मांग है कि उन्हें कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर और फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर का कच्चा डेटा दिया जाए, ताकि वे स्वतंत्र जांच करवा सकें। अमेरिकी वकील माइक एंड्र्यूज, गंभीर चोट और अप्राकृतिक मृत्यु के मामलों के विशेषज्ञ हैं। इससे पहले वे फोर्ड और वोक्सवैगन समेत कई विमान, ट्रक और कार बनाने वाली कंपनियों के खिलाफ भी कई केस लड़ चुके हैं। बता दें कि 12 जून को दोपहर 1.38 बजे अहमदाबाद एयरपोर्ट से लंदन के लिए उड़ान भरने वाला एयर इंडिया का विमान 171 (बोइंग 787 ड्रीमलाइनर) मेघाणीनगर में आईजीपी कंपाउंड में क्रैश हो गया था। विमान में 12 क्रू मेंबर समेत 242 लोग सवार थे। 230 यात्रियों में 169 भारतीय, 53 ब्रिटिश, 7 पुर्तगाली और एक कनाडाई नागरिक समेत कुल 230 यात्री सवार थे। (अनंत ज्ञान)

# जापान ने दक्षिण क्षेत्र में तैनात किए लड़ाकू विमान



**एजेंसी, टोक्यो।** जापान ने अपने पहले तीन एफ-35बी स्टील्थ लड़ाकू विमान वीरवार को देश के दक्षिण में स्थित एक हवाई अड्डे पर तैनात किए हैं। क्षेत्र में बढ़ते तनाव के बीच सुरक्षा मजबूत करने के लिए जापान ने यह कदम उठाया है। विमानों को मियाज़ाकी प्रांत के न्युटाबारू एयर बेस पर तैनात किया गया है। एयर सेल्फ-डिफेंस फोर्स ने बताया कि एक और विमान बाद में आएगा। रक्षा मंत्रालय ने कहा है कि मार्च 2026 के अंत तक न्युटाबारू को चार और एफ-35बी विमान सौंपे जाएंगे। जापान चीन को एक क्षेत्रीय खतरा मानता है और उसने दक्षिण-पश्चिम में दूरदराज के द्वीपों पर अपनी सैन्य तैनाती तेज कर दी है। वहीं जापान मगेशिमा द्वीप पर एक नए हवाई अड्डे पर एफ-35बी उड़ान अभ्यास के लिए एक रनवे का निर्माण कर रहा है। (अनंत ज्ञान)

# ट्रंप और पुतिन की अगले हफ्ते होगी मुलाकात





**एजेंसी, वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप जल्द ही रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मिल सकते हैं। इस बैठक का मकसद यूक्रेन युद्ध को खत्म करने के लिए समझौता करना है। बुधवार को ट्रंप ने पत्रकारों से कहा कि, बहुत जल्द एक अहम बैठक हो सकती है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लीविट ने बताया, रूस ने ट्रंप से मुलाकात की इच्छा जताई है। ट्रंप पुतिन और जेलेंस्की दोनों से मिलने को तैयार हैं। वॉशिंगटन पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक यह बैठक अगले हफ्ते हो सकती है। फिलहाल इसके लिए जगह तय नहीं हुई है। अमेरिका और रूस के राष्ट्रपति आखिरी बार जून 2021 में मिले थे। उस वक्त तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन और पुतिन ने जिनेवा में मुलाकात की थी। (अनंत ज्ञान)

# घाना में हेलिकॉप्टर क्रैश, रक्षा मंत्री समेत 8 की मौत

**एजेंसी, एक्रॉ**



अफ्रीकी देश घाना में बुधवार को एक हेलिकॉप्टर क्रैश में आठ लोगों की मौत हो गई, जिनमें रक्षा मंत्री एडवर्ड ओमाने बोमाह और पर्यावरण मंत्री इब्राहिम मुर्तला मोहम्मद शामिल हैं।

घाना सरकार ने इस हादसे को राष्ट्रीय त्रासदी करार दिया है। इस दुर्घटना में घाना के कार्यवाहक उप राष्ट्रीय सुरक्षा समन्वयक अल्हाजी मोहम्मद मुनिरु लिमुना, राष्ट्रीय जनतांत्रिक कांग्रेस के उपाध्यक्ष सैमुअल सरपोंग और पूर्व संसदीय उम्मीदवार सैमुअल अबोआग्ये की भी मौत हो गई है। हेलिकॉप्टर में कुल पांच यात्री और तीन क्रू मेंबर थे। घाना की सेना ने बताया कि यह हेलिकॉप्टर राजधानी अकरा से सुबह 9:12 बजे उड़ा था और ओबुआसी नामक सोने की खदान वाले शहर जा रहा था, जहां एक राष्ट्रीय कार्यक्रम होना था। इस दौरान अचानक उसका संपर्क टूट गया। (अनंत ज्ञान)

# अमेरिका का भारत पर 50 फीसदी टैरिफ का फैसला तर्कहीन: दम्मू

**एजेंसी, नई दिल्ली।** अमेरिका की ओर से टैरिफ को 50 फीसदी तक दोगुना किए जाने पर एक वरिष्ठ भारतीय राजनयिक का मानना है कि यह बिना किसी तर्क या कारण के एकतरफा निर्णय है। उन्होंने कहा कि नई दिल्ली और वाशिंगटन डीसी के बीच बातचीत अभी भी चल रही है। विदेश मंत्रालय में आर्थिक संबंधों के सचिव दम्मू रवि ने कहा कि यह एकतरफा फैसला है। मुझे नहीं लगता कि जिस तरह से यह फैसला लिया गया है, उसमें कोई तर्क या कारण है। अधिकारी ने आगे कहा कि यह एक ऐसा चरण है, जिससे हमें उबरना होगा। बातचीत अब भी जारी है। इसलिए, हमें विश्वास है कि समय के साथ पारस्परिक रूप से लाभकारी साझेदारियों के सामधान मिल जाएंगे। (अनंत ज्ञान)

# सोना 251 रुपए बढ़कर 100703 पर पहुंचा

**एजेंसी, नई दिल्ली।** सोने के दाम ने 7 अगस्त को ऑलटाइम हाई बनाया। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 24 कैरेट सोना का दाम 100904 रुपए प्रति 10 ग्राम पर ओपन हुआ था। हालांकि इसके बाद यह 251 रुपए बढ़कर 100703 रुपए पर बंद हुआ। इससे पहले बुधवार को सोना 100452 रुपए पर था। वहीं, चांदी की कीमत 1765 रुपए बढ़कर 115250 रुपए प्रति किलो हो गई है। इससे पहले चांदी 113485 रुपए पर थी। केडिया एडवाइजरी के डायरेक्टर अजय केडिया कहते हैं कि अमेरिका के टैरिफ के चलते जियो पॉलिटिकल टेंशन बने हुए हैं। इससे गोल्ड को सपोर्ट मिल रहा है। इससे गोल्ड की डिमांड बढ़ रही है। ऐसे में इस साल सोना 1 लाख 4 हजार रुपए प्रति 10 ग्राम तक जा सकता है। वहीं, चांदी इस साल 1 लाख 30 हजार रुपए तक जा सकती है। (अनंत ज्ञान)

## दो टूक


### सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की जस्टिस वर्मा की याचिका, कैश कांड में कार्रवाई को दी थी चुनौती

# जस्टिस वर्मा के खिलाफ महाभियोग पर रोक लगाने से इनकार

**एजेंसी, नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने वीरवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा की याचिका को खारिज कर दिया। इस याचिका में जस्टिस वर्मा ने कैश कांड को लेकर उनके खिलाफ की गई कार्रवाई को व महाभियोग लगाने को चुनौती दी थी। दरअसल, इलाहाबाद हाईकोर्ट के जस्टिस वर्मा ने उनके घर जले नकदी नोट मामले में इन-हाउस कमेटी की रिपोर्ट और महाभियोग की सिफारिश रद्द करने की अपील की थी। रिपोर्ट में जस्टिस वर्मा को दोषी ठहराया गया है। (अनंत ज्ञान)

### जस्टिस वर्मा के पास अब दो ही ऑप्शन



**इस्तीफा सौंप दें:** अगर जस्टिस वर्मा अपने पद से इस्तीफा दे देते हैं, तो वह महाभियोग का सामना करने से बच जाएंगे। साथ ही उन्हें रिटायर्ड जज के तौर पर पेंशन भी मिलेगी।

**महाभियोग का सामना करें:** अगर महाभियोग के जरिए उन्हें पद से हटाया जाता है तो उन्हें पेंशन और अन्य लाभ नहीं मिल पाएंगे। हालांकि वे इस्तीफा देने से पहले ही इनकार कर चुके हैं।

### संसद में दिया जा चुका है महाभियोग का नोटिस

**जस्टिस** वर्मा के खिलाफ संसद के दोनों सदनों में महाभियोग का नोटिस दिया जा चुका है। मानसून सत्र के दौरान लोकसभा के 152 सांसदों ने जस्टिस वर्मा के खिलाफ लाए गए महाभियोग प्रस्ताव पर हस्ताक्षर किए। वहीं, राज्यसभा में 54 सांसदों ने जज के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव का समर्थन किया।

### आजादी के बाद संसद में पहली बार हाईकोर्ट के किसी सिटिंग जज के खिलाफ महाभियोग

**महाभियोग** प्रस्ताव को भाजपा, कांग्रेस, टीडीपी, जेडीयू, सीपीएम और अन्य दलों के सांसदों का समर्थन मिला। साइन करने वालों में सांसद अनुराग ठाकुर, रविशंकर प्रसाद, राहुल गांधी, राजीव प्रताप रूडी, सुप्रिया सुले, केसी वेणुगोपाल और पीपी चौधरी शामिल हैं। आजादी के बाद भारत में पहली बार संसद में संविधान के अनुच्छेद 124, 217 और 218 के तहत किसी हाईकोर्ट के सिटिंग जज के खिलाफ महाभियोग की जांच की जाएगी। महाभियोग सुप्रीम कोर्ट या हाईकोर्ट के किसी जस्टिस को पद से हटाने की प्रक्रिया है। भारत में किसी जस्टिस को राष्ट्रपति के आदेश के बिना पद से नहीं हटाया जा सकता। राष्ट्रपति के आदेश के बाद संसद की सहमति जरूरी होती है। महाभियोग प्रस्ताव संसद के किसी भी सदन में पेश किया जा सकता है। इस पर कम से कम 50 राज्यसभा सांसदों या 100 लोकसभा सांसदों के साइन जरूरी हैं। प्रस्ताव को स्वीकार किया जाएगा या नहीं, यह फैसला अध्यक्ष या सभापति करते हैं।

# टैरिफ की चिंताओं के बीच सेंसेक्स 79 अंक चढ़ा, निफ्टी में भी उछाल

**एजेंसी, मुंबई**



टैरिफ संबंधी अनिश्चितता के बावजूद भारतीय शयेर बाजार हरे निशान पर बंद हुआ। बेंचमार्क इक्विटी सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में कारोबार के आखिरी घंटे में हुई खरीदारी के चलते तेजी लौटी। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत पर लगे टैरिफ को बढ़ाकर 50 प्रतिशत कर दिया। इससे निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। लगभग पूरे दिन सेंसेक्स और निफ्टी लाल निशान पर कारोबार करते दिखे। हालांकि, आखिरी सत्र में घरेलू शेयर बाजार में खरीदारी लौटी और दोनों प्रमुख सूचकांक आखिरकार हरे निशान पर बंद हुए। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 79.27 अंक उछलकर 80,623.26 अंक पर बंद हुआ। वहीं, 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 21.95 अंक या 0.09 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,596.15 पर आ गया। सेंसेक्स के 30 में से 18 शेयर हरे निशान पर बंद हुए, जबकि 12 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। इस दौरान रुपया डॉलर के मुकाबले 3 पैसे की गिरावट के साथ 87.69 (अस्थायी) पर पहुंच गया।

वहीं, एशियाई बाजारों में दक्षिण कोरिया का कोस्पी, जापान का निक्केई 225 सूचकांक, शंघाई का एसएसई कम्पोजिट सूचकांक और हांगकांग का हैंगसेंग सकारात्मक दायरे में बंद हुए। यूरोप के बाजार हरे निशान में कारोबार कर रहे थे। (अनंत ज्ञान)

## स्पोर्ट्स विंडो

### भारतीय महिला फुटबॉल टीम फीफा रैंकिंग में 63वें स्थान पर

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारतीय महिला फुटबॉल टीम ने फीफा की ताजा रैंकिंग में 7 स्थान की छलांग लगाई है। अब टीम 63वें स्थान पर पहुंच गई है, जो कि पिछले दो वर्षों में उसकी सबसे ऊंची रैंकिंग है। यह उपलब्धि थाईलैंड के खिलाफ ऐतिहासिक जीत के बाद आई, जिससे टीम ने एएफसी महिला एशियन कप 2026 के लिए क्वालीफाई कर लिया। इससे पहले भारत को पिछले संस्करण में कोविड-19 संक्रमण के कारण घरेलू मैदान पर टूर्नामेंट से बाहर होना पड़ा था, लेकिन इस बार ब्लू टाइग्रेसेज ने अपने प्रदर्शन से सबका दिल जीत लिया। थाईलैंड के खिलाफ आखिरी मुकाबला दोनों टीमों के लिए 'करो या मरो' जैसा था क्योंकि दोनों के अंक बराबर थे। (अनंत ज्ञान)

### इंडियन सुपर लीग से पहले अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ कराएगा सुपर कप

**एजेंसी, नई दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने सुपर कप को सितंबर-दिसंबर की अवधि में आयोजित करने का फैसला किया है, क्योंकि इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) का भविष्य अनिश्चित बना हुआ है। आईएसएल के शुरुआती दौर के लिए आरक्षित स्थान अब खाली होने के कारण सुपर कप टूर्नामेंट उसकी जगह लेगा। एआईएफएफ अध्यक्ष कल्याण चौबे ने हाल ही में आईएसएल क्लब प्रमुखों के साथ बैठक की और टूर्नामेंट की योजनाओं को अंतिम रूप दिया, जिसके विजेता को एएफसी चैंपियंस लीग टू के प्रारंभिक दौर में जगह मिलेगी। चौबे ने एक बयान में कहा कि हमें उम्मीद है कि सुपर कप सितंबर के दूसरे या तीसरे हफ्ते में होगा। कुछ टीमों को तैयारी पूरी करने और खिलाड़ियों को वापस लाने के लिए 6-8 हफ्ते का समय चाहिए। अगली बैठक में हम शुरुआत की तारीख की घोषणा करेंगे। चौबे ने कहा कि अपने खिलाड़ियों या कर्मचारियों को भुगतान करना क्लब का अपना निर्णय है। हम इसमें हस्तक्षेप नहीं कर सकते, सभी शीर्ष लीग इसी तरह काम करती हैं। (अनंत ज्ञान)

### बेहतर फिटनेस और रफ्तार के साथ एशिया कप के लिए तैयार मनप्रीत

**एजेंसी, नई दिल्ली।** 14 साल से अंतरराष्ट्रीय हॉकी खेल रहे मनप्रीत सिंह ने पिछले एक साल में फिटनेस के लिए कड़ी मेहनत की। मीठा और जंक फूड खाना लगभग बंद कर दिया, ताकि इस महीने के आखिर में हो रहे एशिया कप से लेकर अगले साल एशियाई खेलों तक टीम को अपना सर्वश्रेष्ठ दे सकें। भारत के लिए दिलीप टिर्की (412) के बाद सबसे ज्यादा 402 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाले मनप्रीत ने कहा, ''पिछले साल पेरिस ओलंपिक और एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के बाद से मुझे लगा कि अगर कैरियर को विस्तार देना है तो फिटनेस पर काम करना होगा।'' टोक्यो ओलंपिक 2020 में 41 साल बाद भारत को अपनी कप्तानी में कांस्य पदक दिलाने वाले 32 वर्ष के इस मिडफील्डर ने कहा, ''मैं 30 पार हो चुका हूं और अब टीम के युवा खिलाड़ियों के साथ प्रतिस्पर्धा के लिए उनके स्तर पर फिटनेस रखनी होगी। सिर्फ अनुभव से काम नहीं चलता।'' उन्होंने बताया कि किस तरह से उन्होंने अपने खानपान में बदलाव करके कई पसंदीदा चीजों को खाना लगभग बंद कर दिया। कम वजन के साथ मैदान पर रफ्तार बेहतर हुई। योयो और स्पीड टेस्ट में भी बहुत अच्छे नतीजे मिले। मुझे खुद को बहुत अच्छा लग रहा है।'' मनप्रीत फिलहाल लॉस एंजिलिस में 2028 में होने वाले ओलंपिक के बारे में नहीं सोच रहे और उन्होंने कहा कि वह एशियाई खेलों के बाद ही आगे के लिए फैसला लेंगे। (अनंत ज्ञान)

### मोर्गन-तारा की खूबसूरत जोड़ी

**इंग्लैंड।** पूर्व इंग्लिश कप्तान इयोन मोर्गन की पत्नी तारा रिजवे भी काफी खूबसूरत हैं। तारा ऑस्ट्रेलिया की रहने वाली हैं। बताया जाता है कि दोनों कपल्स पहली बार एडिलेड में चल रहे एशेज सीरीज के दौरान आमने-सामने आए थे। तारा लंदन में फैशन इंडस्ट्री की एक नामचीन कंपनी की मार्केटिंग को-ऑर्डिनेटर हैं।



## पहला टी20 मैच: एमी हंटर ने खेली 37 रनों की पारी

# आयरलैंड ने पाकिस्तान महिला टीम को 11 रन से हराया

**एजेंसी, आयरलैंड**



इस वक्त पाकिस्तान की महिला क्रिकेट टीम आयरलैंड के दौरे पर है। वे यहां पर आयरलैंड की टीम के साथ तीन मैचों की टी20 सीरीज खेल रही है। जहां पर उसे सीरीज के पहले मैच में ही मेजबान से हार का सामना करना पड़ा है। आयरलैंड की महिला क्रिकेट टीम ने इस मुकाबले में बेहतरीन प्रदर्शन कर 11 रन से पाकिस्तान को धूल चटाई। सीरीज का पहला मुकाबला क्लोनटॉर्फ क्रिकेट क्लब, डबलिन में खेला गया।

इस मुकाबले में पाकिस्तान की कप्तान फातिमा सना ने टॉस जीता। टॉस जीतकर उन्होंने आयरलैंड को पहले बल्लेबाजी करने का न्योता दिया। उनके इस फैसले को गेंदबाजों ने अपने हित में सही साबित कर दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए आयरलैंड ने पाकिस्तान के सामने 19.4 ओवर में 142 रन का स्कोर खड़ा किया। इस दौरान पाकिस्तानी गेंदबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया।

आयरलैंड के लिए सबसे ज्यादा रन एमी हंटर ने बनाए। उन्होंने 30 गेंदों का सामना करते हुए 37 रन की पारी खेली। उनकी इस पारी में कुल 5 चौके शामिल रहे। इसके अलावा आयरलैंड की कोई भी बल्लेबाज 30 रन का भी आंकड़ा नहीं छू सकीं। टीम के लिए ओरेला प्रेंडरगास्ट ने 29 रन की पारी खेली। वहीं, लिह पॉल ने 28 रन बनाए। कुल मिलाकर टीम के 6 बल्लेबाज दहाई का अंक भी नहीं छू सकीं।

पाकिस्तान की कप्तान फातिमा सना सबसे सफल गेंदबाज रही। उन्होंने 4 ओवर में 26 रन देकर 4 विकेट लिए। सादिया इकबाल, दायना बेग, रमीन शमीम, और नशरु संधू ने 1-1 विकेट लिए। 143 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और 42 स्कोर पर टीम ने अपने 4 शुरुआती विकेट गंवा दिए। इन शुरुआती झटकों से टीम कभी उबरती हुई नहीं दिखी और 20 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 131 रन ही बना सकी और 11 रन से मैच हार गई। पाकिस्तान के लिए नतालिया परवेज 29 और रमीन शमीम 27 शीर्ष स्कोरर रहीं। आयरलैंड के लिए ओरला प्रेंडरगास्ट ने 4 ओवर में 28 रन देकर 3 विकेट लिए। जेन मैगुरे को 2, अवा कैनिंग, कारा मरे और लारा मैक्ब्रिड को 1-1 विकेट मिले। ओरला प्रेंडरगास्ट प्लेयर ऑफ द मैच रहीं। सीरीज का दूसरा मैच 9 अगस्त को खेला जाएगा। (अनंत ज्ञान)

**कप्तान फातिमा सना ने लिए 4 विकेट**

# ऑस्ट्रेलिया-ए ने किया भारत-ए के खिलाफ टीम का ऐलान

**एजेंसी, सिडनी**

**कोंस्टास और मैकस्वीनी को मौका**

भारत ए के खिलाफ दो चार दिवसीय मुकाबलों के लिए ऑस्ट्रेलिया ए टीम घोषित हो गई है। भारत और ऑस्ट्रेलिया की ए टीमों के बीच अगले महीने दो चार दिवसीय मैच खेले जाएंगे। इसके लिए ऑस्ट्रेलिया ए टीम में सैम कोंस्टास और नाथम मैकस्वीनी को भी शामिल किया गया है जिन्होंने इस साल भारत के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दौरान टेस्ट डेब्यू किया था। वेस्टइंडीज के खिलाफ किया था निराश



कोंस्टास ने पिछली भारत-ऑस्ट्रेलिया सीरीज में मैकस्वीनी की जगह ली थी, लेकिन शीर्ष क्रम में अपनी जगह पक्की नहीं कर पाए। कैरेबियाई दौरे में उनका प्रदर्शन निराशाजनक रहा, जबकि उनकी टीम ने वेस्टइंडीज पर पूरी तरह से दबदबा बनाया था। 19 वर्षीय कोंस्टास एकमात्र मौजूदा टेस्ट खिलाड़ी हैं जिन्हें 'ए' टीम में शामिल किया गया है, जबकि अन्य कैप्ड खिलाड़ियों में मैकस्वीनी, कूपर कोनोली और स्पिनर टॉड मर्फी शामिल हैं।

कोंस्टास ने मेलबर्न टेस्ट में डेब्यू पर चमक बिखेरी थी और आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए अर्द्धशतक लगाया था। इस दौरान उनकी विराट कोहली से भिड़ंत भी हो गई थी और दोनों के बीच बहस भी हुई थी। अंतिम एकादश में जगह नहीं बना पाने के कारण उन्हें श्रीलंका के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की सीरीज से शेफील्ड शील्ड में खेलने के लिए वापस भेज दिया गया था।

मर्फी ने अब तक सात टेस्ट मैच खेले हैं, जिसमें से चार मैच बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2022-23 में खेले। उस सीरीज में मर्फी ने 14 विकेट लिए, लेकिन ऑस्ट्रेलिया ने 1-2 से सीरीज गंवा दी थी। ऑस्ट्रेलिया के मुख्य चयनकर्ता जॉर्ज बेली ने कहा, यह उपमहाद्वीप कई अनूठी चुनौतियां और बल्ले तथा गेंद से विभिन्न कौशल का उपयोग करने का अवसर प्रदान करता है। हमें उम्मीद है कि इन परिस्थितियों के लगातार अनुभव से खिलाड़ियों को भविष्य के उपमहाद्वीपीय दौरों के लिए अपने खेल की प्रभावी पद्धति और समझ विकसित करने में मदद मिलेगी।

लाल गेंद वाली टीम में जेसन संघा की कमी खल रही है, जिन्होंने पिछले महीने डार्विन में श्रीलंका ए के खिलाफ नाबाद 202 रन बनाए थे और मैथ्यू रेनशॉ, जिन्हें भी भारत में टेस्ट खेलने का अनुभव है। भारत और ऑस्ट्रेलिया की ए टीमों के बीच 16 से 19 सितंबर और 23 से 26 सितंबर तक लखनऊ में दो चार दिवसीय मैच खेले जाएंगे, जबकि 30 सितंबर, तीन अक्तूबर और पांच अक्तूबर को तीन वनडे मैच होंगे। (अनंत ज्ञान)

# रिबाकिना को हराकर विक्टोरिया फाइनल में

**एजेंसी, मांट्रियल**



कनाडा की किशोरी विक्टोरिया एमबोको ने नौवीं वरीय एलेना रिबाकिना को हराकर नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया।

कनाडा की 18 साल की एमबोको ने रिबाकिना को तीन सेट चले कड़े मुकाबले में 1-6, 7-5, 7-6 से हराया। एमबोको ने तीसरे और निर्णायक सेट में एक मैच प्वाइंट बचाया और दो बार रिबाकिना की सर्विस तोड़कर सेट को टाईब्रेकर में खींचा और फिर जीत दर्ज की। फाइनल में एमबोको जापान की स्टार नाओमी ओसाका से भिड़ेंगी, जिन्होंने दूसरे सेमीफाइनल में डेनमार्क की 16वीं वरीय क्लारा टॉसन को 6-2, 7-6 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया। दुनिया की 85वें नंबर की खिलाड़ी एमबोको अपना पहला डब्ल्यूटीए खिताब जीतने के इरादे से उतरेंगी और उनकी नजरें फाये उरबन (1969) और बियांका आंद्रीस्क्यू (2019) के बाद ओपन युग में घरेलू खिताब जीतने वाली कनाडा की तीसरी खिलाड़ी बनने पर भी टिकी होंगी। (अनंत ज्ञान)

# क्रिकेट बोर्ड में फिर दिखेगी सौरव गांगुली की धमक

**एजेंसी, नई दिल्ली**

क्रिकेट बोर्ड में एक बार फिर दादा यानी सौरव गांगुली की धमक सुनाई दे सकती है। लगभग तीन साल पहले बीसीसीआई अध्यक्ष रहे सौरव गांगुली, बंगाल क्रिकेट संघ (सीएबी) के अध्यक्ष पद के लिए चुनाव लड़ सकते हैं। भारत के महान कप्तानों में शुमार गांगुली पिछली बार सर्वसम्मति से बीसीसीआई अध्यक्ष चुने गए थे। अब देखना यह है कि सीएबी के चुनाव में उन्हें चुनौती मिलती है या फिर वे निर्विरोध ही चुन लिए जाते हैं।

सौरव गांगुली ने 2014 में बंगाल क्रिकेट संघ के सचिव के रूप में अपनी प्रशासनिक यात्रा शुरू की थी। उन्हें 2019 में सर्वसम्मति से बीसीसीआई अध्यक्ष चुना गया था।



गांगुली के बाद 1983 विश्व कप के हीरो रोजर बिन्नी बोर्ड अध्यक्ष चुने गए। 52 साल के गांगुली अब फिर प्रशासनिक जिम्मेदारी लेने की दिशा में आगे बढ़ सकते हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक सौरव गांगुली पिछले कुछ महीनों से नियमित रूप से बंगाल क्रिकेट संघ के सदस्यों से संपर्क कर रहे हैं।

सीएबी के एक अधिकारी ने बताया, 'हां, सौरव प्रशासन में लौटने के लिए उत्सुक हैं। उन्होंने सीएबी अध्यक्ष पद के लिए नामांकन दाखिल करने का मन बना लिया है।' दिलचस्प बात यह है कि अभी सीएबी अध्यक्ष स्नेहाशीष गांगुली हैं। वह सौरव गांगुली के बड़े भाई हैं। स्नेहाशीष छह साल पूरे करने वाले हैं। इसके बाद उन्हें अनिवार्य कूलिंग-ऑफ टाइम के तहत पद छोड़ना पड़ सकता है। यह भी दिलचस्प है कि सीएबी में एक भाई को दूसरा भाई रिप्लेस करेगा, जो क्रिकेट बोर्ड में अनोखा तो नहीं है, लेकिन यह भी सच है कि ऐसा कम ही देखने को मिलता है। (अनंत ज्ञान)

## ज्वेरेव को हराकर केरेन खचानोव नेशनल बैंक ओपन के फाइनल में

**एजेंसी, टोरंटो।** रूस के 11वें वरीय केरेन खचानोव ने बुधवार को यहां शीर्ष वरीय जर्मनी के एलेक्जेंडर ज्वेरेव को हराकर नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई। खचानोव ने ज्वेरेव को तीन सेट तक चले कड़े मुकाबले में 6-3, 4-6, 7-6 से हराकर खिताबी मुकाबले में प्रवेश किया।

एटीपी टूर पर सात बार के विजेता 29 वर्षीय खचानोव फाइनल में दूसरे वरीय टेलर फ्रिट्ज और चौथे वरीय बेन शेल्टन के बीच होने वाले ऑल अमेरिकी सेमीफाइनल के विजेता से भिड़ेंगे। दुनिया के तीसरे नंबर के खिलाड़ी ज्वेरेव ने यहां 2017 में खिताब जीता था और वह एटीपी टूर पर 24 खिताब जीत चुके हैं। (अनंत ज्ञान)



# वेस्टइंडीज ने की वनडे सीरीज के लिए टीम की घोषणा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

## जोसेफ को आराम, शेफर्ड की वापसी



वेस्टइंडीज ने पाकिस्तान के खिलाफ होने वाली तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए अपनी टीम की घोषणा कर दी है। इस बार तेज गेंदबाज अल्जारी जोसेफ को आराम दिया गया है, जबकि ऑलराउंडर रोमारियो शेफर्ड की वनडे टीम में वापसी हुई है।

अल्जारी जोसेफ को इससे पहले पाकिस्तान के खिलाफ टी-20 सीरीज में भी आराम दिया गया था। टीम मैनेजमेंट उनके वर्कलोड को ध्यान में रखते हुए उन्हें लगातार ब्रेक दे रहा है। वहीं, रोमारियो शेफर्ड ने आखिरी बार दिसंबर 2024 में वनडे मैच खेला था। इस साल इंग्लैंड और आयरलैंड के खिलाफ हुई वनडे सीरीज में वह टीम का हिस्सा नहीं थे।

वेस्टइंडीज की नजर 2027 वनडे वर्ल्ड कप क्वालिफिकेशन पर वेस्टइंडीज फिलहाल वनडे रैंकिंग में 10वें स्थान पर है और उनकी नजर 2027 वनडे वर्ल्ड कप के लिए डायरेक्ट क्वालिफिकेशन हासिल करने पर है। टीम के मुख्य कोच डैरेन सैमी ने कहा कि पाकिस्तान एक अलग तरह की चुनौती है। उनके खिलाफ खेलने से हमें अहम रैंकिंग अंक मिल सकते हैं जो वर्ल्ड कप की तैयारी के लिए जरूरी हैं।

**पाकिस्तान से पहला मैच आज**

जेडियाह ब्लेड्स को टीम में किया गया है शामिल अल्जारी जोसेफ की जगह 23 वर्षीय लेफ्ट आर्म तेज गेंदबाज जेडियाह ब्लेड्स को मौका मिला है। ब्लेड्स ने अभी तक सिर्फ 1 वनडे और 4 टी-20 मैच खेले हैं और वे नई गेंद से स्विंग कराने में सक्षम हैं। वेस्टइंडीज को टी-20 सीरीज में 2-1 से हार मिली थी हाल ही में वेस्टइंडीज को पाकिस्तान से टी-20 सीरीज 2-1 से हार का सामना करना पड़ा था, लेकिन वनडे में उनका घरेलू प्रदर्शन मजबूत रहा है। उन्होंने घर में पिछली तीन वनडे सीरीज जीती हैं। सीरीज की सभी तीन मैच त्रिनिदाद के ब्रायन लारा क्रिकेट अकैडमी में 8, 10 और 12 अगस्त को खेले जाएंगे। (अनंत ज्ञान)

# धोनी ने बांधे विराट कोहली की तारीफों के पुल

**एजेंसी, नई दिल्ली**



भारतीय टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने अपने लंबे वक्त तक साथी रहे विराट कोहली की तारीफों के पुल बांधे हैं। उन्होंने कहा कि किंग कोहली खेल के साथ-साथ नाचने और गाने के शौकीन हैं। धोनी ने कहा कि कोहली बहुत मनोरंजक व्यक्ति हैं और बेहतरीन खिलाड़ी हैं। बता दें कि धोनी ने 2014 में टेस्ट से संन्यास लिया था और 2016-17 में वनडे-टी20 की कप्तानी छोड़ी थी। तब टीम के उपकप्तान रहे विराट कोहली को तीनों प्रारूप में कप्तानी सौंपी गई थी। कप्तान के रूप में धोनी ने कोहली को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में उनके शुरुआती वर्षों में निखारने में अहम भूमिका निभाई। जब कोहली ने 2008 में डेब्यू किया था तब धोनी पहले से ही एक स्थापित कप्तान थे और उनके शांत नेतृत्व में कोहली को एक आक्रामक और जोशीले खिलाड़ी के रूप में विकसित होने का मौका मिला। दोनों की जोड़ी ने सहजता से काम किया जहां धोनी विकेट के पीछे एक शांत रणनीतिकार की भूमिका निभाते थे और कोहली बल्ले से जोश और तीव्रता लाते थे। धोनी ने एक कार्यक्रम में कहा कि विराट कोहली एक अच्छे गायक हैं। वह एक अच्छे डांसर हैं। वह नकल करने में भी माहिर हैं। अगर उनका मूड हो तो वह बहुत ही मनोरंजक होते हैं। (अनंत ज्ञान)

**खूबियां गिनाते हुए कहा- वो नाचने-गाने का शौकीन है**

### कोहली भी कर चुके धोनी की तारीफ

**कोहली** ने कई बार धोनी के अटूट समर्थन की बात की है, खासकर उन दौरों के दौरान जब उनका फॉर्म खराब चल रहा था या जब उन्हें आलोचनाओं का सामना करना पड़ा था। कोहली ने धोनी की तारीफ करते हुए कहा कि वह हमेशा मेरे कप्तान रहेंगे।

# वेलाम्मल विद्यालय ने विश्व स्कूल टीम चैंपियनशिप में जीता गोल्ड

**एजेंसी, नई दिल्ली**

चेन्नई के वेलाम्मल विद्यालय ने अमेरिका के वर्जीनिया में आयोजित विश्व स्कूल टीम चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर अपनी उपलब्धियों में और इजाफा किया है। सबसे युवा विश्व चैंपियन डी गुकेश और ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने इसी स्कूल से पढ़ाई की है।



चेन्नई के मोगाप्पैर इलाके में स्थित वेलाम्मल विद्यालय शतरंज क्रांति के पीछे एक बड़ी ताकत रहा है क्योंकि यह सैकड़ों उभरते हुए शतरंज खिलाड़ियों को विशेषज्ञ प्रशिक्षण प्रदान करता है। शतरंज की वैश्विक संचालन संस्था फिडे ने लिखा, ''आठ रोमांचक दौर के बाद 2025 विश्व स्कूल टीम चैंपियनशिप आज वर्जीनिया के अलेक्जेंड्रिया में संपन्न हुई।'' उन्होंने कहा, ''एपिस्कोपल हाई स्कूल के खूबसूरत परिसर में आयोजित इस प्रतियोगिता में दुनिया भर के कुछ सबसे प्रतिभाशाली युवा शतरंज खिलाड़ियों ने चुनौती पेश की। परफेक्ट स्कोर के साथ बाकियों से आगे निकलते हुए भारत के वेलाम्मल एमएचएस स्कूल ने अपने सभी आठ मैच जीतकर स्वर्ण पदक जीता।'' फिडे ने कहा कि वेलाम्मल स्कूल की जीत शतरंज में भारत के बढ़ते खिताबों में एक और अध्याय जोड़ती है।

फिडे ने कहा, ''भारत शतरंज के सभी स्तरों और प्रारूपों में लगातार सफलता हासिल कर रहा है और इस जीत से देश के बढ़ते खिताबों में एक और खिताब जुड़ गया है।'' उन्होंने कहा, ''वेलाम्मल एमएचएस के लिए सफलता नई नहीं है, इसके पूर्व छात्रों में ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा और लियोन मेंडोंका शामिल हैं, इसलिए जब टीम पहले से ही शीर्ष स्थान हासिल करके अंतिम दौर में पहुंची तो यह कोई आश्चर्य की बात नहीं थी।'' वेलाम्मल स्कूल ने 2005 के बाद से कई ग्रैंडमास्टर दिए हैं। (अनंत ज्ञान)

## जज्बा: भारत के खिलाफ टूटे कंधे के साथ बैटिंग पर इंग्लैंड के क्रिस वोक्स बोले-

# मैंने भारत के खिलाफ बल्लेबाजी न करने के बारे में नहीं सोचा था

**एजेंसी, लंदन**



भारत और इंग्लैंड के बीच ओवल टेस्ट खत्म हुए भले ही कुछ दिन बीत गए हों, लेकिन क्रिस वोक्स की जज्बे से भरी पारी अब भी सुर्खियों में है. इंग्लैंड के तेज गेंदबाज और ऑलराउंडर वोक्स ने टेस्ट के आखिरी दिन उस वक्त बल्लेबाजी की, जब उनका बायां कंधा खिसक चुका था और उन्हें बेहद दर्द हो रहा था. अब वोक्स ने ब्रिटिश अखबार 'द गार्जियन' से बात करते हुए उस पल को लेकर अपना दर्द साझा किया है और बताया है कि उन्हें उस समय लगा था कि उनका करियर शायद यहीं खत्म हो जाएगा.

क्रिस वोक्स ने कहा कि मैदान पर उतरने का फैसला कभी नहीं बदला। मुझे लगा कि यह मेरा फर्ज है, न सिर्फ टीम के लिए, बल्कि उन सभी के लिए जो हमारे साथ खड़े हैं. मुझे नहीं पता था कि मेरा कंधा कितना चोटिल है, लेकिन उस वक्त मुझे सिर्फ टीम के लिए खेलना था। वोक्स उस समय बल्लेबाजी करने आए जब इंग्लैंड की टीम आखिरी सांसें ले रही थी। उनका बायां हाथ पट्टी में लिपटा हुआ था, जिसे उन्होंने स्वेटर के अंदर छिपा रखा था। इसके बावजूद उन्होंने डटकर मुकाबला किया।

क्रिस वोक्स ने यह भी माना कि जब उन्हें चोट लगी थी, तो उन्होंने कुछ पल के लिए यह भी सोचा कि कहीं उनका करियर खतरे में तो नहीं। उन्होंने कहा कि जब कंधे की चोट लगी तो एक पल को लगा कि कहीं मेरा करियर तो खत्म नहीं हो गया, लेकिन आप समझ जाते हो कि यह सिर्फ आपके लिए नहीं है। आप एक बड़ी चीज का हिस्सा होते हो। सबने इसके लिए मेहनत की होती है, चाहे टीम हो, फैंस हों या आपके घरवाले। उस वक्त लगा कि मुझे लड़ना होगा, चाहे कुछ भी हो जाए। (अनंत ज्ञान)

### कोई और होता तो वो भी ऐसा ही करता

**क्रिस** वोक्स ने बताया कि जब वह मैदान पर उतरे, तो दर्शकों ने तालियों के साथ उनका स्वागत किया। भारतीय खिलाड़ियों ने भी उनके साहस का सम्मान किया। उन्होंने कहा कि सबसे तालियां सुनना अच्छा लगा और कुछ भारतीय खिलाड़ियों ने आकर सम्मान जताया और सराहना की, लेकिन मेरी जगह कोई भी खिलाड़ी होता, वो ऐसा ही करता। 9 विकेट गिरने के बाद आप मैच ऐसे खत्म नहीं कर सकते।

### कैसे की बैटिंग?

**वोक्स** ने कहा कि कंधे की चोट के बावजूद उन्होंने खुद को लेफ्ट हैंड बैटर की तरह सेट किया, ताकि दाएं हाथ को ज्यादा इस्तेमाल न करना पड़े। उन्होंने कहा कि बाएं हाथ से खेलने पर कंधे पर कम दबाव पड़ रहा था। मुझे लगा कि यह बचने का एकमात्र तरीका है। मैंने कुछ गेंदें खेली, कुछ छोड़ दीं और यही एक उम्मीद थी।

### चोट पर क्या है अपडेट?

**क्रिस** वोक्स को अभी तक अपनी चोट की पूरा स्कैन रिपोर्ट नहीं मिली है। उन्हें उम्मीद है कि वह जल्द ठीक हो जाएंगे, लेकिन यह भी माना जा रहा है कि उन्हें लंबा आराम करना पड़ सकता है। इंग्लैंड के लिए यह एक बड़ा झटका होगा क्योंकि वोक्स गेंद और बल्ले दोनों से टीम के अहम खिलाड़ी हैं।